3 राजधानी
एलएलबी ऑनर्स में सीटें बढ़ीं

6 अभिमत
'वैक्सीन राष्ट्रवाद' से पैदा होंगी समस्याएं

11 विदेश
इजराइल ने भारत को मित्रता दिवस पर दी शुभकामनाएं

12 कॅरियर
अपने शौक को बनाएं आजीविका



RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 10 अंक 283
लखनऊ, सोमवार, 3 अगस्त, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर





आईपीएल को संचालन परिषद की मंजूरी
स्पोर्ट्स-10




www.dailypioneer.com


# सत्ता के गलियारे में कोरोना, शाह संक्रमित

- कर्नाटक के मुख्यमंत्री येदियुरप्पा भी कोविड19 पीड़ित
- तमिलनाडु के राज्यपाल बनबारी लाल पुरोहित भी पॉजिटिव

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**गृह** मंत्री अमित शाह कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने ट्वीट कर खुद यह जानकारी दी। गृह मंत्री ने बताया कि उन्होंने शुरुआती लक्षण दिखने के बाद जांच कराई थी, जिसमें वह कोविड-19 से संक्रमित पाए गए हैं। शाह ने बताया कि उनकी तबियत ठीक है, लेकिन वह डॉक्टरों की सलाह पर अस्पताल में भर्ती हो रहे हैं।

गृह मंत्री ने हाल ही में संपर्क में आए सभी लोगों से जांच कराने के लिए भी कहा है। गृह मंत्री ने कहा कि कोरोना के शुरुआती लक्षण दिखने पर उन्होंने टेस्ट करवाया और रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। उन्होंने अनुरोध किया कि जो भी लोग पिछले कुछ दिनों में उनके संपर्क में आए हैं, वे स्वयं को आइसोलेट कर अपनी जाँच करवाएं। शाह शनिवार को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र में आखिरी बार सार्वजनिक तौर पर किसी कार्यक्रम में शामिल हुए थे जब उन्होंने बाल गंगाधर तिलक की 100वीं पुण्यतिथि पर एक वेबिनार को संबोधित किया था। इस दौरान वहां करीब 50 लोग उपस्थित थे। सरकारी सूत्रों ने कहा कि गृह मंत्री मास्क पहनकर सामाजिक दूरी के नियमों का सख्ती से पालन करते हुए बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में भी उपस्थित थे। सूत्रों ने कहा कि बीते कुछ महीनों से प्रधानमंत्री आवास में महामारी के मद्देनजर सामाजिक दूरी के नियमों का सख्ती से पालन किया जा रहा है जिसमें तापमान की जांच, आरोग्य सेतू जांच और लोगों को लाने-ले जाने के लिए अंदर की कारों का इस्तेमाल न करना शामिल है। शाह के व्यक्तिगत स्टाफ के सदस्य पृथकवास में चले गए हैं लेकिन यह तत्काल पता नहीं चला है कि केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला और गृह मंत्रालय के अन्य अधिकारियों ने पृथक-वास में जाने का फैसला किया है या नहीं।

शाह के संक्रमित होने के बाद सियासी गलियारों में चिंता की लहर दौड़ गई है और सभी उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि कोरोना वायरस की इस बड़ी चुनौती पर भी आप निश्चित रूप से विजय प्राप्त करेंगे। ईश्वर से प्रार्थना है कि आप जल्द से जल्द स्वस्थ हों। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी शाह के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि ईश्वर आप को स्वास्थ्य वरदान प्रदान करेंगे आप यथाशीघ्र पुनः राष्ट्रसेवा में व्यस्त होंगे। रेलमंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि अमित शाह ने अपने नेतृत्व व मार्गदर्शन से कोरोना के खिलाफ लड़ाई को नई दिशा दी है। उन्हें पूर्ण विश्वास है कि आप शीघ्र ही स्वस्थ होंगे। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी शाह के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

दूसरी ओर कर्नाटक के मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा ने रविवार को अपने कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि की। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने ट्वीट किया, मैं कोरोना वायरस से संक्रमित हो गया हूं। मैं ठीक हूं, लेकिन डॉक्टरों की सलाह पर एहतियात के तौर पर अस्पताल में भर्ती हो रहा हूं। हाल ही में मेरे संपर्क में आए सभी लोगों से मैं अनुरोध करता हूं कि वे सचेत रहें और स्वयं ही पृथक-वास में चले जाएं। उधर तमिलनाडु के गवर्नर बनवारीलाल पुरोहित भी कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं।

## कोविड को हराकर घर लौटे बिग बी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**बॉलीवुड** मेगास्टार अमिताभ बच्चन कोरोना को मात देकर अस्पताल से घर आ चुके हैं। तीन सप्ताह से अधिक समय तक मुंबई के नानावटी अस्पताल में रहने के बाद रविवार को उन्हें छुट्टी मिल गई। अमिताभ ने खुद अस्पताल से डिस्चार्ज होने पर ट्वीट किया है। अमिताभ बच्चन ने अपने ट्विटर हैंडल पर जानकारी दी कि उनका कोविड टेस्ट निगेटिव आया है और उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। अब वह घर पर ही क्वारंटीन रहेंगे। उन्होंने भगवान का शुक्रिया अदा किया और दुआ करने के लिए चाहने वालों, करीबियों, दोस्तों व नानावटी अस्पताल के स्टाफ को धन्यवाद दिया। उन्होंने अपने मां और पिता को भी याद किया। अमिताभ बच्चन और उनके बेटे अभिषेक बच्चन को बीती 11 जुलाई को कोरोना पॉजिटिव होने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अभिषेक को अभी डिस्चार्ज नहीं किया गया है।

# कैबिनेट मंत्री कमल रानी का निधन

- कोरोना के चलते 18 जुलाई को हुई थीं पीजीआई में भर्ती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** की प्राविधिक शिक्षा मंत्री कमल रानी वरुण की रविवार को मौत हो गई। वे कोरोना पॉजिटिव थी। उनका लखनऊ पीजीआई में इलाज चल रहा था। मौत के बाद कोविड 19 प्रोटोकॉल के तहत उनका शव लखनऊ से कानपुर ले जाया गया, जहां पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। मंत्री के निधन पर राज्यपाल व मुख्यमंत्री सहित कई मंत्रियों ने शोक प्रकट किया है। साथ ही सरकार की तरफ से राजकीय शोक के साथ ही ध्वज झुका रहने के आदेश दिए गए हैं।

वहीं मंत्रिमंडल की बैठक आहूत करके एक शोक प्रस्ताव पारित किया गया जिसमें योगी सरकार के सभी मंत्रियों ने कमल रानी के निधन पर शोक व्यक्त किया है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी ट्वीट करके अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की है। पीजीआई के निदेशक डॉ. आरके धीमान ने बताया कि 62 वर्षीया कमल रानी की 18 जुलाई को कोरोना पॉजिटिव रिपोर्ट आई थी। उन्हें बुखार, खांसी और सांस लेने में समस्या थी। जिसके बाद उन्हें कोविड19 हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया था। उन्हें मधुमेह, उच्च रक्तचाप और थायराइड की समस्या थी। एडमीशन के समय निमोनिया होने की वजह से ऑक्सीजन का लेवल काफी कम था। जिसके चलते एडमिशन के दिन ही आईसीयू में शिफ्ट कर दिया गया था। इलाज के दौरान उन्हें रेमडेसिविर समेत अन्य निर्धारित दवाएं लगातार दी जा रही थीं। उन्हें प्लाज्मा की भी डोज दी गई थी। उनके स्वास्थ्य को लेकर एक्सपर्ट के रूप में प्रो.रणदीप गुलेरिया, एम्स के डायरेक्टर और पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ के प्रो. रितेश अग्रवाल से सलाह ली जा रही थी। शनिवार को उन्हें मैकेनिकल वेंटिलेटर पर रखा गया था लेकिन हाइपोटेंशन और मल्टीऑर्गन डिसफंक्शन के साथ लगातार उनकी स्थिति बिगड़ती चली गयी और रविवार सुबह 9.30 बजे उनका निधन हो गया। मंत्री की बेटी भी कोरोना पॉजिटिव थी। वह ठीक हो गयी।

कमल रानी वरुण कानपुर जिले के घाटमपुर लोकसभा क्षेत्र से 1996 व 1998 यानी 11वीं व 12वीं लोकसभा की सदस्य रहीं। 62 वर्षीया कमल रानी ने राजनीति पार्षद के रूप में शुरू की थी। वह 1989 से 1995 तक पार्षद थीं।



### अनुभवी व योग्य राजनेता थीं: योगी

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्राविधिक शिक्षा मंत्री कमल रानी वरुण के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। एक शोक संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि कमल रानी वरुण एक अनुभवी एवं योग्य राजनेता थीं। प्रदेश सरकार के मंत्री के तौर पर उन्होंने अपने दायित्वों का सदैव कुशलतापूर्वक निर्वहन किया। वे एक समर्पित जनप्रतिनिधि थीं जो हमेशा समाज के वंचित और उपेक्षित वर्गों के कल्याण के लिए प्रयासरत रहती थीं। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए स्वर्गीय कमल रानी वरुण के शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव, जल शक्ति मंत्री महेंद्र पॉजिटिव

**लखनऊ।** रविवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह कोरोना पॉजिटिव पाए गए है। वहीं प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री महेंद्र सिंह की भी रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आयी है। बीते 48 घंटों में राजधानी में 754 नए मरीज सामने आये है। जबकि तीन की इलाज के दौरान मौत हो गयी है। कोरोना पॉजिटिव होने की खबर बीजेपी प्रदेश ( शेष पेज 9 )

### अवकाश सूचना

रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में पायनियर कार्यालय एवं प्रेस में 3 अगस्त 2020 को अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 5 अगस्त को प्रकाशित होगा।

### बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 37,606 | |
| निफ्टी | 11,073 | |
| सोना | 54,538 | /10g |
| चांदी | 65,910 | /kg |

### क्विक न्यूज

#### पंजाब में जहरीली शराब से मृतक संख्या 104 हुई

**चंडीगढ़।** पंजाब में जहरीली शराब पीने से 18 और लोगों की मौत की सूचना के साथ ही राज्य में रविवार को इस त्रासदी में मरने वालों की संख्या बढ़कर 104 हो गई। अधिकारी ने बताया कि 18 मौत में से 17 इस त्रासदी से सबसे ज्यादा प्रभावित तरनतारन जिले में हुई है। 18वां व्यक्ति गुरदासपुर के बटाला का था। पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह के मीडिया सलाहकार रवीन ठुकराल ने ट्वीट किया है कि त्रासदी में मरने वालों की संख्या 104 हो गई है। तरनतारन में 80 लोगों की मौत हुई है जबकि गुरदासपुर के बटाला और अमृतसर में 12-12 लोगों की जान जहरीली शराब पीने से गई है।

## कानपुर के संजीत अपहरण, और हत्या मामले की सीबीआई जांच की सिफारिश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कानपुर** के बर्रा थाना के तहत एमआर संजीत यादव हत्याकांड की सीबीआई जांच की सिफारिश प्रदेश सरकार ने की है। इस मामले में योगी सरकार ने एक आईपीएस समेत 11 पुलिस कर्मियों को निलंबित किया था। पुलिस मुख्यालय के एडीजी बीपी जोगदंड को मामले की जांच सौंपी थी। इस मामले को लेकर पीड़ित परिजनों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की थी। बीती 22 जून की रात लैब टेक्नीशियन संजीत नौबस्ता स्थित हॉस्पिटल से बर्रा पटेल चौक के पास स्थित पैथालॉजी में सैंपल देने के लिए निकला था। सैंपल देकर उसे घर जाना था लेकिन रास्ते से लापता हो गया। गुमशुदगी दर्ज होने के बाद पुलिस ने जब संजीत की कॉल डिटेल निकलवाई तो पता चला कि संजीत की बात राहुल नामक एक युवक, एक युवती सहित कई अन्य लोगों से हुई थी। पिता चमनलाल ने राहुल के खिलाफ बेटे ( शेष पेज 9 )

## सुशांत की मैनेजर की आत्महत्या की भी जांच करेगी बिहार पुलिस

पायनियर समाचार सेवा। मुंबई

**अभिनेता** सुशांत सिंह राजपूत आत्महत्या मामले की जांच के लिए मुंबई पहुंची बिहार पुलिस अब उनकी पूर्व प्रबंधक दिशा सालियान की कथित आत्महत्या मामले की भी जांच करेगी। एक पुलिस अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस दल राजपूत के मित्र और क्रिएटिव कंटेन्ट मैनेजर सिद्धार्थ पिठानी से भी पूछताछ करेगा।

सुशांत का शव 14 जून को बांद्रा स्थित उनके अपार्टमेंट में फंदे से लटका पाया गया था। मुंबई पुलिस ने अब तक लगभग 40 लोगों के बयान दर्ज किए हैं, जिनमें राजपूत के परिवार, उनके रसोइए और फिल्म उद्योग के लोग शामिल हैं। बिहार पुलिस राजूपत के पिता की ओर से पटना में दर्ज कराए गए अत्महत्या के लिए उकसाने के मामले की अलग से जांच कर रही है। पुलिस महानिरीक्षक (पटना जोन) संजय सिंह ने कहा, हम सुशांत सिंह राजपूत आत्महत्या मामले में उनकी पूर्व प्रबंधक दिशा सालियान की आत्महत्या मामले की भी जांच करने जा रहे हैं और हम उनके दोस्त सिद्धार्थ पिठानी से भी पूछताछ करेंगे, जो एक साल से उनके साथ रह रहा था। उन्होंने कहा, हमारे अधिकारी इस मामले से जुड़े सभी संभावित स्थानों पर जा रहे हैं। वे राजपूत के घर पर भी गए थे। आने वाले दिनों में इस मामले में और लोगों से पूछताछ की जाएगी। गौरतलब है कि सालियान ने आठ जून को यहां मलाड में स्थित एक ऊंची इमारत से कूद कर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली थी।

राजपूत के अलावा सालियान ने भारती सिंह, रिया चक्रवर्ती और वरुण शर्मा जैसे कलाकारों के काम का भी प्रबंधन किया था। इस मामले में पिठानी ने मुंबई पुलिस को एक ईमेल भेजकर आरोप लगाया कि राजपूत के परिजन ने उससे रिया चक्रवर्ती के खिलाफ बयान देने को कहा है। अब तक बिहार पुलिस ने राजपूत की मौत मामले में 10 लोगों के बयान दर्ज किए हैं। बिहार पुलिस की चार सदस्ईय टीम ने मुंबई पुलिस से जांच से संबंधित सभी दस्तावेज देने का अनुरोध किया है, जिसमें फॉरेंसिक जांच रिपोर्ट,पोस्टमार्टम रिपोर्ट और संबंधित सीसीटीवी फुटेज शामिल हैं। बिहार पुलिस ( शेष पेज 9 )

## कोरोना के एक दिन में देश में 54,735 नए मामले, 853 की मौत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भारत में** एक दिन में कोरोना वायरस के 54,735 नए मामले आने से संक्रमण के मामलों की कुल 17.50 लाख पर पहुंच गई, जबकि 24 घंटों में 853 लोगों के इस बीमारी से जान गंवाने के कारण मृतकों की संख्या 37,364 हो गई है। भारत में कोविड-19 वैश्विक महामारी से स्वस्थ होने वाले मरीजों की संख्या रविवार को 11 लाख से अधिक हो गई जिनमें से 51,000 मरीज 24 घंटे में स्वस्थ हुए जो अभी तक सबसे अधिक संख्या है। इसके साथ ही स्वस्थ होने वाले लोगों की दर 65.44 प्रतिशत हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को बताया कि कोरोना वायरस से अब भी 5,67,730 लोग संक्रमित हैं जो कुल मामलों का 32.43 प्रतिशत है। सभी संक्रमित लोग या तो अस्पतालों में चिकित्सा निगरानी में हैं या घर पर पृथक-वास में रह रहे हैं। एक दिन में 51,225 मरीजों के स्वस्थ होने और अस्पताल से छुट्टी दिए जाने के साथ भारत में इस संक्रामक रोग से उबरने वाले लोगों की संख्या 11,45,629 हो गई है।

## प्रदेश में दो दिन में कोरोना के 7,793 नए मरीज मिले

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सूबे** में कोरोना वायरस कहर बन कर टूट रहा है। बीते 48 घंटे 7793 नए मरीज पाए गए हैं जबकि 37834 केस एक्टिव बताए गए हैं। वहीं अभी तक प्रदेश में 1730 मरीजों की मौत हो चुकी है। अभी तक प्रदेश में 91191 केस कोरोना के मिल चुके हैं। पिछले 48 घंटों में 4521 मरीजो को डिस्चार्ज किया गया। अभी तक सूबे में 53357 संक्रमित मरीज ठीक किये जा चुके हैं।

स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक विगत 48 घंटों में लखनऊ में 754, नोएडा में 234, कानपुर में 821, गाजियाबाद में 258, वाराणसी में 331, प्रयागराज में 357, बरेली में 251, झांसी में 103, गोरखपुर में 291, मेरठ में 61, जौनपुर में 190, आगरा में 68, मुरादाबाद में 246, बलिया में 98, अलीगढ़ में 114, बुलंदशहर में 38, अयोध्या में 141, हापुड़ 59, देवरिया में 170, बाराबंकी में 143, गाजीपुर में 83, रामपुर में 156, हरदोई में 89, शाहजहांपुर में 172, सहारनपुर में 106, आजमगढ़ में 60, चंदौली में 112, संत कबीर नगर में 59, संभल में 20, बस्ती में 53, मथुरा में 48, कन्नौज में 67, मुजफ्फरनगर में 57, सिद्धार्थनगर में 51, महाराजगंज में 132, उन्नाव में 51, पीलीभीत ने 122, सुलतानपुर में 109, मिर्जापुर में 68, कुशीनगर में 108, गोंडा में 90, इटावा में 80, फिरोजाबाद में 32, मैनपुरी में 48, बिजनौर में 36 अमरोहा में 38, बागपत में 13, भदोही में 23, रायबरेली में 51, सोनभद्र में 50, बहराइच में 70, सीतापुर में 70, मऊ में 34, लखीमपुर खीरी में 90, फतेहपुर में 40, फर्रुखाबाद में 57, अमेठी में 27, शामली में 37, जालौन में 47, बदायूं में 31, प्रतापगढ़ में 42, कासगंज में 21, औरैया में 63, ललितपुर में 21, कौशांबी में 31, एटा में 10, हमीरपुर में 19, बाँदा में 3, बलरामपुर में 33, कानपुर देहात में 41, अम्बेडकर नगर में 51, महोबा में 25, हाथरस में 11, चित्रकूट में 11, श्रावस्ती में 16 कोरोना वायरस के संक्रमित मरीज पाए गए है।

### कॉर्प कमांडरों की 5वीं बैठक


## पैंगोंग त्सो व टकराव वाले सभी प्वाइंट खाली करे चीन : भारत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**पूर्वी** लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा ( एलएसी) पर कायम तनाव दूर करने को सतत वार्ता प्रक्रिया पर जोर देते भारत ने रविवार को चीन से दो टूक कहा कि वह पैंगोंग त्सो (झील) समेत टकराव की स्थिति वाले सभी प्वाइंट से अपने सैनिक हटाए। डिसइंगेमेंट की यह प्रक्रिया जल्द से जल्द पूरी की जानी चाहिए। गतिरोध वाले तीन प्वाइंट से जहां चीनी सैनिकों की वापसी सकारात्मक तरीके से हो रही है वहीं, पैंगोंग त्सो इलाका नहीं खाली करने पर अड़े बीजिंग ने वहां अतिरिक्त जवान तैनात कर दिए हैं। सूत्रों के अनुसार, दोनों सेनाओं के कॉर्प कमाडरों लेफ्टिनेंट जनरल हरिंदर सिंह व जनरल लिउ लिन के बीच रविवार को पूर्वी लद्दाख इलाके में एलएसी पर स्थित मोल्डो में पांचवें दौर की बातचीत हुई। इस दौरान अग्रिम मोर्चे व भीतरी हिस्सों से दोनों पक्षों के जवानों को पीछे हटाने की प्रक्रिया की समीक्षा की गई। भारतीय सुरक्षा प्रतिष्ठान ( शेष पेज 9 )

# छोटी होती जा रही मेहमानों की लिस्ट

पायनियर समाचार सेवा। अयोध्या



नए रंग-रूप में सज रही है राम नगरी अयोध्या

**राम** मंदिर शिलान्यास कार्यक्रम में शुरुआत में दो सौ पचास लोगों के लिए पंडाल एवं निमंत्रण की व्यवस्था की गई थी लेकिन कोरोना संक्रमण सुरक्षा कारणों को देखते हुए इनकी संख्या 200 की गयी। बाद में यह संख्या घटाकर 170 की गयी है।

सूत्र बताते हैं कि लगभग 150 गणमान्य संत, धर्माचार्य, राजनेता, हिन्दू संगठनों से जुड़े हुए प्रतिनिधि कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इस बीच कोरोना संक्रमण को देखते हुए श्री राम जन्मभूमि परिसर में जो भी व्यवस्था एवं सुरक्षा से जुड़े कर्मचारी रहेंगे सबकी कोरोना संक्रमण की जांच करा ली गयी है और अभी तक सब कुछ ठीक ठाक है। रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों की जानकारी लेने के लिए अयोध्या आना था लेकिन प्रदेश की प्राविधिक शिक्षा मंत्री कमल रानी वरुण के निधन के के कारण उन्होंने अपना दौरा स्थगित कर दिया, अब सोमवार को पहुंचेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ पांच अगस्त को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के अध्यक्ष एवं मणि राम दास छावनी के महंत नृत्य गोपाल दास जी मंच साझा करेंगे। प्रधानमंत्री एवं श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष के अतिरिक्त मंच पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल एवं संघ प्रमुख भागवत भी मंच पर मौजूद रहेंगे। अभी तक पहुँचने का आधिकारिक कार्यक्रम सिर्फ संघ प्रमुख मोहन भागवत का ही आ पाया है।

### श्री राम मंदिर भूमि पूजन

## आज से सील हो जाएगी अयोध्या

- पांच अगस्त के भूमि पूजन कार्यक्रम को देखते हुए बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर लगी पाबंदी

पायनियर समाचार सेवा। अयोध्या

**पांच** अगस्त को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से श्रीरामजन्मभूमि मंदिर के भूमिपूजन के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक व पुलिस अमला बेहद सतर्क हो गया है। अयोध्या में बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर तीन अगस्त से पाबंदी लगा दी गई है। पहचान पत्र के अभाव में किसी को भी अयोध्या में प्रवेश की इजाजत नहीं होगी। जिला प्रशासनिक व पुलिस अफसरों की और से तैयार किया जा रहा सुरक्षा खाका बेहद सख्त है। फिलहाल कोविड 19 की वजह से श्रावणी पूर्णिमा पर्व यानी तीन अगस्त से किसी भी बाहरी श्रद्धालु, व्यक्ति, समूह या फिर आमजन को अयोध्या में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। सभी बैरियरों पर सुरक्षा घेरा बेहद सख्त है लेकिन प्रशासनिक व पुलिस अफसरों की ओर से तैयार किए गए सुरक्षा व्यवस्था के अनुसार यह प्रतिबंध श्रावणी पूर्णिमा पर्व तक ही नहीं वरन आगे भी चार व पांच अगस्त को लागू रहेगा। पुलिस विभाग के उच्चाधिकारियो के मुताबिक ऐहतियात के तौर पर जो व्यवस्था की गई है उसके मद्देनजर तीन अगस्त के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत अयोध्या ( शेष पेज 9 )

# एसपीजी से मूल सुरक्षा बलों में भेजे गए 200 अफसर-जवान

राकेश कुमार सिंह। नई दिल्ली



फाइल फोटो

**स्पेशल** प्रोटेक्शन ग्रुप (एसपीजी) ने 200 से अधिक उन कर्मियों को वापस कर दिया है जो केंद्रीय अर्धसैनिक बलों से प्रतिनियुक्ति पर लाए गए थे। इनमें से लगभग 85 केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के हैं।

अन्य में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के 45, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के 23, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के 17 और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के 24 जवान शामिल हैं। अर्धसैनिक बलों के अलावा, इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) और रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) के तीन-तीन अधिकारियों सहित केंद्रीय पुलिस संगठनों (सीपीओ) के कर्मियों को भी उनके संबंधित संगठनों में वापस कर दिया गया है। राज्य पुलिस बलों से प्रतिनियुक्ति पर आए कुछ कर्मियों को भी मूल बल में भेजा गया है। एसपीजी (कैबिनेट सचिवालय) द्वारा जारी आदेश के अनुसार एसपीजी में प्रतिनियुक्ति का कार्यकाल पूरा होने पर, सीआरपीएफ के 85 अधिकारियों को उनके मूल विभाग में भेज दिया गया है। सभी को एक अगस्त 2020 को रिलीव कर दिया गया। इसी दिन इन्हें उप महानिरीक्षक, महानिदेशालय, सीआरपीएफ, लोधी रोड, नई दिल्ली को रिपोर्ट करने को कहा गया था।

बीएसएफ, आईटीबीपी, सीआईएसएफ और एसएसबी जैसे बलों के 201 कर्मियों के प्रत्यावर्तन के लिए भी शनिवार को ही इसी तरह का आदेश ( शेष पेज 9 )

# सीएम से लेकर संगठन ने व्यक्त की शोक-संवेदना

## ● कैबिनेट मंत्री कमल रानी वरुण का निधन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश सरकार** की में कैबिनेट मंत्री कमल रानी वरुण के निधन पर सरकार से लेकर संगठन तक सभी ने शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक व्यक्त किया है। रविवार को मंत्रिमंडल की बैठक आहूत करके एक शोक प्रस्ताव पारित किया गया जिसमें योगी सरकार के सभी मंत्रियों ने कमल रानी के निधन पर शोक व्यक्त किया है। सरकार के सभी मंत्रियों ने भी शोक संवेदनाएं व्यक्त की हैं। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी ट्वीट करके अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की है। विधान सभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित ने भी कैबिनेट मंत्री के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सम्पन्न मंत्रिपरिषद की बैठक में प्राविधिक शिक्षा मंत्री कमल रानी वरुण के आकस्मिक निधन पर शोक प्रस्ताव पारित किया गया। पारित प्रस्ताव में श्रीमती वरुण के निधन पर गहरा दुःख प्रकट करते हुए मंत्रिपरिषद की ओर से उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। मंत्रिपरिषद द्वारा दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने तथा उनके शोक संतप्त परिजनों को इस दुःखद अवसर पर संबल एवं शक्ति प्रदान करने की कामना भी की गयी। पारित प्रस्ताव में कहा गया कि श्रीमती वरुण ने एक मंत्री के रूप में विभागीय कार्यों के कुशलतापूर्वक निर्वहन में सराहनीय योगदान दिया। एक जनप्रतिनिधि के रूप में उन्होंने जन आकांक्षाओं का सदैव सम्मान रखा। उनका निधन समाज व सरकार के लिए अपूरणीय क्षति है। रविवार प्रातः कमल रानी वरुण का एसजीपीजीआई में इलाज के दौरान आकस्मिक निधन हो गया। वह घाटमपुर कानपुर नगर से विधायक थीं। इससे पूर्व श्रीमती वरुण 11 वीं व 12वीं लोक सभा की सदस्य थीं।



### एक कुशल व संवेदनशील समाजसेवी की अपूर्णनीय क्षतिः केशव

**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रदेश की प्राविधिक शिक्षा मंत्री रही कमलरानी वरुण के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने अपने शोक संदेश में कि कानपुर नगर के घाटमपुर क्षेत्र से विधायक रही कमलरानी वरुण एक कुशल व अनुभवी समाजसेवी और आम जनता की हितैषी थीं। उनके निधन से एक कुशल व प्रखर व संवेदनशील समाजसेवी की अपूर्णनीय क्षति हुई है । श्री मौर्य ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिवारीजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

### सीएम ने रद किया अयोध्या दौरा व बाढ़ पीड़ितों से मिलने का कार्यक्रम

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री को रविवार को अयोध्या में पांच अगस्त के कार्यक्रम की तैयारियों को देखने के लिए जाना था लेकिन कैबिनेट मंत्री कमल रानी वरूण के निधन के बाद सीएम ने अपना यह दौरा रदद कर दिया। इसके अलावा सीएम का अयोध्या दौरे के बाद बाढ़ पीड़ितों से मिलने जाने के कार्यक्रम था जो अब रद हो गया है।

### प्रदेश ने एक कर्मठ नेता खोया हैःस्पीकर

**लखनऊ।** विधान सभा अध्यक्ष ने प्रदेश सरकार की मंत्री कमलरानी वरूण के निधन पर गहन शोक व्यक्त किया है। अध्यक्ष ने कहा कि उनके असामयिक निधन से प्रदेश ने एक कर्मठ नेता खोया है। वे लोक प्रिय सामाजिक राजनैतिक कार्यकर्त्ता थी। वे लोक सभा सदस्य रहीं। वे विधान सभा की सदस्य थीं, मंत्री थीं। परमात्मा से प्रार्थना है कि उनकी आत्मा को शांति मिले। ईश्वर उनके परिजनों को यह वज्राघात सहने की शक्ति दे।

### आकस्मिक निधन स्तब्धकारीः राज्यपाल



**पायनियर समाचार।** लखनऊ

**प्रदेश की** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने प्रदेश की प्राविधिक शिक्षा मंत्री कमल रानी वरुण के आकस्मिक निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। राज्यपाल की ओर से जिलाधिकारी कानपुर द्वारा उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। राज्यपाल ने अपने शोक संदेश में कहा कि कमल रानी का आकस्मिक निधन स्तब्धकारी है। वे लोकसभा के सदस्य के रूप में काफी सक्रिय रहीं। राज्यपाल ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना एवं सहानुभूति व्यक्त की है।

# उफनाई नदियों के पानी से घिरे सैकड़ों गांव, राहत कार्य तेज

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** में पिछले 24 घंटों के दौरान कुछ स्थानों पर बारिश के बीच नेपाल तथा अन्य कई स्थानों पर बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण गंगा, घाघरा, राप्ती और शारदा समेत अनेक नदियां जगहजगह उफान पर हैं। प्रदेश के 14 जिलों के सैकड़ों गांव इन उफनाई नदियों के पानी में घिर गए हैं। राहत आयुक्त कार्यालय से रविवार को प्राप्त रिपोर्ट के मुताबिक प्रदेश के 14 जिलों बाराबंकी, अयोध्या, कुशीनगर, गोरखपुर, बहराइच, लखीमपुर खीरी, आजमगढ़, मऊ बस्ती, गोंडा, संत कबीर नगर, सीतापुर, सिद्धार्थनगर और बलरामपुर में बाढ़ से कुल 455 गांव प्रभावित हैं। उनमें से 98 गांवों का सम्पर्क बाकी इलाकों से पूरी तरह कट गया है। प्रदेश में बाढ़ पीड़ितों के ठहरने के लिए 96 आश्रय स्थल बनाए गए हैं और राहत तथा बचाव कार्य के लिए 653 बाढ़ चौकियां स्थापित की गई हैं। लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाने के लिए 835 नौकाएं इस्तेमाल की जा रही हैं। बाढ़ की वजह से सैकड़ों हेक्टेयर क्षेत्र में लगी फसल जलमग्न हो गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिलाधिकारियों को फसल के नुकसान का जायजा लेकर प्रभावित किसानों को फौरन सहायता का आदेश दिया है। इसके अलावा ऐसे गांव, जहां बाढ़ आने की आशंका है, वहां लाउडस्पीकर के जरिए जनता को लगातार सतर्क किया जाए। उन्होंने इसके साथ ही निर्देश दिया कि राज्य स्तर पर स्थापित एकीकृत आपदा नियंत्रण केन्द्र और जिलों में स्थापित नियंत्रण कक्षों के जरिए बाढ़ की स्थिति की लगातार समीक्षा की जाए। इस बीच, केन्द्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक घाघरा नदी एल्गिन ब्रिज (बाराबंकी), अयोध्या और तुर्तीपार (बलिया) में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। अयोध्या और तुर्तीपार में इसका जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। इसके अलावा राप्ती नदी का जलस्तर बर्ड घाट (गोरखपुर) में खतरे के निशान को पार कर गया है जबकि बलरामपुर, बांसी (सिद्धार्थनगर) और रिगोली (गोरखपुर) में इसका जलस्तर लाल चिह्न के नजदीक बना हुआ है। उधर, बूढ़ी राप्ती ककरही (सिद्धार्थनगर) में खतरे के निशान के ऊपर बह रही है जबकि रोहिन नदी त्रिमोहानी घाट (महराजगंज) में लाल निशान को पार कर गई है। शारदा नदी पलिया कलां (लखीमपुर खीरी) में खतरे के निशान को पार कर गई है और इसके स्तर में इजाफा हो रहा है। वहीं, शारदा नगर में यह लाल निशान के काफी नजदीक पहुंच चुकी है। इसके अलावा, गंगा नदी भी कचला ब्रिज (बदायूं) में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है कवानो नदी चंद्रदीप घाट (गोंडा), बस्ती और मुखलिसपुर (संत कबीर नगर) में जबकि गंडक नदी खड्डा (कुशीनगर) और कौन कुनहरा नदी उस्काबाजार (सिद्धार्थ नगर) में खतरे के निशान के नजदीक बह रही है। इस बीच, बहराइच से प्राप्त रिपोर्ट के मुताबिक सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता (बाढ़) शोभित कुशवाहा ने बताया कि शारदा, गिरिजापुरी तथा सरयू बैराजों से नदियों में आज 3.15 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया है।

# नये कलेवर में नजर आएगा अयोध्या का रेलवे स्टेशन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**आस्था, भक्ति** एवं आध्यात्म की धरा तथा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की जन्मभूमि अयोध्या में स्थित रेलवे स्टेशन भी आप नए रूप में नजर आएगा। श्री राम मंदिर निर्माण के साथ ही अब अयोध्या में भक्तों की भारी भीड़ भी जुटेगी। लिहाज यहां की महत्ता को ध्यान में रखते हुए लखनऊ मंडल द्वारा अयोध्या रेलवे स्टेशन के संरचनात्मक स्वरूप, यात्री सुविधाओं, स्वच्छता, सौंदर्य तथा अन्य सुविधाओं को उच्च गुणवत्ता के मानकों के साथ उपलब्ध कराने की दिशा में कई नए कदम उठाए गए हैं। अयोध्या स्टेशन का आधुनिक यात्री सुविधाओं से सुसस्सजित भवन का निर्माण इस समय चल रहा है। वर्ष 2017-18 में 80 करोड़ की मंजूरी इसके लिए दी गयी थी। जिसे अब बढाकर 104.77 करोड़ कर दिया गया है। इस स्टेशन भवन का निर्माण रेलवे की राइट्स उपक्रम द्वारा किया जा रहा है। इस भवन का निर्माण दो चरणों में होगा, प्रथम चरण में प्लेटफार्म संख्या 1 के साथ ही 2-3 में विकास कार्य, वर्तमान सरकुलेटिंग एरिया का विकास व् होल्डिंग एरिया का विकास। दूसरे चरण में नए स्टेशन भवन का निर्माण, अन्य सुविधाओं का निर्माण कार्य कराया जाएगा। इन सुविधाओं के तहत स्टेशन के आंतरिक एवम् बाह्य परिसर का नवीनीकरण करते हुए स्टेशन पर उपलब्ध सुविधाओं में वृद्धि की जाएगी।

# एक्सप्रेस-वे के किनारे लैंड बैंक विकसित किया जाएः योगी

## ● मुख्यमंत्री ने औद्योगिक विकास से सम्बन्धित विभिन्न विषयों की समीक्षा की

## ● बंजर भूमि के 10 हेक्टेयर या उससे अधिक भूखण्डों का इंडस्ट्री के लिए उपयोग करने के निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ ने औद्योगिक विकास से सम्बन्धित विभिन्न विषयों की समीक्षा करते हुए लम्बित विषयों पर अधिकारियों को शीघ्रता से निर्णय लेते हुए तेजी से कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में उद्योगों की स्थापना के लिए लैण्ड बैंक उपलब्ध कराया जाए। लैण्ड बैंक की भूमि चिन्हित करने की कार्यवाही तत्परता से की जाए। उन्होंने प्रदेश में बनाए गए एक्सप्रेसवेज़ तथा निर्माणाधीन-प्रस्तावित एक्सप्रेसवेज़ के दोनों ओर प्रमुख पोटेन्शियल क्षेत्रों को चिन्हित करके लैण्ड बैंक विकसित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने औद्योगिक विकास से सम्बन्धित विषयों तथा लैण्ड बैंक की उपलब्धता के सम्बन्ध में आने वाली समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में बंजर भूमि के 10 हेक्टेयर या उससे अधिक क्षेत्रफल के भूखण्डों का औद्योगीकरण के लिए उपयोग किए जाने पर विचार करते हुए कार्यवाही की जाए। उन्होंने प्रदेश में एनएचएआई से सम्बन्धित विभिन्न परियोजनाओं के निर्माण को समयबद्ध ढंग से पूरा किए जाने की बात कही। उन्होंने सुल्तानपुर-वाराणसी, गोरखपुर-वाराणसी, लखनऊ-बरेली आदि मार्गों की मरम्मत किए जाने के निर्देश दिए। साथ हीए ईस्टर्न तथा वेस्टर्न डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के सम्बन्ध में भी समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में पूरी दुनिया कोविड-19 की वैश्विक महामारी से जूझ रही है। सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ इस चुनौती को अवसर में बदलने के लिए तेजी से कार्य करना होगा। औद्योगिक विकास की सभी सम्भावनाओं को तलाश करते हुए समस्याओं का त्वरित समाधान करना होगा तभी प्रदेश अधिक से अधिक रोजगार सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश निवेश के लिए आकर्षक गंतव्य है। यहां पर दक्ष मानव संसाधन, एक्सप्रेसवेज़ सहित बेहतर कनेक्टिविटी, अवस्थापना सुविधाएं व भरपूर प्राकृतिक संसाधन उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि निवेशकों की समस्याओं का त्वरित निदान सुनिश्चित किया जाए।

# इंटीग्रेटेड कमांड एण्ड कंट्रोल सेंटर से चिकित्सा सुविधाएं सुलभ कराई जाए

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोविड-19 पर प्रभावी नियन्त्रण के लिए प्रोएक्टिव होकर कार्य करने पर बल दिया है। उन्होंने कहा है कि इन्टीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर के माध्यम से बेहतर समन्वय बनाकर मरीजों को सभी चिकित्सा सुविधाएं सुलभ कराई जाएं। मुख्यमंत्री ने अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी चिकित्सा संसाधनों की पर्याप्त संख्या में व्यवस्था बनाए रखी जाए। आवश्यकतानुसार अतिरिक्त वेंटिलेटर्स का प्रबन्ध किया जाए। पोर्टेबल वेंटिलेटर्स की भी व्यवस्था की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मरीजों को सुविधाएं सुलभ कराने के लिए पूरी संवेदनशीलता बरतते हुए कार्य किया जाए, जिससे प्रत्येक जरूरतमन्द को बेड, वेंटिलेटर, ऑक्सीजन आदि उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि होम आइसोलेशन के मरीजों से निरन्तर संवाद बनाकर उनकी स्थिति का प्रभावी अनुश्रवण किया जाए। उन्होंने बायो-मेडिकल वेस्ट को निर्धारित मानकों के अनुरूप निस्तारित करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि चिकित्सा कर्मियों को मेडिकल संक्रमण से सुरक्षित रखने के लिए सभी प्रबन्ध किए जाएं। उन्होंने गोरखपुर के बाल रोग चिकित्सा संस्थान को 15 अगस्त तक प्रत्येक दशा में पूर्ण कराने के निर्देश देते हुए कहा कि इस सम्बन्ध में आवश्यकतानुसार अधिक टीमें लगाकर राउण्ड द क्लॉक कार्य किया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि खाद्यान्न वितरण की प्रभावी व्यवस्था निरन्तर क्रियाशील रखी जाए। गो आश्रय स्थलों से जनप्रतिनिधियों सहित अन्य समाजसेवियों को भी जोड़े जाने पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि गो आश्रय स्थलों की व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए निरन्तर प्रयास किए जाएं। मुख्यमंत्री ने बाढ़ से प्रभावित लोगों को हर सम्भव राहत और मदद उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बाढ़ ग्रस्त इलाकों में प्रभावित जनता को सूखे राशन के राहत पैकेट वितरित किए जाएं। राहत कार्य में जनप्रतिनिधियों की सहभागिता एवं सहयोग लिया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सभी त्योहारों को शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए पूरी सावधानी बरती जाए। उन्होंने कहा कि रक्षाबन्धन के पर्व पर राज्य सड़क परिवहन निगम द्वारा सभी रूटों पर बस सेवा संचालित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनपद स्तर पर स्थापित जिला सेवायोजन कार्यालयों को सक्रिय किया जाए।

# अमर सिंह के निधन पर योगी समेत कई राजनेताओं ने जताया शोक



**पायनियर समाचार सेवा।** लखऊ

**यूपी की सियासी,** नौकरशाही व औद्योगिक परिवार में दखल रखने वाले राज्यसभा सदस्य अमर सिंह का सिंगापुर में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनके निधन पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत कई राज नेताओं ने दुःख व्यक्त किया है। योगी आदित्यनाथ ने ट्वीट करके अमर सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि अपनी विशिष्ट कार्यशैली से भारतीय राजनीति पर अमिट प्रभाव डालने वाले मृदुभाषी राजनेता व सांसद अमर सिंह का निधन दुखद है। उनके परिजनों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। प्रभु श्रीराम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करें।

केशव प्रसाद मौर्य ने राज्यसभा सांसद अमर सिंह के निधन पर गहरा शोक प्रकट व्यक्त किया है। उपमुख्यमंत्री श्री मौर्य ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिवारीजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित ने राज्यसभा सांसद अमर सिंह के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि वह स्वभाव से विनोदी थे और हमेशा ऊर्जावान रहते थे।

## अमर सिंह का निधन अत्यंत दुखदः अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी पार्टी** के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने राज्यसभा सांसद अमर सिंह के निधन पर गहरा शोक जताते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना भी व्यक्त की है। श्री यादव ने श्री अमर सिंह के निधन को अत्यंत दुःखद बताते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी है।

## उनका जाना मेरी निजी क्षतिः शिवपाल यादव



**लखनऊ।** पूर्व मंत्री व जसवन्तनगर के विधायक शिवपाल सिंह यादव ने राज्यसभा सांसद अमर सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया है। शिवपाल यादव ने ट्वीट कर अमर सिंह के निधन को अपनी निजी क्षति बताया है। उन्होंने कहा कि ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत की आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिवार व समर्थकों को यह दुःख सहने की शक्ति दें। शिवपाल यादव ने कहा कि दलगत राजनीति में होने वाले मनमुटाव के इतर सार्वजनिक जीवन के दौरान अमर सिंह की सभी दलों में मित्रता थी। वे स्वभाव से विनोदी थे और हमेशा ऊर्जावान रहते थे। उन्होंने अपने किरदार से भारतीय राजनीति को दिलचस्प और गुणवत्तापूर्ण बनाया।

## सभी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण दखल रखते थे अमर सिंहः यशवन्त

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**लोकतंत्र सेनानी** कल्याण समिति के संरक्षक विधानपरिषद सदस्य यशवन्त सिंह ने वरिष्ठ राजनेता सांसद अमर सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया और कहा कि उनके निधन से देश व दुनियां के पटल से आज़मगढ़ की एक विशेष तरह की महत्वपूर्ण उपस्थिति का अंत हो गया। चन्द्रशेखर चबूतरा दारुलशफा पर उनके निधन को लेकर हुई शोक सभा में लोकतंत्र सेनानी कल्याण समिति के संरक्षक विधानपरिषद सदस्य यशवन्त सिंह ने कहा कि आज़मगढ़ के सामान्य परिवेश उठकर अमर सिंह ने अपनी प्रतिभा और पौरुष के बल देश प्रदेश में एक महत्वपूर्ण पहचान बनाई। सियासत हो या सिनेमा या उद्योग या सेवा का कोई और क्षेत्र, सभी क्षेत्रों में उनका महत्वपूर्ण दखल था। शोक सभा की अध्यक्षता लोकतन्त्र सेनानी कल्याण समिति के संयोजक धीरेन्द्र नाथ श्रीवास्तव ने की।

# 'कोरोना काल में न तो सीमाएं सुरक्षित न ही कारोबार'

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी पार्टी** के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि कोरोना काल में न तो सीमाएं सुरक्षित हैं और नहीं कारोबार या रोजगार। अर्थव्यवस्था में भारी गिरावट दर्ज है। बैंक डूब रहे हैंए जमा राशि पर ब्याज घटता जा रहा है। परेशान हाल लोग अपने पीएफ से पैसे निकालने को मजबूर हैं। श्रमिक विस्थापन के दौर में कई लोगों ने अपने करीबियों को खोया है। भाजपा सरकार की गलत नीतियों के चलते जनता मानसिक रूप से नाउम्मीदी की शिकार होती जा रही है। अखिलेश ने कहा कि मुख्यमंत्री प्रदेश में रामराज्य की बातें करते हैं जबकि हकीकत में राज्य में जंगलराज के बदतर हालात हैं। आए दिन हत्याएंए लूटए अपहरण के काण्ड हो रहे हैं। अब तो सत्तारूढ़ दल भाजपा के विधायक के नाम से भी फोन पर 5 लाख रूपए की रंगदारी मांगे जाने की खबर है। जिला मंत्री का नाम अपहरण काण्ड में गूंजता है। भाजपा नेता अनैतिक व्यापार में लगे दिखाई देते हैं। पार्टी विद डिफरेंस का इससे बदतर उदाहरण और क्या हो सकता है। उन्होंने कहा कि कैसी अजीब बात है कि सत्ता में बैठे सब एक दूसरे को चोर बता रहे हैं। हरदोई सांसद कहते है उनका वेंटीलेटर के लिए दिया गया पैसा गायब हो गया है। उन्नाव में पुलिस भाजपा विधायक को अवैध कब्जा करने वाले का साथी बता रही है। भाजपा राज में संरक्षित अपराधियों के हौसले बुलन्द हैं। भ्रष्टाचार का माडल चर्चा में है। नगर निगम लखनऊ के मुख्य अभियंता को ठेकेदार धमकाता है और उसकी पैरवी मेयर करती हैं।


पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मैं कैलाश नाथ सिंह पुत्र श्री राधे श्याम सिंह निवासी टाईप टू 109 एनटीपीसी कॉलोनी ऊंचाहार रायबरेली मेरी पत्नी शशि सिंह का नाम एनटीपीसी अभिलेखों में त्रुटि वश शशि लिख गया है जबकि मेरी पत्नी का नाम शशि सिंह है जिन्हें शशि सिंह के नाम से जाना वा पहचाना जाता है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत औरंगाबाद, वि0ख0 गोंदलामऊ-सीतापुर**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड गोंदलामऊ की ग्राम पंचायत औरंगाबाद में मनरेगा योजनान्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु इच्छुक पंजीकृत ठेकेदारों से अल्पकालीन मुहरबन्द निविदायें दिनांक 04.08.2020 से 05.08.2020 तक आमंत्रित की जाती हैं। प्राप्त निविदायें 05.08.2020 को अपरान्ह 2 बजे निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेंगी।

| क्र0संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|
| (1) | रामऔतार पुत्र छेद्दू का कैटल शेड निर्माण | 124403.67 | 500/- |
| (2) | रामकुमार पुत्र बाबूराम का कैटल शेड निर्माण | 124760.61 | 500/- |

प्रधान सचिव

**DHFL** Changing Rules Changing Lives

**दीवान हाउसिंग फाइनैंस कारपोरेशन लिमिटेड**

राष्ट्रीय कार्यालयः एचडीआईएल टावर्स, बी विंग, छठा तल, अनंत कानेकर मार्ग, स्टेशन रोड, बान्द्रा (ईस्ट), मुंबई-400051 शाखा कार्यालयः दीवान हाउसिंग फाइनैंस कारपोरेशन लिमिटेड, प्लॉट नंबर 6, ब्लॉक ए, सेक्टर-2, नोएडा, उत्तर प्रदेश-201301

**परिशिष्ट प्ट कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु)**

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने दीवान हाउसिंग फाइनैंस कार्पोरेशन लिमिटेड (डीएचएफएल) के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को नीचे दिए विवरण के अनुसार मांग सूचना(एं) जारी की थीं, जिनमें उनसे सूचना में वर्णित बकाया राशि का भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी। कर्जदार उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा प्राप्त कर लिया है। कर्जदार का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है। कर्जदारों को विशेष रूप से तथा जनसाधारण को सामान्य रूप से इस संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और संपत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार कर्जदारों पर डीएचएफएल की बकाया राशि तथा उस पर ब्याज का भुगतान करने के बाद ही किया जा सकता है।

| कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) का नाम/ऋण कोड | प्रत्याभूत आस्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन | मांग सूचना तिथि और राशि | कब्जा की तिथि |
|---|---|---|---|
| (ऋण कोड सं. 00041090), (लखनऊ - लालबाग - उत्तर प्रदेश) कोटेश्वर इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड (कर्जदार नाम) / गोपाल दास अग्रवाल (सह-कर्जदार) | भूमि खसरा नंबर 241पी, 243पी, 244पी, 168पी, 170पी, गाजीपुर सईद-उन-निशा, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226001 | 24-01-2020 रू. 6,43,99,073/- (रू. छह करोड़ तेतालीस लाख निन्यानवे हजार तिहत्तर मात्र) | 27-07-20 |
| (ऋण कोड सं. 00001112), (लखनऊ - उत्तर प्रदेश) गुलाम मोहम्मद चौधरी (कर्जदार नाम) / सीमा चौधरी (सह-कर्जदार) | बिल्डिंग नंबर 30, बी. एन. रोड लालबाग चर्च के सामने, लखनऊ-226001 | 18-12-2019 रू. 2,44,50,330/- (रू. दो करोड़ चवालीस लाख पचास हजार तीन सौ तीस मात्र) | 27-07-20 |

तिथि : 03-08-2020
स्थान : उत्तर प्रदेश

हस्ता./-, (प्राधिकृत अधिकारी)
दीवान हाउसिंग फाइनैंस कारपोरेशन लिमिटेड

**कॉन्टीनेन्टल केमिकल्स लिमिटेड**
सीआईएन : एल24123यूपी1984पीएलसी01411
पंजीकृत कार्यालय : ए-7, सेक्टर-VII, नोएडा-201301, उत्तर प्रदेश
फोन : 91-120-2423316 ई-मेल : info@continentalsoft.com, nkc@ continentalsoft.com वेब : www.continentalchemicalsltd.com

**31 मार्च, 20120 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु पृथक्कृत लेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम**

(रू. लाख में, सिवाय ईपीएस)

| | विवरण | 31-03-2020 को समाप्त तिमाही (लेखापरीक्षित) | 31-03-2019 को समाप्त तिमाही (लेखापरीक्षित) | 31-03-2020 को समाप्त वर्ष (लेखापरीक्षित) | 31-03-2019 को समाप्त वर्ष (लेखापरीक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रचालनों से आय | 29.18 | 50.52 | 119.12 | 131.08 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पहले) | 2.64 | 26.91 | 15.85 | 29.73 |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर से पहले (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 2.64 | 26.91 | 15.85 | 29.73 |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 1.38 | 28.42 | 7.80 | 33.66 |
| 5 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय खजिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) सम्मिलित हैं, | 1.58 | 28.53 | 8.13 | 33.65 |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी | 224.90 | 99.90 | 224.90 | 99.90 |
| 7 | अन्य इक्विटी (पुनर्मूल्यन संचेय छोड़कर जैसाकि पिछले वर्ष के तुलनपत्र में दर्शाया गया है) | | | 133.27 | 87.64 |
| 8 | प्रति शेयर अर्जन (रू. 10/- प्रत्येक) (जारी और बंद प्रचालनों के लिए) मूल : तनुकृत : | (0.90) (0.90) | 2.84 2.84 | 0.49 0.49 | 3.37 3.37 |

नोट्स :

1. उपरोक्त वित्तीय परिणाम लेखापरीक्षा समिति द्वारा पुनरीक्षित किए गए थे और तद्द्वारा निदेशक मंडल द्वारा 31-07-2020 को सम्पन्न इसकी बैठक में अभिलेखबद्ध किए गए हैं।
2. पूर्व अवधि के आंकड़े उनको चालू अवधि के आंकड़ों के साथ तुलनीय बनाने के लिए पुनर्समूहित/पुनर्वर्गीकृत किए गए हैं, जहां आवश्यक समझा गया है।
3. कम्पनी ने अब तक फैल रही कोविड-19 वैश्विक महामारी के सम्पत्ति, प्लाण्ट एवं इक्विपमेंट, व्यापार प्राप्यों की वहन राशियों इत्यादि पर पड़ने वाले संभावित प्रभावों पर विचार किया है। इस उद्देश्य हेतु, कम्पनी ने वित्तीय परिणामों के अनुमोदन की तिथि तक सूचना के आंतरिक और बाह्य स्रोतों पर विचार किया है, जिसमें क्रेडिट रिपोर्ट्स और संबंधित सूचना, आर्थिक पूर्वानुमान, कतिपय निवेशों का बाजार मूल्य इत्यादि सम्मिलित हैं। वर्तमान अनुमानों के आधार पर, कम्पनी को ऐसे वहन मूल्यों पर कोई महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ने की आशा नहीं है। कम्पनी के वित्तीय विवरणों पर कोविड-19 का प्रभाव, वित्तीय परिणामों के अनुमोदन की तिथि को लगाए गए अनुमान से भिन्न हो सकता है।
4. कम्पनी ने चालू वर्ष के दौरान कराधान विधि (संशोधन) अध्यादेश, 2019 द्वारा लागू अनुसार आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 115बीएए के अधीन अनुमत विकल्प का प्रयोग किया है। तदनुसार, 31 मार्च, 2019 को आस्थगित कर आस्तियां (शुद्ध) पुनर्मापित की गई हैं और रू. 7.58 लाख का मैट क्रेडिट पूर्णरूपेण अपलिखित किया गया है। परिणामी प्रभाव वित्तीय विवरणों में दर्शाया गया है।
5. ये परिणाम कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के अधीन निर्धारित कम्पनी (भारतीय लेखांकन मानक) नियमावली, 2015 (आईएनडी एएस) और यथासंभव अन्य मान्य लेखांकन पद्धतियों एवं नीतियों के अनुसार तैयार किए गए हैं।
6. कम्पनी केवल एक खंड में प्रचालन करती है।

बोर्ड के लिए तथा उसकी ओर से
हस्ता./-
नरेश कुमार चिब्बा
प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 00376963

स्थान : नोएडा
तिथि : 31-07-2020


सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादकः चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः ( 0522 ) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

# रक्षाबंधन पर बहनों को मुफ्त बस यात्रा की मिली सौगात

## बीते तीन वर्षों की तरह इस वर्ष भी मिलेगी सुविधा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**रोडवेज** प्रशासन द्वारा इस वर्ष भी रक्षाबंधन के मौके पर महिला यात्रियों को निशुल्क यात्रा की सौगात मिलेगी। महिला यात्रियों को निशुल्क बस यात्रा की यह सुविधा 3 अगस्त की रात 12 बजे तक मिलेगी। निशुल्क यात्रा की यह सुविधा सभी श्रेणी की बसों में लागू होगी। जिन यात्रियों ने ऑनलाइन माध्यम से टिकट की बुकिंग कराई है, उनके टिकट मूल्य का भुगतान अपने आप ही खाते में आ जाएगा। वहीं जिन महिला यात्रियों ने काउंटर से टिकट की अग्रिम बुकिंग की है, यात्रा के 72 घंटे बाद तक रोडवेज के किसी भी काउंटर से इनका रिफण्ड लिया जा सकेगा। रोडवेज के प्रबंध निदेशक डॉ राजशेखर ने बताया कि रक्षाबंधन पर्व पर महिला यात्रियों को फ्री बस सफर की सौगात दी जाएगी। यह निर्णय शासन स्तर पर लिया गया है। इस बाबत सभी क्षेत्रीय प्रबंधकों, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों एवं सेवा प्रबंधकों को आदेश जारी कर दिया गया है। वहीं अधिकारियों से कोरोना से बचाव को लेकर जारी दिशा निर्देशों का पालन कड़ाई से कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। बताते चलें कि रोडवेज द्वारा बीते तीन वर्षों लगातार रक्षाबंधन पर महिला यात्रियों को निशुल्क यात्रा कराई जा रही है। वर्ष 2017 में 11.16 लाख, वर्ष 2018 में 11.69 के साथ ही बीते वर्ष 2019 में 12.42 लाख महिलाओं ने रक्षाबंधन पर्व पर प्रदेश सरकार द्वारा दी गई निशुल्क बस यात्रा का लाभ उठाया।



राजधानी में रविवार को रक्षाबंधन को लेकर खरीदारी करतीं महिलाएं

# सीरियल किलर गैंग के पांच सदस्य गिरफ्तार

**लखनऊ।** सीरियल किलर भाइयों सलीम, सोहराब व रुस्तम गैंग के पांच सदस्यों को सआदतगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जिनके पास से भारी मात्रा में सट्टे की पर्चियां समेत अन्य सामान बरामद किया गया है। सआदतगंज थाना प्रभारी निरीक्षक महेश पाल सिंह ने बताया कि पुलिस की टीमें सक्रिय अपराधियों की धरपकड़ में क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इस दौरान मुखबिर की सूचना पर कच्चा पुल के पास से वरिष्ठ उप निरीक्षक ओमकार यादव समेत एसआई कुलदीप सिंह गौर ने अपनी टीम के साथ सीरियल किलर गैंग के 5 सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। जिनकी पहचान राजमंडल निवासी सूर्य बाग थाना कैसरबाग, शकील अहमद रायमी व शानू निवासी बाबा जी की बगिया थाना हुसैनगंज, सलाउद्दीन निवासी छितवारपुर थाना हुसैनगंज व मेहंदी अब्बास निवासी मशकगंज थाना चौक के रूप में हुई। एसआई कुलदीप सिंह गौर ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों के पास से भारी मात्रा में सट्टे की पर्चियां बरामद हुई है। जिस पर पूछताछ करने पर आरोपियों ने बताया कि वह लोग सीरियल किलर भाइयों के गैंग के सक्रिय सदस्य हैं, उनके द्वारा फिरौती समेत सट्टे के रूप में अवैध वसूली की जाती है। इस वसूली से जो भी पैसा मिलता है। उसे वह लोग आपस में बांट लेते हैं, उसके बाद बचे हुए पैसों से गैंग के सदस्यों के विरुद्ध जो मुकदमें पंजीकृत हैं उनकी पैरवी में खर्च करते हैं। इसके साथ वह गैंग के वर्चस्व और उसकी शान शौकत को बढ़ाने के लिए अन्य लोगों पर भी खर्चा करते हैं इन लोगों के पास से अवैध तमंचा कारतूस समेत एक स्कॉर्पियो भी बरामद की गई है। जिसका वह कागजात दिखा नहीं सके हैं। पुलिस उनके अन्य साथियों की तलाश के साथ गाड़ी के मामले में जानकारी कर रही है।



## मड़ियांव में नकली नोटों के साथ दो गिरफ्तार

**लखनऊ।** नकली करंसी देकर खरीददारी कर रहे दो युवकों को मड़ियांव पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने उनके पास से 3450 रुपये नकली और 9130 रुपये असली करंसी भी बरामद करने का दावा किया है। इंस्पेक्टर मड़ियांव विपिन कुमार सिंह ने बताया कि शनिवार को नौबस्ता निवासी व किराना व्यवसायी शुभम ने कॉल कर सूचना दी थी कि उसके दुकान पर दो युवक 100 और 50 रुपये के नकली नोट के साथ खरीददारी करने आए हैं। इस पर पुलिस मौके पर पहुंची और सीतापुर के लहरपुर निवासी मुनीर और सीतापुर के बिसवां निवासी सद्दाम हुसैन को गिरफ्तार कर उनके पास से 100 रुपये के 34 और 50 रुपये की एक नोट नकली बरामद किया। इसके अलावा 9134 रुपये के असली नोट भी बरामद किए गए। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी नकली करेंसी को असली में बदलने के लिए कम दाम वाला समान खरीद लेते थे। जिसके बदले में 100 या 50 रुपये का नकली नोट देते थे। शेष रुपये उनके पास असली करेंसी के रूप में आ जाते थे। इंस्पेक्टर ने बताया कि पकड़े गए जालसाजों का एक संगठित गिरोह है। पूछताछ में कई और नाम सामने आए हैं। सभी के फोन नंबर व अन्य सोशल एक्टिविटी बंद हो गई है। लिहाजा पुलिस ने गिरोह की पूरी चेन तोड़ने के लिए प्रकाश में आए सभी आरोपियों की तलाश तेज कर दी है। संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

# लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. विपिन पुरी केजीएमयू के कुलपति नियुक्त



लखनऊ। प्रदेश के राज्यपाल व कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के नए कुलपति के रूप में लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. बिपिन पुरी को नियुक्त किया है। डॉ. पुरी अभी एम्स नई दिल्ली में प्रोफेसर एमेरिटस के पद पर कार्यरत हैं। डॉ पुरी की नियुक्ति कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 3 वर्ष तक के लिए की गई है। बता दें कि बीते 11 अप्रैल को केजीएमूय कुलपति का तीन वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के बाद प्रो. एमएलबी भट्ट को तीन महीने का सेवा विस्तार दिया गया था। इस बीच नए कुलपति का चयन न हो पाने के कारण राज्यपाल ने गत 13 जुलाई को संजय गांधी पीजीआइ के निदेशक प्रो. आरके धीमान को कुलपति का अतिरिक्त कार्यभार सौंप दिया था। लेफ्टिनेंट जनरल डॉ बिपिन पुरी आर्म्ड फोर्स मेडिकल सर्विस के डीजी के साथ आर्मी मेडिकल कोर के सीनियर कर्नल कमांडेंट रह चुके हैं। पुणे स्थित आर्म्ड फोर्स मेडिकल कॉलेज से स्नातक लेफ्टिनेंट जनरल पुरी को सेना मेडिकल कोर में आठ दिसंबर 1979 को कमीशंड मिली थी।

## एलयू स्नातक में दाखिला मेरिट पर

# एलएलबी आनर्स में सीटें बढ़ीं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**लखनऊ** विश्वविद्यालय में इस बार स्नातक स्तर पर दाखिले मेरिट से होंगे। इस बावत रविवार को विवि के कुलपति प्रो आलोक राय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई ऑनलाइन बैठक के दौरान निर्णय लिया गया। प्रवेश प्रक्रिया ऑनलाइन ऑफ कैंपस काउंसलिंग के माध्यम से होगी। वही विवि प्रशासन ने एलएलबी आनर्स की सीटों में बढ़ोत्तरी कर दी है।विवि के मुताबिक एलएलबी पांच वर्षीय पाठ्यक्रम में सीटें वर्तमान 120 से बढ़ाकर 160 की जाएंगी। सत्र 2021–22 के लिए एमबीए कार्यक्रमों में प्रवेश कैट के माध्यम से किया जाएगा। स्नातक और स्नातक मैनेजमेंट कार्यक्रमों में प्रवेश कक्षा 12 में प्राप्त अंकों के आधार पर निर्धारित योग्यता के आधार पर किया जाएगा। फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 17 अगस्त 2020 तक बढ़ा दी गई है।



प्रवेश के लिए छात्रों को विवि के पोर्टल पर अपने सभी दस्तावेज 5 अगस्त तक अपलोड करने होंगे।यह अपलोड करने होंगे दस्तावेज: 12 वीं या स्नातक की मार्कशीट की इंटरनेट कॉपी, कैटेगरी सर्टिफिकेट, ईडब्ल्यू प्रमाणपत्र, आय सर्टिफिकेट, एनसीसी सर्टिफिकेट, खेल सर्टिफिकेट, स्वतंत्रता सेनानी सर्टिफिकेट, विश्वविद्यालय कर्मचारी वार्ड सर्टिफिकेट, वार्ड ऑफ़ कॉलेज टीचर सर्टिफिकेट, रक्षा कार्मिक आश्रित प्रमाण पत्र, दिव्यांग प्रमाण पत्र।

## वार्षिक परीक्षाएं 9 सितम्बर से

**लखनऊ।**कोरोना महामारी के दौर में राज्य विश्वविद्यालयों की परीक्षाओं को लेकर यूजीसी और शासन स्तर पर जारी निर्देश के तहत लखनऊ विश्वविद्यालय की वार्षिक व सेमेस्टर परीक्षाएं 9 सितम्बर से शुरू होंगी। विवि के परीक्षा नियंत्रक के मुताबिक परीक्षाएं 25 सितम्बर तक सम्पन्न होंगी।विवि के मुताबिक बीए की परीक्षाएं 7 सितम्बर से 18 सितम्बर तक होगी। इसी तरह बीकॉम की परीक्षाएं 8 सितम्बर से 19 सितम्बर तकए बीएससी की परीक्षाएं 7 सितम्बर से 18 सितम्बर तक, बीएससी एग्रीकल्चर की परीक्षाएं 7 सितम्बर से 17 सितम्बर तक, बीकॉम आनर्स की परीक्षाएं 19 सितम्बर से 25 सितम्बर तक, बीसीए की परीक्षाएं 19 सितम्बर से 22 सितम्बर तक, एमबीए आईएमएस की परीक्षाएं 14 सितम्बर से 26 सितम्बर तक, बीबीए की परीक्षाएं 7 सितम्बर से 14 सितम्बर तक, बीए आनर्स की परीक्षाएं 19 सितम्बर से 24 सितम्बर तक, एमबीए की परीक्षाएं 19 सितम्बर से 26 सितम्बर तक, एलएलबी की परीक्षाएं 19 सितम्बर से 24 सितम्बर तक, एमए की परीक्षाएं 19 सितम्बर से 24 सितम्बर तक, एमकॉम की परीक्षाएं 19 सितम्बर से 24 सितम्बर तक, एमएससी की परीक्षाएं 19 सितम्बर से 24 सितम्बर तक, एमएससी रिनेवल एनर्जी की परीक्षाएं 19 सितम्बर से 22 सितम्बर तक, बीबीए टूरिज्म की परीक्षाएं 10 सितम्बर से 14 सितम्बर तक और एमटीटीएम की परीक्षाएं 19 सितम्बर से 21 सितम्बर तक होंगी।

# केजीएमयूः मरीज की मौत पर होल्डिंग एरिया में परिजनों ने की तोड़फोड़

## रेजिडेंट सहित कई चोटिल, एक आरोपी हिरासत में

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के वृद्धावस्था मानसिक चिकित्सालय में बने होल्डिंग एरिया में रविवार देर रात को एक कार्डियक पेशेंट की मौत हो जाने के चलते गुस्साए परिजनों ने जमकर तोड़फोड़ करने के साथ ही स्टाफ के साथ मारपीट की। मारपीट की घटना में अटेंडेंट सहित जूनियर डॉक्टर व अन्य स्टाफ चोटिल बताए गए हैं। घटना को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन की तरफ से चौक थाने में तहरीर दी गई है।

बताया जा रहा है कि चौक क्षेत्र के मुस्लिम परिवार के एक मरीज को गंभीर अवस्था में केजीएमयू ट्रामा सेंटर के होल्डिंग एरिया में लाया गया था। यहां पहुंचे तीमारदारों ने तत्काल मरीज को देखने की बात कही। कर्मचारियों ने पर्चा बनवाने व कोविड जांच को जरूरी बताया। कुछ देर बाद डॉक्टर ने मरीज को देखा तो उसकी मौत हो गई थी। मौत की सूचना मिलते ही वहां मौजूद लोग हंगामा करने लगे। सुरक्षाकर्मियों ने रोका तो तोड़फोड़ करना शुरू कर दिया। काउंटर पर तोड़फोड़ करने के साथ ही मारपीट करने लगे। मारपीट की घटना में रेजीडेंट डॉक्टर सहित स्टाफ नर्स, अटेंडेंट व सुरक्षाकर्मी चोटिल हो गए हैं। मारपीट की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस के आते ही हंगामा करने वाले भाग निकले। इस दौरान एक व्यक्ति को हिरासत में ले लिया गया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। हंगामा के दौरान करीब आधे घंटे तक मरीजों का इलाज प्रभावित रहा। देर रात ट्रामा प्रभारी डॉ. सुमित रूंगटा मौके पर पहुंचे और समझा बुझाकर काम शुरू कराया।

घटना को लेकर आईएमए कार्यकारिणी सदस्य डॉ प्रांजल अग्रवाल का कहना है कि ऐसे मामलों में त्वरित कार्यवाही के बाद जो भी मरीज के अटेंडेंट ऐसा करते हैं उनकी फोटो के साथ उन पर हुई कार्यवाही को बड़े फ्लेक्स बोर्ड पर छपवा कर संबंधित अस्पताल के बाहर लगवा देना चाहिए जिससे सभी मरीजों,उनके परिजनों में यह संदेश जा सके की स्वास्थ्यकर्मीयों के साथ मारपीटध् अस्पताल में तोड़फोड़ करने से क्या हश्र हो सकता है।

# निजी अस्पताल में इलाज के दौरान युवक की मौत, परिजनों का हंगामा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

## चिनहट के कमता चौकी क्षेत्र का मामला, आरोपी संचालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**स्वास्थ्य** विभाग की लापरवाही और सीएससी के चिकित्सा अधीक्षक की मनमानी की वजह से चिनहट इलाके में स्थित एक निजी हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर में शनिवार दोपहर इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। बार बार अस्पताल की शिकायत के बावजूद भी विभाग के लोगों ने कोई कार्रवाई नहीं की मृतक के परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा काटा। पुलिस ने आरोपी संचालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर क्षितिज त्रिपाठी ने बताया कि स्थानीय कमता चौकी क्षेत्र इलाके में अयोध्या हाईवे के पास एक निजी अस्पताल हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर है। शनिवार दोपहर करीब 12 बजे इलाज के दौरान बाराबंकी के असंद्रा लंबौवा निवासी 25 वर्षीय धर्मेंद्र पांडेय की मौत हो गई। इसके बाद परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा करना शुरू कर दिया। वहीं शाम करीब 4.30 बजे सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घंटों परिजनों को समझा बुझाकर किसी तरह शांत कराया। साथ ही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिजनों ने पुलिस को बताया कि गत 31 जुलाई को युवक छत से अचानक नीचे गिर गया था। इसके बाद स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल बाराबंकी रेफर कर दिया। हालात गंभीर देखकर डाक्टरों ने लोहिया अस्पताल भेज दिया। इसके बाद मृतक युवक के परिजन उसे खरगापुर इलाके में स्थित एक निजी अस्पताल ले गए। लेकिन युवक का इलाज नहीं मिल सका। इसके बाद गत 31 जुलाई की रात करीब 1.30 बजे मृतक युवक चिनहट हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर में भर्ती हुआ था। फिलहाल पुलिस ने मृतक युवक के परिजनों की तहरीर पर संचालक के खिलाफगैर इरादतन हत्या की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। वहीं पुलिस सूत्रों का कहना है कि आरोपी हॉस्पिटल संचालक व कथित सपा नेता अतुल प्रजापति को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। साथ ही गहनता से पूछताछ कर रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपी संचालक से चिनहट हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर से संबंधित का कागजात मांगा गया तो वह नहीं दिखा सका। पुलिस का कहना है कि हॉस्पिटल के पूर्व संचालकों के खिलाफ भी कई मामले दर्ज हैं।

**पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री ने जताया शोकः** लखनऊ। प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री अनिल राजभर ने प्रदेश सरकार की कैबिनेट मंत्री कमल रानी वरुण के निधन पर अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि कमल रानी वरुण का निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। उन्होंने दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने व परिजनों को इस दुःख को सहने की क्षमता प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

# कोरोना का कहर देख सैनिटाइजेशन और सफाई में जुटा नगर निगम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**शहर** में कोरोना के कहर को देखते हुए नगर निगम प्रशासन द्वारा अलग–अलग इलाके में सफाई और सैनिटेशन कार्य को तेज कर दिया है। अलीगंज, इंदिरानगर, गोमतीनगर, अयोध्या दास द्वितीय, इंदिरा प्रियदर्शनी वार्ड में सफाई कराया गया। वहीं, सफाई कर्मियों को विशेष तौर पर चौराहे, मलिन बस्तियों को साफ रखने का आदेश दिया है। साथ ही अधिकारियों को सफाई का निरीक्षण कर निगरानी बनाए रखने के लिए भी कहा गया है।

उप्र सरकार में मंत्री की कोरोना से मौत के बाद हरकत में नगर निगम आ गया है। रविवार को इंदिरा नगर, गोमतीनगर, अलीगंज के कोरोना प्रभावित इलाकों का नगर निगम द्वारा सैनिटाइज किया गया। नगर आयुक्त ने कर्मचारियों को सभी प्रोटोकाल को मानते हुए कार्य करने के निर्देश दिए हैं। मास्क, गलव्स और सैनिटाइजर का प्रयोग करने के साथ सफाई कार्य करने के लिए कहा है। अयोध्या दास वार्ड द्वितीय में नगर निगम के जोनल अधिकारी राजेश सिंह द्वारा विभिन्न गलियों में अभियान चलाकर सफाई करायी गयी। सफाई के दौरान क्षेत्रीय सुपरवाइजर, सैनिटरी इंस्पेक्टर सहित क्षेत्रीय पार्षद भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने गलियों के साथ क्षेत्रीय जनता के शिकायत पर भी सफाई करायी। सफाई के दौरान निकले कचरे को गाड़ियों से कॉपेक्टर तक भेजा गया। हालांकि जोन तीन में भरत नगर में कूड़े का ढेर लगे होने की शिकायत भी की गयी। वहीं इसके अतिरिक्त इंदिरा प्रियदर्शनी वार्ड के मानस बिहार, मानस इँक्लेव सहित विभिन्न इलाकों में सफाई करायी गयी।

**वीआईपी क्षेत्रों तक ही सीमित संचारी रोग नियंत्रण अभियान**

कोरोना के साथ राजधानी में डेंगू का खौफ भी बढ़ रहा है। बारिश के मौसम में डेंगू, चिकनगुनिया सहित मलेरिया आदि जानलेवा बीमारियां भी पैर पसारती हैं। ऐसे में घरों और घरों के आस—पास, तालाबों आदि में साफ पानी जमा होने से डेंगू का लार्वा पनपता है। इन बीमारियों पर नियंत्रण के लिए सरकार द्वारा संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है। लेकिन इस अभियान पर जिम्मेदार अधिकारी ही पानी फेर रहे हैं। अभियान के अन्तर्गत फागिंग और एण्टी लार्वा का छिड़काव करने का स्वास्थ्य विभाग व नगर निगम दावा तो कर रहे हैं लेकिन यह अभियान वीआईपी इलाकों तक ही सीमित नजर आ रहा है। क्षेत्रीय निवासियों की शिकायत रहती है कि कई बार कहने के बाद भी क्षेत्र में फागिंग नहीं करायी जाती है। यहां तक कि क्षेत्रीय पार्षद के कहने पर भी फागिंग नहीं हो पाती है।

**जीवीके कंपनी के सीईओ पर एफ आईआर दर्जः** लखनऊ। प्रदेश में 108, 102 और एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस का संचालन करने वाली कंपनी जीवीके ईएमआरआई के मुख्य अधिशासी अधिकारी के खिलाफ राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने वजीरगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर वजीरगंज श्याम बाबू शुक्ला ने बताया कि एफआईआर में कहा गया है कि एंबुलेंस संचालक कंपनी ने सेवा शर्तों का उल्लंघन करते हुए आवश्यक सेवाओं को बाधित किया है।कंपनी पर महामारी अधिनियम, आपदा प्रबंधन अधिनियम, आवश्यक सेवा अनुरक्षण अधिनियम में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। सूत्रों के अनुसार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने रिपोर्ट में लिखवाया है कि जीवीके ईएमआरआई कंपनी का चिकित्सा विभाग के साथ 108 व 102 एंबुलेंस चलाने का अनुबंध हुआ था।लेकिन कोरोना वैश्विक महामारी काल में सेवा शर्तों का उल्लंघन करते हुए आवश्यक सेवाएं बाधित की गई हैं। अनुबंध के अनुसार चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग और एनएचएम ने कंपनी को पूरा भुगतान कर दिया है, लेकिन कंपनी ने अपने अधीनस्थ एंबुलेंस कर्मियों को वेतन व अन्य भत्ते नहीं दिए हैं। इस वजह से ये कर्मचारी हड़ताल पर जाने की बात कह रहे हैं।

**कोविड नियमों के उल्लंघन में 189 व्यक्तियों पर 70 हजार रुपये जुर्मानाः** लखनऊ। शहर में लॉकडाउन के दौरान बिना मास्क और प्रोटोकाल का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की गयी। थानेवार गठित 80 टीमों ने कुल 189 व्यक्तियों पर कुल 70 हजार रुपये का जुर्माना किया।राजधानी में कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण के लिए जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश द्वारा थानावार गठित 80 टीमों द्वारा नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई जारी है। रविवार को कुल 189 व्यक्तियों पर कुल 70 हजार रुपये का जुर्माना किया गया। अभी तक कुल 7179 व्यक्तियों पर कोविड प्रोटोकॉल का उल्लंघन करने पर 27,13,667 रुपये का जुर्माना किया जा चुका है।

**रेलवे के आलमबाग कारखाने ने तैयार की ऑसलेशन मॉनीटरिंग सिस्टम रिकॉर्डिंग कारः** लखनऊ।कोरोना लॉकडाउन अवधि के दौरान महामारी से निपटने में उत्तर रेलवे प्रशासन सभी की मदद कर रहा है। इसी क्रम में रेलवे के आलमबाग कारखाने ने लखनऊ मंडल के लिए घरेलू स्तर पर ऑसलेशन मॉनीटरिंग सिस्टम रिकॉर्डिंग कार तैयार की है ।इन हाउस फैब्रिकेटेड (ऑसिलेशन मॉनिटरिंग सिस्टम) रिकॉर्डिंग कार नंबर 15734 लखनऊ मंडल के लिए तैयार की गई है । अब मंडल अपने डी एवं ई श्रेणी के मार्गों की ट्रैक राइडिंग क्वालिटी की निगरानी में आत्मनिर्भर हो जाएगा। इसी कार पर ओएमएस सिस्टम का उपयोग करने से ट्रैक निगरानी की प्रभावकारिता और विश्वसनीयता भी बढ़ेगी । इस ओएमएस रिकॉर्डिंग कार के दोनों सिरों पर बड़ी निरीक्षण खिड़कियों वाले निरीक्षण लाउंज हैं।

# पचास प्रतिशत बेटियों का एनेमिक होना चिंतनीयः राज्यपाल

● विश्वविद्यालयों में पढ़ने वाली छात्राओं का ब्लड टेस्ट कराने पर बात आई सामने

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**राज्यपाल आनंदीबेन** पटेल ने प्रदेश में 1 से 7 अगस्त तक चलने वाले विश्व स्तनपान सप्ताह के शुभारम्भ के मौके पर राजभवन से वीडियो कांफ्रेंन्सिंग के माध्यम से सम्बोधित करते हुए कहा कि विश्व स्तनपान दिवस के संबंध में पूरा विश्व जागरूकता कार्यक्रम चला रहा है। स्तनपान क्यों करवाना चाहिए तथा इससे बच्चे एवं माँ को क्या फायदा तथा स्तनपान न कराने से क्या-क्या नुकसान हो सकता है, इस बात की जानकारी पिता को भी होनी चाहिए।

राज्यपाल ने कहा कि एक स्त्री के गर्भधारण से लेकर बच्चे के जन्म तक महिला को किस तरह का पोषण, आचार विचार व अनुकूल वातावरण मिले, न केवल माता पिता को बल्कि हमारी किशोरियों को भी इस बात का ज्ञान होना चाहिए। एक स्त्री को गर्भधारण के दौरान जिस तरह का वातावरण एवं भोजन मिलेगा, गर्भ के अन्दर पल रहे बच्चे पर भी उसका प्रभाव पड़ेगा। इसका दृष्टांत महाभारत में अभिमन्यु के जन्म से लिया जा सकता है। ऐसे में यह आवश्यक हो जाता है कि सभी माता पिता इस पर सकारात्मक सोच के साथ बच्चे के भविष्य के मद्देनजर सभी आवश्यक कदम उठाये ताकि माँ व बच्चा दोनों स्वस्थ रहें। बच्चे को दूध पिलाने में किसी तरह का भ्रम नहीं पालना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालयों में पढ़ने वाली छात्राओं का ब्लड टेस्ट कराने पर यह पता चला कि हमारी 50 प्रतिशत बेटियां एनीमिक हैं। यहां तक कि उनमें होमोग्लोबिन का स्तर 4.5 प्वाइंट तक मिला है, यह सोचनीय स्थिति है। माँ के दूध में रोग प्रतिरोधक क्षमता होती है। यह शिशु को मजबूत बनाने के साथ बीमारियों से बचाव भी करता है। नवजात शिशुओं की माताओं को स्तनपान व्यवहार हेतु प्रेरित किया जाना चाहिए। राज्यपाल ने माताओं को आह्वान किया कि वे जन्म के एक घंटे के अन्दर माँ अपना दूध निश्चित रूप से बच्चे को पिलाये तथा अपने फिगर पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि प्रसव उपरान्त पहला घंटा बच्चे के स्तनपान के लिये अत्यन्त आवश्यक है। पहले छः माह तक माँ केवल अपना ही दूध पिलाये और इसके बाद ही घर का बना अनुपूरक आहार दे। इससे समय बच्चा तेजी से बढ़ता है। पटेल ने कहा कि केन्द्र सरकार की घोषित नई शिक्षा नीति में भी ऐसे विषयों को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग के पाठ्यक्रम में इसे शामिल किया जाना चाहिए। इससे पहले एसजीपीजीआई की डॉ पियाली भट्टाचार्या ने स्तनपान की महत्ता पर विस्तृत प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रदेश की महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार स्वाती सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## राज्यपाल व स्पीकर ने दी रक्षाबन्धन की बधाई

**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व विधानसभा के अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित ने रक्षाबन्धन के पावन अवसर पर प्रदेश की जनता को हार्दिक शुभकानमाएं देते हुए उनकी सुखए समृद्धि एवं आरोग्य की कामना की है। राज्यपाल ने अपने बधाई सन्देश में कहा है कि भाई.बहन के प्रेम एवं रक्षा के वचन का यह पर्व पूरे देश में मनाया जाता है। वर्तमान समय में देश एवं दुनिया कोरोना जैसी महामारी से लड़ रहे हैं। इन परिस्थितियों में सभी लोग स्वस्थ एवं कुशल रहें एवं सेवाभाव से समाजए प्रदेश एवं राष्ट्र के साथ फिर से प्रगति की ओर अग्रसर हों। उन्होंने कहा कि हमें स्वयं तथा अपने परिजनों के जीवन को सुरक्षित रखते हुए पर्वों की परम्परा का निर्वहन करना होगाए यही रक्षाबंधन पर्व की मूल भावना भी है। विधान सभा अध्यक्ष ने अपने संदेश में कहा है कि भारतीय परम्परा में पुरोहित भी रक्षासूत्र बांधते है और जनमानस के दीर्घायु व सुख समृद्धि की कामना करते है। राखी का त्योहार भाई बहन के स्नेह और प्रेम का त्योहार माना गया है बहनें अपने भाइयों की कलाई में राखी बांध उनकी लम्बी उम्र और समृद्धि की कामना करती है। भारत का राष्ट्र जीवन रिश्तों में ही एकात्मक बना रहता है। श्री दीक्षित ने कोरोना महामारी के इस दौर में आमजन मानस से अपील की है कि कोविड.19 प्रोटोकाल को मानते हुए इस पवित्र त्योहार को मनायें।

## पान फसल बीमा योजना में आवेदन की तारीख बढ़ाने की मांग

**लखनऊ।** राष्ट्रीय पान किसान यूनियन ने प्रदेश सरकार से अन्य फसलों के साथ पान की खेती करने वाले किसानों को फसल बीमा योजना का लाभ देने के लिए उनके द्वारा किए जाने वाले आवेदन की अंतिम तारीख 31 जुलाई से बढ़ा कर 31 अगस्त किए जाने की मांग की है। इस संबंध में प्रदेश सरकार के अपर मुख्य सचिव डा देवेश चतुर्वेदी को यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव छोटे लाल चौरसिया ने पत्र लिखा है। इस पत्र में कहा गया है कि 21 जुलाई को जारी शासनादेश के जरिये अन्य फसलों के साथ पान की फसल को भी बीमा योजना का लाभ देने का निर्णय लिया गया। जिसमें पान किसानों को आवेदन करने के लिए अंतिम तिथि 31 जुलाई तय की गई थी। चौरसिया के अनुसार शासन के इस निर्णय की जानकारी सुदूरवर्ती जिलों में पान किसानों को समय से नहीं मिल सकी। लिहाजा वे फसल बीमा योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन नहीं कर सके।

## क्विक न्यूज

### इंग्लैण्ड के चार विश्वविद्यालयों में सीएमएस छात्र का चयन



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, आरडीएसओ कैम्पस के मेधावी छात्र प्रिंस यादव ने उच्च शिक्षा हेतु इंग्लैण्ड के चार विश्वविद्यालयों में चयनित होकर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इस प्रतिभाशाली छात्र ने अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता के दम पर यह उपलब्धि अर्जित की है एवं अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों व सीएमएस के वातावरण को दिया है। प्रिंस को इंग्लैण्ड की मिडिलसेक्स यूनिवर्सिटी, नॉर्थम्ब्रिया यूनिवर्सिटी न्यूकैसल, यूनिवर्सिटी ऑफग्लासगो एवं यूनिवर्सिटी ऑफ हडर्सफील्ड द्वारा उच्चशिक्षा का आमन्त्रण दिया गया है। मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि इस वर्ष अभी तक सीएमएस के 88 छात्रों ने अमेरिका, इंग्लैण्ड, कैनडा, आस्ट्रेलिया, जापान, सिंगापुर, जर्मनी आदि विभिन्न देशों के ख्यातिप्राप्त विश्वविद्यालयों में चयनित होकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है, जिनमें से अधिकतर को स्कॉलरशिप प्राप्त हुई है।

### अनुपम श्याम को इलाज के लिए सीएम ने दी 20 लाख की आर्थिक मदद

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतेन्दु नाट्य अकादमी के कलाकार अनुपम श्याम को इलाज के लिए 20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणा की है। सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि यह सहायता मुख्यमंत्री सहायता कोष से उपलब्ध कराई जाएगी। प्रवक्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री ने अनुपम श्याम के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। अनुपम श्याम फि ल्म एवं टेलीविजन के लोकप्रिय कलाकार हैं। प्रतापगढ़ के निवासी श्याम किडनी की बीमारी से संघर्ष कर रहे हैं। डॉक्टरों ने उन्हें किडनी ट्रांसप्लाण्ट कराने की सलाह दी है।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ।** आशियाना थाना क्षेत्र से पुलिस ने दुष्कर्म के आरोप में एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने का दावा किया है। प्रभारी निरीक्षक आशियाना संजय राय ने बताया कि मुखबिर की सूचना के आधार पर पकरी के पुल के पास से गिरफ्तार किया है। पूछताछ में पकड़े गए अभियुक्त ने अपना नाम ताहिर पुत्र मोहम्मद रजा निवासी जाजमऊ चकेरी कानपुर नगर बताया है। पकड़े गए अभियुक्त एक किशोरी के साथ बलात्कार करने का आरोप था। उसके खिलाफ पुलिस ने पॉक्सो एक्ट में भी कार्यवाही की थी।

### चार अभियुक्तों के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्रवाई

**लखनऊ।** प्रभारी निरीक्षक मड़ियांव विपिन कुमार सिंह ने अभियुक्त रंजीत यादव पुत्र राम दुलारे यादव निवासी के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है। प्रभारी निरीक्षक अलीगंज फरीद अहमद ने अभियुक्त मनीष यादव पुत्र कैलाश यादव निवासी पूर्णिया गांव, आशीष सिंह उर्फ कल्लू पुत्र शीतला प्रसाद निवासी सेक्टर बी अलीगंज के खिलाफगुंडा एक्ट की कार्रवाई की है। वहीं प्रभारी निरीक्षक गोसाईगंज धीरेंद्र प्रताप कुशवाहा ने अभियुक्त विजय कुमार पुत्र बाबूलाल निवासी लाल शाह का पुरवा मजरा मलौली के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्यवाही की है।

### आत्महत्या के लिए उकसाने पर पति को हुई जेल

**लखनऊ।** सआदत गंज पुलिस ने अभियुक्त को पत्नी को प्रताड़ित कर आत्महत्या करने के लिए मजबूर करने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक छोटे लाल कश्यप पुत्र स्वर्गीय बाबूलाल कश्यप निवासी नाटकुर थाना सरोजिनी नगर ने सहादतगंज थाने पर मुकदमा पंजीकृत कराया था कि उन्होंने अपनी पुत्री गुड़िया 25 का विवाह साल 2012 में दीपक कश्यप के साथ किया था। अभियुक्त उसकी पुत्री के साथ आए दिन मारपीट करता था। जिससे प्रताड़ित होकर गुड़िया ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने इस संबंध में अभियुक्त दीपक कश्यप को मुखबिर की सूचना के आधार पर फौवारा चौराहा सआदतगंज से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### सैन्यकर्मी के घर लाखों की चोरी

**मोहनलालगंज।** संकट मोचन कालोनी में शनिवार की रात अज्ञात चोरों ने सैन्यकर्मी के घर धावा बोलकर बाइक और एलसीडी समेत जेवरात उड़ा लिए। गेट का ताला टूटा देख पड़ोसियों ने रविवार को मामले की सूचना प्रतापगढ़ गए पीड़ित परिवार को दी। मौका मुआयना कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। मूलरुप से प्रतापगढ़ निवासी सचिन कुमार सिंह भारतीय सेना में कार्यरत हैं। उनकी मां गायत्री सिंह अपनी बहू सुधा सिंह और दो पौत्र के साथ मोहनलालगंज के संकट मोचन कालोनी में मकान बनाकर रहती हैं। मई माह से उनका परिवार प्रतापगढ़ गया हुआ था। शनिवार की रात अज्ञात चोरों ने उनके मोहनलालगंज स्थित मकान का ताला तोड़कर घर में खड़ी बाइक एएलसीडी एदो जोड़ी पायल समेत कुछ नकदी उठा ले गए। रविवार सुबह गेट का ताला टूटा देख पड़ोसियों ने फोन कर परिवार को मामले की जानकारी दी।

### किशोर समेत दो ने लगाई फांसी, मौत

**लखनऊ।** कैसरबाग पुलिस ने बताया कि थाने पर संतोष उर्फसोनू सूर्य पुत्र जगन्नाथ सुर्वे निवासी होटल डिवाइन क्लासिक मूल पता ग्राम खंभालय थाना बीटा जिला सांगली महाराष्ट्र ने सूचना दी कि शनिवार को शाम करीब 5 बजे उसके होटल में काम करने वाले अच्छे 27 पुत्र संजय निवासी ग्राम मुरली थाना पलुस महाराष्ट्र ने होटल के अंदर से कमरा बंद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली वहीं गाजीपुर पुलिस ने बताया कि मोहम्मद खुर्शीद पुत्र नबी अहमद के पुत्र ने शनिवार को शाम करीब 5 बजे पड़ोस में ही एक खंडहर में पेड़ से फांसी लगा ली।

## पशु आश्रय केंद्र में गोवंशों की मौत से ग्रामीणों में आक्रोश

**सरोजनीनगर ।** गोवंश के रखरखाव के लिए भले ही प्रदेश सरकार द्वारा गांवों में पशु आश्रय खोलकर उनके रहने के साथ ही चारा-पानी की व्यवस्था के लिए ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव को पैसा दिया जा रहा है। लेकिन इन पशु आश्रय केन्द्रों में गोवंश कितना सुरक्षित है इसका नमूना बंथरा थाना क्षेत्र के लोनहा गांव में देखा जा सकता है। यहां बीते दो दिनों में चार गायों की मौत हो जाने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों के मुताबिक लोनहा गांव स्थित पशु आश्रय केन्द्र में पशुओं की देखभाल के लिए कोई कर्मचारी तैनात नही है। यही कारण है कि यहां रहने वाले मवेशियों को समय से चारा-पानी नही मिल पाता है। रविवार को यहां स्थित पशु आश्रय केन्द्र में रहने वाली चार गायों की मौत हो गई। ग्रामीणों का आरोप है कि इस पशु आश्रय केंद्र में रहने वाली गायों समय से चारा-पानी नही मिलता और न ही उनकी देखभाल हो रही है। ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि तकरीबन एक माह पहले उपजिलाधिकारी सरोजनीनगर प्रफुल्ल त्रिपाठी को लिखित शिकायती पत्र देकर इस पषु आश्रय केन्द्र का हाल बताया गया था और उचित कार्रवाई की मांग की गई थी। लेकिन कोई कार्रवाई नही की गई। कुछ दिन पहले यहां के मवेशी बीमार हुए तो ग्राम पंचायत अधिकारी से इसकी शिकायत की गई लेकिन कोई सुनवाई नही हुई। इस संबंध में बंथरा प्रभारी रमेश सिंह रावत ने बताया कि ग्रामीणों से सूचना मिलने पर वह जांच के लिए मौके पर गये तो उन्हें चार गाय मृत पड़ी मिली।

## विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाला गिरफ्तार

● प. बंगाल से पकड़े गए पवन गांधी पर था 50 हजार का इनाम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**एसटीएफ** ने सोशल मीडिया के जरिए विदेशों में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले पवन गांधी को कोलकाता से गिरफ्तार किया है। पवन के ऊपर 50 हजार का इनाम घोषित था। पवन के पास से चेक बुक, पासपोर्ट, एटीएम कार्ड सात मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। यूपी एसटीएफ ने पवन को थाना राजरहाट चौबीस परगना नार्थ पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया है।

एसटीएफ के अनुसार एक गिरोह के सक्रिय होकर सोशल मीडिया फेसबुक, फेसबुक मैसेन्जर एवं व्हाट्सएप आदि के माध्यम से अमेरिका एवं कनाडा समेत अन्य देशों में नौकरी दिलाने के नाम पर वाराणसी बुलाकर बन्धक बना कर मारपीट एवं डरा धमका कर अवैध धन वसूला जा रहा था। इसी तरह की एक घटना 22 नवंबर 2019 को वाराणसी के थाना कैण्ट क्षेत्रान्तर्गत घटित हुई थी। इस घटना में गिरोह के सरगना राजवीर यादव, कपिल उर्फ भाष्कर, पवन गॉंधी आदि को वांछित किया गया था, जिसमें से राजवीर यादव एवं पवन गॉंधी पर 20-20 हजार का पुरस्कार घोषित किया गया। बाद में फरार अपराधी पवन गांधी पर घोषित पुरस्कार की राशि बढ़ाकर 50 हजार रूपए कर दी गई। एसटीएफ को पता चला कि पवन गांधी कोलकाता में कहीं छिपा हुआ है। इस सूचना पर एसटीएफ टीम ने पवन गॉंधी को गिरफ्तार करते हुये सीजेएम नार्थ चौबीस परगना बरासत पश्चिम बंगाल के न्यायालय में कस्टडी रिमाण्ड के लिए प्रस्तुत किया गया। एसटीएफ ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त से पूछतांछ में पता चला कि इनका एक संगठित गिरोह है जिसका सरगना राजवीर सिंह यादव है। यह गिरोह दो भाग में अपराध को अन्जाम देता है। पहले भाग को पवन गांधी तथा राहुल मेहरा जो मुंबई का रहने वाला है, देखते हैं। पवन गांधी एवं राहुल मेहरा द्वारा सोशल मीडिया पर फर्जी आईडी से यूएसए, कनाडा में जॉब दिलाने का विज्ञापन पोस्ट करते हैं। विज्ञापन में संपर्क करने के लिये अपना एक मोबाइल नंबर भी दे देते हैं। इस नंबर पर बातचीत एवं व्हाट्सएप चैट करते हैं। यह कार्य एक से दो माह तक चलता है। जब यह बात तय हो जाती है कि कोई व्यक्ति यूएसए, कनाडा जाने के लिये तैयार हो गया है तो उसी समय इच्छुक व्यक्ति को बताया जाता है कि नौकरी मिलने के तुरन्त बाद हवाला के माध्यम से एक व्यक्ति को 15 से 20 लाख रूपये तक देना पड़ेगा।

## रोडवेज अधिकारियों की हुई प्रोन्नति

**लखनऊ।** परिवहन निगम प्रसाशन ने समूह क और समूह ख के विभिन्न श्रेणियों के अधिकारियों की लम्बे समय से विभागीय प्रोन्नतियां का रास्ता खोल दिया है। परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक डा. राजशेखर ने एक आदेश के तहत क्षेत्रीय प्रबंधक से प्रधान प्रबंधक संचालन के पद पर तीन अधिकारी व सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक संचालन के पद पर तैनात पांच अधिकारियों को प्रोन्नत किया गया। निगम मुख्यालय में तैनात चार अनुभाग अधिकारियों को सहायक क्षेत्रीय प्रबंधन संचालन के पद पर प्रोन्नत किया गया । तीन यातायात अधीक्षकों को सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक बनाया गया। एक सहायक संख्या अधिकारी को भी सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक बनाया गया। तकनीकी शाखा में सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक प्राविधिक के पद से चार अधिकारियों को प्रोन्नत देकर सेवा प्रबंधक बनाया गया । दो वित्त संवर्ग में मुख्यालय में अनुभाग अधिकारी लेखा को सहायक क्षेत्रीय लेखा अधिकारी बनाया गया । तीन वरिष्ठ क्षेत्रीय लेखाकारों को सहायक लेखा अदिकारी के पद पर प्रोन्नत दी गई । इसके अलावा चार सहायक विधि अधिकारियों को सहायक प्रबंधक विधि के पद पर और एक विधि सहायक को सहायक विधि अधिकारी के पद पर प्रोन्नत दी गई । इनमें प्रमुख रूप से क्षेत्रीय प्रबंधक से प्रधान प्रबंधक संचालन बनाए गए गोरखपुर क्षेत्र के डीवी सिंह, परिवहन निगम मुख्यालय के राजीव चौहान व कानपुर क्षेत्र के एके झा शामिल हैं । इसी तरह सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक संचालन से क्षेत्रीय प्रबंधक बनने वालों में आगरा क्षेत्र के मनोज कुमार, नोएडा क्षेत्र के अशोक कुमार, ग़ाज़ियाबाद क्षेत्र के एके सिंह, झाँसी क्षेत्र के केके शर्मा व वाराणसी क्षेत्र के सुग्रीव कुमार राय हैं।

## संदिग्ध परिस्थितियों में हुई युवती की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**गोसाईंगंज थाना** क्षेत्र में शनिवार दोपहर एक युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मामले की भनक लगते ही परिजनों ने सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

गोसाईंगंज के निजामपुर गांव निवासी 22 वर्षीय हिमांशी वर्मा अपने परिवार संग रहती थी। बताया जा रहा है कि शनिवार सुबह हिमांशी का उसके परिजनों से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया थाए जिसके बाद उसने गुस्से में आकर खुद को कमरे में बंद कर लिया। काफी देर तक हिमांशी जब अपने कमरे से बाहर नहीं निकली तो परिवार वालों ने उसे आवाज लगाईए लेकिन कोई आहट नहीं हुई। बाद में सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजे को तोड़कर हिमांशी को बाहर निकाला लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गौरतलब है कि परिजनों के मुताबिक हिमांशी की मौत करंट लगने से बताई जा रही हैए वहीं पुलिस का कहना कि उसकी मौत फांसी लगाने से हुई है। इंस्पेक्टर गोसाईंगंज के मुताबिक पीएम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### ट्रक की टक्कर से ट्रैक्टर ड्राइवर की मौत

**मोहनलालगंज।** ईंट लादकर मोहनलालगंज की ओर जा रहे ट्रैक्टर.ट्राली में शुक्रवार की आधी रात के दरम्यान हाईवे पर कनकहा के निकट पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ट्राली पलटने से उसके नीचे दब कर गुरुबक्शगंज निवासी ट्रैक्टर ड्राइवर करण की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि ट्रक ड्राइवर झारखण्ड निवासी संजय और खलासी बिहार निवासी संतोष जख्मी हो गए। जिन्हें पुलिस ने सीएचसी में एडमिट कराने के साथ शव को सील कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## अभियंताओं का आंदोलन 10 तक स्थगित

● वार्ता में मांगों के निस्तारण का मिला आश्वासन

**लखनऊ।** उप्र आवास एवं विकास परिषद के अभियंताओं द्वारा आंदोलन 10 अगस्त तक स्थगित कर दिया गया है। अपर आवास आयुक्त एवं सचिव दीपा के साथ एसोसिएशन के इंजीनियरों की बैठक हुई। बैठक में सचिव के शासन में प्रयास करने के आश्वासन पर इंजीनियरों ने बैठक स्थगित करने का निर्णय लिया। आवास विकास के अभियन्ताओं ने आंदोलन 10 अगस्त तक स्थगित कर दिया है। आवास आयुक्त के निर्देश पर अपर आवास आयुक्त एवं सचिव दीपा रंजन के साथ इन्जीनियर्स एसोसिएशन उप्र आवास एवं विकास परिषद के प्रतिनिधिमंडल की वार्ता हुयी। जिसमें अभियन्ताओं की पांचों मांगों के संबंध में बताया गया कि शासन को संदर्भित सहायक अभियन्ताओं के भर्ती व परिषद कार्मिकों के एसीपी अनुमन्य कराने पर कार्रवाई चल रही है। सचिव ने ग्रेच्युटी से संबंधित आदेश, संविदा पर सेवानिवृत्त सहायक अभियन्ताओं को नियुक्त किये जाने का प्रकरण, स्टाफ क्वार्टर के लिए गठित समिति की बैठक व अन्य लंबित जांचों का निस्तारण आगामी 10 दिनों में कराने का आश्वासन दिया। जिसके बाद एसोसिएशन की बैठक में आंदोलन 10 अगस्त तक स्थगित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में एसोसिएशन के अध्यक्ष ज्ञानेश्वर प्रसाद, भवन सचिव जगदीश वर्मा, अतिरिक्त महासचिव नागेन्द्र कुमार व परिषद प्रशासन की ओर से सहायक आवास आयुक्त देशदीपक सिंह व प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

## नौकरी से हटाए जाने पर स्वास्थ कर्मियों ने किया एयरपोर्ट पर हंगामा

**सरोजनीनगर।** राजधानी के चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट की सफाई के लिए एक निजी कम्पनी द्वारा तैनात किये गये तीन दर्जन से अधिक सफाईकर्मियों को शुक्रवार को काम पर न आने का फरमान सुना दिया गया। बिना नोटिस दिये नौकरी से निकाले जाने पर यह कर्मचारी आक्रोषित हो गये और एयरपोर्ट के सामने धरना-प्रर्दषन करते हुए जमकर हंगामा किया। हंगामा कर रहे इन सफाईकर्मियों का यह भी आरोप था कि लॉकडाउन के समय कोरोना मरीजों के आने के दौरान वह बराबर काम करते रहे लेकिन कम्पनी ने उन्हें अभी तक तीन माह का मानदेय नही दिया। कम्पनी के सुपरवाइजर संजीव मलिक का कहना है कि सफ ईकर्मियों के तैनाती का काम एयरपोर्ट प्रशासन द्वारा किया जाता है कि कम्पनी केवल सुपरवीजन करती है। हंगामा बढ़ता देख कम्पनी के सुपरवाइजर ने पीड़ित कर्मचारियों को मंगलवार को वार्ता करने के लिए बुलाया है।

एयरपोर्ट परिसर की सफाई करने वाले कर्मचारियों के मुताबिक उन्हें बीवीजी कम्पनी द्वारा वर्ष 2018 में 16 हजार रूपये मासिक मानदेय पर तैनात किया गया था। लेकिन कम्पनी के अधिकारियों ने उन्हें घाटा होने का हवाला देते हुए 12 हजार रूपये मासिक मानदेय देते रहे। इसके बावजूद उन्हें बीते शुक्रवार की शाम अचानक शनिवार से काम पर आने से मना कर दिया गया। निकाले गये इन कर्मचारियों ने नौकरी से हटाए जाने का कारण पूंछा तो उन्हें यह कहकर भगा दिया कि एयरपोर्ट प्रशासन ने मना किया है। बीवीजी कम्पनी द्वारा निकाले गये 40 सफाईकर्मियों का आरोप है एक तरफ कम्पनी उन्हें काम न होने की बात कहकर नौकरी से निकाल रही है और दूसरी तरफ भर्ती भी की जा रही है और जमकर वसूली की जा रही है।

## बंद मकान की छत का जाल काटकर लाखों की चोरी

**सरोजनीनगर ।** सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में एक बंद मकान की छत का जाल काटकर घर के अन्दर दालिख हुए चोर लाखों के जेवरात व हजारों की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। पड़ोसियों से सूचना मिलने के बाद घर पहुंचे पीड़ित ने स्थानीय पुलिस को लिखित तहरीर दी है। पुलिस चोरो की तलाष में जुटी है। थाना क्षेत्र के अनौरा गांव में रहने वाले रेलकर्मी हौसला प्रसाद यादव चारबाग स्थित लोको वर्कशाप में तैनात है। पुलिस के मुताबिक हौसला प्रसाद बीते शुक्रवार को संतकबीर नगर स्थित अपने पैतृक गांव गये थे। शनिवार की शाम उनके पड़ोसियों ने घर में चोरी होने की खबर दी। जिसके बाद वह रविवार की सुबह घर पहुंचे। हौसला प्रसाद के मुताबिक चोर उनके घर की आंगन में पड़े लोहे के जाल को काटकर घर में दाखिल हुए थे। चोरो इस दौरान सभी कमरों व अलमारियों का ताला तोड़कर सोने व चांदी के कीमती गहने व घर में रखी नकदी चोरी कर ले गये।

## डाक विभाग ने रविवार को भी पहुंचाई राखी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**रक्षाबंधन पर्व** पर किसी भाई की कलाई सूनी न रहे, इसके लिए डाक विभाग ने रविवार को भी राखी डाक के वितरण के लिए विशेष प्रबंध किए। लखनऊ मुख्यालय परिक्षेत्र के अधीन लखनऊ, फैज़ाबाद, रायबरेली, बाराबंकी, सीतापुर, अम्बेडकरनगर जनपदों में डाकियों ने रविवार को लोगों के घर राखी डाक पहुँचाई। उक्त जानकारी लखनऊ मुख्यालय परिक्षेत्र के निदेशक डाक सेवाएँ कृष्ण कुमार यादव ने दी। पोस्टमैनों ने लगभग 10 हजार लोगों को राखी डाक रविवार को पहुँचाई । राखी मिलने से प्रसन्न लोगों ने भी दिल खोलकर डाक विभाग की इस पहल की सराहना की और डाकिया बाबू का शुक्रिया व्यक्त किया। रक्षाबंधन की सुबह भी डाक विभाग प्राप्त राखी डाक को लोगों तक पहुंचाएगा।

डाक निदेशक कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि ऐसे तमाम लोग जो आपदा की इस घड़ी में कोरोना वॉरियर्स के रूप में काम कर रहे हैं और घर से दूर हैं, उन तक भी बहनों द्वारा भेजी गई राखी डाकियों द्वारा पहुँचाई गई। लखनऊ पुलिस के कोविड केयर हेल्प डेस्क में कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों से लेकर डॉक्टर्स और पैरामेडिकल स्टाफ तक को रविवार को राखी डाक वितरित की गई। गौरतलब है कि कोरोना संक्रमण के चलते शहर में भी बहनें अपने भाईयों को स्पीड पोस्ट द्वारा ही राखी और गिफ्ट भेज रही हैं। अकेले लखनऊ के डाकघरों से अब तक एक लाख से ज्यादा राखी डाक भेजी जा चुकी हैं, वहीं लगभग दो लाख राखी डाक का लखनऊ में वितरण किया जा चुका है। इस साल एक नया ट्रेंड भी देखने को मिल रहा है कि बहनें राखियों के साथ भाईयों को मास्क, सैनिटाइजर व गिलोय भी भेज रही हैं। लखनऊ जीपीओ से अपने भाई को राखी भेजने वाली आकांक्षा कहती हैं कि रक्षा सूत्र के साथ साथ कोरोना संक्रमण से बचाव में मास्क, सैनिटाइजर व गिलोय जैसी चीजें भाई की रक्षा करेंगी। गोमतीनगर में रहने वाले राहुल कुमार ने बताया कि वे अपनी बहन द्वारा भेजी गई राखी अब तक न प्राप्त होने पर मायूस हो चले थे पर संडे की सुबह जब पोस्टमैन ने घर पर आकर राखी का लिफाफा दिया तो खुशी का ठिकाना न रहा।

# अयोध्या के हर परिवार को प्रसाद पहुंचाएंगे सांसद लल्लू सिंह

संवाददाता। अयोध्या

**लोकसभा** अयोध्या व जिले के प्रत्येक परिवार तक श्रीरामजन्मभूमि पर भूमिपूजन के प्रसाद को पहुंचाने की तैयारी सांसद लल्लू सिंह के द्वारा की जा रही है। इसके लिए साढ़े तीन लाख लड्डू के पैकेट का शहर के विभिन्न स्थानों पर निर्माण किया जा रहा है। पूरे आयोजन को व्यापक तौर पर मनाने की तैयारी सांसद लल्लू सिंह के द्वारा की गयी है। सांसद लल्लू सिंह ने बताया कि प्रत्येक नागरिक के भीतर इस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनने की कामना थी। परन्तु कोरोना संकट की वजह से आयोजन को सीमित कर दिया गया। लोकसभा क्षेत्र की जनता दूरदर्शन व अन्य चैनलों के माध्यम से होने वाले लाईव प्रसारण के माध्यम से पूरे आयोजन का दर्शन करेगी। अपने आवास पर मौजूद रहकर भजन कीर्तन के माध्यम से श्रद्धा व भक्ति रामलला के चरणों में समर्पित करेगी। भूमि पूजन के प्रसाद को लोकसभा क्षेत्र में मौजूद घर घर पर पहुंचने की व्यवस्था की जा रही है। जिससे हर रामभक्त अपने आराध्य को अपने समीप पायेगा। श्रद्धालुओं के हृदय में भक्तिरस का संचार होगा। भूमि पूजन के उपरान्त साढ़े तीन लाख लड्डू के पैकेटों को पूरे लोकसभा क्षेत्र में वितरित किया जायेगा। अन्य धार्मिक संस्थानों व समाज के व्यक्तियों के द्वारा भी वितरण के लिए प्रसाद का निर्माण कराया जा रहा है।

श्रीरामजन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण हेतु आयोजित भूमि पूजन कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर भाजपा महानगर की टीम सक्रिय हो गयी है। पांच दिवसीय स्वच्छता अभियान का रविवार को तीसरा दिन था। पत्रक वितरित करके 4 व 5 अगस्त को दीपोत्सव के भांति अपने आवास पर आयोजन करने के विषय में आम लोगो को प्रेरित किया जा रहा है। महानगर जिलाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने मण्डल अध्यक्षों को इसे बूथ व सेक्टर स्तर पर मनाने की जिम्मेदारी सौंपी है। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि भूमि पूजन का यह अवसर भक्तों के मन में आस्था व भक्ति का संचार कर रहा है। पदाधिकारी व कार्यकर्ता अनुशासन में रहते हुए नेतृत्व द्वारा प्रदत्त जिम्मेदारियों का निर्वाहन कर रहे है। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि यह एक स्वर्णिम अवसर होगा जब श्रीरामजन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण की आधारशिला रखी जायेगी। महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने कहा कि राम का चरित्र हमें आदर्श व मर्यादित आचरण को अपने व्यवहार में सम्मलित करने की शिक्षा प्रदान करता है। रामजन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण वैश्विक स्तर पर रामराज्य की परिकल्पना को प्रसारित करेगा। महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने बताया कि बूथ स्तर पर पदाधिकारियों को स्वच्छता अभियान चलाने की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। महानगर के घर घर में पत्रक का वितरण किया जा रहा है। महिला मोर्चा की टीम सम्पर्क करके लोगो को अपने आवास के सामने 5 अगस्त को रंगोली बनाने व कम से कम पांच दीपक शाम को जलाने के लिए प्रेरित कर रहे है। महानगर में सभी प्रमुख स्थानों पर भगवा झण्डी व ध्वज लगाया जा रहा है। पूरे शहर में होर्डिंग व बैनर लगाये जा रहे है। भाजपा द्वारा चलाये जा रहे अभियान में शैलेन्द्र कोरी, प्रतीक श्रीवास्तव, परमानंद मिश्रा, स्मृता तिवारी, तिलकराम मौर्या, विद्याकांत द्विवेदी, डा.राकेश मणि त्रिपाठी, अरविंद सिंह, दिवाकर सिंह, राजेश सिंह, मनोज श्रीवास्तव, रीना द्विवेदी, विजेता जायसवाल, रवि शर्मा, आशीष मिश्रा, भूपेन्द्र शुक्ला, विनोद श्रीवास्तव, रामजी तिवारी, डा अंशुमान मित्रा, सचिन सरीन अपनी सहभागिता प्रदान कर रहे है।

श्रीरामजन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण हेतु आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन को लेकर सांसद लल्लू सिंह के नेतृत्व में व्यापारी समाज की बैठक पार्टी कार्यालय पर आयोजित हुई। आयोजन को दो दिवसीय महोत्सव के रूप में बनाने पर चर्चा की गयी। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि श्रीरामजन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण के लिए होने वाला भूमिपूजन हमारे लिए स्वर्णिम अवसर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आगमन हमारे भीतर उर्जा का संचार कर रहा है। हमे अनुशासन का परिचय देते हुए इस महोत्सव को मनाना है। अपने भवनों व चौराहों को दीपावली की भांति सजाना है। 4 व 5 अगस्त को अपने आवास पर दीपक प्रज्जवलित करना है। पांच अगस्त को पूरे आयोजन का लाईव प्रसारण दूरदर्शन पर होगा। जिसे अपने आवास पर या सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए सामूहिक रुप से देखना है। व्यापारी नेता विजय गुप्ता ने कहा कि भूमि पूजन कार्यक्रम को लेकर व्यापारी समाज में उत्साह का माहौल है। व्यापारी नेता सुशील जायसवाल ने कहा कि यह एक एतिहासिक क्षण है। व्यापारी समाज इसको श्रद्धापूर्वक मनाने के लिए आतुर है। इस अवसर पर कई व्यापारी संगठन व जिले के प्रमुख व्यापारियों की मौजूदगी रही।



## सड़कों पर घूम रहे छुट्टा गोवंश



अकबरपुर थाने के समक्ष मौजूद छुट्टा गोवंश पायनियर

### ● कागजी साबित हो रहा डीएम का निर्देश

संवाददाता। अंबेडकरनगर

**गोवंशो के** संरक्षण व उनकी देखभाल करने के प्रदेश सरकार के निर्देश के अनुरूप जिलाधिकारी द्वारा प्रतिमाह आयोजित की जाने वाली बैठकों में अधीनस्थ अधिकारियों को व्यापक दिशा निर्देश दिये जाते हैं। सड़क पर छुट्टा गोवंशों को पाये जाने पर सम्बन्धित अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही की चेतावनी भी दी जाती है लेकिन जिलाधिकारी के यह निर्देश जिले में अमल में लाये जाते नही देखे जा रहे हैं। जिले के ग्रामीण अंचलो की बात तो दूर जिला मुख्यालय पर ही छुट्टा गोवंश दुर्घटनाओं का कारण बनते जा रहे हैं। जिला मुख्यालय पर जगह -जगह यह छुट्टा गोवंश झुण्ड के रूप में टहलते हुए देखे जा सकते हैं। बीच सड़क पर इनके बैठ जाने से आवागमन की समस्या भी सामने आने लगी है। ऐसी स्थिति में यह कभी बड़ी दुर्घटना का कारण भी बन सकते हैं। हैरत इस बात की है कि नगर पालिका प्रशासन को सड़कों पर घूमने वाले यह छुट्टा गोवंश दिखायी ही नही पड़ते हैं। ऐसी स्थिति में सरकार की मंशा कैसे साकार होगी, यह यक्ष प्रश्न बना हुआ है।

## राममंदिर आंदोलन के संघर्षों को याद कर भाव विभोर हुआ संत समाज

**अयोध्या।** त्रेता युग में राजा दशरथ के घर जन्म लेकर राम ने धरती पर अपने आदर्शों द्वारा मर्यादा की स्थापना की और मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम कहलाए। लगभग 1526 में बाबर के आदेश पर मीर बाकी में अयोध्या में राम जन्म भूमि के स्थान पर बाबरी मस्जिद का निर्माण किया जिसका संघर्ष 500 वर्षों से अयोध्या के संत कर रहे थे। लेकिन आजादी के बाद संघर्ष और तेज हुआ 80 के दशक में यह जन आंदोलन बन गया और 84 से संतो ने जगह.जगह रथ यात्राएं निकालकर जनजागरण प्रारंभ किया और 1 मार्च 1986 को राम जन्मभूमि का ताला खुला और फिर से गर्भ ग्रह के अंदर अयोध्या के संतों द्वारा पूजन पाठ प्रारंभ हुआ। लंबे संघर्ष के बाद 9 नवंबर 2019 को सुप्रीम कोर्ट ने फैसला किया कि भगवान राम का जन्म वही हुआ था जहां साधु संत अपना दावा कर रहे थे। जब संतों की मुराद पूरी हुई आज स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार अयोध्या आकर रामलला के दरबार में हाजिरी लगाने वाले पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी द्वारा रामलला के दर्शन पूजन के बाद उनके भव्य मंदिर का शिलान्यास भी करेंगे तो लंबे संघर्ष को याद करके अयोध्या का संत समाज भाव विभोर हो गया।

## राम दरबार में हाजिरी लगाने वाले पहले पीएम बनेंगे नरेंद्र मोदी : महंत कन्हैया दास

संवाददाता। अयोध्या

**संत समिति** के अध्यक्ष महंत कन्हैया दास ने बताया कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहला कोई प्रधानमंत्री है जो रामलला के दरबार के दरवार में पहुंचकर अपनी हाजिरी लगाएगा। उन्होंने बताया कि वैसे तो देश के प्रधानमंत्री अन्य मठ मंदिरों में जाते रहे हैं लेकिन राम मंदिर विवाद के कारण रामलला के दर्शन से लोग बचते रहे। देश के पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रामलला के दर्शन पूजन का गौरव प्राप्त होगा क्योंकि उनके ऊपर राम लला की असीम कृपा है। बाल काल से ही राम मंदिर राम मंदिर आंदोलन में सक्रिय रहे महंत कन्हैया दास ने माना कि मैंने इस आंदोलन में लगभग 50 वर्ष का जीवन खपा दिया। आज मेरा सौभाग्य है और राम लला की कृपा है की प्रधानमंत्री हम लोगों के जीवन काल में रामलला के मंदिर का शिलान्यास करने आ रहे है।













### आजाद भारत के 70 साल बाद रामलला के दरबार पहुंचेंगे प्रधानमंत्री : जगद्गुरु राघवाचार्य

**अयोध्या।** जगद्गुरु राघवाचार्य जी महाराज ने बताया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी आजादी की लड़ाई और रामराज्य की परिकल्पना भगवान राम के भजन रघुपति राघव राजा राम सबको सन्मति दे भगवान की भजन करते.करते लड़े उसके बाद भी दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि 70 साल बाद कोई प्रधानमंत्री रामलला के दरबार में पहुंच रहा है और दर्शन पूजन के बाद भव्य मंदिर का शिलान्यास करेगा। कि देश के सभी प्रधानमंत्री देश के विभिन्न धार्मिक स्थलों पर अपनी हाजिरी लगाते रहे है। आज हमारे आराध्य का मंदिर बनने जा रहा है सभी समाज में हर्षोल्लास और खुशी का माहौल है।

### प्रधानमंत्री द्वारा शिलान्यास पर संतों में खुशी: महंत महेश दास

**अयोध्या।** सिद्ध पीठ हनुमानगढ़ी के गद्दी नशीन महंत प्रेमदास के क्षेत्र महंत महेश दास जी महाराज ने कहा की लगभग 500 वर्षों से हमारे पूर्वजों ने संघर्ष किया उसका फल हम लोगों को मिल रहा है। कि देश का कोई पहला प्रधानमंत्री रामलला का दर्शन करेगा और भव्य मंदिर का शिलान्यास भी करेगा। अयोध्या के संतो में अपार खुशी है और अब यह खुशी दुगनी हो गई जब स्वतंत्र भारत में रामलला का दर्शन पूजन नरेंद्र मोदी करने जा रहे है।

### 70 साल बाद रामलला के जन्मभूमि पर रचा जाएगा इतिहासः संत संजय दास

**अयोध्या।** सिद्ध पीठ हनुमान गढ़ी के महंत ज्ञान दास के शिष्य महंत संजय दास ने बताया करोड़ों करोड़ लोग जो जाति धर्म से ऊपर उठकर भगवान राम में आस्था रखते हैं और भगवान राम भी अपने जीवन काल में पृथ्वी पर जितने भी चराचर जीव थे सबको लेकर चले और 70 साल के इतिहास में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की जन्मस्थली पर कोई प्रधानमंत्री नहीं पहुंचा जबकि सभी लोग देश के अन्य धार्मिक स्थलों पर पहुंचते रहे हो चाहे वह किसी के भी धार्मिक स्थल। आज अयोध्या के लोगों में हर्षोल्लास है कि हमारे आराध्य के मंदिर का शिलान्यास हो रहा है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले प्रधानमंत्री के रूप में पूजन पाठ और शिलान्यास करेंगे।

### भगवान राम के प्रतिनिधि बनकर मोदी जी करेंगे शिलान्यासः कल्कि जी महाराज

**अयोध्या।** 2014 से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए अनवरत अनुष्ठान कर रहे राम दल ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष कल्कि जी महाराज ने बताया कि अद्भुत संयोग है कि 500 वर्षों के बाद रामलला के भव्य मंदिर का शिलान्यास हो रहा है और मोदी जी रामलला के दर्शन करने वाले पहले प्रधानमंत्री होंगे। भगवान राम अपने शासनकाल में सबको लेकर के चले और सबका साथ सबका विकास उनका देश था वही काम भगवान के प्रतिनिधि के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे है। यही कारण है कि आज देश का मस्तक विश्व के सभी देशों में सबसे ऊंचा है और भारत दोनों महामंत्री के काल में भी विश्व गुरु बन कर उभर रहा है।

### पूर्वजों के संघर्षों का परिणाम है कि मंदिर निर्माण प्रारंभ होने जा रहा है : साकेत दास

**अयोध्या।** रंग महल के पुजारी साकेत दास महाराज ने बताया कि हमारे पूर्वजों ने रामलला के लिए अपने जीवन को बलिदान कर दिया और पिछले 500 वर्षों से संतो की कई पीढ़ियां इस संघर्ष में लगी रही अंततः उनके संघर्ष का परिणाम है कि हम लोग आज अपने जीवन काल में रामलला का भव्य मंदिर बनते हुए देखेंगे। अब जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंदिर का शिलान्यास करने आ रहे हैं ऐसे समय में राम जन्मभूमि आंदोलन के संघर्ष में अपने जीवन को खपाने वाले पूर्वजों की याद आ रही है और उनके संघर्ष का परिणाम है कि आज हमें सफलता प्राप्त हुई अपने आराध्य का मंदिर हम बनाने जा रहे है।

### पीएम के कार्यक्रम में ड्यूटी पर जाने वाले स्वास्थ्य कर्मियों की हुई कोरोना जांच

**अंबेडकरनगर।** पांच अगस्त को अयोध्या में रामजन्म भूमि मंदिर का शिलान्यास करने आ रहे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सुरक्षा दस्ते में जिले की स्वास्थ्य विभाग की टीम भी शामिल होगी। इस टीम में शामिल सभी चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों की रविवार को कोरोना संक्रमण की जांच करायी गयी जिसमें एक फार्मासिस्ट को छोड़कर सभी की रिपोर्ट निगेटिव आयी है। फार्मासिस्ट की रिपोर्ट पाजिटिव आने के बाद उसके स्थान पर दूसरे फार्मासिस्ट की ड्यूटी लगायी गयी है। शासन के निर्देशानुसार इस टीम में शामिल चिकित्सक व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को होम कोरेन्टाइन में रहने के निर्देश दिये गये हैं तथा पांच अगस्त की ड्यूटी के पूर्व किसी भी बाहरी व्यक्ति से मिलने के लिए सख्त प्रतिबंधित किया गया है। एक कर्मचारी ने बताया कि पांच अगस्त को वे सीधे घर से निकल कर एम्बुलेंस में बैठेंगे और निर्धारित स्थान तक पंहुचेंगे।

## महिला थाना प्रभारी व डायल 112 का सिपाही कोरोना संक्रमित

### ● पुलिस महकमे में हड़कंप, जिला चिकित्सालय का फार्मासिस्ट भी निकला पॉजिटिव

संवाददाता। अंबेडकरनगर

**जिले में** कोरोना का संक्रमण अब खाकी को भी अपनी चपेट में लेने लगा है जिससे पुलिस महकमे में हड़कम्प मच गया है। अपर पुलिस अधीक्षक अवनीश कुमार मिश्र ने बताया कि पुलिस कर्मियों में मिल रहे संक्रमण को देखते हुए आवश्यक व्यवस्थायें की जा रही हैं तथा थानों में भी कोरोना संक्रमण से बचाव के उपाय किये जा रहे हैं। रविवार को अकबरपुर थाने में कोरोना की जांच का शिविर लगाया गया। यहां हुई जांच में पुलिस के डायल 112 के वाहन संख्या 1251 पर तैनात एक सिपाही विजय यादव में कोरोना का संक्रमण पाया गया। हालांकि वाहन पर ड्यूटी करने वाले अन्य पुलिस कर्मी सुरक्षित हैं। महिला थाने पर हुई कोरोना जांच में थाना प्रभारी श्रीमती प्रियंका मिश्रा कोरोना पाजिटिव पायी गयीं हैं। एक थाना प्रभारी व एक सिपाही के कोरोना संक्रमित पाये जाने के बाद पुलिस महकमें में हड़कम्प मचा हुआ है तथा इन लोगों के सम्पर्क में आये हुए लोगों की तलाश कर उनकी जांच करने का कार्य तेज कर दिया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी व सिपाही के कोरोना संक्रमित पाये जाने की पुष्टि की है। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व पुलिस लाइन में तैनात एक सिपाही में भी कोरोना का संक्रमण पाया जा चुका है। जेल में तैनात 14 पीएसी कर्मियों में भी संक्रमण की पुष्टि हो चुकी है। कोरोना संक्रमण के बढ़ते दायरे को देखते हुए पुलिस अधिकारी नये सिरे से रणनीति बनाने में लग गये हैं। इसके अलावां जिला चिकित्सालय के इमरजेन्सी में तैनात एक फार्मासिस्ट भी कोरोना संक्रमित पाया गया है।



महिला थाना प्रभारी प्रियंका मिश्रा

## एडीएम ने बाढ़ प्रभावित गांवों का किया दौरा



बाढ़ पीड़ितों से बातचीत करते अपर जिलाधिकारी पायनियर

### ● दिये आवश्यक निर्देश

संवाददाता। अंबेडकरनगर

**तहसील** क्षेत्र आलापुर अंतर्गत बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा अपर जिलाधिकारी,उप जिलाधिकारी आलापुर द्वारा ग्राम माझा कम्हरिया, आराजी देवारा का भ्रमण नाव द्वारा किया गया।मालूम हो अपर जिलाधिकारी एवं उपजिलाधिकारी द्वारा बाढ़ से प्रभावित क्षेत्र का दौरा नाव द्वारा किया गया और बाढ़ प्रभावित लोगों से बातचीत की गई और उनकी समस्याओं को सुना। अधिकारी द्वय के साथ आलापुर तहसीलदार ,राजस्व निरीक्षक, लेखपाल और थानाध्यक्ष राजेसुल्तानपुर इंस्पेक्टर रामलखन पटेल मय फोर्स मौजूद रहे। अपर जिलाधिकारी ने बाढ़ प्रभावित लोगों को तत्काल सभी सुविधायें उपलब्ध कराने का आदेश दिया और कहा कि किसी भी तरह की शिकायत मिलने पर सम्बंधित कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। अपर जिलाधिकारी ने बाढ़ प्रभावित चौकी का भी निरीक्षण किया तथा प्रभारी थानाध्यक्ष को सुरक्षा व्यवस्था पर सतर्क रहने का निर्देश दिया।

## टाण्डा तहसील क्षेत्र के नौ गांव बाढ़ से घिरे



### ● खतरे के निशान से 69 सेंटीमीटर ऊपर बह रही घाघरा, एसडीएम ने किया बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा

संवाददाता। अंबेडकरनगर

**घाघरा** नदी का उफान थम नही रहा है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष अयोध्या से प्राप्त जानकारी के अनुसार घाघरा नदी खतरे के निशान से 69 सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। हालांकि बीते छः घंटो से नदी का जल स्तर स्थिर है। आशंका है कि सोमवार की सुबह तक नदी का जल स्तर दो से तीन सेंटीमीटर बढ़ सकता है। घाघरा नदी का सामान्य जल स्तर 92.730 मीटर है लेकिन मौजूदा समय में यह 93.420 मीटर पर बह रही है। बाढ़ की स्थिति को देखते हुए टाण्डा तहसील प्रशासन ने कन्ट्रोल रूम स्थापित कर नौ बाढ़ चौकियां बना दी हैं। इसके साथ ही डेढ़ दर्जन से अधिक नाविकों एवं एक दर्जन से अधिक गोताखोरों की टीम गठित कर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की निगरानी करायी जा रही है। उपजिलाधिकारी अभिषेक पाठक ने रविवार को बाढ़ प्रभावित गांव माझा उल्टहवा व माझा कला पंहुच कर ग्रामीणों से मुलाकात की तथा स्थिति का जायजा लिया। उपजिलाधिकारी ने बताया कि नदी के अलावां थिरुआ नाला व टोनरी छोटी नदी के आस-पास के क्षेत्रों पर नजर रखी जा रही है। टीएनपीजी कालेज के परिसर में अस्थायी बाढ़ राहत शिविर बनाया गया है। तहसीलदार सन्तोष ओझा के अनुसार तहसील क्षेत्र में बाढ़ से नौ गांव पूरी तरह से घिर चुके हैं जबकि 86 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं।

## कैबिनेट मंत्री के निधन से भाजपा में शोक की लहर

संवाददाता। अंबेडकरनगर

### ● पार्टी नेताओं ने जताया शोक

**कोरोना** वायरस हमसे अभी कितनों को छीनेगा।उत्तर प्रदेश में ही डाक्टर,पुलिस कर्मी,स्वास्थ्य कर्मी,सहित लगभग हर तरह की सेवा में लगे लोगों और जनता को मौत के नींद सुला चुकी घातक कोरोना वायरस बीमारी ने रविवार को कानपुर के घाटम पुर विधान सभा क्षेत्र की विधायक,उत्तर प्रदेश सरकार में प्रविधिक शिक्षा मंत्री (कैबिनेट) कमल रानी वरुण को मौत के मुंह में धकेल दिया। कमला रानी वरुण के आकस्मिक निधन की समाचार से भाजपा खेमें में शोक की लहर दौड़ गई। शोक संवेदना और दुःख व्यक्त करने वाले लोग उनके निधन से स्तब्ध से नजर आए। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष कपिल देव वर्मा ने श्रीमती कमला रानी वरुण के आकस्मिक निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि हमें विश्वास ही नहीं हो रहा है कि श्रीमती वरुन जी अब हमारे बीच नहीं हैं।हमने एक महान समाज सेविका और नेत्री खो दिया है।भाजपा जिला महामंत्री मिथिलेश त्रिपाठी ने श्रीमती कमला रानी वरुण को महिला सशक्तिकरण की एक मजबूत स्तम्भ बताते हुए कहा कि उनके निधन से समाज और भाजपा को अपूर्णीय क्षति पहुँची है।श्रीमती कमला रानी वरुण के आकस्मिक निधन पर पूर्व सांसद हरिओम पांडेय,पूर्व विधायक त्रिवेणी राम,भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राजित राम त्रिपाठी,राम प्रकाश यादव,यमुना प्रसाद चतुर्वेदी, ज्ञान सागर सिंह, जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि मण्डल अध्यक्ष आनंद श्रीवास्तव,अमरजीत मौर्य, कुलदीप सिंह,सुबास वर्मा,दिलीप तिवारी,रवि सिंह चौहान,सदा राम वर्मा,सुनील गुप्त,संजीव मिश्र,रणंजय सिंह आदि ने भी शोक व्यक्त किया है।

## किछौछा में लगा कोरोना शिविर



जांच के लिए सैम्पल लेते स्वास्थ्य कर्मी पायनियर

संवाददाता। अंबेडकरनगर

**सामुदायिक** स्वास्थ्य केंद्र बसखारी ने रविवार को कैंप लगाकर नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा में कोविड-19 की जांच की एलटी पवन कुमार के नेतृत्व में सीएससी बसखारी की टीम ने किछौछा नगर में रामलीला स्टेज पर एंटीजन और आर्टिफिशियल जांच के लिए कैंप लगाया गया। रविवार को नगर में सप्ताहिक बाजार होने की वजह से आसपास के गांव से आये सब्जी बेचने वाले दुकानदारो ने अपनी जांच कराई। कुल 69 लोगों की जांच की गई जिसमें कोई भी व्यक्ति संदिग्ध नहीं पाया गया। वहीं किछौछा के बगल इसके पूर्व टीम ने पुराबजगोती ग्राम सभा में कैम्प लगाया था जहां पर इल्मतगंज का रहने वाला एक व्यक्ति जो अपनी रिस्तेदारी में आया था कोरोना पॉजीटिव मिला जिसे तत्काल स्वास्थ्य केंद्र बसखारी भेज दिया गया। राहत की बात रही की किछौछा में जांच के दौरान कोई भी व्यक्ति संक्रमित नही मिला। इसी दरमियान एस ओ जी अभय मौर्या के टीम के लोगो की भी जांच की गयी सभी की रिपोर्ट निगेटिव रही ।

# राजस्थान का संकट

## विधायकों के पालाबदल का अंदेशा

**राजस्थान** में अशोक गहलोत-सचिन पायलट टकराव रोज नए आयाम धारण कर संकट को गहरा रहा है। जब गहलौत अपना संख्याबल बचाए रखने में जुटे हैं, तभी कांग्रेस में पीढ़ियों का टकराव और तेज हो रहा है। अब यह मामला केवल सरकार बचाने तक केन्द्रित न होकर पार्टी बचाने के नाम पर अहंकार के टकराव में बदल गया है। यदि गहलोत फिलहाल सफल भी हो जाते हैं तो भी पायलट के नेतृत्व वाले नौजवानों में निराशा समाप्त नहीं होगी जिनको वृद्ध नेताओं के कारण राज्य में अवसर नहीं मिला। भले ही मुख्यमंत्री न बन सकें, पर यदि पायलट ज्यादा विधायकों का समर्थन जुटा लेते हैं तो गहलौत सरकार गिरा ही देंगे। कुल मिला कर इस टकराव में कांग्रेस का नुकसान होगा जो प्रशासन चलाने तथा अपना घर ठीक करने के बजाय व्यक्तियों के टकराव के चलते जनादेश का अपमान करती दिख रही है। राज्यपाल कलराज मिश्र ने 14 अगस्त से सदन बुलाने को मंजूरी दी है जिसमें मुख्यमंत्री विश्वास मत प्राप्त कर सकते हैं। गहलौत ने दावा किया है कि राज्यपाल द्वारा विधानसभा सदन बुलाने के लिए दिए गए 21 दिन के समय के कारण 'हार्स ट्रेडिंग बढ़ी' है और विधायकों को ज्यादा पैसों का प्रस्ताव किया जा रहा है। उन्होंने बहुजन समाज पार्टी-बसपा सुप्रीमो मायावती पर आरोप लगाया है कि वे भाजपा का पक्ष लेते हुए पिछले साल 6 बसपा विधायकों के कांग्रेस में विलय पर सवाल उठा रही हैं। उन्होंने मोदी-शाह जोड़ी पर सीधे हमला बोलते हुए कहा है कि सरकार 'सबको डराने धमकाने' के लिए आयकर विभाग, ईडी व सीबीआई का 'दुरुपयोग' कर रही है। देखना होगा कि क्या गहलौत की रणनीति सफल होगी।

लगता है कि राजस्थान पर कब्जा करने के लिए राज्य भाजपा को केन्द्रीय नेतृत्व से सहायता मिल रही है, हालांकि गहलौत भी 'रिजार्ट क्वारंटीन' के रास्ते पर चलते हुए अब अपने विधायकों को जैसलमेर ले गए हैं। लेकिन धनबल



की वापसी से राजनीतिक विमर्श धुंधला हुआ है और महामारी के समय सीमित संसाधनों के दुरुपयोग से जनादेश पालन पर सवाल उठ रहे हैं। गहलौत की परेशानी इस तथ्य से देखी जा सकती है कि 200 सदस्यों की विधानसभा में उनके विधायकों की संख्या 101 के बहुमत से केवल एक अधिक है। आधिकारिक रूप से पायलट के पास 19 विधायक हैं और वे गहलौत सरकार को अस्थिर कर सकते हैं। कांग्रेस में विलय होने वाले 6 बसपा विधायकों के खिलाफ मामला अदालत में है। इससे मामला और गंभीर हो जाता है। गहलौत की परेशानी कांग्रेस में व्यापक उथलपुथल का एक लक्षण है जो हाल में सोनिया गांधी व मनमोहन सिंह द्वारा पार्टी की एक वर्चुअल बैठक में सामने आई। राहुल गांधी के विश्वस्त राजीव सताव ने खुलेआम संप्रग-2 को सार्वजनिक जीवन में पार्टी की छवि खराब होने का दोषी बताया। उन्होंने कहा, 'उस सरकार ने कांग्रेस की छवि बरबाद कर दी, इसलिए पार्टी में संकट की जवाबदेही उस समय से तय होनी चाहिए।' इसके बावजूद बुजुर्ग नेता अपने इस विचार पर दृढ़ हैं कि 'हल्के, अनुभवहीन नौजवान' पीढ़ीगत अंतर की बात कह कर 'अनावश्यक रूप से महत्व पाने' का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन वे भूल जाते हैं कि स्वयं उनको भी युवावस्था में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी गई थीं जिनसे उस समय के बुजुर्ग नेता नाराज थे। लेकिन बूढ़े होने के साथ ही वे जड़ता के शिकार हो गए हैं। इसके साथ ही ऐसे युवा नेता हैं जिन्होंने जमीन पर उल्लेखनीय काम कर अपनी छाप छोड़ी है और पायलट उनमें से एक हैं। सबको शक्ति देने की तमाम बातें करने के बावजूद कांग्रेस के बुजुर्ग नेता अब भी जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं को शक्ति देने या उनकी बात सुनने के बजाय केन्द्रीकृत सोच पर विश्वास करते हैं। पायलट शुरू से सर्वोच्च पद पाने के बजाय प्रशासन में अपना स्थान पाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। लेकिन उनको हर निर्णय-प्रक्रिया से बाहर रखा गया। गहलौत के अहंकार के कारण अब कांग्रेस को उसी स्थिति का सामना करना पड़ रहा है जो गोवा, मणिपुर, उत्तराखंड, अरुणाचल, मध्य प्रदेश व कर्नाटक में उसके सामने आई थी।

# 'वैक्सीन राष्ट्रवाद' से पैदा होंगी समस्याएं

**देशों को अतीत में महामारी के अनुभवों से सीखना चाहिए कि वैक्सीन का भंडार बनाने से कोई लाभ नहीं हुआ है, बल्कि अक्सर अतिरिक्त भंडार बरबाद हुआ है।**


दीपिका भास्कर


फ़ीरोज़ सूरी




दुनिया भर में कोविड-19 वैक्सीन की दौड़ बहुत तेज है क्योंकि ज्यादा से ज्यादा लोग इस वैश्विक महामारी का शिकार हो रहे हैं। दुनिया भर में मामलों की संख्या एक करोड़ पचहत्तर लाख तथा मरने वालों की संख्या लगभग सात लाख पहुंच रही है। भारत भी वैक्सीन की इस दौड़ में शामिल है और उसे जल्दी से जल्दी प्राप्त करना चाहता है। देश में संक्रमण सामुदायिक स्तर पर फैलने लगा है तथा कुल मामलों की संख्या 16 लाख से अधिक व मरने वालों की संख्या 35 हजार से अधिक हो गई है। वास्तव में 31 जुलाई को भारत में एक दिन में 55,000 से अधिक मामले सामने आए।

महामारी के समय एक सवाल सबके दिमाग में है कि वैक्सीन की दौड़ में कौन जीतता है, क्या वैश्विक स्तर पर जरूरतमंद लोगों को इसका लाभ मिलेगा या इसे देशों की सीमा तक कैद कर दिया जाएगा? अनुमान लगाया गया है कि मूल्यवान वैक्सीन को राष्ट्रीय स्तर तक सीमित करने से सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था तथा विश्व अर्थव्यवस्था को समान रूप से नुकसान होगा। अन्य देशों को उपलब्ध कराने से पहले यदि कोई देश अपनी जनता के लिए खूराकें सुरक्षित रखना चाहता है तो इसे 'वैक्सीन राष्ट्रवाद' कहते हैं। यह सरकार व वैक्सीन निर्माता द्वारा पहले खरीद के समझौते द्वारा किया जाता है। अमेरिका ने कोरोनावायरस वैक्सीन तक पहुंच को प्राथमिकता देने का प्रयास किया है। हाल ही में भारत व रूस समेत दुनिया के अन्य देशों ने भी ऐसा ही दृष्टिकोण अपनाया है।

वैक्सीन के प्रति राष्ट्रवादी दृष्टिकोण केवल अपने देश की जनता तक सीमित नहीं हो सकता है। इसके अनेक आयाम हो सकते हैं। इस अवधारणा का अस्तित्व 2009 के पहले से है जब एच1एन1 फ्लू वैश्विक महामारी के शुरुआती चरणों में कुछ अमीर देशों ने वैक्सीन बनाने पर काम कर रही अनेक दवा निर्माता कंपनियों से पूर्व-खरीद समझौते किए थे। इसके परिणामस्वरूप खूराकों का वितरण पूरी तरह अमीर देशों की खरीद शक्ति पर आधारित हो गया और उसमे महामारी विज्ञान का कोई आधार नहीं बचा। लेकिन शुरुआत में उत्पादन धीमा होने तथा सप्लाई कम होने के कारण वितरण ने विकृत मोड़ लिया जिससे अमेरिकी स्वास्थ्य एजेंसी की संस्तुति के अनुसार लक्षित समूहों तक सप्लाई नहीं हो पा रही थी।

लक्षित समूहों में बहुत कम आयु वाले, दमे के शिकार व गर्भवती महिलाओं के लिए एच1एन1 की लाइव एटोनोटेड इन्फ्लूएंजा वैक्सीन-लेव का प्रयोग प्रतिबंधित था, जबकि उनको वैक्सीन की जरूरत सबसे ज्यादा थी। इसके साथ ही अनेक स्वास्थ्यरक्षा कार्यकर्ताओं को लेव के प्रयोग से हिचक थी क्योंकि रोगियों से संक्रमण का खतरा बढ़ा था तथा वैक्सीन की प्रभावशीलता पर संदेह था। दूसरी ओर बाल रोग विशेषज्ञ व अन्य स्वास्थ्यरक्षा कार्यकर्ताओं से बड़ी संख्या में मरीज वैक्सीन की मांग कर रहे थे अथवा वैक्सीन मिलने वाले स्थानों पर जाने की इच्छा प्रकट कर रहे थे। सप्लाई बढ़ने पर एच1एन1 का प्रसार घटा तथा मीडिया में इस पर शोर शराबा बंद हो गया। जनवरी 2010 तक मांग इतनी घट गई थी कि अनेक विक्रेताओं के पास वैक्सीन का भंडार जमा हो गया। इस प्रकार 'वैक्सीन राष्ट्रीयकरण' से कोई लाभ नहीं हुआ। एक ओर वैक्सीन का भंडार जमा हुआ, वहीं दूसरी ओर बड़ी जनसंख्या वैक्सीन प्रयोग से वंचित हुई।

यह स्पष्ट नहीं है कि कोविड-19 वैक्सीन का वितरण कैसे होगा। वैक्सीन लेने वाले हर व्यक्ति का सुरक्षा व प्रभावशीलता प्रोफाइल अलग होगा और यह भी नहीं कहा जा सकता है कि पूर्व-खरीद से कोई देश जो वैक्सीन अपने देश के लोगों के लिए सुनिश्चित करेगा वह सर्वाधिक प्रभावशाली होगी। अधिकांश वैक्सीन परियोजनाओं में अनेक देशों के विभिन्न पक्ष शामिल हैं और ऐसे में कोई एक देश किसी वैक्सीन पर एकमात्र दावा नहीं कर सकता है। इसके अलावा वैश्विक अर्थव्यवस्था में संक्रमण अंतरराष्ट्रीय सीमाओं का पालन नहीं करता है तथा वैश्विक महामारी वैक्सीन तक असमान पहुंच से वैक्सीन बनने का उद्देश्य ही विफल हो सकता है।

इस प्रकार 'वैक्सीन राष्ट्रवाद' से संकटग्रस्त जनसंख्या के सामने असमान पहुंच की समस्या होगी तथा वैज्ञानिक वैक्सीन विकास प्रक्रिया में जोखिम वाले रास्ते अपना सकते हैं। तत्काल वैक्सीन विकसित करने की आवश्यकता के कारण वैश्विम स्तर पर जोखिम उठाने व जल्दी करने की प्रवृत्ति विकसित हुई है। पीपुल्स लिबरेशन आर्मी-पीएलए द्वारा एक चीनी वैक्सीन कंपनी को इस काम में लगाने से खतरनाक प्रवृत्ति का संकेत मिलता है। मेजर जनरल चेन वेई वैक्सीन खोज की निगरानी कर रही हैं। पूरे मामले को राष्ट्रवादी रंग देने के लिए चेन वेई ने स्वयं प्रयोगात्मक वैक्सीन की अनेक खूराकें ले लीं। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद-आईसीएमआर व राष्ट्रीय वाइरोलोजी संस्थान-एनआईवी भारत बायोटेक इंटरनेशनल लिमिटेड-बीबीआईएल के साथ मिल कर बाजार में जल्दी से जल्दी वैक्सीन लाना चाहते हैं। हालांकि, अनेक देश वैश्विक महामारी से लड़ने के लिए सामूहिक व समान वैश्विक रणनीति की ओर भी बढ़ रहे हैं। यूरोपीय देशों, बिल एंड मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन तथा वेलकम ट्रस्ट ने एसेस टु कोविड-19 टूल्स-एसीटी के लिए 8 बिलियन डालर धन दिया है। इसका उद्देश्य तेजी से नई कोरोनावायरस संबंधी स्वास्थ्य तकनीकों का विकास करना है।

लेकिन रूस, अमेरिका व भारत इस पहल में शामिल नहीं हुए। दुनिया के सबसे बड़े वैक्सीन निर्माता सीरम इंस्टीट्यूट आफ इंडिया ने घोषणा की है कि उसकी खुराकें 'विदेशों में जाने के पहले देशवासियों द्वारा प्रयोग की जाएंगी।' एस्ट्राजेंका में ब्रिटेन के 79 मिलियन पौंड निवेश के कारण वैक्सीन की पहली 30 मिलियन खुराकें ब्रिटेन के लिए होंगी। अमेरिका ने अक्टूबर में ही वैक्सीन की 300 मिलियन खुराकों के लिए 1.2 बिलियन डालर का प्रस्ताव किया था। लेकिन वैक्सीन के लिए सक्षम वैक्सीन सप्लाई श्रृंखला जरूरी है। एच1एन1 महामारी वैक्सीन की 162 मिलियन खुराकें तैयार हुई थीं, पर उनमें से केवल 90 मिलियन का प्रयोग हुआ।

शुरुआती चरण में वैक्सीन की कमी हो सकती है, पर बाद में विपरीत प्रतिक्रिया के भय से कुछ समूह इसके प्रयोग से इनकार कर सकते हैं। इस प्रकार स्पष्ट है कि वैक्सीन की पहली सप्लाई पर अमीर देशों द्वारा कब्जे के कारण इसका भंडार बच सकता है तथा यह संकटग्रस्त जनसंख्या की पहुंच से बाहर हो सकती है। इससे वैक्सीन निर्माण का उद्देश्य ही विफल हो जाएगा। इसका एक रास्ता उत्पादक या पैसा लगाने वाले देश को 70 प्रतिशत वैक्सीन देना तथा बाकी 30 प्रतिशत के वितरण का अधिकार विश्व स्वास्थ्य संगठन-डब्लूएचओ को देना हो सकता है जो इसका दुनिया की संकटग्रस्त जनसंख्या में समान वितरण सुनिश्चित करेगा।

सीमित मात्रा में पहले वैक्सीन उपलब्ध होने पर विभिन्न देशों में इसके प्रयोग की रणनीतियां बनाई जा सकती है। ये रणनीतियां वायरस के प्रसार, परीक्षण के स्तर, संक्रमित लोगों की पहचान तथा उनके भौगोलिक विस्तार पर निर्भर करेंगी। सार्वजनिक स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्यरत लोग एच1एन1, पोलियो व चेचक टीकारण प्रयासों के समय वितरण रणनीतियों से सबक ले सकते हैं।

इन रणनीतियों के क्रियान्वयन के लिए एक वैश्विक समन्वय व्यवस्था अवश्य बनाई जा सकती है जिसमें विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ), कोलीशन फार इपीडेमिक प्रेप्यर्डनेस इनोवेशन्स-सीपी, ग्लोबल फंड तथा गावी जैसी वैश्विक स्वास्थ्य प्रशासन संस्थायें, विभिन्न स्वास्थ्य मंत्रालयों के प्रतिनिधि व निजी क्षेत्र शामिल होंगे। केवल इस रणनीति से ही वैक्सीनों का प्रभावी व समान वितरण सुनिश्चित हो सकता है। इससे वैक्सीन विकास पर निवेश के अधिकतम परिणाम तथा मुनाफे भी सुनिश्चित हो सकते हैं जो अब तक अनिश्चित हैं। यह नीति सर्वाधिक जरूरतमंद लोगों की आवश्यकता भी पूरी कर सकती है। इससे स्थानीय आवश्यकताएं पूरी करने के साथ वैश्विक दृष्टिकोण तथा मानवीय दृष्टिकोण के अनुसार भी क्रियान्वयन सुनिश्चित होगा।

# कार्यरत महिलाओं पर महामारी की मार

> "यह महत्वपूर्ण है कि वे माताएं संतानोत्पत्ति के पश्चात करियर बनाने की इच्छा रखती हैं उन्हें महामारी के दौर में या उसके बगैर भी सहयोग व संबल प्राप्त हो।"

रुचि सैनी
(लेखिका मेरीलैंड विश्वविद्यालय में पीएचडी स्कालर हैं)



मेरे एक मित्र ने कहा था कि अब उसे समझ में आया कि क्यों कार्यरत माताएं भारत से आई एक फोनकाल पर नौकरी छोड़ देती हैं। वो मेरी निकटतम मित्रों में से एक हैं और मैं आधे दशक से अधिक समय बाद उनसे बात कर रही थी। वो नैसर्गिक रूप से बहुत महत्वाकांक्षी लड़की थी, और उसका बयान सुनकर मुझे धक्का लगा। "क्या हुआ? तुम्हारे विचार बदल कैसे गए?" मैंने पूछा। जिसका उत्तर उसने यह दिया, "क्या यह स्वाभाविक नहीं है, महामारी के बाद बच्चे का जन्म होना।" महामारी के कारण, वह लगभग तीन महीने से घर बैठकर काम कर रही थी, साथ में अपने 4 वर्षीय बेटे को घर में पढ़ा रही थी तथा अतिरिक्त घरेलू काम कर रही थी। दूसरी ओर, उसका पति, घरेलू कामकाज में अकुशल हैं तथा उनकी रुचि भी नहीं है।

महामारी फैलने से पहले, भारत में महिलाओं का श्रम शक्ति में हिस्सा बहुत अल्प है और महामारी के कारण यह अंतराल और बढ़ने वाला है। 2019 की विश्व बैंक की रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि नेपाल में 83 प्रतिशत और चीन में 60 प्रतिशत तथा बांग्लादेश में 36 प्रतिशत की तुलना में भारत मे महिला जनसंख्या का मात्र 21 प्रतिशत हिस्सा श्रम शक्ति में शामिल है। और जबकि कार्यबल में भारतीय महिलाओं के अल्प प्रतिनिधित्व के पीछे बहुत से कारण हैं, विद्वानों से विस्तार से चर्चा की है कि किस तरह मातृत्व महिलाओं को कार्यबल से अलग होने के लिए अनिच्छुक होने के बावजूद बाध्य कर देता है। भारत में पली-बढ़ी होने के कारण मुझे सामाजिक जमावड़ों तथा विद्वानों की बैठकों के दौरान बहुत से उदाहरण देखने को मिले हैं जहां पुरुष और महिलाएं दोनों ही इसे संतान को जन्म देने का विकल्प चुनने का एक स्वाभाविक एवं दुर्भाग्यपूर्ण किंतु अपरिहार्य परिणाम मानते हैं।

हालांकि, यह मातृत्व नहीं मां बनने के पश्चात बल्कि घरों के भीतर श्रम का असमान विभाजन है जो महिलाओं को कार्यबल से अगल होने को बाध्य करता है। बच्चे को जन्म देने के पश्चात, पुरुष बच्चे को पालने संबंधी सभी कार्य कर सकते हैं, यथा, खाना पकाना, सफाई, धुलाई आदि, सिर्फ स्तनपान को छोड़कर, मगर विचित्र रूप से ऐसा करने के लिए अवस्थित नहीं होते। 2018 में आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन द्वारा जारी की गई एक रिपोर्ट के अनुसार, भारतीस महिलाएं प्रतिदिन औसतन 5 घंटे 51 मिनट का समय उन घरेलू कार्यों में लगाती हैं जिनके बदले उन्हें कुछ नहीं मिलता, जो सर्वेक्षण के दायरे में लिए गए 31 देशों में दूसरा सर्वाधिक आंकड़ा है। दूसरी ओर, भारतीय पुरुष प्रतिदिन औसतन मात्र 45 मिनट काम करते हैं तथा तीनों सर्वेक्षित देशों में सबसे निचली पादान पर हैं। घरेलू कार्यों करने के प्रति औसत भारतीय पुरुषों की अनिच्छा के चलते, महिलाएं महामारी के दौरान अधिसंख्य घरेलू काम संभाल रही हैं। मुबइ की एक कार्यशील मां, सुबर्ण घोष द्वारा प्रारम्भ की गई एक आनलाइन याचिका में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आग्रह किया गया है कि वो अपने अगले भाषण में भारतीय महिलाओं को देखरेख के काम में बराबर का हिस्सा दिए जाने के बारे में बात करें। याचिका, जिसमें इस बारे में ध्यान आकृष्ट किया गया है कि किस तरह राष्ट्रव्यापी लाकडाउन ने परिवारों को वेतन बगैर देखभाल का काम करने संबंधी मुद्दों से दो-चार होने को बाध्य किया है। याचिका पर पहले ही 71,000 लोग हस्ताक्षर कर चुके हैं।

अशोक विश्वविद्यालय द्वारा जारी एक रिपोर्ट से जाहिर हुआ है कि कि मां बनने के पश्चात, कारपोरेट, मीडिया एवं विकासीय क्षेत्र में कार्यरत लगभग 50 प्रतिशत महिलाएं 30 वर्ष की आयु से पहले ही नौकरी छोड़ देती हैं और इन क्षेत्रों में केवल 16 प्रतिशत वरिष्ठ नेतृत्वकारी भूमिकाओं में महिलाएं होती हैं। रिपोर्ट में यह बताया गया है कि बच्चे को जन्म देने के पश्चात "गृहकार्य, मां एवं कर्मचारी" की तीन भूमिकाएं अत्यधिक कृतसंकल्प महिलाओं को भी काम छोड़ने पर बाध्य करती हैं। कार्यबल से प्रतिभावान एवं बुद्धिमती महिलाओं का हट जाना व्यक्ति तथा समाज दोनों के लिए विनाशकारी होता है जिसे रोका जाना चाहिए। और इस दिशा में पहला कदम होना चाहिए भारतीय परिवारों में घरेलू श्रम के मामले में लिंग आधारित श्रम विभाजन की व्यवस्था को चुनाती दिया जाना। पुरुषों द्वारा घर के काम न करने का असली कारण यह है कि यह वेतनरहित कार्य है। यह तथ्य कि अधिकतर भारतीय खानसामे पुरुष हैं इस बात को सिद्ध करता है कि जब किसी काम के लिए भुगतान मिलता है तो पुरुष न केवल उसे करते हैं बल्कि महिलाओं से बेहतर ढंग से करते हैं। परिणामस्वरूप, जब वे लड़कों का पालन पोषण कर रहे होते हैं तक माता-पिता को सुनिश्चित करना चाहिए कि वे भी घर के कामकाज को महिलाओं का दायित्व समझने के बजाए स्वयं भी करें। दूसरे, कार्यस्थल के भीतर दिन की देखभाल की प्रभावी व्यवस्था लागू करने में भारत की असमर्थता, जब महिलाओं के लिए कठोर निर्णय दिए जाने के साथ जुड़ जाती है जो अपने बच्चों को दिन में देखभाल हेतु देखभाल केंद्रों में रखती हैं, तो कार्यरत मांताओं के लिए उसके विनाशकारी परिणाम होते हैं। और जबकि भारतीय मातृत्व लाभ (संशोधन) अधिनियम, 2017 में कम से कम 50 कर्मचारियों वाले कार्यस्थल में क्रेश की सुविधा को अनिवार्य बना दिया गया है, मगर उसका क्रियान्वयन शायद ही हो पाता है। कुछ मामलों में जब लागू भी किया जाता है, तो गुणवत्ता सुनिश्चित न होने के कारण माता-पिता सुविधा का लाभ उठाने से परहेज करते हैं। अब जअकि भारतीय अर्थव्यवस्था धीरे-धीरे पुनः खुल रही है और वायरस संक्रमण का खतरा बना हुआ है, दिवसीय देखभाल केंद्रों में बेहतर गुणवत्तापूर्ण देखभाल का अभाव कार्यरत महिलाओं को ज्यादा महसूस हो रहा है। यह महत्वपूर्ण है कि वे माताएं संतानोत्पत्ति के पश्चात करियर बनाने की इच्छा रखती हैं उन्हें महामारी के दौर में या उसके बगैर भी सहयोग व प्रोत्साहन प्राप्त हो। घरेलू श्रम में लिंग आधारित विभाजन को चुनौती देना एवं कार्यस्थलों पर बेहतर गुणवत्तापूर्ण देखभाल मुहैया कराना ये दो सर्वाधिक प्रभावशाली तरीके हैं। और यद्यपि यह काम चुनौतीपूर्ण है मगर असंभव नहीं। अपने बच्चों को पालने के दौरान माता-पिता द्वारा उठाए गए छोटे-छोटे कदम एवं प्रभावी दिवस देखभाल केंद्र स्थापित करने में संगठनों द्वारा आर्थिक निवेश की सहायता से यह सुनिश्चित करने में दीर्घकाल तक मदद मिल सकती है कि समाज अपनी जनसंख्या के आधे हिस्से के योगदान से वंचित न हो।

# आप की बात

## कोरोना काल में बेहाल

**महामारी** ने किसकी दिशा व दशा नहीं बदली। एक सिरे से देखे तो, पता चलेगा कि सब कुछ बदल गया ।कमाने से लेकर जीने का तरीका बदल गया,शिक्षा से लेकर रोजगार बदल गया। खिलाड़ियों के पसीने अब खेती में लगे हुए है। एक समय था, जब भारत का शीर्ष नेतृत्व कर देश को गौरवान्वित करते थे ।किसी का खेल अब खेती में बदल गया,तो किसी का कंडक्टरी पर, कोई जूता बेंच रहा तो कोई ठेले पर सामान। फुटबाल के सितारे,सड़कों पर घूम रहे रोजगार के मारे मारे। वर्ष 2006 में बिहार का नेतृत्व करने वाले बाबर, छः बार अंडर 21 में जूनियर नेशनल में कास्य पदक विजेता रहे है ।आज ठेला लगाकर,जीवकोपार्जन कर रहे। वर्ष 2009 में अंडर 21 फुटबाल में लगातार पांच बार संतोष ट्रॉफी में बिहार का प्रतिनिधित्व कर रहे,नादिर परवेज को राज्य सरकार ने दो बार सम्मान तो दिया, लेकिन आज जूते की दुकान पर काम कर रहे। तीन बार राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बिहार का नेतृत्व कर चुकीं और दो बार भारतीय जूनियर महिला फुटबाल में शामिल रही, ममता आज खेती कर रही हैं। रोजगार को बेरोजगार और खिलाड़ी को खेती करने पर, मजबूर हो गए हैं। उम्मीद है जल्द संकट के गहरे बादल छटेंगे और फिर से नया सवेरा होगा।

– **अमन जायसवाल**, दिल्ली

## खाड़ी देशों में प्रवासियों की चिंता

**अभी** हाल ही में जुलाई 2020 में केरल राज्य के हाई कोर्ट ने केंद्र व राज्य सरकारों को अनिवासी भारतीयों को मदद करने के लिए एक सिस्टम स्थापित करने की मांग करने वाली याचिका पर नोटिस जारी किया। जो किसी अन्य देश में अपना रोजगार खो चुके हैं और जीविकोपार्जन की तलाश में भारत लौट आए थे। इस याचिका में प्रवासी मजदूरों की बची हुई वेतनमान के भुगतान पर भी न्याय की मांग करें। याचिका में यह भी बताया गया कि इस कठिन दौर के समय में खाड़ी सहयोग परिषद के देशों में निर्माण क्षेत्र से संबंधित कंपनियों ने प्रवासी श्रमिकों को वेतन आदि का भुगतान किए बिना अत्यधिक लाभ उठाया है। अभी वैश्विक महामारी के कारण उपजी परिस्थितियों से खाड़ी देशों ने भारत सहित अन्य दक्षिण एशियाई देशों में रिवर्स माइग्रेशन देखा जा रहा है। लॉकडाउन के कुछ ही दिनों बाद काम धंधे बंद होने की वजह से श्रमिकों के सामने चुनौती है। यहां तक कि संयुक्त राष्ट्र की जनसंख्या विभाग की ओर से जारी अंतरराष्ट्रीय प्रवासी स्टॉक 2019 रिपोर्ट में यह दिखाया गया था कि खाड़ी देशों में प्रवासी श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, कल्याणकारी तंत्र का अभाव है।

– **सुदर्शन सोराड़ी**, नैनीताल

## टकराव अच्छा नहीं

**राजनीतिक** जंग चलती रहती है। मगर जब यह उस मुकाम पर आकर ठहरती है जहां राजनीति शून्य हो जाती है, तो यह लोकतंत्र में रखने वाली बात होती है। मध्य प्रदेश से चला सियासी ड्रामा राजस्थान पहुंच गया है। दोनों में राज्यपाल और सरकार के बीच तनातनी बनी रही जो ठीक नहीं है। हालांकि यह विवाद कोई हालिया नहीं है वरन यह तो पुरानी सरकारों की देन है। बीते दिनों राजस्थान में सरकार और राज्यपाल के बीच विधानसभा सत्र बुलाने को लेकर जो जोर आजमाइश हुई। कभी राज्यपाल डाल-डाल तो कभी गहलोत पात पात। सब गतिविधियां इस ड्रामा में नजर आईं जो लोकतंत्र के लिए उपयुक्त नहीं है। इसके पूर्व मध्य प्रदेश में भी इस तरह का विवाद गहरा चुका है। वैसे इस तरह की विवाद की स्थिति पूर्ववर्ती सरकारों मे भी होती आई है। आज इस तरह का विवाद की स्थिति बनना कम से कम लोकतंत्र की मर्यादाओं के अनुकूल नहीं है। सरकार और महामहिम पद पर बैठे लोग इस तरह के विवाद से बचें क्योंकि राजपाल किसी दल विशेष के नहीं रहते। उनका निष्पक्ष क्रियाकलाप जरूरी है।

– **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# फरमाया



**भूटान** में रियल इस्टेट के लिए उन्होंने जो दावे किए हैं और भारत में उन्होंने जो घुसपैठ की, वह सब चीन के इरादों के संकेत हैं।

– **माइक पोम्पियो**
अमेरिकी विदेश सचिव



**मुंबई** पुलिस सुशांत सिंह राजपूत की मौत की बिहार पुलिस द्वारा निष्पक्ष जांच में बाधा डाल रही है। भाजपा को लगता है कि यह मामला सीबीआई के सुपुर्द किया जाना चाहिए।

– **सुशील मोदी**
उपमुख्यमंत्री बिहार



**सीबीआई** जांच की जरूरत नहीं है। मुंबई पुलिस साक्ष्यों के आधार पर जांच कर रही है। उम्मीद है कि जांच जल्द ही पूरी हो जाएगी।

– **जयंत पाटिल**
जल संसाधन मंत्री महाराष्ट्र

# रविवार को मिले 144 कोरोना संक्रमित, तीन की मौत

## ● हनुमान घाट क्षेत्र सील कर हॉटस्पॉट क्षेत्र घोषित, जिले में 61 मरीजों की हो चुकी है मौत



**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**कोरोना** का संक्रमण रूकने का नाम ही नहीं ले रहा है। बनारस में रविवार को 144 कोरोना संक्रमित पॉजिटिव पाये जाने की पुष्टि हुई है। वहीं कोरोना से तीन लोगों की मौत हो गई है। अब जिले में मरने वालों की संख्या 61 हो गई है। वहीं जिले में 44 कोरोना संक्रमित लोगों की सैंपल रिपोर्ट निगेटिव आने पर घर के लिए छुट्टी दी गई।

डीएम कौशल राज शर्मा ने बताया कि रविवार को पूर्वाह्न 11बजे 39 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई तथा शाम को 105 लोगों की सैंपल रिपोर्ट सहित कुल 144 पॉजिटिव केस की पुष्टि हुई है। अब जिले में कोरोना संक्रमितों की संख्या तीन हजार के पार पहुंच गई है। वहीं जिले में मरने वालों की संख्या 61 हो गई है। भेलूपुर थाना क्षेत्र के हनुमान घाट पर शनिवार को कोरोना मरीज पॉजिटिव संक्रमित पाये जाने के बाद प्रशासन ने हनुमान घाट क्षेत्र को सील कर हॉटस्पॉट क्षेत्र घोषित कर दिया गया। वाराणसी में कोरोना संक्रमितों की संख्या हर दिन बढ़ती जा रही है। कोरोना से मौत और पॉजिटिव का आंकड़ा अब बड़ी संख्या की ओर बढ़ने लगा है। वाराणसी में शनिवार को 24 घंटे का रिकॉर्ड टूट गया। एक दिन में 182 कोरोना मरीज मिलने की संख्या जिले की सबसे ज्यादा थी। शनिवार को मिले मरीजों में आईजी ऑफिस में छह, एसएसपी कैंप ऑफिस में एक, बीएचयू चीफप्रॉक्टर ऑफिस में दो, मदर टेरेसा आश्रम में रहने वाली 15 महिलाओं के साथ ही पिंडरा तहसील में दो और अर्बन पीएचसी से जुड़े 10 लोग संक्रमित मिले। स्वास्थ्य विभाग को आईएमएस बीएचयू के माइक्रोबायोलॉजी लैब से शनिवार को 2759 सैंपल की रिपोर्ट मिली थी।

## नान कोविड अस्पताल के रूप में संचालित होंगे ट्रस्ट संचालित अस्पतालः पर्यटन मंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**प्रदेश** के पर्यटन संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉक्टर नीलकंठ तिवारी ने कोविड वैश्विक महामारी के दौरान अन्य रोगों से पीड़ित मरीजों को बेहतर तरीके से चिकित्सकीय सुविधा सुलभ कराए जाने के उद्देश्य से वाराणसी जनपद में विभिन्न ट्रस्टों के द्वारा संचालित लगभग एक दर्जन से अधिक बंद पड़े अस्पतालों को नान कोविड अस्पताल के रूप में संचालित किए जाने पर विशेष जोर दिया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इस संबंध में पर्यटन मंत्री डॉक्टर नीलकंठ तिवारी ने वार्ता कर ट्रस्टों के इन अस्पतालों को आर्थिक मदद मुहैया कराकर नान कोविड अस्पताल के रूप में शीघ्र शुरू कराए जाने का सुझाव दिया। मुख्यमंत्री ने इस पर सहमति जताते हुए प्रस्ताव तैयार कर उपलब्ध कराए जाने का निर्देश दिया है। मंत्री डॉक्टर नीलकंठ बताया कि वाराणसी जनपद में मारवाड़ी सेवा सदन व बिड़ला और आनंदमयी मेहता एवं रामकृष्ण मिशन सहित लगभग एक दर्जन से अधिक चिकित्सालय विभिन्न ट्रस्टों द्वारा संचालित किए जाते हैं। वर्तमान में रामकृष्ण मिशन एवं आनंदमयी चिकित्सालय के अलावा विभिन्न ट्रस्टों द्वारा संचालित अन्य चिकित्सालय बंद पड़े। जबकि इन चिकित्सालय के पास चिकित्सकीय इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध है। यदि इन चिकित्सालय को नान कोविड के रूप में शुरू करा दिया जाए तो अन्य रोगों से पीड़ित मरीजों को चिकित्सकीय लाभ प्राप्त करने में निश्चित रूप से मदद मिलेगी और वर्तमान दौर में यह व्यवस्था मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा से फोन पर इन अस्पतालों की सूची तैयार कर इन्हें तत्काल संचालित किए जाने के संबंध में इनके ट्रस्टियों एवं प्रबंधकों से वार्ता करने को कहा है। पर्यटन मंत्री डॉक्टर नीलकंठ तिवारी ने बताया कि वे स्वयं भी शीघ्र ही इन अस्पतालों के ट्रस्टियों एवं प्रबंधकों के साथ अस्पतालों का संचालन शुरू करने के संबंध में बैठक करेगें।

## सोशल डिस्टेंसिंग के साथ पढ़ी नमाज ईद उल अजहा की दी बधाई

### ● एडीएम सिटी व एसपी सिटी ने लाटभैरव पर मुस्लिम भाइयों को दी अजहा की बधाई



**वाराणसी।** कुर्बानी का पर्व ईद उल अजहा नजारा बदला-बदला रहा। कोरोना संक्रमण के कारण इबादतगुजारों से लबरेज रहने वाली मस्जिदें सुनी-सुनी सी थीं।वहीं ईदगाहें वीरान-वीरान सी। बावजूद इसके इबादत का जज्बा बरकरार रहा। मस्जिदों से लेकर घरों तक इबादत का सिलसिला चलता रहा। मुल्क से कोरोना महामारी के खात्मे, मिल्लत और शांति की दुआ के साथ शहर की प्रमुख मस्जिदों में बकरीद की नमाज सकुशल सम्पन्न हुई। इबादत के बाद कुर्बानी का का दौर शुरू हो गया। सबसे अतिसंवेदनशील सरैंया स्थित लॉटभैरव मस्जिद पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध के साथ एडीएम सिटी गुलाबचंन्द्र सिटी एसपी विकासचन्द्र तिवारी, सीओ कोतवाली प्रदीप कुमार चंदेल, प्रभारी निरीक्षक प्रमोद पाण्डेय, आदमपुर थानाध्यक्ष सतीश कुमार सिंह सहित भारी सुरक्षा बल तैनात रहे। नमाज आद करने के बाद मुस्लिम भाईयों को एडीएम सिटी एवं सिटी एसपी ने ईद उल अजहा की बधाई दी। शिया जामा मस्जिद में बकरीद के नमाज दौरान मकरीर करते हुए हाजी सैयद फरमान हैदर ने कहा कि सब्र के साथ इबादत को अंजाम देना ही कुर्बानी कहलाता है। कुर्बानी चाहे फिर देश, धर्म समाज और परिवार के प्रति क्यों न हों। जनाबे इब्राहिम ने अपने बेटे इस्माइल की कुर्बानी पेंश की थी और इसके बाद त्योहार शुरू हुआ। इमाम हुसैन ने इंसानियत को बचाने के लिए 1381 साल पहले 72 कुर्बानिया पेश की थी। आज जिसकी सराहना पूरा विश्व करता है।

## क्विक न्यूज

### आधिकारिक तौर पर सात को होगी घोषणा

**प्रयागराज।** कोरोना काल में देश में कंपनी की अत्यंत सफल यात्रा के अनुसार नई सोनेट कॉम्पैसक्टे एसयूवी सेगमेंट में दमदार प्रवेश के लिये तैयार है। भारत में उत्पादित किया सोनेट का केबिन शानदार और परिष्कृटत है। किया मोटर्स इंडिया ने आज आगामी सोनेट कॉम्पैंक्ट एसयूवी के इंटीरियर और एक्सटीरियर की आधिकारिक तस्वीरें जारी की हैं। उत्पादन के लिये तैयार किया सोनेट का डिजाइन अलग और डायनैमिक है और इसमें इसके सेगमेंट के कई पहले फीचर्स हैं। नई किया सोनेट का प्रदर्शन सबसे पहले ऑटो एक्सपो दो हजार बीस में एक कॉन्सेप्टई के तौर पर किया गया था। इसका वर्ल्डन प्रीमियर सात अगस्त को होगा। किया मोटर्स कॉर्पोरेशन के सीनियर वाइस प्रेसिडेन्ट और किया ग्लोबल डिजाइन के हेड करीम हबीब ने कहा दुनिया के सामने नई किया सोनेट को प्रस्तुत करते हुए रोमांचित हैं।

### भावनाथ को मिली बांगरमऊ कोतवाली की कमान

**उन्नाव।** बिना निरीक्षक के खाली चल रही बांगरमऊ कोतवाली में शनिवार की देरारात एसपी रोहन पी कनय ने पोस्टिंग कर दी है। एसपी ने बेहटामुजवार थाना प्रभारी रहे भावनाथ चौधरी को बांगरमऊ का कोतवाल बनाया है। जबकि बेहटामुजवार थाने की कमान बीघापुर की लालकुंआ चौकी प्रभारी रहे रामआसरे चौधरी को सौंपी है।

### मारपीट के बाद चले पत्थर, चार जख्मी

**मौरावां, उन्नाव।** थाना क्षेत्र के हिलौली मोहल्ला खागा निवासी विनोद जायसवाल व छंगा जायसवाल के परिवार के बीच पुरानी रंजिश चल रही है। रविवार को विनोद टंकी के पानी सप्लाई की टोटी लगवा रहे थे। जिसका दुर्गेश पुत्र छंगा, रिंका पत्नी दुर्गेश, रामदुलारी पत्नी छंगा विरोध करने लगे। बात बढने पर दोनो ओर से गालीगलौज के बाद लाठी डंडे व ईट पत्थर चलने लगे। मारपीट मे दोनो पक्षो के उपरोक्त चारो महिला पुरूष घायल हो गए। घायलो को पुलिस ने मेडिकल के लिए भेजा है। अभी तक दोनो पक्षो से पुलिस को तहरीर नही प्राप्त हुई है।

### कैबिनेट मंत्री के निधन पर जिले में शोक की लहर

**उन्नाव।** प्रदेश की कैबिनेट मंत्री कमलरानी वरुण के रविवार की सुबह निधन की खबर मिलते ही जिले के बीजेपी कार्यकर्ताओ में शोक की लहर दौड़ गई। वह प्रदेश सरकार में टेक्निकल एजुकेशन मंत्री थीं। वर्तमान समय में वह कोरोना से संक्रमित थीं और लखनऊ के पीजीआई में उनका इलाज चल रहा था। निधन पर सांसद साक्षी महराज ने कहा कि कैबिनेट मंत्री के असमय निधन की सूचना, व्यथित करने वाली है। प्रदेश ने आज एक समर्पित जननेत्री को खो दिया। वह मेरे साथ लोकसभा में भी सहयोगी रही। परिजनों के प्रति मेरी संवेदनाएं है। जिलाध्यक्ष राजकिशोर रावत ने उनके निधन समाज और सरकार के लिये अपूरणीय क्षति है। वर्चुअल मीटिंग द्वारा पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं द्वारा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिसमें सदर विधायक पंकज गुप्ता, प्रभान शंकर दीक्षित, आनंद अवस्थी, राधेश्याम रावत, गंगाप्रसाद वर्मा, श्रीकांत कटियार अन्य मौजूद रहे।

### गंगा में बढ़ाव जारी, सरयू नदी खतरे से ऊपर



**वाराणसी।** एक दिन पूर्व काफी देर तक बारिश के बाद कई प्रमुख नदियों सहित पूर्वांचल के पहाड़ी इलाकों की नदियों में उफान की स्थिति है। कई प्रमुख नदियों का जलस्तर उफान की ओर है और बलिया जिले में सरयू नदी खतरा बिंदु से लगातार ऊपर बह रही है। गंगा नदी में उफान होने के बाद वरुणा में होने वाले पलट प्रवाह से तटवर्ती लोगों में चिंता है। जबकि बाढ़ से होने वाली दुश्वारियों को देखते हुए तटवर्ती लोग अभी से तैयारियों में जुट गए हैं। केंद्रीय जल आयोग की ओर से रविवार को जारी रिपोर्ट में मीरजापुर और वाराणसी में गंगा आधा फिट बढाव के बाद अब स्थिर है जबकि गाजीपुर और बलिया जिले में गंगा का रुख बढ़ाव की ओर है। सोनभद्र में रिहंद और बाणसागर बांध में भी जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। बलिया के तुर्तीपार में सरयू का जलस्तर लगातार बढ़ाव की ओर है जो रविवार को दोपहर 64.74 मीटर पर दर्ज किया गया। बलिया और मऊ जिले में सरयू नदी में उफान होने से कई निचले इलाकों में पानी भर गया है और कटान की भी स्थिति बन गई है। जबकि फसल डूबने से नुकसान के साथ ही पशुओं के चारे का भी संकट होने लगा है। नदी में उफान की स्थिति को देखते हुए लोग पशुओं को सुरक्षित इलाके में भी पहुंचाने की तैयारी में जुट गए हैं।

### भाइयों के कलाइयों पर सजेगी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की बनायी राखियां

**वाराणसी।** दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना अंतर्गत विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी स्वयं सहायता समूह की महिलायें रक्षाबंधन पर्व के दृष्टिगत राखी बनाने हेतु आगे आयी हैं और जनपद के विभिन्न विकास खंडों में राखी बनाने का कार्य कर रही हैं। विकास खण्ड आराजीलाइन के ग्राम शहंशाहपुर व मिर्जामुराद में 10 महिलायेंए हरपुर में 3 महिलाए विकास खण्ड काशीविद्यापीठ के ग्राम सुजाबाद व करौंदी में स्वयं सहायता समूह की 10.10 महिलाएं विकास खंड पिण्डरा में पहलवान बाबा महिला ग्राम संगठन के अंतर्गत 12 महिलाएं आदि राखी बनाने का कार्य कर रही हैं। यह महिलाएं कच्चा माल स्थानीय स्तर पर तथा वाराणसी से लाकर अपने गांव में राखी बनाने का कार्य कर रही हैं। इनके द्वारा बनायी गयी राखियां काफी सस्ती हैं तथा ग्रामीण क्षेत्रों में इनकी खूब मांग हो रही है। समूह की महिलाएं अपने द्वारा बनायी गयी राखियां अपने ग्राम संगठन समूह व संकुल स्तर पर तथा दीदी समूह से ऋण लेकर परचून या जनरल स्टोर की दुकान खोली है या जिस दीदी के पास अपनी स्वयं की दुकान हैए वहीं पर राखी बेचने हेतु जगह भी तलाशी ली हैं। लॉकडाउन व चाइना से आने वाली राखियों का लोगों के विरोध को देखते हुए समूह की महिलाओं हेतु राखी बनाने का कार्य उनकी आमदनी में अच्छी खासी वृद्धि करने हेतु एक अच्छा अवसर है।

### कोविड-19 की इस महामारी में टीबी की रोकथाम को प्रेटोमानीड को मंजूरी

**वाराणसी।** कोविड.19 की वैश्विक दवा कम्पनी मायलन ने आज टीबी की रोकथाम की दवा प्रेटोमानीड को भारतीय औषधि महानियंत्रक डीसीजीआई, से मंजूरी मिलने की घोषणा की। यह दवा राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम एनटीईपी, के तहत सशर्त उपयोग के लिए उपलब्ध होगी। इस तरह भारत इस दवा के लिए नियामक मंजूरी देने वाला दूसरा देश होगा। प्रेटोमानीड को तीनणदवा के तहत, सभी छहणमहीने की मौखिक खुराक के लिए मंजूरी दी गई है कुछ मामलों में इलाज बढ़ा कर नौ महीने करने का विकल्प होगा।

## कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद बीईओ ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

### ● शहर कोतवाली क्षेत्र के कल्याणीदेवी मोहल्ला का रहने वाला था मृतक

**संवाददाता।** उन्नाव

**शहर कोतवाली** क्षेत्र के कल्याणी देवी मोहल्ला निवासी सुरेश वर्मा (53) पुत्र गंगाचरण कानपुर में खंड शिक्षाधिकारी (बीईओ) के पद पर तैनात था। एक पखवाड़ा पहले तबियत खराब होने पर टायफइड और कोरोना की जांच 27 जुलाई को उर्सला में करवाई थी। शनिवार की दोपहर उर्सला से फोन पर जानकारी दी गई कि जांच में अधेड़ कोरोना संक्रमित मिले है। देर रात परिवार के सभी सदस्य खाना खाने के बाद अपने अपने कमरों में सोने के लिए चले गए। तभी रात में बीईओ ने डर से कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। रविवार की सुबह पत्नी हेमलता ने शव लटकता देखा तो पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी सिविल लाइन सुबोध कुमार यादव ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**कोरोना संक्रमित जानकारी से हड़कंपः** मृतक बीईओ के कोरोना संक्रमित होने की जानकारी होने पर पुलिस से लेकर पोस्टमार्टम हाउस कर्मियों तक में हड़कंप मच गया। पुलिस ने आनन फानन पंचायतनामा भर कर शव को पोस्टमार्टम कर्मियों के सुपुर्द कर दिया।

**एसआई के उड़े होशः** पंचायनामा भरने गए एसआई सुबोध कुमार यादव को जैसे ही पता चला कि मृतक की रिपोर्ट पॉजिटिव आई उनके होश उड़ गए। पंचायनामा भरने के बाद एसआई ने अपना व स्वयं को सेनेटाइज किया है।

## सावन का अंतिम सोमवार एवं रक्षाबंधन पर्व आज

● बहनें अपने भाई को राखी तथा मिष्ठान खरीदती हुई

● ड्रोन कैमरे से मैदागिन से सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए

● श्री काशी विश्वनाथ के मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए भीड़ बढ़ सकती है

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**सावन मास** का अंतिम सोमवार आज है। इस दिन रक्षाबंधन का त्योहार भी है। रविवार को मैदागिन चौराहे पर ड्रोन कैमरे की नजर से मैदागिन से श्री काशी विश्वनाथ मंदिर तक सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ड्रोन कैमरा कैद कर रहा था। जिस समय ड्रोन कैमरा से सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहा है उस समय मैदागिन चौराहे पर पुलिस अधिकारी एवं यातायात पुलिस भी मौजूद रही जो ड्रोन कैमरा की करामात देख रहा था। यह कैमरा करीब 100 मीटर के रेंज को कवर कर रहा था। सावन के अंतिम सोमवार को श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए भारी भीड़ लग सकती है। इसलिए जिला प्रशासन ने सुरक्षा को काफी मुस्तैद कर दिया है।

भाई-बहन का पर्व रक्षाबंधन श्रावण मास के अंतिम दिन पूर्णिमा पड़ता है, इस वर्ष यह पर्व सोमवार को पड़ रहा है जो काफी दिनों बाद ऐसा संयोग माना जा रहा है। भाई-बहन का यह पर्व रक्षाबंधन बहुत ही अटूट रिश्ता कहलाता है। कहा जाता है कि जब बहन अपने भाई की कलाई में रक्षासूत्र बांधती है तो अपने भाई से यह शपथ दिलाती है कि भईया इस पवित्र रक्षा को संभाल कर रखना और जब बहन कोई मुसीबत में हो तो भाई उसकी मदद करें। और अपनी बहन की सुरक्षा के साथ दु:ख-सुख का साथी होता है।यह रक्षाबंधन भाई-बहन का अटूट रिश्ता कहलाता है। शहर में बहनों ने अपने भाई की कलाई में रक्षाबंधन बांधने के लिए बाजार से राखी और मिठाई खरीद रही है। मिठाई व राखी की दुकान पर बहने रक्षाबंधन खरीद रही हैं।

## नोडल अधिकारी ने विशेष स्वच्छता अभियान का किया शुभारम्भ

**संवाददाता।** उन्नाव



**जनपद में** शासन स्तर से नामित नोडल अधिकारी/अपर मुख्य सचिव मुकुल सिंघल ने रविवार को कलेक्ट्रेट स्थिति विशेष स्वच्छता अभियान का शुभारम्भ हरी झण्डी दिखा कर किया गया और मोती नगर मोहल्ले में स्वच्छता की हकीकत को परखा। नोडल अधिकारी ने शुभारम्भ के दौरान उपस्थित अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज वैज्ञानिक तरीके से स्वच्छता का कार्य किया जा रहा है, उन्होने उम्मीद जताई कि यह कार्यक्रम वृहद स्तर पर आगे चलता रहेगा। उन्होंने कहा की इस कार्यक्रम का उद्देश्य न्याय पंचायतों में तैनात नोडल अधिकारी अपनी देख रेख में साफ-सफाई करायेगे। गांव में जाकर साफ-सफाई का कार्यक्रम चलाते हुए जागरूकता फैलायेगे ताकि जामिनी हकीकत दिखे। कोरोना वायरस का जिक्र करते हुए कहा कि कोरोना वायरस के संक्रमण से सभी को बचने के पूरे उपाय करना चाहिए, इसलिए आवश्यक है कि माक्स व ग्लब्स आदि का उपयोग व सोशल दूरी बना कर अपने सामाजिक जिम्मेदारी को पूरा करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा जिस तरह से स्वच्छता कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार की है वह काबिले तारीफ है। मुझे उम्मीद है कि उन्नाव जनपद प्रदेश स्तर पर अपना नाम दर्ज कराएगा।

## रक्षाबंधन आज, जमकर हुई राखी व मिठाई की खरीदारी



**उन्नाव।** रक्षाबंधन को लेकर रविवार को लोगो ने जमकर खरीदारी की। मिठाई और राखी की दुकानों में सुबह से देरशाम तक जमकर भीड़ रही। लोगों में खरीदारी को लेकर उत्साह का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि दुकान खोलने के लिए निर्धारित सुबह 7 बजे के समय से पहले ही कई लोग खरीदारी करने पहुंच गए। इससे उत्साहित दुकानदारों ने भी जमकर कारोबार किया है। बताते चले कि कोरोना वायरस महामारी के चलते सरकार ने रविवार के दिन सख्ती के साथ लॉकडाउन लगाने की घोषणा की हुई है। इसमें आवाजाही के अलावा केवल जरूरी वस्तुओं की दुकानें खोलने की इजाजत है। वहीं इस बार तीन अगस्त को मनाए जा रहे रक्षाबंधन से एक दिन पहले रविवार होने के कारण दुकानें खोलने की इजाजत दी गई है। इसके लिए दुकानदारों द्वारा पिछले कई दिनों से लगातार मांग की जा रही थी। सरकार की मंजूरी के बाद रविवार को सुबह सुबह सात बजे से रात आठ बजे तक सभी दुकानें खोली गईं।

## प्लाट में पड़ा मिला युवक का शव, हत्या की आंशका

**फतेहपुरचौरासी,उन्नाव।** थाना क्षेत्र के नासिरपुर गांव के रहने वाले युवक का रविवार की सुबह गांव के बाहर स्थित एक प्लाट में शव पड़ा मिला। ग्रामीणो ने शव पड़ा देखा तो पुलिस को अवगत कराया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पिता ने हत्या की आंशका जताई है। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपार्ट आने के बाद कार्रवाई करने की बात कही है। फतेहपुरचौरासी थाना क्षेत्र के नासिरपुर गांव निवासी अमित (32) पुत्र पृथ्वीपाल का रविवार की सुबह गांव के बाहर स्थित नहर के पास स्थित एक प्लाट में पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पिता ने हत्या की आंशका जताई है। थाना प्रभारी सुरेश कुमार पटेल ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपार्ट आने के बाद कार्रवाई करने की बात कही है।

## अस्पतालों में भर्ती मरीजों के लिए की गयी व्यवस्थाओं की डीएम ने की समीक्षा

### ● जिलाधिकारी ने स्वरूपरानी अस्पताल का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थायें चुस्त दूरूस्त करने का दिया निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज



**जिलाधिकारी** भानुचन्द्र गोस्वामी ने रविवार को स्वरूपरानी अस्पताल के प्रेक्षागृह में मेडिकल टीम के साथ बैठक की। उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों के लिए की गयी व्यवस्थाओं की समीक्षा की। डीएम ने स्वास्थ्य विभाग के सर्विलांस टीम को निर्देशित करते हुए कहा कि डोर टू डोर परीक्षण करते हुए कोरोना के लक्षण प्रतीत होने वाले लोगों की जांच कराते हुए ऐसे लोगों को समय से अस्पताल में भर्ती कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि गम्भीर स्थिति में होने पर अस्पताल में आने वाले मरीजों की देखभाल में कठिनाई आती है। ऐसे लोग यदि समय से अस्पताल आ जाये तो आसानी से उनका ट्रीटमेंट किया जा सकता है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जो भी मरीज भर्ती किये गये हैं या भर्ती किए जाएं उनके साथ बेहतर ढंग से व्यवहार किया जाये। कहा कि जो जूनियर डॉक्टर हैं उनको भी कोविड 19 की टीम के साथ लगाकर प्रशिक्षित किया जाए। उन्होंने कहा कि कोविड 19 के सम्बंध में बनाये गये मानकों का सभी लोग पूर्णतः पालन करें। चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ अपनी सुरक्षा का ध्यान रखते हुए मरीजों का ठीक ढंग से देखभाल करें। बैठक के बाद जिलाधिकारी ने स्वरूपरानी अस्पताल के विभिन्न वार्डों एवं परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने मुख्य भवन के गेट पर कोविड 19 के मरीजों के परिजनों के लिए रिसेप्शन हॉल बनाये जाने हेतु पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया है। जिससे कि कोरोना के मरीजों के परिजनों को बैठने के लिए समुचित व्यवस्था रहे। साथ ही साथ उन्होंने पास में खाली जमीन पर टॉयलेट बनाने के लिए भी कहा है। जिलाधिकारी ने कोविड 19 के मरीजों के उपचार हेतु बनाये गए नए भवन पीएमएसएसवाई के वार्डों में आक्सीजन वेंटिलेटर टेलीकाम सहित अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थायें जल्द से जल्द पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया है। जिलाधिकारी ने अस्पताल के भूतल पर स्थित एक जनरल वार्ड को आईसीयू वार्ड में परिवर्तित करने हेतु भी कहा है। जिलाधिकारी ने अस्पताल परिसर का भ्रमण कर साफ सफाई की निरंतर व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये हैं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी आशीष कुमार स्वरूपरानी मेडिकल कालेज के प्राचार्य डॉक्टर एस पी सिंह उपस्थित रहे।

## एयर मार्शल दिलीप पटनायक ने संभाला वरिष्ठ वायु स्टाफ अफसर का पदभार



**प्रयागराज।** एयर मार्शल दिलीप कुमार पटनायक ने मध्य वायु कमान भारतीय वायु सेना के वरिष्ठ वायु स्टाफ अफसर का पदभार ग्रहण कर लिया। एयर मार्शल ने भारतीय वायु सेना की लड़ाकू विमान शाखा में फाइटर पायलट के रुप में 08 जून 1984 को कमीशन प्राप्त किया है। वायु अफसर दिलीप को भारतीय वायु सेना में उपलब्ध विभिन्न प्रकार के फाइटर एवं ट्रेनर विमानों को उड़ाने का व्यापक अनुभव है। श्री दिलीप मिग 21 और मिराज 2000 फाइटर विमान पर की गई ऑपरेशनल उड़ानों सहित 2500 घंटे से भी अधिक विमान उड़ाने का अनुभव प्राप्त है। विंग कमांडर एवम पीआरओ रक्षा मंत्रालय शैलेन्द्र पांडेय ने बताया कि भारतीय वायु सेना में कार्यकाल के दौरान वायु अफसर ने विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर रहे। वह फाइटर स्क्वाड्रन के कमांडिंग अफसर रहे हैं। एयर वाइस मार्शल के तौर पर श्री दिलीप स्ट्रेटजिक फोर्सेस कमान मुख्यालय में चीफस्टाफअफसर तथा वायु सेना मुख्यालय वायु भवन में सहायक वायु सेनाध्यक्ष ऑपरेशन्स जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रहे। वर्तमान पदभार ग्रहण करने के पूर्व वह ख्यातिप्राप्त एयर वारफेयर कालेज के कमांडेंट थे। उनकी विशिष्ट सेवाओं को देखते हुए राष्ट्रपति द्वारा अगस्त 1999 में वायु सेना मेडल (शौर्य) तथा जनवरी 2020 में अति विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित किया गया है।

# हवाई युद्ध की स्थिति में राफेल से भारत को काफी फायदा मिलेगा : बीएस धनोआ


**भाषा।** नई दिल्ली

**वायु** सेना के पूर्व प्रमुख एयर चीफ मार्शल (अवकाशप्राप्त) बी एस धनोआ ने रविवार को कहा कि पहाड़ी तिब्बत क्षेत्र में चीन के साथ किसी हवाई संघर्ष की स्थिति में भारत को राफेल विमानों से सामरिक लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में इस बेड़े का उपयोग अपने लाभ के लिए किया जा सकेगा और यह दुश्मन की हवाई रक्षा को नष्ट कर सकेगा तथा जमीन से हवा में मार करने वाली मिसाइलों को निष्प्रभावी कर देगा।

बालाकोट हमले में अहम भूमिका निभाने वाले धनोआ ने कहा कि एस-400 मिसाइल प्रणाली के साथ राफेल जेट विमान भारतीय वायु सेना को पूरे क्षेत्र में एक बड़ी बढ़त देगा और भारत के विरोधी उसके



खिलाफ युद्ध शुरू करने से पहले दो बार सोचेंगे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के मामले में एस-400 और राफेल का मकसद पाकिस्तानी विमान पर पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र के अंदर हमला करना है, न कि जब वे भारतीय क्षेत्र में अंदर आ जाएं। उन्होंने कहा कि अगर भारत के पास फ्रांस में बने जेट विमान पहले से होते तो पिछले साल पड़ोसी देश ने 27 फरवरी को बालाकोट का जवाब नहीं दिया होता। धनोआ ने एक विशेष साक्षात्कार में कहा कि अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक खूबियों से लैस राफेल तिब्बत के पहाड़ी क्षेत्र का उपयोग अपने लाभ के लिए कर सकेगा और भारतीय युद्धक विमान के दुश्मन के हवाई क्षेत्र में अपने मिशन को पूरा करने के लिए प्रवेश करने से पहले उसे भ्रमित कर देगा। पूर्व वायु सेना प्रमुख ने यह भी कहा कि भारतीय वायुसेना को मिल रहे राफेल विमान फ्रांसीसी वायु सेना द्वारा उपयोग में लाए जाने वाले विमानों की तुलना में बहुत अधिक उन्नत हैं क्योंकि भारत ने लेह जैसी विशेष परिस्थितियों में परिचालन की आवश्यकता के कारण कुछ अधिक की जरूरत बताई थी। धनोआ ने कहा कि राफेल अपने लाभ के लिए इलाके का उपयोग करने और इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपनी रक्षा करने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि ऐसे में राफेल दुश्मन की वायु रक्षा को नष्ट करने तथा जमीन से हवा में मार करने वाली मिसाइलों को निष्प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।




पुष्कर में मिट्टी से राम मन्दिर की प्रकल्पित चित्रकारी करते हुए कलाकार अजय रावत

## शराब ठेकेदार के गुर्गों ने युवक को बेरहमी से पीटा, छह आरोपी गिरफ्तार

**इंदौर ( मध्यप्रदेश )।** शराब ठेकेदार के गुर्गों द्वारा 20 वर्षीय एक युवक को बंधक बना कर उसे बेरहमी से पीटे जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर फैलने के बाद छह लोगों को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। राजेंद्र नगर पुलिस थाना के प्रभारी सुनील शर्मा ने बताया कि इस वारदात के वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

थाना प्रभारी ने बताया, जांच में पता चला है कि युवक को बंधक बनाकर पीटने की घटना सात-आठ दिन पुरानी है। उन्होंने संबंधित शराब ठेकेदार के नाम का खुलासा किए बगैर बताया, सभी छह आरोपी एक शराब ठेकेदार के कर्मचारी हैं, जिसके शहर के अलग-अलग स्थानों पर ठेके चल रहे हैं। शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों ने चोइथराम चौराहे पर स्थित शराब के एक बंद पड़े अहाते में 20 वर्षीय एक युवक को इस संदेह में पीटा कि वह अवैध शराब बेच कर ठेकेदार के कारोबार को नुकसान पहुंचा रहा है।

पीड़ित युवक का फिलहाल पता नहीं चल सका है। वीडियो के आधार पर उसकी पहचान की कोशिश की जा रही है। वीडियो में शराब के अहाते में कुछ लोग युवक को बंधक बनाकर उसे प्लास्टिक की सख्त पाइप से बेरहमी से पीटते नजर आ रहे हैं, जबकि वह उनसे दया की भीख मांगते हुए कह रहा है कि वह अवैध शराब नहीं बेचता है और मकानों की छत की ढलाई का काम करता है।

अधिकारियों के मुताबिक पुलिस को संदेह है कि खुद आरोपियों ने इस वारदात का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया, ताकि शराब ठेके के क्षेत्र में अवैध शराब बेचने वाले अन्य लोग भी उनसे खौफ खाएं। आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड विधान की धारा 342 (बंधक बनाना), धारा 294 (गाली-गलौच) और धारा 323 (मारपीट) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## अस्पताल के बाहर नवजात के शव को कुत्तों ने नोचा, पुलिस ने जांच शुरू की

**अशोकनगर ( मध्यप्रदेश )।** मध्य प्रदेश के अशोकनगर जिले में एक सरकारी अस्पताल के बाहर एक गुमटी के नीचे एक नवजात के शव को आवारा कुत्तों के द्वारा शनिवार को नोचते हुए देखे जाने पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने रविवार को बताया कि हो सकता है कि यह बच्चा मरा हुआ पैदा हुआ हो और उसके परिजनों द्वारा उसे दफना देने के बाद कुत्ते निकाल लाए होंगे। अशोकनगर जिला अस्पताल के सिविल सजर्न हिमांशु शर्मा ने बताया, ईशागढ़ थाना क्षेत्र की 22 वर्षीय एक महिला प्रसव करवाने के लिए आई थी। उसकी डिलीवरी होनी थी और उसे काफी रक्तस्राव हो रहा था। उसका आपरेशन से मृत बच्चा हुआ। उसके शव को उसके परिजनों को सौंप दिया था। उसके परिजनों ने बताया कि किसी ताल के किनारे उन्होंने शव दफना दिया था, उसे बाद में कुत्ते निकाल लाए होंगे। कोतवाली पुलिस थाना प्रभारी पी पी मुदगिल ने बताया कि किसी व्यक्ति द्वारा पुलिस को नवजात के शव को कुत्तों द्वारा खाने की सूचना मिली थी। उस पर एक सहायक पुलिस उपनिरीक्षक को घटनास्थल पर भेजा था जहां तुरंत बच्चे के शव को तोलिया से ढककर कुत्तों को भगाया गया था। इसके बाद तुरंत नगरपालिका से स्वीपर को बुलाकर उसको दफना दिया था। उन्होंने कहा कि शव को कुत्ते कहां से लाए थे, ए अब तक पता नहीं चल पाया है।

## पंजाब में जहरीली शराब त्रासदी में बाल-बाल बच गए लोगों की आंखों की रोशनी प्रभावित

**भाषा।** चंडीगढ़

**पंजाब** के जहरीली शराब कांड में अब तक 98 लोगों की मौत हो चुकी है और बच गए लोगों में से कई ने आंखों की रोशनी प्रभावित होने की शिकायत की है। इस घटना में बच गए लोगों में से एक तिलक राज नामक व्यक्ति का कहना है कि जहरीली शराब पीने के बाद वह ठीक से नहीं देख पा रहा है। यह त्रासदी बुधवार शाम को शुरू हो गई थी। जहरीली शराब के कारण तरणतारण में 75, अमृतसर में 12 और गुरदासपुर के बटाला में 11 लोगों की जान चली गई।

बटाला नगर निगम के अनुबंधित कर्मी तिलक राज का कहना है कि जहरीली शराब पीने के बाद उसे बेचैनी होने लगी थी। उसने बटाला में हाथीगेट इलाके में त्रिवेणी चौहान और दर्शना रानी उर्फ फौजान से 60 रूपए में शराब खरीदी थी।

पुलिस दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। राज ने कहा, इसे पीने के बाद मैं सही तरीके से नहीं देख पा रहा था और बेचैनी महसूस होने लगी। उसके परिवारवाले उसे डॉक्टर के पास ले गए और उसकी जान बच गई। राज (50) ने कहा, अब मैं थोड़ा अच्छा महसूस कर रहा हूं लेकिन मेरी आंखों की रोशनी नहीं सुधरी है और चीजें घूमती हुई नजर आती हैं।

बटाला में इस त्रासदी में बच गए अजय कुमार (32) नामक एक व्यक्ति ने कहा कि उसे शराब पीने के बाद सिहरन होने लगी। उसने कहा, मैं अब भी कमजोरी महसूस कर रहा हूं। वह स्थानीय सिविल अस्पताल में भर्ती है। उसने जहरीली शराब की बिक्री के लिए त्रिवेणी और दर्शना को जिम्मेदार ठहराया।

बटाला के बाशिंदों का आरोप है कि हाथी गेट इलाके में खुलेआम जहरीली शराब बेची जा रही थी लेकिन प्रशासन ने कोई कार्वाई नहीं की।

अमृतसर के मुछाल गांव में त्रासदी में बच गए एक अन्य व्यक्ति ने कहा कि शराब पीने के बाद वह बेचैनी महसूस करने लगा और वह ठीक से नहीं देख पा रहा है। एक स्थानीय शीर्ष आबकारी अधिकारी के अनुसार वैसे तो जब्त सामग्री का रासायनिक विश्लेषण अभी आना बाकी है लेकिन ऊपरी तौर पर पता चलता है कि यह ऐसी स्पिरिट है जिसका उपयोग आम तौर पर पेंट या हार्डवेयर उद्योग में किया जाता है।

## क्विक न्यूज

### राजस्थान न्यायिक सेवा में एमबीसी को पांच फीसद आरक्षण के लिए नियमों में संशोधन को कैबिनेट से मंजूरी

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की पहल पर गुर्जरों सहित अति पिछड़ा वर्ग (एमबीसी) के अभ्यर्थियों को राजस्थान न्यायिक सेवा में एक प्रतिशत के स्थान पर पांच प्रतिशत आरक्षण देने के लिए राजस्थान न्यायिक सेवा नियम, 2010 में संशोधन को राज्य कैबिनेट से मंजूरी मिल गई है। इस संशोधन के जरिए राजस्थान न्यायिक सेवा में एक प्रतिशत के स्थान पर पांच प्रतिशत आरक्षण प्रस्तावित है। अति पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी लम्बे समय से न्यायिक सेवा नियमों में संशोधन की मांग कर रहे थे, ताकि उन्हें राज्य न्यायिक सेवा में एक प्रतिशत के स्थान पर पांच प्रतिशत आरक्षण मिल सके। गुर्जर, रायका-रैबारी, गाडिया-लुहार, बंजारा, गडरिया आदि अति पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को नियुक्ति के अधिक अवसर मिलना संभव होगा।

### कोलकाता में यातायात सिपाही की कोविड-19 से मौत

**कोलकाता।** कोलकाता पुलिस के एक कर्मचारी की रविवार को कोविड-19 संक्रमण से मौत हो गई। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पुलिस बल में संक्रमण के कारण यह आठवी मौत है। जोराबगान ट्रैफिक गार्ड में पदस्थ दीपांकर सरकार पिछले हफ्ते संक्रमित पाए गए थे। अधिकारी ने बताया कि सरकार की रविवार की सुबह मौत हो गई। उन्होंने कहा कि उत्तर 24 परगना जिले में उनके परिवार को मौत के बारे में जानकारी दे दी गई है। कोलकाता पुलिस ने ट्वीट किया, कांस्टेबल दीपांकर सरकार की असमय मौत का हमें गहरा दुख है, जो जोराबगान ट्रैफिक गार्ड में पदस्थ थे। वह कोविड-19 से संक्रमित थे और कोरोना वायरस के खिलाफ लड़ाई में अग्रिम मोर्चे पर तैनात थे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि बल के 1200 से अधिक कर्मियों में अभी तक कोविड-19 के लक्षण मिले हैं।

### अस्पताल से फरार कोरोना पीड़ित कैदी को पकड़ा

**कोकराझार।** असम के कोकराझार जिले के एक अस्पताल से फरार हुए बलात्कार के आरोपी कोरोना वायरस संक्रमित एक कैदी को रविवार को भारत-भूटान की सीमा के पास लुंगशुन इलाके से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कैदी कोकराझार के आरएनबी सिविल अस्पताल से मंगलवार की रात फरार हो गया था। सुक्ला मुर्मू पड़ोसी चिरांग जिले का रहने वाला है। कोकराझार की जेल में पांच मई से ही बलात्कार के आरोप में बंद था। 25 जुलाई को कोविड-19 से संक्रमित पाए जाने के बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मुर्मू वार्ड की खिड़की तोड़कर अस्पताल से फरार हो गया था। कैदी को कोकराझार लाया जा रहा है, जहां उसकी फिर से कोविड-19 की जांच होगी।

### भिवंडी में महिला के साथ बलात्कार, चार लोग गिरफ्तार

**ठाणे (महाराष्ट्र)।** भिवंडी में 42 वर्षीय महिला के साथ सामूहिक बलात्कार के आरोप में पुलिस ने दो भाइयों सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि घटना 31 जुलाई और एक अगस्त की दरम्यानी रात की है जब महिला चारनीपाड़ा इलाके में स्थित गोदामों में से एक में काम मांगने गई थी। आरोपी रेलवे पटरियों के पास से महिला का अपहरण कर उसे पास स्थित झाड़ियों में ले गए और चाकू की नोक पर उसके साथ बलात्कार किया। राहगीरों ने नारपोली पुलिस को इसकी सूचना दी। उन्होंने बताया कि शनिवार और रविवार को भाइयों मोंटी वर्ते और विशाल वर्ते, कुमार राठौड़ और अनिल श्याम गुप्ता को इस मामले में गिरफ्तार किया गया है।

### चाकू से हमले में पुलिसकर्मी घायल, दो लोग गिरफ्तार

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के भिवंडी में चाकू से हमला करके 52 वर्षीय पुलिसकर्मी को घायल करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना शनिवार की है और आरोपियों को रविवार सुबह गिरफ्तार किया गया। भोईवाड़ा थाने में तैनात पुलिसकर्मी प्रफुल दलवी शनिवार को बकरीद के अवसर पर बंदोबस्त ड्यूटी पर थे। उसी दौरान उन्हे सूचना मिली कि भंडारी कंपाउंड इलाके मे दो लोग एक व्यक्ति को पीट रहे है। दलवी तुरंत मौके पर पहुंचे और सुलह कराने की कोशिश की, लेकिन दोनो ने उनपर चाकू से हमला कर दिया, जिसमे वह घायल हो गए। पुलिसकर्मी को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। शनिवार को घटना के बाद हमलावर वहां से फरार हो गए, पुलिस ने रविवार सुबह उन्हे एउर इलाके से गिरफ्तार कर लिया।

### उत्तराखंडः तोशी नदी में डूबने से दो किशोरों की मौत

**देहरादून।** उत्तराखंड में चमोली जिले के देवाल क्षेत्र में भारी बारिश से उफनाई तोशी नदी में दो किशोर डूब गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने रविवार को यहां बताया कि शनिवार रात हुई घटना की सूचना मिलने पर राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ) की टीम को रवाना किया गया, जिसने मौके पर पहुंच कर तलाश और बचाव अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि काफी मशक्कत के बाद खेतातोरती स्थान पर दोनों किशोरों के शव बरामद किए गए। मृतकों की पहचान तोरती गांव निवासी अनिल राम (17) और विक्रम लाल (18) के रूप में हुई है।




अमृतसर में रक्षाबंधन पर्व के लिए कोरोना से सुरक्षित रहने के संदेश के साथ स्पेशल राखी बनाते हुए एक परिवार के लोग

## कर्नाटक से पवित्र मिट्टी, नदी जल राम मंदिर निर्माण के लिए भेजा गया : विहिप

**बेंगलुरू।** विहिप की कर्नाटक इकाई ने रविवार को कहा कि कर्नाटक की विभिन्न नदियों का जल और पवित्र स्थानों की मिट्टी उत्तरप्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए भेजी गई है। राम मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन पांच अगस्त को होगा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया गया है। राज्य की सभी नदियों और धार्मिक स्थलों से हमने पानी और मिट्टी भेजी है। इसका इस्तेमाल मंदिर स्थल को पवित्र करने में किया जाएगा। सुत्तुर मठ के स्वामी शिवरात्रि देशीकेंद्र ने कावेरी और कपिला से जल भेजा। नेत्रावती नदी से जल भेजा जबकि श्रृंगेरी के शंकराचार्य श्री भारती तीर्थ ने तुंगा, भद्रावती और शारावती से जल इकट्ठा किया। विभिन्न संतों ने कृष्णा, भीमा, मलप्रभा और घाटप्रभा नदियों से जल भेजा। वासवराज ने बताया कि मैसुरू के चामुंडेश्वरी के मंदिरों, उडुपी में श्रीकृष्णा, चिकमंगलुरू जिले के बालेहोनूर के धर्मस्थल रंभापुरी में मंजूनाथेश्वर, तुमकुरू और दत्ता पीठ में सिद्धगंगा मठ की पवित्र मिट्टी को भेजा गया है।

## नई शिक्षा नीति में किसी राज्य पर कोई भाषा नहीं थोपी जाएगी : रमेश निशंक

**चेन्नई।** केन्द्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने रविवार को सारे भ्रम दूर करते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति, 2020 के माध्यम से केन्द्र सरकार किसी राज्य पर कोई भाषा नहीं थोपेगी। तमिलनाडु में नई शिक्षा नीति का विरोध करने वालों का कहना है कि केन्द्र सरकार इसके माध्यम से हिन्दी और संस्कृत को थोपना चाहती है। पूर्व केन्द्रीय मंत्री पोन राधाकृष्णन के एक ट्वीट पर निशंक ने अपने जवाब में कहा कि वह तमिलनाडु में नई शिक्षा नीति लागू करने में पूर्व केंद्रीय मंत्री के मार्गदर्शन के इच्छुक हैं। केन्द्र सरकार किसी राज्य पर कोई भाषा नहीं थोपेगी। स्टालिन नीत द्रमुक और अन्य विपक्षी दलों ने तमिलनाडु में नई शिक्षा नीति का विरोध करते हुए इसकी समीक्षा की मांग की है।

## छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में तीन नक्सलियों को हिरासत में लिया गया

**भाषा।** रायपुर

**छत्तीसगढ़** के दंतेवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच हुई मुठभेड़ के बाद दो नाबालिगों समेत तीन नक्सलियों को हिरासत में ले लिया गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हिरासत में लिए गए दो नाबालिगों में 15 साल की एक लड़की भी शामिल है।

दंतेवाड़ा पुलिस अधीक्षक अभिषेक पल्लव ने बताया कि मुठभेड़ शनिवार शाम कातेकल्याण थानांतर्गत तेताम गांव के निकट एक जंगल में हुई जब सुरक्षा बलों की एक संयुक्त टीम नक्सल-रोधी अभियान पर थी। उन्होंने कहा कि सूचना मिली थी कि कुछ बड़े माओवादियों ने शहादत सप्ताह मनाने का दबाव डालने के लिए तेताम, तेला और जियाकोर्ता और इलाके के अन्य गांवों के लोगों की बैठक बुलाई है, जिसके आधार पर जिला डिस्ट्रिक्ट गार्ड (डीआरजी) और स्थानीय पुलिस की एक संयुक्त टीम ने अभियान चलाया था।

उन्होंने कहा कि नक्सली अपने मारे जा चुके नेताओं की याद में 28 जुलाई से तीन अगस्त के बीच शहादत सप्ताह मनाते हैं। अधिकारियों ने कहा कि गश्ती दल जब रायपुर से लगभग 400 किलोमीटर दूर तेताम के निकट था तो नक्सलियों ने आईईडी धमाका किया और फिर सुरक्षा बलों पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई।

उन्होंने कहा कि जब नक्सलियों को पता चला कि सुरक्षा बल उनके करीब पहुंच चुके हैं तो वे जंगल में भाग गए। इस दौरान एक 15 वर्षीय लड़की और एक 16 वर्षीय लड़के समेत तीन नक्सलियों को मौके पर हिरासत में ले लिया गया।

## देश में मिसाल बने इंदिरा रसोई योजनाः गहलोत

**भाषा।** जयपुर

**राजस्थान** के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 20 अगस्त से प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में इंदिरा रसोई योजना शुरू करने के निर्देश दिए हैं। गहलोत ने कहा, राज्य सरकार पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के महान व्यक्तित्व के नाम पर मानव सेवा की ऐसी योजना शुरू करने जा रही है, जिसमें गरीबों एवं जरूरतमंद लोगों को मात्र 8 रूपए में शुद्ध पौष्टिक भोजन मिलेगा।

गहलोत ने रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर बैठक में इस योजना की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि राज्य सरकार इस योजना पर प्रतिवर्ष 100 करोड़ रूपए खर्च करेगी। उन्होंने कहा कि योजना को जनसेवा की भावना, पारदर्शिता एवं जनभागीदारी के साथ लागू किया जाए, ताकि यह पूरे देश में निर्धन वर्ग को खाद्य सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में एक मिसाल बने। उन्होंने निर्देश दिए कि योजना के संचालन में सेवाभावी संस्थाओं एवं



स्वयंसेवी संगठनों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे जल्द से जल्द ऐसी संस्थाओं का चयन करें। मुख्यमंत्री ने भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए राज्य एवं जिला स्तर पर कमेटी गठित करने के भी निर्देश दिए। बैठक में वीडियो कान्फ्रेंस के जरिए जुड़े नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल ने कहा कि राज्य सरकार प्रति थाली 12 रूपए अनुदान देगी। प्रदेश के सभी 213 नगर निकायों में 358 रसोई का संचालन किया जाएगा, जहां जरूरतमंद लोगों को सम्मान के साथ भोजन कराया जाएगा।

योजना का प्रस्तुतीकरण देते हुए स्वायत्त शासन विभाग के शासन सचिव भवानी सिंह देथा ने बताया कि प्रतिवर्ष 4 करोड़ 87 लाख लोगों को भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि भोजन में प्रति थाली 100 ग्राम दाल, 100 ग्राम सब्जी, 250 ग्राम चपाती एवं अचार का मेन्यू निर्धारित किया गया है।

उन्होंने बताया कि कोरोना महामारी से बचाव के लिए इसकी रसोई में आवश्यक प्रावधान किए जाएंगे। योजना की आईटी आधारित निगरानी की जाएगी। लाभार्थी को कूपन लेते ही मोबाइल पर एसएमएस से सूचना मिल जाएगी। मोबाइल एप एवं सीसीटीवी से रसोई की निगरानी की जाएगी। बैठक में मुख्य सचिव राजीव स्वरूप, अतिरिक्त मुख्य सचिव (वित्त) निरंजन आर्य, सूचना एवं जनसम्पर्क आयुक्त महेन्द्र सोनी, स्वायत्त शासन निदेशक दीपक नंदी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



जम्मू में बीएसएफ जवानों की कलाई पर राखी बांधती हुई बालिकाएं

# वसुंधरा पर बोले शेखावत, कभी-कभी चुप्पी शब्दों से भी ज्यादा गूंजती है

**भाषा।** नई दिल्ली





**केंद्रीय** मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत का कहना है कि राजस्थान के राजनीतिक घटनाक्रमों को लेकर राज्य की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया की चुप्पी एक रणनीति हो सकती है। पीटीआई-भाषा को दिए एक साक्षात्कार में शेखावत ने राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर पलटवार करते हुए आरोप लगाया कि खुद कांग्रेस नेता ने पार्टी के अंदर और बाहर अपने विरोधियों को निशाना बनाते हुए राज्य में राजनीतिक ड्रामा रचा है।

गौरतलब है कि गहलोत ने उनपर प्रदेश की कांग्रेस सरकार को गिराने का प्रयास करने का आरोप लगाया है। लोकसभा में जोधपुर संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले शेखावत ने कहा, लोकसभा चुनाव में अपने पुत्र को मिली पराजय को वह पचा नहीं पा रहे हैं इसलिए उस हार का बदला लेने के लिए वह मेरे खिलाफ सभी प्रकार के हथकंडे अपना रहे हैं। शेखावत ने गत लोकसभा चुनाव में गहलोत के पुत्र वैभव गहलोत को 2.74 लाख से भी अधिक मतों के अंतर से पराजित किया था। शेखावत ने कहा कि राजस्थान के राजनीतिक घटनाक्रमों से भाजपा का कोई लेना-देना नहीं है और यह कांग्रेस की अंदरूनी लड़ाई है जिसमें मुख्यमंत्री और उनके पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट शामिल हैं। उन्होंने कहा, राज्य में यह ड्रामा इसलिए चल रहा है क्योंकि वह (गहलोत) सचिन (पायलट) और अन्य को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाना चाहते हैं। इस पूरे संकट के लिए वे भाजपा को दोषी ठहरा रहे हैं और इसके नेतृत्व की छवि को धूमिल करने की कोशिश कर रहे हैं।


राजस्थान में चल रहे राजनीतिक संकट पर वसुंधरा की चुप्पी के बारे में पूछे जाने पर शेखावत ने कहा, वसुंधरा जी की चुप्पी एक रणनीति हो सकती है और कभी-कभी चुप्पी शब्दों से भी ज्यादा गूंजती है। हालांकि इसकी व्याख्या करने से उन्होंने इंकार कर दिया। गहलोत और पायलट के बीच की लड़ाई जब सार्वजनिक हो गई तब भी वसुंधरा ने चुप्पी साधे रखी जबकि प्रदेश भाजपा के नेता इस मुद्दे पर लगातार बोल रहे थे और कांग्रेस पर हमले कर रहे थे। वसुंधरा दो बार राज्य की मुख्यमंत्री रह चुकी हैं।

इस पूरे घटनाक्रम पर राजे ने कुछ ट्वीट किए और कहा कि कुछ लोग राज्य के राजनीतिक घटनाक्रमों के बारे में भ्रम पैदा कर रहे हैं। उन्होंने बल देकर कहा कि वह पार्टी और उसकी विचारधारा के साथ खड़ी हैं। उनकी यह प्रतिक्रिया तब आई जब नागौर से सांसद और राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के संयोजक हनुमान बेनीवाल ने उनपर गहलोत के साथ भीतरी साठगांठ का आरोप लगाया।



जयपुर में रविवार को रक्षाबंधन पर्व की पूर्व संध्या पर बाजार में खरीददारी करती महिलाएं

## महिलाओं के सम्मान, गरिमा के लिए डटे रहने का संकल्प लें: राष्ट्रपति



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने रविवार को देशवासियों को रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर शुभकामना देते हुए कहा कि महिलाओं के सम्मान और गरिमा के लिए खड़े होने का संकल्प लें जिससे वे राष्ट्र और समाज को अपना श्रेष्ठ दे पाएं। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, उन्होंने कहा कि राखी प्रेम,स्नेह और विश्वास का पवित्र धागा है जो बहनें अपने भाई की कलाई पर बांधती हैं। राष्ट्रपति ने कहा, यह एक विशिष्ट त्योहार है जो महिलाओं के हितों की रक्षा और उनकी कुशलता के लिए काम करने की हमारी इच्छाशक्ति को और मजबूती देता है। कोविंद ने कहा, इस दिन, आइए ये शपथ लें कि हम महिलाओं के सम्मान और गरिमा के लिए खड़े होंगे जिससे वे राष्ट्र और समाज के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दे सकें। राष्ट्रपति भवन द्वारा जारी बयान में कहा गया कि राष्ट्रपति ने रक्षा बंधन के पावन मौके पर देशवासियों को शुभकामना और बधाई दी है।

## अमरिंदर ने केजरीवाल को अपने काम से काम रखने की सलाह दी

**भाषा।** चंडीगढ़

जहरीली शराब त्रासदी



**पंजाब** के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने राज्य में जहरीली शराब त्रासदी के मामले में सीबीआई जांच की मांग करने पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें अपने काम से काम रखना चाहिए। अमरिंदर सिंह ने दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप नेता से कहा, राज्य में निष्क्रिय पड़ी आम आदमी पार्टी का प्रभाव बढ़ाने के लिए इस त्रासद घटना का इस्तेमाल नहीं करें।


केजरीवाल ने रविवार को अपने ट्वीट में पंजाब में जहरीली शराब कांड के मामले में सीबीआई जांच की मांग की थी जिसमें अब तक 98 लोगों की जान जा चुकी है। केजरीवाल को आड़े हाथ लेते हुए सिंह ने एक बयान में कहा, इतने सारे लोग मर गए और आप इस घटना से राजनीतिक लाभ हासिल करने के चक्कर में हैं। आपको शर्म नहीं आती। आप संयोजक को अपने काम से काम रखने की सलाह देते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री ने कहा कि केजरीवाल को दिल्ली में कानून व्यवस्था कायम रखने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए जो अपराधियों और गिरोहों के सड़कों पर बिना डर के खुलेआम घूमने के लिए कुख्यात है।

केजरीवाल ने यह दावा भी किया था कि पंजाब में स्थानीय पुलिस पिछले कुछ महीनों में अवैध शराब के एक भी मामले को हल नहीं कर पाई है। इस पर अमरिंदर सिंह ने आप नेता से कहा, मुंह से आग उगलने से पहले तथ्यों की परख कर लें। खन्ना में 22 अप्रैल को एक अवैध शराब कारखाने के भंडाफोड़ का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था और सात अन्य की तलाश शुरू की गई। उन्होंने अन्य ऐसे मामलों का भी जिक्र किया।

# चांद पर ही है प्रज्ञान, विक्रम का मलबा ढूंढने वाले का दावा

- अंतरिक्ष विशेषज्ञ शड्मुगम ने किया इसरो के मिशन चंद्रयान-2 से जुड़ा खुलासा, लैंडर का मलबा खोजने पर नासा ने सराहा था

**कुमार चेलप्पन।** कोच्चि



चंद्रयान-2 द्वारा चंद्रमा का खींचा चित्र(फाइल)

**करीब** आठ महीने पहले चंद्रयान-2 के लैंडर का मलबा ढूंढने वाले अंतरिक्ष विशेषज्ञ और सॉफ्टवेयर इंजीनियर शड्मुगम सुब्रहमण्यन ने दावा किया है कि विक्रम पर रखकर भेजा गया प्रज्ञान चांद पर ही मौजूद है। भारत का मानवरहित चंद्रयान-2 का लैंडर विक्रम चांद पर उतरने से कुछ मिनट पहले दुर्घटना का शिकार होकर बिखर गया था। अपने दोस्तों के बीच शान के नाम से विख्यात शड्मुगम ने रविवार को ट्वीट कर कहा कि चंद्रयान 2 का प्रज्ञान रोवर चांद के धरातल पर सुरक्षित है और लैंडर विक्रम के मलबे से कुछ मीटर दूर पड़ा है। अपने कई ट्वीट कर शड्मुगम ने बताया कि चांद की सतह पर गिरने के बाद प्रज्ञान लुढ़क कर कुछ मीटर दूर चला गया था। सॉफ्टवेयर इंजीनियर अंतरिक्ष विशेषज्ञ ने कहा कि उन्होंने अपने निष्कर्षों के बारे में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) बताया दिया था। दिसंबर 2019 में शान ने नासा द्वारा भेजी गई उपग्रह तस्वीरों की मदद से चंद्रयान-2 अंतरिक्ष मिशन में मुख्य पेलोड लैंडर विक्रम का मलबा खोज निकाला था। इसके लिए इसरो ने उनकी कोशिशों को सराहा था। चंद्रयान-2 मिशन 22 जुलाई, 2019 को चेन्नई के 100 किमी उत्तर में श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से इसरो द्वारा जियो सिंक्रोनस सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल मार्क-3 रॉकेट से लॉन्च किया गया था। इस महत्वाकांक्षी परियोजना की लागत 978 करोड़ रुपये थी। अंतरिक्ष यान ने 20 अगस्त, 2019 को चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश किया था। इसरो के इंजीनियरों और वैज्ञानिकों ने 6 सितंबर, 2019 को चंद्र सतह पर विक्रम की सॉफ्ट लैंडिंग करने का समय निर्धारित किया था, लेकिन लैंडिंग से पहले कुछ गड़बड़ी आने से विक्रम चंद्रमा की सतह पर तेजी से टकराकर बिखर गया था। इस तरह बेहद महत्वपूर्ण मिशन जिसकी लांचिंग के मौके पर खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इसरो मुख्यालय पहुंचे थे, अंजाम तक पहुंचने से पहले खत्म हो गया। शान की खोज से साबित होता है कि क्रैश लैंडिंग के बावजूद रोवर प्रज्ञान सुरक्षित है।

# भाजपा संगठन में बढ़ रहा विद्यार्थी परिषद का दबदबा

**भाषा।** नई दिल्ली



**भाजपा** अध्यक्ष बनने के बाद जे पी नड्डा ने अभी तक 16 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में पार्टी अध्यक्षों की नियुक्ति की है। इनमें से अधिकांश नेताओं की पृष्ठभूमि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) की है, जो पार्टी संगठन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की इस छात्र इकाई के बढ़ रहे दबदबे को दर्शाता है।

अध्यक्ष पद पर अपनी नियुक्ति के छह महीने बाद भी नड्डा भले ही अब तक अपनी केंद्रीय टीम का गठन नहीं कर सके हों लेकिन राज्यों में पार्टी संगठन को मजबूत बनाने में उन्हें विद्यार्थी परिषद से निकले कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दी है। कुछ चुनिंदा प्रदेश अध्यक्षों को छोड़ दें तो अधिकांश नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्षों ने विद्यार्थी परिषद की सीढ़ी पर चढ़ते हुए संगठन में ए मुकाम हासिल किया है। नड्डा ने विद्यार्थी परिषद की पृष्ठभूमि वाले जिन नेताओं को विभिन्न प्रदेशों में संगठन की जिम्मेदारी सौंपी हैं उनमें महाराष्ट्र के अध्यक्ष चंद्रकांत दादा पाटिल, मध्य प्रदेश के अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, तेलंगाना प्रदेश अध्यक्ष बंदी संजय कुमार, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष आदेश कुमार गुप्ता और हरियाणा भाजपा अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ प्रमुख हैं। इनके अलावा नड्डा के कार्यकाल में प्रदेश अध्यक्ष के पद पर नियुक्त केरल के के सुरेंद्रन, तमिलनाडू के एल मुरूगन और आंध्र प्रदेश के अध्यक्ष सोमु वीर राजू भी विद्यार्थी परिषद में अहम पदों पर योगदान दे चुके हैं। नड्डा की पृष्ठभूमि भी विद्यार्थी परिषद की रही है। वे विद्यार्थी परिषद में कई अहम पदों पर काम करने के बाद भारतीय जनता युवा मोर्चा से होते हुए भाजपा में इस महत्वपूर्ण पद पर पहुंचे हैं। अपने कार्यकाल में उन्होंने जिन नेताओं की प्रदेश अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति की है, उनमें कुछ ऐसे भी हैं जो उनके साथ विद्यार्थी परिषद में काम कर चुके हैं। अध्यक्ष बनने के बाद नड्डा ने प्रदेश अध्यक्ष के पद पर सबसे पहली नियुक्ति महाराष्ट्र भाजपा के अध्यक्ष के रूप में चंद्रकांत दादा पाटिल और मुंबई महानगर अध्यक्ष के रूप में मंगल प्रभात लोढा की की। पाटिल 1977 में विद्यार्थी परिषद से जुड़े और 1980 में संगठन के पूर्णकालिक सदस्य बने। बाद में वे जिला मंत्री, प्रदेश मंत्री के बाद क्षेत्रीय मंत्री का पदभार संभाला। वे विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय मंत्री बने और 2004 में भाजपा में शामिल हो गए। लोढा भी विद्यार्थी परिषद के सक्रिय सदस्य रहे और पांच बार मुंबई की मालाबार हिल का विधानसभा में प्रतिनिधत्व किया।

नड्डा ने इसके बाद लंबे अरसे तक विद्यार्थी परिषद में काम करने वाले विष्णु दत्त शर्मा को मध्य प्रदेश की कमान सौंपी। साल 1993 से 1994 तक शर्मा विद्यार्थी परिषद की मध्य प्रदेश इकाई में सचिव रहे। इसके बाद 1995 से 2013 तक संगठन के प्रचारक रहे। इसके बाद उन्हें विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय सचिव के पद की जिम्मेदारी संभाली। 2007 से 2009 तक वे विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महासचिव रहे। साल 2013 में वह भाजपा में शामिल हुए। झारखंड प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दीपक प्रकाश भी विद्यार्थी परिषद में कई अहम जिम्मेदारियां निभाने के बाद भाजपा में आए। विद्यार्थी परिषद में वे नगर मंत्री, जिला प्रमुख, विभाग प्रमुख, विश्वविद्यालय प्रमुख और राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति के सदस्य तक बने। हरियाणा में भाजपा के नवनियुक्त अध्यक्ष ओपी धनखड़ ने भी अपने जीवन के 16 प्रमुख साल विद्यार्थी परिषद में बिताए और फिर जाकर प्रदेश में कई अहम पदों पर पहुंचे और प्रदेश सरकार में मंत्री भी बने। दिल्ली भाजपा के नवनियुक्त अध्यक्ष आदेश कुमार गुप्ता भी 90 के दशक में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में काम कर चुके हैं। वे नड्डा के साथ भी विद्यार्थी परिषद में काम कर चुके हैं। इसके बाद वे युवा मोर्चा के रास्ते भाजपा में पहुंचे। भाजपा में सत्ता के शिखर पर पहुचने के लिए विद्यार्थी परिषद को सबसे बड़ी और मजबूत सीढ़ी माना जाता रहा है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की केबिनेट में लगभग एक दर्जन से अधिक मंत्री विद्यार्थी परिषद की पृष्ठभूमि से हैं।



काजीरंगा में रविवार को कर्मचारियों द्वारा बचाए गए एक गैंड़े के बच्चे के पास एक खड़ा वन अधिकारी

# गृह मंत्रालय ने सीएए के नियम बनाने को तीन और माह का समय मांगा

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** गृह मंत्रालय ने संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) संबंधी नियम बनाने के लिए तीन महीने का समय और मांगा है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि इस संबंध में आवेदन अधीनस्थ विधान संबंधी स्थाई समिति से संबंधित विभाग के समक्ष दिया गया है।

नियम के तहत किसी भी विधेयक को राष्ट्रपति से मंजूरी मिलने के छह महीने के भीतर उससे संबंधित नियम बनाए जाने चाहिए, अन्यथा समयावधि विस्तार की अनुमति ली जानी चाहिए। उल्लेखनीय है कि सीएए में पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से धार्मिक उत्पीड़न की वजह से भारत आए गैर मुस्लिमों को भारतीय नागरिकता देने का प्रावाधान है। इस विधेयक को करीब आठ महीने पहले संसद ने मंजूरी दी थी और इसके खिलाफ देश के विभिन्न हिस्सों में प्रदर्शन हुए थे। विधएक पर राष्ट्रपति ने 12 दिसंबर 2019 को दस्तखत किए थे।

इस संबंध में एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, गृह मंत्रालय ने सीएए पर नियम बनाने के लिए तीन महीने का समय और मांगा है। इस संबंध में आवेदन अधीनस्थ विधान संबंधी स्थाई समिति विभाग के समक्ष दिया गया है। उन्होंने बताया कि गृह मंत्रालय ने यह कदम तब उठाया जब समिति ने सीएए को लेकर नियमों की स्थिति के बारे में जानकारी मांगी। समिति द्वारा इस अनुरोध को स्वीकार कर लिए जाने की उम्मीद है। अधिकारी ने बताया कि सीएए का उद्देश्य पाकिस्तान, बांग्ब्लादेश और अफगानिस्तान से धार्मिक उत्पीड़न की वजह से भारत आए हिंदू, सिख, जैन, ईसाई, बौद्ध, पारसी समुदाय के लोगों को भारतीय नागरिकता देना है। इन छह धर्मों के जो लोग धार्मिक उत्पीड़न की वजह से यदि 31 दिसंबर 2014 तक भारत आए तो उन्हें अवैध प्रावासी नहीं माना जाएगा, बल्कि भारतीय नागरिकता दी जाएगी। संसद से सीएए के परित होने के बाद देश में बड़े पैमाने पर इसके खिलाफ प्रदर्शन देखने को मिले थे। सीएए विरोधियों का कहना है कि यह धर्म के आधार पर भेदभाव करता है और संविधान के प्रावधानों का उल्लंघन करता है। विरोधियों का यह भी कहना है कि सीएए और राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) का उद्देश्य मुस्लिम समुदाय को निशाना बनाना है।

संसदीय कार्य नियमावली के मुताबिक कानून के लागू होने के छह महीने के भीतर स्थाई नियम और उप-कानून बन जाने चाहिए। नियमावली यह भी कहती है कि अगर मंत्रालय या विभाग निर्धारित छह महीने में नियम बनाने में असफल होते हैं तो उन्हें समय विस्तार के लिए अधीनस्थ विधान संबंधी समिति से अनुमति लेनी होगी और यह समय विस्तार एक बार में तीन महीने से अधिक नहीं होगा।

## मेरा सौभाग्य है कि मेरे जीवनकाल में राम मंदिर का निर्माण होने जा रहा है: चिराग पासवान

**नई दिल्ली।** राजग में भाजपा की सहयोगी लोक जनशक्ति पार्टी के अध्यक्ष चिराग पासवान ने रविवार को कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि उनके जीवनकाल में अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण होने जा रहा है। चिराग ने खुद को शबरी का वंशज भी बताया। उन्होंने ट्वीट किया, वंचित वर्ग से आने वाली, गुरु मतंग की शिष्या, श्री राम की परमभक्त माता शबरी का वंशज होने के नाते यह मेरा सौभाग्य है कि मेरे जीवनकाल में पुन: मंदिर का निर्माण होने जा रहा है। चिराग ने कहा कि मतंग ऋषि की शिष्या माता शबरी को सभी सिद्धियाँ प्राप्त थीं, उसके बावजूद उनमें तनिक भी अहंकार का भाव नहीं था। यह माता शबरी की भक्ति व प्रेम भाव का असर था कि बिना संकोच के भगवान राम ने प्रेम से उनके जूठे बेर खाए। उन्होंने कहा, वंचित वर्ग से आने के बावजूद भगवान राम के मन में माता शबरी के प्रति तनिक भी भेदभाव की भावना नहीं थी।

# पेज एक का शेष

## भाजपा प्रदेश...

अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने खुद अपनी ट्विटर हैंडल के माध्यम से दी है। साथ ही उन्होंने अपने संपर्क में आये सभी लोगों को स्वयं को क्वारंटाइन करने के साथ ही जांच कराने को कहा। वहीं जल शक्ति मंत्री महेंद्र सिंह भी कोरोना पॉजिटिव हो गए है। इलाज के लिए उन्हें पीजीआई में भर्ती किया जाएगा। केजीएमयू में इलाज के दौरान 3 मरीजों ने दम तोड़ दिया है। केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. सुधीर सिंह के मुताबिक लखनऊ निवासी 30 वर्षीय महिला को 30 जुलाई को एडमिट किया गया था। महिला की बच्चेदानी का ऑपरेशन हुआ था। जिसके चलते उसको सीवियर एक्यूट रेस्पिरेटरी डिस्ट्रेस सिंड्रोम हो गया था। इलाज के दौरान आज उसकी मौत हो गयी। इसी तरह गोंडा निवासी 53 वर्षीय मरीज को 27 जुलाई को एडमिट किया गया था। महिला को शुगर, हाइपरटेंशन की समस्या थी। रेस्पिरेटरी सिस्टम फेलियर के चलते मौत हो गयी। निलमथा सदर निवासी 24 वर्षीय युवती को 28 जुलाई को एडमिट किया गया था। खून की कमी के चलते उसका प्लेटलेट्स गिर गया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी।

## कानपुर के...

के अपहरण का आरोप लगाते हुए एफ आईआर दर्ज कराई थी। 13 जुलाई को पिता ने पुलिस के कहने पर फिरौती के 30 लाख रुपए से भरा बैग भी अपहर्ताओं के कहने पर गुजैनी पुल से नीचे फेंक दिया था। इसके बावजूद अपहृत बेटा नहीं मिला।

## सुशांत की...

ने उन सभी लोगों का विवरण भी मांगा है जिनसे मुंबई पुलिस ने पूछताछ की और उसमें उन्होंने क्या बयान दिए। राजपूत के पिता के.के. सिंह (74) ने रिया चक्रवर्ती, उनके परिवार के सदस्यों सहित छह अन्य लोगों के खिलाफ उनके बेटे को कथित रूप से आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला मंगलवार को पटना में दर्ज कराया। इन सभी के खिलाफ पटना में पुलिस ने भादंसं की धाराओं 341, 342 (आपराधिक तरीके से बंधक बनाना), 380 (जिस घर में रहें, वहां चोरी करना), 406 (आपराधिक विश्वासघात), 420 (धोखाधड़ी) और 306 (आत्महत्या के लिए उकसाना) में मामला दर्ज किया है। सिंह ने टीवी एवं फिल्म अभिनेत्री चक्रवर्ती पर आरोप लगाया कि उसने अपना करियर संवारने के लिए मई 2019 में सुशांत से दोस्ती की।

## पैंगोंग त्सो...

गत 14 जुलाई को संपन्न भारत-चीन कॉर्प कमांडरों की चौथे दौर की बैठक के बाद से एलएसी में जमीनी हालात पर कड़ी नजर रखे हुए है। बैठक में दोनों देश जल्द से जल्द डिसइंगेजमेंट प्रक्रिया पूरी करने पर सहमत हुए थे लेकिन बाद में चीन मुकर गया। भारतीय सेना के स्थानीय कमांडर 72 घंटे के अंतराल पर स्थिति की निगरानी कर रहे हैं, यह जानकारी देते सूत्रों ने कहा कि 14 जुलाई के बाद चीन की मूवमेंट में मामूली सी प्रगति दिखी है। सैन्य कमांडरों की बातचीत के पांचवें दौर में लेफ्टिनेंट जनलर हरिंदर सिंह ने कंप्लीट डिसइंगेजमेंट पर भारत का रुख दोहराते हुए कहा कि यह सीमा पर बरकरार दस सप्ताह पुराने गतिरोध को दूर करने के लिए भरोसा बहाली की दिशा में उठाया जाने वाला अनिवार्य कदम है। चीन द्वारा पैंगोंग लेक को छोड़कर गलवान घाटी, गोगरा और हॉट स्प्रिंग्स इलाकों से पर्याप्त संख्या में अपने सैनिकों को हटाने के बाद, भारत पूरी तरह से सैनिकों की वापसी पर अड़ गया है। इलाके में पहली बार टकराव की स्थिति 5 मई को तब बनी थी जब भारतीय भू-भाग में चीनी सैनिक 5 किलोमीटर से अधिक भीतर घुस आए थे। इसके बाद उन लोगों ने भारतीय सेना की पेट्रोलिंग टीम को गश्त से भी रोकने की कोशिश की जिसके बाद तनाव और बढ़ गया। सूत्रों ने बताया कि तब से चीन लगातार अपने सैनिकों की संख्या बढ़ाता गया जिसके चलते भारत किसी बड़ी चुनौती से निबटने को रक्षात्मक कदम उठाने पर बाध्य हो गया। पैंगोंग त्सो लेक की सैटेलाइट से उतारी गईं ताजा फोटो से साफ हो गया सैन्य कमांडरों की बैठक में बनी सहमति के बावजूद चीन ने अपने जवानों को वहां से नहीं हटाया है। इतना ही नहीं, फिंगर 5 से लगी और फिंगर 8 की ओर जाने वाली ढलानों की खंदकों में चीनी सेना अब भी डटी हुई है। भारत का मानना है कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) फिंगर 8 तक है जबकि चीन इसे फिंगर 4 तक बता रहा है। सामरिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्र पर कब्जा जमाए रखने के अलावा चीन ने पैंगोंग त्सो लेक के भारतीय हिस्से में अपनी तेज रफ्तार इंटरसेप्टर बोट के लिए जेट्टी का निर्माण भी कर लिया है जिसने भारतीय सेना के हितों के लिए जोखिम बढ़ा दिया है।

## आज से...

में बाहरी व्यक्तियों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। यही वजह है कि अभी से सभी बैरियरए मोर्चों व बार्डर चौकियों पर पुलिस की तैनाती कर दी गई है। बाहरी वाहनों व रोडवेज बसों की भी चेकिंग की जा रही है। यात्रियों के परिचय पत्र भी देखे जा रहे हैं। सख्ती का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि अयोध्या सिटी सर्किल में भी प्रवेश करने वालों की जांच अभी से हो रही है। आधार कार्ड जैसे सरकारी पहचान पत्र व दस्तावेज देखे जा रहे हैं। संदिग्ध की तलाश में होटल, धर्मशाला जैसे सार्वजनिक स्थलों पर भी गोपनीय जांच जारी है। बाहर से आकर जिले में रुके यात्रियों की मंशा को सुरक्षा एजेंसी भांपने की कोशिश कर रही हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार बरती जा रही सख्ती सुरक्षा एजेंसियों के इनपुट व कोविड 19 से बचाव के दृष्टिगत हैं।

## एसपीजी से...

जारी किया गया। सीआरपीएफ के तीन और जवानों की मूल बल में वापसी के आदेश दिए गए। अधिकारियों ने कहा कि लगभग 3,000 जवानों वाली एसपीजी अब केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा के लिए है और उनकी सुरक्षा में सिर्फ 500 की जरूरत है। सरकार ने पिछले साल अगस्त में पूर्व पीएम मनमोहन सिंह का एसपीजी सुरक्षा कवर वापस ले लिया था। पिछले साल नवंबर में पूर्व पीएम राजीव गांधी के परिवार के सदस्यों-सोनिया, राहुल और प्रियंका वाड्रा की एसपीजी सुरक्षा भी वापस ले ली गई थी। अधिकारियों ने कहा कि इन कांग्रेस नेताओं के एसपीजी कवर को हटाने के बाद एसपीजी अब केवल मोदी को सुरक्षित करने के लिए अनिवार्य है और भविष्य में एजेंसी में बहुत कम कर्मी रह जाने की संभावना है। अर्धसैनिक बलों के अधिकारियों ने कहा कि एसपीजी में छंटनी से बलों के कर्मियों के लिए प्रतिनियुक्ति के अवसर कम हो जाएंगे।

# दूसरों के डॉक्टरी पर्चे के आधार पर इलाज करने से कोविड-19 संकट और बढ़ रहा है : डॉक्टर

**भाषा।** कोलकाता

**कोविड**-19 से संक्रमित होने और इसके बाद सामाजिक बहिष्कार की संभावना के डर से कुछ लोग तो इस बीमारी के लक्षण नजर आने पर संगी-साथियों की सलाह और दूसरों की डॉक्टरी पर्चे के आधार पर स्वयं ही अपना इलाज करने लगते हैं और ऐसा न करने की डॉक्टरों की चेतावनी की अनदेखी कर देते हैं। कोलकाता के समीप बारासात के एक निजी संस्थान के एक शिक्षक ने माना कि उसने इस वायरस के लक्षण नजर आने पर जांच नहीं कराई और वह एक मित्र से डॉक्टरी पर्चा लेकर दवाइयां ले आया। करीब पचास वर्ष के इस शिक्षक ने कहा, मेरे दो पड़ोसियों के संक्रमित पाए जाने के बाद स्थानीय लोगों ने उनका बहिष्कार किया। मैं उस स्थिति से नहीं गुजरना चाहता था। मैंने कोविड-19 संक्रमण से उबरे अपने एक मित्र से कहा कि मुझे गंध और स्वाद का पता नहीं चल पता, तब उसने मुझे अपना डॉक्टरी पर्चा दिया। मैं स्थानीय दुकान से दवाइयां ले आया। और अब आशा है कि कुछ दिनों में मैं ठीक हो जाऊंगा। मशहूर विषाणु विज्ञानी डॉक्टर अमिताभ नंदी ने कहा कि उन्हें हाल ही में व्हाट्सएप पर एक ऐसा ही डॉक्टरी पर्चा मिला था और इन दिनों सोशल मीडिया पर फैले इस तरह के ज्यादातर पर्चे नकली होते हैं। उन्होंने कहा कि अब तक कोविड-19 की कोई दवा नहीं आई है और मरीजों का मामलों के आधार पर इलाज किया जा रहा है।

पायनियर
लखनऊ, सोमवार, 3 अगस्त, 2020



### अटवाल संयुक्त 44वें स्थान पर पहुंचे

**ट्रकी (अमेरिका)।** भारतीय गोल्फर अर्जुन अटवाल बाराकुडा गोल्फ चैम्पियनशिप के तीसरे दौर में शनिवार को तीन बर्डी और दो बोगी से संयुक्त रूप से 44वें स्थान पर पहुंच गए। इस 47 साल के खिलाड़ी ने बर्डी के साथ शुरुआत करने के बाद दो और बर्डी एवं दो बोगी की, जिससे 54 होल के खेल के बाद उनका स्कोर 13 (प्लस 13) हो गया।

### ग्रेस कोरोना वायरस पॉजिटिव

**ट्रकी (अमेरिका)।** ब्रेंडन ग्रेस को कोरोना वायरस के लिए पॉजिटिव पाया गया है जो उनके लिए दोहरा झटका है। बाराकुडा गोल्फ चैंपियनशिप में खिताब के दावेदारों में शामिल ग्रेस को टूर्नामेंट से हटना पड़ा जबकि वह अगले हफ्ते पीजीए चैंपियनशिप में भी नही खेल पाएंगे। ओल्ड ग्रीनवुड गोल्फ कोर्स पर खेलते हुए ग्रेस शुक्रवार रात थकान महसूस कर रहे थे जिसके बाद उनका परीक्षण किया गया। परीक्षण में वह पॉजिटिव आए और टूर्नामेंट से हट गए।

### अमेरिकी ओपन में नहीं खेलेंगे किर्गियोस

**सिडनी।** स्टार टेनिस खिलाड़ी निक किर्गियोस कोरोना वायरस से जुड़ी चिंताओं और कोविड-19 के कारण जान गंवाने वाले सैकड़ों और हजारों अमेरिकियों के सम्मान में अमेरिकी ओपन से हट गए हैं। किर्गियोस ने रविवार को इंस्टाग्राम पर पोस्ट डालकर कहा कि उन्हे 31 अगस्त से तीन सितंबर तक टूर्नामेंट के आयोजन की अमेरिकी टेनिस संघ (यूएसटीए) की योजना से कोई समस्या नही है। किर्गियोस हालांकि कोरोना वायरस महामारी के बीच सुरक्षा और स्वास्थ्य चिंताओं का हवाला देकर इस ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट से हट गए। इससे पहले आस्ट्रेलिया की उनकी साथी और दुनिया की नंबर एक महिला खिलाड़ी ऐश बार्टी भी पलशिंग मिडोज पर होने वाले टूर्नामेंट से हट गईं थी।

### इनफेंटिनो फीफा अध्यक्ष बने रह सकते हैं

**लंदन।** फुटबॉल की वैश्विक संचालन संस्था फीफा ने कहा है कि आपराधिक जांच के दौरान जियोनी इनफेंटिनो फीफा अध्यक्ष बने रह सकते हैं और इस दौरान उनके अधिकार नही छीने जाने चाहिए। स्विट्जरलैंड के विशेष अभियोजक ने इनफेंटिनो के आचरण के खिलाफ आपराधिक मामला शुरू किया है। इनफेंटिनो देश के अटॉर्नी जनरल से मिले थे जो फुटबॉल में भ्रष्टाचार की जांच कर रहे है। फीफा ने एपी को दिए बयान में कहा, ऐसा कुछ नही है जो अध्यक्ष को उनकी जिम्मेदारी निभाने से रोके।

### जेहान दारूवाला स्प्रिंट रेस में चौथे स्थान पर

**सिल्वरस्टोन।** भारत के जेहान दारूवाला रविवार को यहां स्प्रिंट रेस में चौथे स्थान पर रहे जो फिया (अंतरराष्ट्रीय ऑटोमोबाइल महासंघ) फार्मूला टू रेसिंग चैंपियनशिप में उनका अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। जेहान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंतिम तीन लैप में छह ड्राइवरों को पीछे छोड़ा। जेहान इससे पहले अपनी कार से क्लच को लेकर जूझ रहे थे और शनिवार को हुई रेस में सातवे स्थान से शुरुआत करने के बावजूद 12वां स्थान ही हासिल कर पाए।

# आईपीएल कार्यक्रम को जीसी की मंजूरी

## ● 19 सितंबर को शुरुआत, फाइनल 10 नवंबर को, चीनी प्रायोजक बरकरार

## महिला आईपीएल का भी आयोजन कराएंगे





**भाषा।** नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की संचालन परिषद (जीसी) ने रविवार को चीनी मोबाइल कंपनी विवो सहित सभी प्रायोजकों को बरकरार रखने का फैसला किया और इस साल संयुक्त अरब अमीरात में होने वाले टूर्नामेंट में कोविड-19 के कारण असीमित संख्या में खिलाड़ियों को बदलने की मंजूरी दी।
आईपीएल संचालन परिषद (जीसी) ने रविवार को हुई वर्चुअल बैठक में फैसला किया कि टूर्नामेंट 19 सितंबर से 10 नवंबर तक खेला जाएगा। आईपीएल जीसी के एक सदस्य ने नाम नहीं बताने की शर्त पर कहा, मैं सिर्फ यही कह सकता हूं कि हमारे सभी प्रायोजक हमारे साथ हैं। उम्मीद है कि आप समझ ही गए होंगे। जून में पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन की सेना के बीच हुई भिंड़त के बाद चीनी प्रायोजन बड़ा मुद्दा बन गया था। भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (बीसीसीआई) ने इसके बाद करार की समीक्षा का वादा किया था। एक अन्य बड़े फैसले में आईपीएल जीसी ने महिलाओं की आईपीएल को भी मंजूरी दी और पीटीआई ने रविवार को बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली के बात करने के बाद इसकी जानकारी दी। कोविड-19 के बढ़ते मामलों के कारण आईपीएल को भारत से बाहर कराना पड़ रहा है और दुनिया भर में स्वास्थ्य सुरक्षा संबंधित नाजुक परिस्थितियों को देखते हुए कोविड-19 के कारण खिलाड़ियों को बदलने की अनुमति दी जाएगी जो असीमित होगी। आईपीएल जीसी सदस्य ने कहा, हमें एक हफ्ते के अंदर गृह और विदेश मंत्रालय से जरूरी मंजूरी मिलने की उम्मीद है। फाइनल 10 नवंबर को खेला जाएगा क्योंकि इससे यह दिवाली के हफ्ते में शामिल हो जाएगा और प्रसारकों के लिए यह लुभावना मौका रहेगा। प्रायोजक अनुबंध में कोई बदलाव नहीं होगा जिसकी जानकारी शनिवार को दे दी गई थी। मौजूदा वित्तीय कठिन परिस्थितियों को देखते हुए इतने कम समय में बोर्ड के लिए नया प्रायोजक ढूंढना मुश्किल होगा। उम्मीद है कि खेलने वाले सदस्यों के हिसाब से आठ फ्रेंचाइजी के लिए टीम की संख्या 24 खिलाड़ी होगी। मानक परिचालन प्रक्रिया अब भी तैयार की जा रही है लेकिन इस साल कोविड-19 के कारण इसमें किसी भी संख्या में बदलाव संभव होंगे। साथ ही बीसीसीआई को संयुक्त अरब अमीरात में चिकित्सीय सुविधाएं बनाने के लिए दुबई के ग्रुप से प्रस्तुतिकरण मिला है। बीसीसीआई बायो-बबल (जैव सुरक्षित वातावरण) बनाने के लिए टाटा ग्रुप से भी बातचीत कर रहा है।

### मिताली और साथियों ने स्वागत किया



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला एकदिवसीय टीम की कप्तान मिताली राज सहित अन्य क्रिकेटरों ने रविवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष सौरव गांगुली की इस घोषणा का स्वागत किया कि यूएई में पुरुष इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दौरान महिला आईपीएल का आयोजन भी होगा। मार्च में विश्व टी20 के फाइनल के बाद से महिला टीम ने कोई मैच नहीं खेला है। सिर्फ एकदिवसीय प्रारूप में खेलने वाली मिताली पिछली बार राष्ट्रीय टीम की ओर से नवंबर में खेली थी। इंग्लैंड का दौरा रद्द होने के बाद महिला टीम को फरवरी-मार्च में न्यूजीलैंड में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप से पहले अधिक क्रिकेट खेलने को नहीं मिलेगा। गांगुली की घोषणा से हालांकि कुछ चिंताएं कम हुई हैं। यह शानदार खबर है।

### सीएसके की सफलता का राज धोनी की सहजता और मेहनत : द्रविड़, श्रीनिवासन



**नई दिल्ली।** महान बल्लेबाज राहुल द्रविड़ ने चेन्नई सुपरकिंग्स की इंडियन प्रीमियर लीग में लगातार सफलता का श्रेय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की सहजता, उनकी खेल समझ और इसके लिए पीछे किए गए बेहतरीन काम को दिया। भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व अध्यक्ष और चेन्नई सुपरकिंग्स फ्रेंचाइजी के मालिक इंडिया सीमेंट्स के प्रमुख एन श्रीनिवासन भी इससे सहमत थे कि धोनी सहज प्रवृति के व्यक्ति हैं जो टीम बैठकों में हिस्सा लेने या डाटा देखने में भरोसा नहीं करते। दोनों ग्रेट लेक्स इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट द्वारा आयोजित एक वेबीनार में बोल रहे थे। ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार द्रविड़ ने वेबीनार में कहा, अगर आप चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) की सफलता देखोगे तो उनकी डाटा की पहुंच बहुत अच्छी है, उनके पास पीछे काम करने के लिए लोगों तक पहुंच बहुत अच्छी है और वे जूनियर स्तर पर क्रिकेट टीमें चलाते हैं। द्रविड़ ने कहा, वे प्रतिभा को समझते हैं और इसलिए निश्चित रूप से उनके पास स्काउटिंग प्रक्रिया बहुत अच्छी है। लेकिन उनके पास ऐसा कप्तान भी है जो उनकी प्रवृति को बेहद अच्छी तरह समझता है।

### द्रविड़ की सलाह ने बदल दी थी पीटरसन की दुनिया

**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन ने अपनी बल्लेबाजी पर राहुल द्रविड़ के प्रभाव की सराहना करते हुए कहा है कि स्पिन को कैसे खेला जाए इसे लेकर दिग्गज भारतीय बल्लेबाज की सलाह ने उनके लिए नए रास्ते खोल दिए। पीटरसन ने कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के उनके अनुभव, द्रविड़ और वीरेंद्र सहवाग जैसे विश्व स्तरीय खिलाड़ियों के साथ खेलने से उन्हें अपने शॉट में इजाफा करने में मदद मिली। पीटरसन पूर्ववर्ती डेक्कन चार्जर्स, दिल्ली डेयरडेविल्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर और सनराइजर्स हैदराबाद जैसी आईपीएल टीमों की ओर से खेले।

### आईपीएल धोनी के चयन का मापदंड नहीं हो सकता : नेहरा



नई दिल्ली। पूर्व तेज गेंदबाज आशीष नेहरा का मानना है कि इस साल के इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में महेंद्र सिंह धोनी के बारे में चर्चा हो सकती है लेकिन यह टूर्नामेंट पूर्व भारतीय कप्तान के लिए चयन ट्रायल नहीं हो सकता। धोनी टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं और पिछले साल विश्व कप के बाद से सीमित ओवरों के प्रारूप में भारत के लिए नहीं खेले हैं। उनकी वापसी और संन्यास को लेकर काफी अटकलें लगाई जा रही हैं। उनकी वापसी आगामी आईपीएल में चेन्नई सुपरकिंग्स के साथ होने की उम्मीद है जिसका आयोजन 19 सितंबर से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में होगा। नेहरा ने स्टार स्पोर्ट्स के शो क्रिकेट कनेक्टिड में कहा, मेरे लिए एमएस धोनी का खेल कभी भी नीचे नहीं आया था। वह जानता है कि टीम की अगुआई कैसे की जाए, वह जानता है कि युवाओं को आगे कैसे बढ़ाया जाए और इन चीजों को मुझे बार बार दोहराने की जरूरत नहीं है लेकिन मुझे नहीं लगता कि इस आईपीएल से बतौर खिलाड़ी एमएस धोनी के कद या उनकी ख्याति में कोई अंतर पड़ेगा।

### रहाणे के लिए स्वास्थ्य प्राथमिकता, परिवार के आईपीएल के लिए यूएई नहीं जाने में समस्या नहीं

**नई दिल्ली।** भारत के स्टार बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे चाहते हैं कि यूएई में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दौरान उनकी पत्नी और बेटी मौजूद रहें लेकिन कोरोना वायरस महामारी के कारण जोखिम को देखते हुए अगर बीसीसीआई खिलाड़ियों के परिवारों को प्रतियोगिता से प्रतिबंधित करता है तो उन्हें कोई समस्या नहीं है। भारत में कोविड-19 के बढ़ते मामलों को देखते हुए आईपीएल का आयोजन यूएई में 19 सितंबर से आठ नवंबर के बीच किया जाना है। राजस्थान रायल्स की जगह आगामी सत्र में दिल्ली कैपिटल्स की ओर से खेलने वाले रहाणे ने कहा कि स्वास्थ्य शीर्ष प्राथमिकता होनी चाहिए।

### हैमिल्टन ब्रिटिश ग्रां प्री जीतकर शूमाकर के रिकार्ड के करीब पहुंचे

**सिल्वरस्टोन।** आखिरी लैप में टायर पंक्चर होने के बावजूद लुईस हैमिल्टन ने ब्रिटिश ग्रां प्री को अपने नाम कर फार्मूला वन करियर की 87वीं जीत हासिल की। वह महान माइकल शूमाकर के रिकार्ड से चार खिताब दूर हैं। ब्रिटेन के इस चालक ने घरेलू सिल्वरस्टोन ट्रैक पर रिकार्ड सातवीं जीत दर्ज की। उन्होंने दूसरे स्थान पर रहे रेड बुल के मैक्स वेर्सटाप्पेन से छह सेकेंड कम समय लिया। आखिरी क्षणों में हैमिल्टन की टीम मर्सीडीज के साथ वाल्टेरी बोटास दूसरे नंबर पर चल रहे थे लेकिन जब तीन लैप बाकी थो तब उनका टायर पंक्चर हो गया और वेर्सटाप्पेन को आगे निकलने का मौका मिल गया। फरारी के चार्ल्स लेक्लर्क तीसरे स्थान पर रहे जबकि बोटास 11वें स्थान पर खिसक गए।

# इंग्लैंड ने वनडे श्रृंखला जीती

## ● आयरलैंड को चार विकेट से हराया

**भाषा।** साउथम्पटन

सलामी बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टॉ की 41 गेंद में 82 रन की धमाकेदार पारी से इंग्लैंड ने दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में आयरलैंड को चार विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की विजई बढ़त बना ली। इंग्लैंड ने मध्यक्रम की नाकामी से उबरते हुए शनिवार को रोज बाउल में आयरलैंड के नौ विकेट पर 212 रन के जवाब में 32.3 ओवर में छह विकेट पर 216 रन बनाकर जीत दर्ज की। इंग्लैंड की ओर से स्पिनर आदिल राशिद ने 34 रन पर तीन विकेट चटकाकर 150 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय विकेट पूरे किए। इसके बाद बेयरस्टॉ ने सिर्फ 21 गेंद में अर्धशतक के साथ इंग्लैंड की ओर से सबसे तेज अर्धशतक के रिकॉर्ड की बराबरी की। लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड ने बीच के ओवरों में बेयरस्टॉ, इयोन मोर्गन और मोईन अली के विकेट जल्दी जल्दी गंवाए जिससे टीम का स्कोर तीन विकेट पर 131 रन से छह विकेट पर 137 रन हो गया। सैम बिलिंग्स (नाबाद 46) और डेविड विली (नाबाद 47) ने इसके बाद अटूट साझेदारी करके टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। विली ने इससे पहले 48 रन देकर दो विकेट भी चटकाए। इससे पहले आयरलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम की शुरुआत एक बार फिर खराब रही और उसने 91 रन पर छह विकेट गंवा दिए। अपना दूसरा एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे कर्टिस कैम्फर ने इसके बाद 87 गेंद में 68 रन की पारी खेलकर आयरलैंड को संभाला। तेज गेंदबाज साकिब महमूद (45 रन पर दो विकेट) ने कैम्फर को पवेलियन भेजा। कैम्फर ने सिमी सिंह (25) के साथ सातवें विकेट के लिए 60 और एंडी मैकब्राइन (24) के साथ आठवें विकेट के लिए 56 रन की साझेदारी की। खाली स्टेडियम में हो रही इस श्रृंखला के साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की विश्व कप सुपर लीग की शुरुआत हुई। तीसरा एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मंगलवार को खेला जाएगा।



# ओबामेयांग के गोल से आर्सेनल ने चेल्सी को हराकर एफए कप जीता

**भाषा।** लंदन



पियरे एमेरिक ओबामेयांग के दो गोल की बदौलत आर्सेनल ने शनिवार को चेल्सी को 2-। से हराकर एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। कोरोना वायरस से जुड़ी पाबंदियों के कारण विजेता टीम को ट्रॉफी देने के लिए प्रिंस विलियम वेम्बले स्टेडियम में मौजूद नहीं थे।
दुनिया की सबसे पुरानी फुटबॉल प्रतियोगिता का यह 139वां फाइनल था। रिकॉर्ड में सुधार करने वाला 14वां एफए कप खिताब जीतने के बाद आर्सेनल को यूरोपा लीग में जगह मिलेगी जिसमें टीम इंग्लिश प्रीमियर लीग में आठवें स्थान पर रहने के कारण जगह बनाने में नाकाम रही थी। चेल्सी को क्रिस्टियन पुलिसिच ने पांचवें मिनट में ही बढ़त दिला दी थी लेकिन ओबामेयांग ने 28वें मिनट में पेनल्टी पर गोल दागकर आर्सेनल को बराबरी दिला दी। ओबामेयांग ने दूसरे हाफ में एक और गोल दागकर आर्सेनल की जीत सुनिश्चित की।

### एमबेम्बा के दो गोल से पोर्टो ने बेनफिका को हराकर खिताब जीता

**कोइम्ब्रा (पुर्तगाल)।** डिफेंडर चांसेल एमबेम्बा के दो गोल की बदौलत 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे एफसी पोर्टो ने पुर्तगाल कप फाइनल में बेनफिका को 2-। से हराकर खिताब जीत लिया। पोर्टो ने 17वें कप खिताब के साथ घरेलू फुटबॉल में खिताब का डबल भी पूरा किया। टीम ने दो हफ्ते पहले लीग खिताब भी जीता था। लुई डियाज को खतरनाक फाउल के कारण 38वें मिनट में दूसरा पीला कार्ड दिखाकर मैच से बाहर कर दिया गया जिसके पोर्टो को बाकी मैच 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। बेनफिका की टीम एक अतिरिक्त खिलाड़ी होने का फायदा नहीं उठा सकी। एमबेम्बा ने 48वें मिनट में पोर्टो की ओर से पहला गोल दागा जबकि 57वें मिनट में हैडर से एक और गोल दागकर टीम को 2-0 से आगे कर दिया। बेनफिका के लिए स्थानापन्न खिलाड़ी कार्लोस विनिसियस 84वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदला लेकिन अपनी टीम को हार से नहीं बचा पाए।

### एंटवर्प ने बेल्जियम कप का खिताब जीता

**ब्रसेल्स।** विंगर लियोर रेफाइलोव के गोल की बदौलत रॉयल एंटवर्प ने क्लब ब्रूज को।-0 से हराकर बेल्जियम कप का खिताब जीत लिया। मार्च के बाद यह देश में पहला प्रतिस्पर्धी फुटबॉल मुकाबला था। कोरोना वायरस महामारी के कारण हालांकि शनिवार को यह मुकाबला किंग बाउदोइन स्टेडियम में दर्शकों की गैरमौजूदगी में खेला गया।एंटवर्प ने शानदार डिफेंस का नजारा पेश करते हुए तीसरी बार बेल्जियम कप का खिताब जीता और ब्रूज को घरेलू खिताब का डबल पूरा करने से रोक दिया। सॉकर लीग ने कोरोना वायरस महामारी के कारण सत्र में बीच में ही खत्म करने का फैसला किया था जिसके बाद ब्रूज 16वीं बार बेल्जियम लीग का चैंपियन बना था। मैच का एकमात्र गोल 25वें मिनट में रेफाइलोव ने दागा जो सात साल ब्रूज की ओर से खेलने के बाद दो साल पहले एंटवर्प से जुड़े थे।

# मौद्रिक समीक्षा, वृहद आंकड़ों, कंपनियों के तिमाही नतीजों से तय होगी बाजार की दिशा

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह कई प्रमुख घटनाक्रमों...मसलन रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक, वृहद आर्थिक आंकड़ों तथा कंपनियों के तिमाही नतीजों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों का कहना है कि सप्ताह की शुरुआत में बाजार जुलाई माह के वाहन बिक्री आंकड़ों पर भी प्रतिक्रिया देगा। कोविड-19 महामारी के बीच जुलाई में वाहन बिक्री के आंकड़े सुधरे हैं। देश के ज्यादातर हिस्से अब अनलॉक के चरण में हैं। ऐसे में वाहन उद्योग की बिक्री का आंकडा जुलाई में इससे पिछले महीने की तुलना में काफी अच्छा रहा है। इसके अलावा अब उत्पादन के मामले में भी वाहन उद्योग की स्थिति सामान्य हो रही है। रेलिगेयर ब्रोकिंग के उपाध्यक्ष-शोध अजित मिश्रा ने कहा, आगे चलकर बाजार वाहन बिक्री के आंकड़ों पर प्रतिक्रिया देगा। इसके अलावा बाजार की निगाह मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक पर भी रहेगी। वृहद आंकड़ों के मोर्चे पर बाजार भागीदारों की निगाह पीएमआई विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के आंकड़ों पर भी रहेगी। ए आंकड़े इसी सप्ताह आने हैं।

### डिस्कॉम पर बिजली उत्पादक कंपनियों का बकाया 47 प्रतिशत बढ़कर 1.33 लाख करोड़ हुआ

**नई दिल्ली।** बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) पर बिजली उत्पादक कंपनियों (जेनको) का कुल बकाया जून, 2020 में सालाना आधार पर 47 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 1.33 लाख करोड़ रुपए हो गया है। जून, 2019 तक डिस्कॉम पर बिजली वितरण कंपनियों का बकाया 90,655 करोड़ रुपए था। प्राप्ति (पेमेंट रैटिफिकेशन एंड एनालिसिस इन पावर प्रोक्यूरमेंट फॉर ब्रिंगिंग ट्रांसपैरेंसी इन इन्वायसिंग ऑफ जेनरेशन) पोर्टल से यह जानकारी मिली है। बिजली उत्पादकों तथा वितरकों के बीच बिजली खरीद लेनदेन में पारदर्शिता लाने के लिए यह पोर्टल मई, 2018 में शुरू किया गया था।

### लखनऊ में चौथा आइएचसीएल होटल खुलेगा

**लखनऊ।** दक्षिण एशिया की सबसे बड़ी हॉस्पिटैलिटी कंपनी इंडियन होटल्स कंपनी ने लखनऊ में विवांता होटल के करार पर हस्ताक्षर किए जाने की घोषणा की है। इस होटल के लिए लधानी ग्रुप के एमडी प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ प्रबंधन करार किया गया है। इस घोषणा पर प्रतिक्रिया देते हुए आइएचसीएल की एग्जीक्यूटिव वाईस प्रेसिडेंट ,रियल एस्टेट एंड डेवलपमेंट सुमा वेंकटेश ने बताया कि लखनऊ पर हमें पूरा भरोसा है। अपनी अनूठी संस्कृति और धरोहर के लिए नवाजा जाने वाला यह शहर अब कमर्शियल सेंटर के रूप में बढ़ रहा है। होटल का स्थान काम, कारोबार के साथ-साथ शहर पर घूमने के लिए आने वाले यात्रियों के लिए भी यह बहुत ही सुविधाजनक है। एमडी प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ साझेदारी करते हुए हमें खुशी हो रही है। 200 कमरों का होटल विवांता लखनऊ अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे और कानपुर, आगरा, दिल्ली के नोडल कनेक्टर से नजदीक है। इस आधुनिक होटल में मल्टीक्विज़ीन रेस्टोरेंट, बार, पूल, स्पा जैसी मनोरंजन सुविधाए, मीटिंग रूम्स और सोशल, बिज़नेस गैदरिंग्स के लिए बैंक्वेट हॉल यह सभी सुविधाएं हैं। यह ग्रीनफ़ील्ड प्रोजेक्ट है जो 2024 में खुलेगा।

# सेंसेक्स की शीर्ष छह कंपनियों का बाजार पूंजीकरण घटा

## ● रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक को सबसे अधिक नुकसान


**भाषा।** नई दिल्ली



सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से छह कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह।,38,839.83 करोड़ रुपए की गिरावट आई। रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक को सबसे अधिक नुकसान हुआ। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 522.01 अंक या 1.36 प्रतिशत के नुकसान में रहा। सप्ताह के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 50,239.78 करोड़ रुपए घटकर 13,10,323.21 करोड़ रुपए रह गया। इसी तरह एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 46,374.63 करोड़ रुपए घटकर 5,67,877.74 करोड़ रुपए पर आ गया। आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत 22,631.74 करोड़ रुपए घटकर 2,24,659.85 करोड़ रुपए तथा एचडीएफसी की 10,078.06 करोड़ रुपए घटकर 3,09,254.09 करोड़ रुपए रह गई। आईटीसी का बाजार मूल्यांकन 6,815.12 करोड़ रुपए घटकर 2,38,660.74 करोड़ रुपए और भारती एयरटेल का 2,700.5 करोड़ रुपए घटकर 3,02,701.60 करोड़ रुपए रह गया। इस रुख के उलट समीक्षाधीन सप्ताह में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का बाजार पूंजीकरण 47,054.91 करोड़ रुपए बढ़कर 8,56,463.05 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। इन्फोसिस की बाजार हैसियत 18,591.83 करोड़ रुपए बढ़कर 4,11,554.51 करोड़ रुपए पर पहुंच गई। कोटक महिंद्रा बैंक का मूल्यांकन 3,481.72 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी के साथ 2,70,600.52 करोड़ रुपए पर पहुंच गया।

# गडकरी ने अगरबत्ती उत्पादन में भारत को आत्मनिर्भर बनाने की योजना को मंजूरी दी

**भाषा।** नई दिल्ली



सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) मंत्री नितिन गडकरी ने अगरबत्ती उत्पादन में देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) के रोजगार सृजन कार्यक्रम के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। एमएसएमई मंत्रालय ने कहा कि कार्यक्रम का नाम खादी अगरबत्ती आत्मनिर्भर मिशन है। इसका मकसद देश के विभिन्न भागों में बेरोजगार और प्रवासी मजदूरों के लिए रोजगार सृजित करने के साथ घरेलू स्तर पर अगरबत्ती उत्पादन को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाना है। मंत्रालय के अनुसार, प्रस्ताव पिछले महीने मंजूरी के लिए एमएसएमई मंत्रालय को दिया गया। जल्दी ही पायलट परियोजना शुरू होगी। परियोजना के पूर्ण रूप से क्रियान्वयन से हजारों की संख्या में रोजगार सृजित होंगे। कार्यक्रम का मकसद क्षेत्र के कारीगरों की मदद करना और स्थानीय अगरबत्ती उद्योग का समर्थन करना है। देश में फिलहाल अगरबत्ती की खपत करीब।,490 टन की है, जबकि स्थानीय उत्पादन केवल 760 टन है।

# भारत की 8 अरब डॉलर की स्वास्थ्य ढांचागत योजना के वित्त पोषण के लिए एआईआईबी कर रहा बातचीत

**भाषा।** नई दिल्ली

एशियाई बुनियादी ढांचा निवेश बैंक (एआईआईबी) भारत में जिला स्तर पर स्वास्थ्य संबंधी ढांचागत सुविधाओं में सुधार के लिए 8 अरब डॉलर की महत्वकांक्षी योजना के वित्त पोषण को लेकर केंद्र सरकार से बातचीत कर रहा है। चीन की राजधानी बीजिंग स्थित इस बहुपक्षीय वित्त पोषण संस्थान ने पूर्व में भारत को कोविड-19 महामारी के खिलाफ अभियान के लिए 1.2 अरब डॉलर की वित्तीय सहायता की मंजूरी दे चुका है। एआईआईबी के उपाध्यक्ष डी जे पांडियन ने कहा, भारत सरकार ने स्वास्थ्य ढांचागत सुविधा को मजबूत करने की महत्वकांक्षी योजना के बारे में चर्चा की है। इसमें प्रत्एक जिले में स्वास्थ्य ढांचागत सुविधा का निर्माण और भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के साथ परीक्षण संबंधी सुविधा को उन्नत बनाना शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह 8 अरब डॉलर की परियोजना है। स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ इस बारे में बातचीत में वि))श्वबैंक और एशियाई विकास बैंक (एडीबी) भी शामिल हैं।

# इस सप्ताह होगी मौद्रिक नीति समिति की बैठक

**भाषा।** मुंबई



कोरोना वायरस महामारी से प्रभावित अर्थव्यवस्था को वृद्धि की राह पर लौटाने की हड़बड़ी तथा उद्योग संगठनों की एक बार के ऋण पुनर्गठन की जोर पकड़ती मांग के बीच इस सप्ताह रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक होने जा रही है। हालांकि विशेषज्ञों के बीच इस बात को लेकर एकराय नहीं है कि समिति इस सप्ताह की बैठक में नीतिगत दर में कटौती करेगी या नहीं। कई विशेषज्ञों की राय है कि मौजूदा स्थिति में कर्ज का एक बार पुनर्गठन अधिक आवश्यक है। रिजर्व बैंक के गवर्नर की अध्यक्षता वाली मौद्रिक नीति समिति की तीन दिन की बैठक चार अगस्त को शुरू होगी। समिति बैठक के नतीजों की घोषणा छह अगस्त को करेगी। रिजर्व बैंक अर्थव्यवस्था पर कोरोना वायरस महामारी तथा इसकी रोकथाम के लिए लागू लॉकडाउन के असर को सीमित करने के लिए पिछले कुछ समय से लगातार सक्रियता से कदम उठा रहा है। तेजी से बदलती वृहद आर्थिक परिस्थिति तथा वृद्धि के बिगड़ते परिदृश्य के कारण रिजर्व बैंक की दर निर्धारण समिति को पहले मार्च में और फिर मई में समय से पहले ही बैठक करने की जरूरत पड़ी थी। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की शोध रिपोर्ट इकोरैप में कहा गया कि फरवरी के बाद से रेपो दर में 1.15 प्रतिशत की कटौती की जा चुकी है। बैंकों ने भी नए कर्ज पर 0.72 प्रतिशत तक ब्याज को सस्ता किया है। कुछ बड़े बैंकों ने तो 0.85 प्रतिशत तक का लाभ ग्राहकों को दिया है। यह संभवत: भारतीय इतिहास में सबसे तेजी से राहत दिए जाने का मामला है।

### ऑर्डर बुक में सुधार, पर श्रमबल का संकट कायम

**नई दिल्ली।** निर्यातकों का मानना है कि देश का वस्तुओं का निर्यात आगामी महीनो मे और सुधरेगा। हालांकि, उद्योग को अभी श्रमबल की कमी के संकट से जूझना पड़ रहा है। निर्यातकों के प्रमुख संगठन फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन (फियो) का कहना है कि ऑर्डर बुक मे सुधार दिख रहा है। फियो के महानिदेशक अजय सहाय ने कहा कि लघु अवधि में ऑर्डर में कोई समस्या नही है, लेकिन निर्यातकों को अभी दीर्घावधि के ऑर्डर नही मिल रहे है।

### प्रतिभूति बाजार पर वर्चुअल संग्रहालय बनाएगा सेबी

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) प्रतिभूति बाजार पर एक वर्चुअल संग्रहालय (म्यूजियम) बनाने जा रहा है। इस संग्रहालय मे भारतीय पूंजी बाजार की उपलब्धियो को दर्शाया जाएगा। सेबी ने वर्चुअल संग्रहालय स्थापित करने के लिए एजेंसियो से रुचि पत्र (ईओआई) मांगा है। सेबी ने कहा कि यह संग्रहालय पिछले दशको मे बाजार ढांचे, नियमन और प्रवर्तन को लेकर भारतीय पूंजी बाजार में हुए बदलावों और उपलब्धियो का संग्रह होगा।

### भारत में पहुंच बढ़ाने के लिए रेनो की ग्रामीण बाजार पर नजर

**नई दिल्ली।** फ्रांस की वाहन कंपनी रेनो भारतीय बाजार में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए नए मॉडल उतारने तथा विशेषरूप से ग्रामीण क्षेत्रो में बिक्री बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी का कहना है कि रेनो के लिए भारत दुनिया के शीर्ष दस बाजारों में से है। कंपनी ने हाल मे प्रवेश स्तर की क्विड तथा नए मॉडल ट्राइबर के लिए ऑटोमेटेड मैनुअल ट्रांसमिशन (एएमटी) ट्रमि पेश किया है। इसके अलावा इन वाहनो के मैनुअल ट्रांसमिशन वाले संस्करण भी हैं। कंपनी अब अपने उत्पाद पोर्टफोलियो को और मजबूत करने की तैयारी में है।



जापान में कोरोना संक्रमण के तेजी से फैलने के दौरान टोकियो में मास्क के साथ अपने गंतव्य को जाते नागरिक

# अफगानिस्तान में इस्लामिक स्टेट खुरासान के खुफिया प्रमुख को मार गिराया गया

**भाषा।** काबुल/इस्लामाबाद

**अफगानिस्तान** की सुरक्षा एजेंसी ने कहा कि उसने पूर्वी अफगानिस्तान के जलालाबाद शहर में विशेष बलों ने इस्लामिक स्टेट की खुरासान इकाई से जुड़े पाकिस्तानी मूल के एक शीर्ष आतंकवादी को मार गिराया है। वह आतंकवादी संगठन का खुफिया प्रमुख था। राष्ट्रीय सुरक्षा निदेशालय (एनडीएस) ने शनिवार देर रात एक बयान जारी कर कहा कि जिया उर रहमान उर्फ असदुल्लाह ओरकजई इस्लामिक स्टेट की खुरासान इकाई का खुफिया प्रमुख था और विशेष बलों ने जलालाबाद के पास उसे मार गिराया। ओरकजई इस्लामिक स्टेट की खुरासान शाखा का खुफिया प्रमुख था, जो दक्षिण एशिया और मध्य एशिया में सक्रिय है। टोलो न्यूज ने बयान का हवाला देते हुए खबर दी, राष्ट्रीय सुरक्षा निदेशालय की विशेष इकाई ने असदुल्ला ओरकजई को एक विशेष अभियान में मार गिराया है। वह पाकिस्तान की अखेल ओरकजाई एजेंसी का रहने वाला था।

ओरकजई अफगानिस्तान में सेना और नागरिकों को निशाना बनाकर किए कई अनेक घातक हमलों में शामिल था। संयुक्त राष्ट्र ने गत सप्ताह अपनी एक रिपोर्ट में कहा था कि अफगानिस्तान में साल के पहले छह महीने में पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले हिंसा में नागरिकों के मारे जाने तथा घायल होने की संख्या में 13 प्रतिशत की गिरावट आई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि संयुक्त राष्ट्र ने 2020 के पहले छह महीनों के दौरान आईएस के 17 हमले दर्ज किए जबकि पिछले साल इस अवधि के दौरान 97 हमले हुए थे। अफगानिस्तान में 2020 के पहले छह महीनों में हिंसा में 1,282 लोगों की मौत हुई और 2,176 लोग घायल हुए।

## पूर्वी अफगानिस्तान में आत्मघाती कार बम और बंदूकधारियों के हमले मे एक की मौत, 20 घायल

**काबुल ( एपी )।** अफगानिस्तान के पूर्वी हिस्से में रविवार को आत्मघाती कार बम हमलावर और कई बंदूकधारियों के हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि 20 अन्य घायल हो गए। नांगरहार प्रांत के गवर्नर के प्रवक्ता अताउल्ला खोगयानी ने बताया कि प्रांतीय राजधानी जलालाबाद में रविवार शाम तक अफगान सुरक्षाबलों और चरमपंथियों के बीच मुठभेड़ जारी थी और हताहतों की संख्या बढ़ने की आशंका है। प्रांतीय परिषद के सदस्य अजमल उमर और गृह मंत्रालय के प्रवक्ता तारिक अरियन ने भी हमले की पुष्टि की है। अभी तक किसी ने भी इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। वैसे पूर्वी अफगानिस्तान में तालिबान और इस्लामिक स्टेट से संबद्ध स्थानीय संगठन सक्रिय है।

# दक्षिण कोरिया में कोरोना संक्रमण के 30 नए मामले सामने आए

**एपी।** सियोल

**दक्षिण कोरिया** में कोरोना वायरस संक्रमण के 30 नए मामले सामने आए हैं। इनमें से अधिकतर मामले अंतरराष्ट्रीय आगमन से संबंधित हैं। कोरिया रोग नियंत्रण एवं बचाव केंद्र द्वारा रविवार को इन नए मामलों की जानकारी देने के बाद देश में संक्रमण के कुल मामले 14,366 हो गए और बीमारी से मरने वालों की संख्या 301 है। एजेंसी ने कहा कि नए मामलों में से आठ में संक्रमण स्थानीय स्तर पर फैला है जबकि बाकी लोग विदेशों से संक्रमण लेकर यहां लौटे हैं। दक्षिण कोरिया में विदेशों से संक्रमित होकर लौटने वाले लोगों की संख्या हाल में बहुत बढ़ गई है। इनमें से कई दक्षिण कोरियाई निर्माण मजदूर हैं जिन्हें वायरस से अत्यधिक प्रभावित इराक से वापस लाया गया है और कुछ यहां के स्थानीय बंदरगाहों पर खड़े रूसी ध्वज वाले मालवाहक पोतों के चालक दल के सदस्य हैं। स्थानीय अधिकारियों ने कहा है कि विदेशों से संक्रमण लेकर आने वाले लोगों से उतना जोखिम नहीं है क्योंकि वे विदेश से लौटने वाले प्रत्एक व्यक्ति को दो हफ्ते के लिए पृथक-वास में रखा जा रहा है।

## सिंगापुर के सबसे प्राचीन हिंदू मंदिर का पुजारी गिरफ्तार

**सिंगापुर।** सिंगापुर के सबसे प्राचीन हिंदू मंदिर के मुख्य पुजारी को आपराधिक विश्वासघात के आरोपों में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। मंदिर की तरफ से शनिवार को जारी एक बयान में कहा गया कि श्री मरियाम्मान मंदिर की ओर से पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई गई थी क्योंकि पुजारी की देखरेख में रखे गए सोने के कुछ गहने गायब थे। चैनल न्यूज एशिया के मुताबिक मंदिर की ओर से कहा गया कि गहने गायब होने की जानकारी लेखा जांच के दौरान मिली। बयान में पुजारी के नाम का जिक्र नहीं है। इसमें कहा गया, प्रार्थनाओं के दौरान जिन स्वर्ण आभूषणों का उपयोग किया जाता था उन्हें मंदिर के गर्भगृह में मुख्य पुजारी की निगरानी में रखा गया था। इस बारे में पुजारी से पूछताछ की गई और उन्होंने गायब किए सभी आभूषण बाद में लौटा दिए। पुलिस ने बताया कि 36 वर्षीय पुजारी को आपराधिक विश्वासघात के आरोपों में गिरफ्तार किया गया है। मंदिर की ओर से कहा गया कि मुख्य पुजारी अभी जमानत पर है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच चल रही है।

# अमेरिका में कोरोना वायरस संकट के बीच सहायता संबंधी वार्ता में हुई प्रगति

**एपी।** वाशिंगटन

**अमेरिका में** कोरोना वायरस संकट के मद्देनजर राहत कदमों को लेकर सप्ताहांत में हुई बैठक में भाग लेने वालों सांसदों ने कहा कि सहायता मुहैया कराने संबंधी वार्ता में प्रगति हुई है। देश में 600 डॉलर प्रति सप्ताह के पूरक बेरोजगारी भत्ते को फिर से शुरू करने और स्कूलों को पुनः खोलने के लिए निधि भेजने को लेकर बढ़ रहे राजनीतिक दबाव के बीच यह बैठक की गई। पूरक बेरोजगारी भत्ते की इस योजना ने अर्थव्यवस्था और परिवारों के बजट को संभाला है, लेकिन यह योजना शुक्रवार को समाप्त हो गई। सीनेट में बहुमत के नेता चक शूमर ने कहा, यह सबसे लंबी बैठक थी और यह अन्य बैठकों से अधिक सफल रही। वार्ता अभी समाप्त नहीं हुई है, लेकिन यह उपयोगी वार्ता रही। कैपिटल हिल्स में बृहस्पतिवार को बैठक बेनतीजा रहने के बाद डेमोक्रेटिक पार्टी के शीर्ष नेताओं ने ट्रंप प्रशासन के प्रतिनिधियों के साथ शनिवार को बैठक की। दोनों पक्षों ने शुक्रवार सुबह मीडिया के सामने अपना-अपना पक्ष रखा। व्हाइट हाउस के प्रमुख मार्क मीडोज ने तत्काल ही संक्षिप्त नोटिस पर पत्रकारों से बात की, तो वहीं हाउस स्पीकर नैन्सी पेलोसी ने साप्ताहिक संवाददाता सम्मेलन बुलाया। मीडोज ने डेमोक्रेट्स पर बातचीत से इनकार करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ट्रंप ने उन्हें पूरक बेरोजगारी भत्ता को विस्तारित करने की कोशिश तेज करने का निर्देश दिया है, लेकिन डेमोक्रेट्स इस पर राजनीति करना चाह रहे हैं।

## ट्रंप के पुनः नामांकन की प्रक्रिया एक निजी आयोजन होगी

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को फिर से नामित करने के लिए होने वाला मतदान इस माह के अंत में निजी तौर पर कराया जाएगा जहां प्रेस के सदस्य मौजूद नहीं होंगे। रिपबल्किन नेशनल कन्वेंशन की एक प्रवक्ता ने इसके पीछे कोरोना वायरस को कारण बताया। ट्रंप ने जहां पिछले महीने फ्लोरिडा में होने वाले सम्मेलन को देश में कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों का हवाला देते हुए रद्द कर दिया था, वहीं 336 प्रतिनिधि 24 अगस्त को उत्तर कैरोलिना के शार्लोट में एकत्र होकर ट्रंप को एक बार फिर ग्रैंड ओल्ड पार्टी (जीओपी) का उम्मीदवार बनाने के लिए औपचारिक रूप से मतदान करेंगे।नामांकन सम्मेलनों में पारंपरिक रूप से मीडिया की मौजूदगी बहुत अहम मानी जाती है क्योंकि राजनीतिक पार्टियां कार्यक्रमों के जरिए अपना संदेश अधिक से अधिक मतदाताओं तक पहुंचाने के लिए ध्यान आकर्षित करने की कोशिश करती हैं। अगर जीओपी अपने इस फैसले पर कायम रहती है तो यह आधुनिक इतिहास का पहला पार्टी नामांकन सम्मेलन होगा जिसमें संवाददाता मौजूद नहीं होंगे। सम्मेलन की एक प्रवक्ता ने कहा, उत्तरी कैरोलिना राज्य के भीतर स्वास्थ्य प्रतिबंधों को देखते हुए, हम शार्लोट के लिए नियोजित गतिविधियों में प्रेस की मौजूदगी नहीं चाहते हैं। उन्होंने कहा, अगर इसमें बदलाव होता है तो इसकी जानकारी देते हुए हमें खुशी होगी लेकिन हम कार्यक्रम में कितने लोग शामिल हो सकते हैं इस संबंध में स्थानीय एवं राज्य द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप काम कर रहे हैं।

## मतभेद सुलझाने के लिए आज फिर से मिलेंगे ओली-प्रचंड



**काठमांडू ( भाषा )।** सत्ता की लड़ाई के कारण परेशानियों से घिरे नेपाल के प्रधानमंत्री के. पी. शर्मा ओली और सत्तारूढ़ दल के कार्यकारी अध्यक्ष पुष्प कमल दहल प्रचंड आपसी मतभेदों को सुलझाने के लिए सोमवार को फिर से मिलने पर राजी हो गए हैं। मीडिया में आई खबरों के अनुसार, रविवार को करीब तीन घंटे चली बैठक में दोनों के आपसी मतभेद सुलझ नहीं पाए। माई रिपब्लिका की खबर के अनुसार, प्रधानमंत्री के प्रेस सलाहकार सूर्या थापा ने कहा, दोनों नेताओं के बीच सकारात्मक बातचीत हुई। इसे लेकर चर्चा हुई कि पार्टी के सचिवालय, स्थाई समिति या केन्द्रीय समिति की बैठक बुलाई जाए। बैठक में पार्टी की आमसभा बुलाने को लेकर भी चर्चा हुई।

## क्विक न्यूज

### पाकिस्तान में कोरोना वायरस संक्रमण के 553 नए मामले, कुल मामले बढ़ कर 2,79,669 हुए

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान मे पिछले 24 घंटे मे कोरोना वायरस संक्रमण के 553 से अधिक मामले सामने आने के साथ देश मे संक्रमण के कुल मामले बढ़ कर 2,79,699 हो गए है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय कमान एवं अभियान केन्द्र (एनसीओसी) ने ईद-उल-अज़हा के दूसरे दिन अपने आंकड़ो मे बताया कि वायरस संक्रमण से छह और लोगो की मौत होने से मृतक संख्या बढ़ कर 5,976 हो गई है। अद्यतन आंकड़ो के मुताबिक देश भर में अब तक 2,48,577 लोग संक्रमण मुक्त हो गए हैं। वही 25,146 लोग अब भी संक्रमित है। संक्रमण के कुल मामलों में, 121,309 मामले सिंध मे, पंजाब में 93,173, खैबर-पख्तूनख्वा में 34,160, इस्लामाबाद में 15,052, बलूचिस्तान में 11,762, गिलगित-बाल्टिस्तान में 2,157 और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में 2,086 मामले है। देश भर में कुल 20,10,170 नमूनो की जांच की है।

### सिंगापुर में कोरोना वायरस संक्रमण के 313 नए मामले

**सिंगापुर।** सिंगापुर मे रविवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 313 नए मामले सामने आए जिससे देश में इस घातक वायरस से संक्रमित लोगों की कुल संख्या बढ़कर 52,825 हो गई। स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि इनमें से पांच लोग बाहर से आए है और सिंगापुर पहुंचने के बाद उन्हे घरो मे ही रहने के निर्देश जारी किए गए है।इसने बताया कि अभी 117 मरीज अस्पतालो मे है जबकि 5,628 लोगों को पृथक-वास में रखा गया है। सिंगापुर मे अब तक 46,740 मरीज बीमारी से उबर चुके है।

### चीनी व भारतीय विद्वानों ने बाउल दर्शन, संगीत पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया

**बीजिंग।** भारतीय दूतावास द्वारा यहां आयोजित एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में कई चीनी और भारतीय विद्वानों ने भाग लिया। कार्यक्रम बाउल संगीत और दर्शन पर केंद्रित था। बाउल एक प्रकार का आध्यात्मिक लोकगायन है जो ग्रामीण बांग्लादेश और पश्चिम बंगाल मे प्रचलित है। यूनेस्को ने भी इसे सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल किया है। स्वामी विवेकानंद सांस्कृतिक केंद्र ने शुक्रवार को भारतीय दूतावास मे इस कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें बाउल संगीत और दर्शन का ऑफ़लाइन और ऑनलाइन प्रसारण का अनोखा मिश्रण किया गया था।बीजिंग मे रह रहे भारतीय पत्रकार सुवम ने कहा कि बाउल पंथ, जाति और धर्म से परे है और इसमें तंत्र, सूफीवाद, वैष्णववाद और बौद्ध धर्म का मिश्रण है।भारतीय दूतावास में प्रथम सचिव (संस्कृति) राजश्री बेहरा ने कहा कि कार्यक्रम तीन भाषाओ- चीनी, अंग्रेजी और बांग्ला में था जिसमे संगीत और दर्शन के सार के साथ इसकी सार्वभौमिकता को रेखांकित किया गया। चीनी विद्वान यांग वीमिंग शोरना ने भी बाउल की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बाउल पर चीनी भाषा मे कई शोधपत्र प्रस्तुत किए है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण गौतम हज़रा बाउल की मंडली थी जिसने कुछ लोकप्रिय और भावपूर्ण गीत पेश किए।

### अक्षय पात्र संगठन ने भारत में स्कूली बच्चों को मध्याह्न भोजन कराने के लिए 950,000 डॉलर जुटाए

**ह्यूस्टन।** भारतीय गैर लाभकारी संगठन अक्षय पात्र ने भारत में स्कूली बच्चो को मध्याह्न भोजन कराने के लिए अमेरिका मे डिजिटल तरीके से आयोजित एक कार्यक्रम के जरिए 950,000 डॉलर की निधि जुटाई है। संगठन की टेक्सास शाखा द्वारा आएजित कार्यक्रम वर्चुअल गाला - टेक्नोलॉजी फॉर चेंज मे दुनियाभर के1,000 से अधिक कारोबारी, गैर लाभकारी, सरकारी अधिकारी और परोपकारी नेता शामिल हुए। यह कार्यक्रम भारत में बच्चो को भोजन और शिक्षा मुहैया कराने के मकसद से आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में दिग्गज सॉफ्टवेयर कंपनी इंफोसिस के सह-संस्थापक नारायण मूर्ति से वेस्टर्न डिजिटल के अध्यक्ष शिव शिवराज और उपाध्यक्ष श्रीवत्सन राजन ने बातचीत की। शिवराज को हाल ही मे अक्षय पात्र फाउंडेशन यूएसए का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।कार्यक्रम में कर्नाटक की संगीतकार जयश्री रामनाथ ने भी प्रस्तुति दी। अक्षय पात्र दुनिया का सबसे बड़ा मध्याह्न भोजन कार्यक्रम है जो भारत के 12 राज्यो और दो केंद्र शासित प्रदेशो में 19,039 स्कूलो के 18 लाख से अधिक बच्चो को हर दिन भोजन मुहैया करा रहा है।

### नासा के अंतरिक्ष यात्री अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से रवाना

**केप केनवरल।** स्पेसएक्स द्वारा भेजे गए पहले अंतरिक्षयात्री धरती पर लौटने के लिए शनिवार रात को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से रवाना हो गए और उन्हें सीधे समुद्र में उतारने की योजना है। नासा के डग हर्ली और बॉब बेनकेन अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से रवाना हो गए और वह रविवार दोपहर तक मेक्सिको की खाड़ी में उतरेंगे। फ्लोरिडा के अटलांटिक तट पर उष्णकटिबंधीय तूफान इसायस के पहुंचने की आशंका के बावजूद नासा ने कहा कि पेंसाकोला तट पर मौसम अनुकूल लग रहा है।

# इजराइल ने भारत को मित्रता दिवस पर ढेरों शुभकमनाएं दीं

**भाषा।** यरूशलम

**इजराइल** ने बॉलीवुड के एक मशहूर गीत के जरिए रविवार को भारत को मित्रता दिवस पर ढेरों शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रपति रियूवेन रिवलिन ने इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारतीयों को बधाई भी दी। रिवलिन ने मोदी के टैग करते हुए अंग्रेजी और हिंदी में ट्वीट किया। उन्होंने हिंदी में लिखा मित्रता दिवस पर मेरी ओर से आपको और भारत की जनता को बहुत-बहुत बधाई। भारत में इजराइली दूतावास ने दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण क्षणों की तस्वीरों को अमिताभ बच्चन अभिनीत फिल्म याराना के गीत तेरे जैसा यार कहां की धुन पर सजाकर ट्विटर पर पोस्ट किया। इस ट्वीट के साथ लिखा गया है, तेरे जैसा यार कहां, कहां ऐसा याराना। हमारी दोस्ती और बढ़ती साझेदारी भविष्य में और मजबूत हो। इजराइली दूतावास ने पिछले साल मित्रता दिवस पर बॉलीवुड फिल्म शोले के गीत ए दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे की धुन पर मोदी और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजमिन नेतन्याहू की तस्वीरें लगाकर ट्विटर पर पोस्ट करते हुए भारत को बधाई दी थी।भारत में इजराइल के राजदूत रॉन मल्का ने सच्चा दोस्त बनने के लिए भारत को धन्यवाद दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच बढ़ती दोस्ती कोरोना वायरस महामारी के दौरान और मजबूत हुई है।

## इजराइल के एक और मंत्री कोरोना वायरस से संक्रमित

**तेल अवीव।** इजराइल के एक कैबिनेट मंत्री कोरोना वायरस संक्रमण की चपेट में आ गए हैं। यरुशलम एवं हैरिटेज मामलों के मंत्री रफी पेरेट्ज ने शनिवार को ट्वीट करके यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वह ठीक महसूस कर रहे हैं।उनके पहले भी इजराइल के एक मंत्री कोविड-19 से पीड़ित हुए थे। हालांकि, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री याकोव लिट्जमैन अब ठीक हो चुके हैं।




पोर्टलैंड में 'ब्लैक लाइव मैटर' का बैनर लेकर रंगभेद के खिलाफ मार्च करते नागरिक

# तूफान इसायस के कारण वायरस प्रभावित फ्लोरिडा में हुई भारी बारिश

**एपी।** सेंट पीटर्सबर्ग



**तूफान** इसायस के कारण रविवार को फ्लोरिडा के पूर्वी तट पर भारी बारिश हुई। वहीं, कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों से जूझ रहे अधिकारी कमजोर उष्ण कटिबंधीय तूफान पर करीबी नजर बनाए हुए हैं। इसायस शनिवार दोपहर को चक्रवात से उष्णकटिबंधीय तूफान में तब्दील हो गया लेकिन भारी बारिश और बाढ़ की आशंका बरकरार थी क्योंकि यह फ्लोरिडा के अटलांटिक तट से दूर ही था। शनिवार को इसायस ने बहामास में जमकर तबाही मचाई, जिससे पेड़ और बिजली के खंभे उखड़ गए।

मियामी स्थित राष्ट्रीय तूफान केंद्र की वरिष्ठ तूफान विशेषज्ञ स्टेसी स्टीवर्ट ने कहा, हमें एक तूफान विकसित होने की आशंका थी और ऐसा नहीं हुआ। यह दो तूफानों की कहानी है। अगर आप तूफान के पश्चिमी हिस्से में रहते हैं तो आप पर अधिक प्रभाव नहीं पड़ता लेकिन अगर आप इसके पूर्वी हिस्से में रहते हैं तो बेहद खराब मौसम है। वैसे, फ्लोरिडा इसायस तूफान के पश्चिमी हिस्से में है। उधर, फ्लोरिडा के गवर्नर रोन डीसैंटीज ने संवाददाता सम्मेलन में आगाह किया, इसके कमजोर होने के धोखे में मत आईए। इससे पहले, फ्लोरिडा प्रशासन ने समुद्र तटों, पार्कों और वायरस जांच केंद्रों को बंद कर दिया है। गवर्नर ने कहा कि राज्य में बिजली की कटौती की संभावना है और उन्होंने निवासियों से एक हफ्ते के लिए पानी, भोजन और दवाओं का प्रबंध करने के लिए कहा। नॉर्थ कैरोलिना में अधिकारियों ने ओक्राकोक द्वीप को खाली कराने का आदेश दिया है जहां पिछले साल तूफान डोरियन ने तबाही मचाई थी। वहीं, बहामास में अधिकारियों ने अबाको द्वीप में ऐसे लोगों के मद्देनजर शिविर खोल दिए हैं जो डोरियन के तबाही मचाने के बाद से अस्थाई आशियानों में रह रहे थे। तूफान के बावजूद स्पेसएक्स और नासा की रविवार दोपहर डाउग हर्ले और बॉब बेनकेन को कंपनी के ड्रैगन कैप्सूल में मैक्सिको की खाड़ी में उतारने की योजना है।

# ब्राजील के अमेजन में आग लगने की घटनाएं जुलाई में 28 प्रतिशत तक बढ़ीं

**एपी।** ब्रासीलिया



**ब्राजील के** अमेजन जंगलों में पिछले साल के मुकाबले इस साल जुलाई में आग लगने की घटनाएं 28 प्रतिशत तक बढ़ गईं। सरकारी समाचार एजेंसी ने शनिवार को अपनी खबर में यह जानकारी दी। ब्राजील के राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान ने कहा कि उसने पिछले महीने अमेजन वर्षा वनों में आग लगने की 6,803 घटनाएं दर्ज कीं जबकि 2019 में इसी माह में ऐसी 5,318 घटनाएं हुईं थी। पर्यावरणविद इस इजाफे पर चिंता जाहिर कर रहे हैं क्योंकि पारंपरिक रूप से देखा जाए तो क्षेत्र में आग लगने की घटनाएं अगस्त माह से शुरू हो जाती हैं। उन्हें भय है कि ब्राजील में ये घटनाएं पिछले अगस्त की तरह न होने लगें जब संस्थान ने आग लगने की 30,900 घटनाएं दर्ज की थीं। आग लगने की घटनाओं में यह बढ़ोतरी आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए ब्राजील के अमेजन में भूमि साफ करने की राष्ट्रपति जेयर बोलसोनारो की अपील को लेकर बढ़ती घरेलू और अंतरराष्ट्रीय चिंताओं के बीच हो रही है।इन चिंताओं को देखते हुए, 16 जुलाई को सरकार ने पैंटानल आर्द्रभूमि और अमेजन जंगलों में आग लगाने पर चाह माह का प्रतिबंध लगा दिया था। बोलसोनारो ने मई में सेना के लिए एक आदेश पारित कर अमेजन में पर्यावरणीय गतिविधियों में समन्वय करने के लिए कहा था। लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि आग लगने की घटनाएं दिखाती हैं कि सरकार की प्रतिक्रिया प्रभावी नहीं है। साथ ही इस ओर भी इशारा करती है कि इस साल के शुष्क मौसम में आग लगने की आशंका पिछले साल के मुकाबले और ज्यादा होगी।



# अपना सर्वोत्तम कदम बढ़ाएं आगे

**छात्रों की आज गैरपारंपरिक आजीविका विकल्प अपनाने में रुचि है। धारिणी उपाध्याय ऐसे कोर्स की सूची देती हैं जो भीड़ से अलग दिखने में छात्रों की सहायता करेंगे**

महामारी के उभरने से, अकादमिक, प्रशासनिक, कार्पोरेट संरचनाओं, आपूर्ति श्रंखलाओं, यहां तक कि पर्यावरण परिस्थितियों के मामले में दुनिया भर की स्थितियों में जबरदस्त बदलाव आए हैं। जैसा कि कहावत है, बदलाव एकमात्र निरंतरता है और उस बदलाव पर टिके रहने के लिए इंसानों को उसमें कुशल होने की आवश्यकता है। आसपास देखकर हम चिंतित हो सकते हैं कि वास्तव में भविष्य में क्या है? एक स्थायी आमदनी के रूप में मैं क्या तलाश कर सकता हूं? इस मौजूदा स्थिति से मैं कैसे पार पाऊंगा? उम्मीद है इस आलेख के अंत में आपको हमारी इस उभरती पीढ़ी के लिए अधिकांश उत्तर मिल जाएंगे।

डाक्टर, इंजीनियर, एकाऊंटेंट, बैकर आदि करियर विकल्पों के अलावा, लोग अन्य क्षेत्रों में करियर बनाने में रूचि दिखा रहे हैं और उसके अनुरूप बाजार में नयी रोजगार भूमिकाओं के अनुकुल अपनी जानकारियों को उन्नत करने की आवश्यकता महसूस करते हैं। अब हमारे पास पर्यटन, संगीत, डिजाइनिंग, थिएटर जैसे छेत्रों की सूची है, जिन्हें अद्यतन और समकालीन बनाया गया है।

लगभग एक दशक पहले, संगीत और कला आर्ट्स को करियर के रूप में देखना विचित्र लगता था। ड्राइंग को केवल पेंटर बनने और पेंटिंग की प्रदर्शनी की हद तक देखा जाता था। कला का क्षेत्र अपने आपमें जबरदस्त ढंग से फलाफूला है, हमारे चारों तरफ अधिक रंगों, रचनात्मकता और जीवन के साथ। उदाहरण के लिए, यदि आपका बच्चे को, डांस शोज और प्रतियोगिताओं के अलावा, डांस करने का जुनून होता है, तो उसके लिए बालीवुड/हालीवुड इंडस्ट्री में कोरियोग्राफर के लिए जगह है। ऐसे विश्वविद्यालय हैं जो आपको पेशेवर डांसर के रूप में प्रमाणित करते हैं, जहां प्रदर्शन को पढ़ा और अभ्यास भी किया जाता है। डांस के साथ फिटनेस ट्रेनर होना और एक स्वस्थ जीवनशैली जीने में लोगों की सहायता करना भी एक लोकप्रिय विकल्प है। इसी प्रकार, संगीत के लिए, संगीत निर्देशकों व गायकों के अलावा, विज्ञापन, वीडियो गेम कंपनियों, यहां तक कि एपल जैसी अन्य तकनीकी कंपनियों के लिए संगीता बनाने के विकल्प हैं। यदि समाज की सहायता करना जिसकी कि आप तलाश कर रहे हैं, तो संगीत थेरेपी भी एक तरीका है जहां आप अपना योगदान कर सकते हैं।

यदि हम संचार को लें, तो यह भी अनेक भूमिकाओं के लिए खाई पाटने वाला बना है। जन संबोधन योग्यताओं को रेखांकित करना, जहां यह कार्यक्रमों के मेजबान बनने, वायस ओवर, नीलामी आदि में उपयोगी बन जाता है। इन भूमिकाओं में बस आवश्यकता होती है कि आत्मविश्वासी और बेहतर ढंग से अपनी बात कह पाएं। हालांकि संप्रेषणों के बारे में बात करें, तो भाषा एक और करियर है, जहां यह सिर्फ मस्ती के लिए थी तथा बाहरी देश में खुद को टिकाए रखने की थी। जबकि, अब आप अनुवादक, पत्रकार, भाषा पेशेवर, यहां तक कि अंतर्राष्ट्रीय टूर गाइड भी बन सकते हैं, जिसमें स्थानों की खोज करने का शौक और विदेशी भाषा की योग्यताएं आजीविका की अच्छी कमाई में आपकी सहायता कर सकते हैं।

**भाषण और ड्रामा वो कॅरियर है जहां अभिनेता से लेकर कवि होना विकल्प के रूप में दिखता है। एक्टिंग भारत में बॉलीवुड और भारतीय धारावाहिकों के लिए लोकप्रिय है, लेकिन थिएटर भी है, जहां आप सिर्फ पर्दे पर नहीं, बल्कि नाटकों व मंचों पर अभिनय कर सकते हैं। आप निर्देशक भी बन सकते है, जो कि कैमरे के पीछे होना है, फिर भी अपने मार्गदर्शन के जरिए अपनी कला को प्रदर्शित करना है।**

भाषण और ड्रामा वो करियर है जहां अभिनेता से लेकर कवि होना विकल्प के रूप में दिखता है। एक्टिंग भारत में बालीवुड और भारतीय धारावाहिकों के लिए लोकप्रिय है, लेकिन थिएटर भी है, जहां आप सिर्फ पर्दे पर नहीं, बल्कि नाटकों व मंचों पर अभिनय कर सकते हैं। आप निर्देशक भी बन सकते है।, जो कि कैमरे के पीछे होना है, फिर भी अपने मार्गदर्शन के जरिए अपनी कला को प्रदर्शित करना है। कविता पुन: एक ऐसी चीज है जहां आप कविता को प्रकाशित व प्रस्तुत कर सकते हैं, जहां लिखने के बजाय आप उस कविता को पढ़ सकते हैं जो आपने लिखी है। अनेक ऐसे संस्थान है जो इन शौक को प्रोत्साहित करते हैं और विकल्प तलाशने में आपकी सहायता करते हैं।

उन सभी क्षेत्रों में जो एक चीज आम है, वो यह कि दूसरों को सिखाने के जरिए मिले ज्ञान को साझा करना, जो कि प्रशिक्षक बनकर किया जाता है। पढ़ाने का क्षेत्र विषयानुसार विकसित हुआ है, जहां संगीत, कला, ड्रामा और भाषाएं, इन सबमें बेहतर करियर बन सकता है। हमें करना यह है कि जीवन में अपनी महत्वाकांक्षाओं व शौक से जुड़ने के विचार को पुख्ता करें। आज हमारे नौजवान अति सौभाग्यशाली है कि वे भली भांति परिचित हैं कि दुनिया में किताबों के पीछे और सामने क्या है। जो कुछ भी उनके लिए अपना गंतव्य हासिल करने में जरूरी हो, उसमें उनकी सहायता करना, और उसी पर हमें ध्यान देने की जरूरत है।

इस खयाल के मद्देनजर, हमने अनेक प्रकार के कोर्स आरंभ किए हैं जो बच्चों को उनके शौक पूरे करने की दिशा में कदम उठाने और अपने शौक को करियर बनाने और सबसे महत्वपूर्ण अपने शौक का आनंद लेने में सहायता करते हैं। एफएसएम बडी उन सभी योग्यताओं को प्रदर्शित करता है जहां व्यक्ति का रचनात्मक पक्ष विकसित और उन्नत हो। हम मुख्यतया उपयुक्त योग्यता विकास पर जोर देते हैं और हमारे पास आनलाइन शिक्षक हैं जिनके पास अपने क्षेत्र विशेष का खासा अनुभव व विशेषज्ञता है।

अंत में, कैथरीन व्हाइटहोर्न के शब्दों में, ''पता लगाओ कि तुम्हें क्या करना सर्वाधिक पसंद है और ऐसा व्यक्ति तलाशो जो उसे करने के लिए तुम्हें धन दे दे।'' यदि तुम्हारे भीतर अपने जीवन में अपने सपने पूरे करने की इच्छा व जुनून है तो तुम्हारे लिए कुछ भी असंभव नहीं है ! अपनी एकाग्रता बनाए रखोगे तो तुम बुलंदी छूओगे, तुम निश्चित रूप से वह करने में सफलता पाओगे जो तुम्हें पसंद है।

–लेखक फुर्टाडोस स्कूल आफ म्यूजिक के को–सीईओ और सह संस्थापक हैं।

# ऑनलाइन कक्षाओ के लिए भी नियम बनाएं

**अनंत गोयल का कहना है कि वर्तमान महामारी ने ऑफलाइन कक्षाओं की पढ़ाई को आनलाइन पद्धति में बदल दिया है। मगर इसका अर्थ यह नहीं है कि हमें अनुशासन के साथ समझौता कर लेना चाहिए**

**कोविड**–19 महामारी ने हमारे जीवन को अनेक रूपों में बदल डाला है, हर चीज को वर्चुअल की ओर त्वरित , नाटकीय रूपांतरण किया है। दुनिया के अधिकांश हिस्सों में वायरस फैलने के कारण स्कूलों के बंद होने के कारण, छात्रों के ई–लर्निंग की ओर मुड़ने से, शिक्षा पूरी तरह डिजीटल रूपांतरण से गुजरी है। विश्व आर्थिक मंच द्वारा जारी ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, 186 देशों के 120 करोड़ से अधिक बच्चे महामारी के कारण स्कूल बंद होने से प्रभावित हुए हैं।



अनंत गोयल
Director-founder, Bright Tutee

हालांकि एडटेक के पैरोकार मानते हैं कि यह नया इंतजाम शिक्षा को नया आकार देगा, जबकि अन्य लोग तर्क देंगे कि मामूली योजनाबद्धता व तैयारी के साथ आनलाइन शिक्षण की ओर बढ़ने का अघोषित कदम शिक्षण प्रक्रिया को खासा नुकसान पहुंचा सकता है। इन चुनौतियों के मद्देनजर, यह लाजमी बन जाता है कि शिक्षक खास दिशानिर्देशों का पालन करें, जब वे आनलाइन अध्यापन को अपना रहे हैं।

**छात्रों के लिए व्यवहारिक नियम लागू करना उनमें अनुशासन लाएगा:** अनुशासन किसी भी कक्षा का एक अनिवार्य हिस्सा है, चाहे वो प्रत्यक्ष कक्षा हो या आभासी। इसलिए, छात्रों को बुनियादी शिष्टता का पालन करना होगा। उन्हें समयबद्ध, उचित पहनावे में होना चाहिए तथा क्लास के दौरान खाने से परहेज करना चाहिए। उन्हें एक भटकावमुक्त क्षेत्र या एक अलग कमरा तलाशने के लिए कहें तथा उनके लिए क्लास की समूची अवधि के दौरान अपने वीडियो चालू रखने के लिए कहें। सुदूर शिक्षण तभी असरकारी है यदि सभी छात्र क्लासरूम परिचर्चाओं में योगदान करते हैं। एक शिक्षक के रूप में, क्लास के अंतिम दस से पंद्रह मिनट को प्रश्नोत्तर काल के लिए आवंटित करके हर छात्र को उसमें सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करें।

**समूची क्लास को म्यूट या चुप करा देना अच्छा विचार और बुरा विचार हो सकता है:** इसमें संदेह नहीं कि लगभग 45–50 छात्रों की क्लास को नियंत्रित करना कठिन होता है और वो भी लेपटॉप स्क्रीन के जरिए। समूची क्लास को म्यूट कर देना या मूक कर देना बातचीत, पृष्ठभूमिगत आवाजों तथा हर उस चीज को जो आपके अध्याय के प्रवाह को बाधित कर सकती है, को बंद करने का आसान तरीका है, लेकिन यह आपको नुकसानदायक स्थिति में भी रख सकती है। क्योंकि इससे, छात्र भागीदारी प्रभावित दुविधा की स्थिति में पाते हैं तो आप सिर्फ प्रश्नकाल या चर्चा सत्रों के दौरान क्लास को अनम्यूट करने का फैसला कर सकते हैं।

**कक्षा के समक्ष अध्यायों को आनलाइन पोस्ट करने से छात्रों की जिज्ञासा जगाने में सहायता होगी:** यह याद रखना जरूरी है कि कुछ छात्रों को दूसरों के मुकाबले ज्यादा समय की जरूरत पड़ सकती है। इसलिए, उन्हें वर्चुअल स्तर पर अध्यायों को सीखना और दबाव के साथ ढलना अधिक चुनौतीपूर्ण लग सकता है। हालांकि छात्रों को व्यक्तिगत रूप से ध्यान देना संभव नहीं है, मगर आप क्लास शुरू होने से पहले अध्यायों को आनलाइन पोस्ट कर सकते हैं ताकि वे उन्हें अंदाजा मिल सके। डिजीटल होम बेस स्थापित करें जहां छात्र और शिक्षक दोनों डिजीटल कंटेंट, एमसीओ, पूर्व वर्षों के पेपर्स और कार्यादेशों का उल्लेख कर सकते हैं।

**छात्र केंद्रित क्लासरूम बनाने से शिक्षण परिणामों में सुधार होगा:** बतौर शिक्षक, जिम्मेदारी आपके कंधों पर आती है कि सुनिश्चित करें कि आपके छात्र पीछे तो नहीं छूट रहे हैं। अपनी शिक्षण आवश्यकताओं, जटिल मुद्दों को समझने की उनकी क्षमता पर ध्यान दें, और फिर पढ़ाने की गति निर्धारित करें जिस पर हर छात्र को नोट्स समझने में सहूलियत महसूस होती है। जब आप अध्याय का उद्देश्य समझ लेते हैं, उसकी विषयवस्तु को कई भागों में विभाजित या संशोधित करें जिससे कि कठिन हिस्सों को बेहतर समझने में सहायता हो। अधिक लंबे छात्र–केन्द्रित असायनमेंट्स भी आनलाइन शिक्षण परिवेष में अधिक प्रभावी माने जाते हैं जो छात्रों को अपनी आलोचना सोच व समस्या समाधान योग्यताएं लागू करने का अवसर देते हैं।

**साइबर स्वच्छता का अभ्यास करें:** उचित साइबर स्वच्छता बनाए रखना अत्यावश्यक है क्योंकि शैक्षणिक संस्थान आनलाइन शिक्षण में अप्रत्याशित तेजी आने से साइबर हमलों के लिए खासतौर पर असुरक्षित हो गए हैं। अपने कामकाजी पीसी को अपने व्यक्तिगत पीसी से अलग रखने का प्रयास करें और यदि यह संभव नहीं तो नेटवर्क को क्लास को पढ़ाते समय वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (वीपीएन) से सुरक्षित करें। सलाह है कि विभिन्न उपयोगों के लिए उसका असली पासवर्ड रखें। आप पासवर्ड की विविधता बनाए रखने के लिए पासवर्ड मैनेजर का उपयोग कर सकते हैं।

## स्कॉलरशिप



द विक्टोरिया युनिवर्सिटी आफ वेलिंग्टन अपने मास्टर आफ फाइन आर्ट्स इंटरनेशनल स्कालरशिप के लिए आवेदन आमंत्रित करती है।

**योग्यता:** स्कालरशिप धारकों के पास युनिवर्सिटी आफ वेलिंग्टन में मास्टर आफ फाईन आर्ट्स (क्रिएटिव प्रेक्टिस) में अध्ययन का प्रस्ताव होना अनिवार्य है।

**सहयोगी दस्तावेज:** आवेदको को आवेदन के साथ निम्न दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे: पूर्व योग्यता डिग्री की प्रतिलिपि, अकादमिक पांडुलिपियों के प्रतिलिपियां, अंग्रेजी भाषा दक्षता प्रमाणपत्र, व्यक्तिगत वक्तव्य, एवं पासपोर्ट की प्रतिलिपि।

**प्रवेश शर्ते :** प्रवेश की न्यूनतम शर्त है–प्रासंगिक विषय या व्यापक अनुभव में स्नातक डिग्री होना।

**भाषा शर्त :** आईईएलटीएस में समग्रता में 6 .5 का स्कोर, कोई भी उपस्कोर 6 से कम न हो या लेखन में न्यूनतम 20 के साथ इंटरनेट आधारित परीक्षा में 90, या विक्टोरिया युनिवर्सिटी आफ वेलिंग्टन सर्टीफिकेट आफ प्रोफिशिएंसी इन इंगलिश टेस्ट में न्यूनतम 5 की दो रेटिंग तथा 4 की दो रेटिंग या पीयर्सन टेस्ट आफइंगलिश में 58 का स्कोर हो जिसमें कम्युनिकेशन स्कोर में न्यूनतम स्कोर 50 होना चाहिए।

**आवेदन कैसे करें :** इस आवेदन के लिए कोई अलग से आवेदन प्रक्रिया नहीं है। जब आप विक्टोरिया युनिवर्सिटी आफ वेलिंग्टन के मान्यताप्राप्त कोर्स के लिए 1 दिसंबर, 2020 तक आवेदन करते हैं तो आपका मूल्यांकन कर लिया जाएगा।

**आवेदन की अंतिम तिथि :** 1 दिसंबर, 2020।

द युनिवर्सिटी आफ इंडियानापोलिस इंटरनेशनल स्टूडेंट ग्रांट के लिए आवेदन आमंत्रित करती है इसके तहत सालाना तीस प्रतिशन ट्यूशन फीस की रियायत प्रदान की जाएगी। यह ग्रांट बिना किसी बाधा के अपने शैक्षणिक लक्ष्यों की प्राप्ति में छात्रों की सहायता करेगी। इस संस्थान में प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले छात्र ही इस अवसर का लाभ पा सकते हैं।

**योग्यता :** आप विदेशी छात्र होने चाहिए। आपके पास न्यूनतम जीपीए : बी या उससे उन्नत की डिग्री होनी चाहिए। आपने युनिवर्सिटी आफ इंडियानापोलिस में किसी यूजी डिग्री कोर्स में स्वीकृति प्राप्त की हो।

**इच्छुक उम्मीदवारों को निम्न दस्तावेज जमा करने होंगे:** पूर्व योग्यता डिग्री की प्रतिलिपि, अकादमिक पांडुलिपियों के प्रतिलिपियां, अंग्रेजी भाषा दक्षता प्रमाणपत्र, व्यक्तिगत वक्तव्य, एवं पासपोर्ट की प्रतिलिपि।

**भाषा शर्त :** आवेदकों के पास अंग्रेजी का पर्याप्त ज्ञान होना आवश्यक है यदि उनकी मातृभाषा अंग्रेजी नहीं है। युनिवर्सिटी की न्यूनतम शर्त है टीओईएफएल 70, आईईएलटीएस 6 .0 या पीटीईए 54।

**आवेदन कैसे करें:** आवेदकों को औपचारिक आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। वे स्वत: विचारयोग्य मान लिए जाएंगे जब उनका युनिवर्सिटी में उपयुक्त कोर्स में दाखिला ले लेते हैं।

**आवेदन की अंतिम तिथि:** 1 नवंबर, 2020।

# अपने शौक को बनाएं आजीविका

काम के प्रति समर्पण रूचि व शौक से संचालित होता है, आर्थिक जरूरतों के आधार पर नहीं। कर्मचारियों को संतुष्ट महसूस करना चाहिए और उन्हें मदद मिलनी चाहिए जिससे कि वे निरंतर अपने काम के समय का उत्पादक ढंग से उपयोग कर सकें। ऐसे व्यक्ति के लिए जो सिर्फ आजीविका कमाने के लिए काम नहीं करना चाहता है, उसका अपने शौक को करियर में बदलना शुरूआत करने का सर्वोत्तम तरीका है।



## माइंड इट

शौक मानसिक व भावनात्मक शांति हासिल करने में हमारी सहायता करते हैं और सामाजिक, अंतरवैयक्तिक, एवं रचनात्मक चिंतन योग्यताओं के विकास में मदद करते हैं। कोविड –19 तालाबंदी के दौरान घर में बंद छात्र इस समय का उपयोग कर सकते हैं और प्रामाणिक आनलाइन प्रशिक्षणों में पंजीकृत होकर अपनी रूचियों को निखार सकते हैं। अगर आप आरामदायक समय के दौरान उपरोक्त उल्लिखित तीन में से कोई भी एक काम करने के शौकीन हैं तो आप आनलाइन प्रशिक्षणों के जरिए इन्हें पेशेवर ढंग से सीख सकते हैं।

**नयी भाषाएं सीखना:** नयी भाषाएं सीखने के प्रति आपके प्रेम में अपार क्षमता है, महज शौक होने की तुलना में। आनलाइन प्रशिक्षण में पंजीकरण कराना, मसलन फ्रेंच भाषा प्रशिक्षण के रूप में, तालाबंदी के दौरान सीखने की जटिलता को हाशिए पर रख सकता है। 29 देशों की अधिकृत भाषा, फ्रेंच सीखना, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उच्च शिक्षा में आवेदन के दौरान, अपने सहपाठियों से बेहतर स्थान हासिल करने में आपकी सहायता कर सकता है। प्रशिक्षण के जरिए, व्यक्ति अपने रोजमर्रा अंतर्क्रियाओं में फ्रेंच पढ़ना, लिखना, समझना और बोलना सीख सकता है। एक अंतर्निहित स्पीच पहचान इंजन आपको अवसर देता है कि आप अपनी फ्रेंच बोलने की योग्यताओं का अभ्यास कर सकें और अपनी उच्चारण गलतियों को सुधार सकें। प्रशिक्षण में असायनमेंट्स, मूल्यांकन परीक्षाएं, क्विज, और दिलचस्प अभ्यास जैसे कारक भी हैं। फ्रेंच भाषा में प्रामाणिकता पाने के बाद, आप बहुराष्ट्रीय कंपनियों, आयात–निर्यात संस्थानों, दूतावासों, कॉलसेंटर्स, पर्यटन एवं आवभगत उद्योग में काम कर सकते हैं और पढ़ाने और अनुवादक व दुभाषिया जैसी रोजगार भूमिकाएं कर सकते हैं।

**लेखन:** लेखन अनेक लोगों के लिए उपचारविधि है। जिन लोगों को देखना, बारीकियों पर ध्यान देना, और बोलने के बजाय लेखन के जरिए खुद को अभिव्यक्त करना पसंद है, उन्हें अपनी लेखन योग्यता निखारने के लिए लेखन प्रशिक्षण कार्यक्रम में पंजीकरण करा लेना चाहिए। रचनात्मक लेखन जैसे प्रशिक्षण आपके आंतरिक शब्दकोष को सामने लाते हैं और अपनी संक्षिप्त कहानी, उपन्यास, निबंधों नयी कहानियों, पटकथा, विज्ञापन कार्य या संपादकीय योग्यता को निखारने में आपकी सहायता करते हैं। हमउम्र दर्जाबंदी खूबी लेखन कार्यादेशों पर रचनात्मक सलाह देने तथा लेने में आपकी सहायता करती है। आपके हमउम्र आपके पाठकों का काम करते है। और अंजाने में अपनी गलतियां सुधारने तथा अपनी लेखन योग्यताओं को निखारने में आपकी सहायता करते हैं।

उनके लेखों को पढ़ने से आपकी शब्दावली समृद्ध होती है और आपको विभिन्न लेखन शैलियों को जानने का अवसर मिलता है। लेखन में पेशेवर योग्यताओं वाले व्यक्तियों को हर इंडस्ट्री में लाभकारी रोजगार मिल सकते हैं। वे कापी राईटर, एडिटर, पत्रकार, भाषण लेखक, तकनीकी लेखक, उपन्यासकार, कथाकार, स्तंभकार, पीआर स्पेशलिस्ट, फिल्म आलोचक और शिक्षा, मनोरंजन, खाद्य, यात्रा, आवभगत व स्वास्थ्य जैसे उद्योगों में सोशल मीडिया विशेषज्ञ का काम कर सकते हैं।

**पलों को कैद करना:** हमारे मोबाइल फोन में अत्याधुनिक कैमरों का होने ने फोटोग्राफी के प्रति अपना शौक तलाशने में लोगों की काफी सहायता की है। आपको अपने आसपास की सुंदर प्रकृति की तस्वीर लेना पसंद हो या आप प्रत्येक कालेज –यात्रा के लिए अधिकृत फोटोग्राफर बन गए हों, आप भावनाओं को कैद करने, कथावाचन, लाइटिग एवं कलर, फ्रेमिंग अवधारणाओं में अपनी योग्यताएं निखार सकते हैं और आनलाइन फोटोग्राफी कोर्स में पंजीकृत होकर विस्तार से इस योग्यता को निखार सकते हैं।

यह कोर्स आपको कैमरा और लेंसेंज, व्हाइट बैलेंस तथा ट्रेंगल पैरामीटर्स की जानकारी, कैमरा मीटरिंग और फोकसिंग, कम्पोजिशन की कला एवं शूटिंग तकनीकों तथा इमेज पोस्ट–प्रोसेसिंग की व्यापक समझदारी प्रदान करता है। प्रमाणपत्र के साथ, आपको सेवायोजन सहयोग भी मिलता है, जो आपके लिए उचित रोजगार अवसर तलाशने में आपकी सहायता करता है। प्रमाणित फोटोग्राफर का दर्जा सफलतापूर्वक हासिल करने के बाद, व्यक्ति यात्रा, खाद्य, मनोरंजन एवं अन्य उद्योगों के लिए फ्रीलांसर के रूप में काम कर सकता है या फिल्म सेट, पेट, पोर्टे लैंडस्केप, खेल, उत्पाद, फाइन आर्ट, फैशन, आर्किटेक्चरल एवं हवाई फोटोग्राफर जैसे लाभकारी रोजगार अवसर पा सकता है।

– **लेखक सर्वेश अग्रवाल, इंटर्नशाला की संस्थापक सीईओ हैं।**

बढ़ता जा रहा कोरोना का ग्राफ

# सीतापुर में मिले कोरोना के 60 नये मरीज

## ● द्वितीय वाहिनी पीएसी में मिले 11 कोरोना मरीज

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर में** चार दिनों बाद एक बार फिर कोरान की रतार बढ़ गई है। शहर, द्वितीय वाहिनी पीएसी व पटीसी सहित जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में 60 नए कोरोना केस मिले हैं। शहर में 35, द्वितीय वाहिनी पी.ए.सी. में 11, केशव नगर में 3, आलम नगर में 2, तरीनपुर में 4, ए.पी.टी.सी. में 1, जिला महिला अस्पताल में 3, केशव ग्रीन सिटी में 1, कोतवाली सीतापुर में 1, मुंशीगंज में 1, कनवाखेड़ा में 1, पी.टी.सी. में 3, प्रेम नगर में 1, आनन्द नगर में 1, महोली में 1, खैराबाद में 3, सिधौली में 1,




कमलापुर में 4, बिसवां में 6, औरंगाबाद में 1, कोतवाली लहरपुर में 2, खरैला में 1, जबकि 3 अन्य गैर जिलों के हैं।

### बनाए गए चार हॉटस्पाट

कोरोना की रोकथाम के लिए चार नए हॉटस्पाट बनाए गए हैं। जिलाधिकारी अखिलेश तिवारी ने बताया कि महोली के गांव ब्रम्हावली और सिधौली के अलादादपुर, बाड़ी व गोविंदनगर को नया हॉटस्पाट बनाया गया है। बता दें जिले में कोराना की रतार बहुत तेज हो गई है। एक्टिव केस 400 का आंकड़ा पार कर गए हैं।

### लहरपुर में कोरोना जांच पर खड़े हो रहे सावालियां निशान

सीतापुर की लहरपुर सीएचसी में एम्बुलेंस चालक शिवम की मौत के बाद कराई गईं जांचों को लेकर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। आरोप है कि सीएचसी प्रभारी डा. आनंद मिश्र द्वारा 96 लोगों की जांच कराई गई है, जिनमें 9 लोगों की रिपोर्ट पहले निगेटिव और बाद में पाजिटिव बताई गई।

## ईओ ने खुद मशीन पकड़ किया सैनेटाइज



सीतापुर-सैनेटाइज करते ईओ जेपी पांडेय

**कोरोना महामारी** व संक्रमाक रोगों की रोकथाम के लिए नगर पालिका का सफाई अभियान जारी है। रविवार को लालबाग-घंटाघर मार्ग को सैनिटाइज किया गया। इस दौरान ईओ जेपी पाण्डेय ने जनमानस को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया। उन्होंने बताया कि एक-एक करके शहर के सभी वार्डों को सैनिटाइज किया जा रहा है। ईओ ने खुद ही सैनेटाइज मशीन को पकड़कर छिड़काव करने लगे।

बाढ़ के काल में समाने जिन्दिगियां

# रामपुरमथुरा क्षेत्र में बाढ़ के पानी में डूबी किशोरी, मौत

संवाददाता। रामपुरमथुरा सीतापुर

**गांजरी रामपुरमथुरा** थाना के लोनियनपुरवा ग्राम पंचायत के अलग-अलग मजरों में बाढ़ के पानी में डूबने से दो की मौत हो गई। सुबह रामकुंडी गांव में शौच के लिए गई 12 वर्षीय संजना की पानी में डूबने से जान चली गई। वहीं दोपहर बाद दहला गांव के प्रभाकर का तीन वर्शीय बेटा अवधेष डूब कर मर गया। मासूम अवधेश घर के बाहर लगे नल की चौकी पर खेल रहा था, इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह पड़ोस में बह रहे नाले में जा गिरा, जिसमें उसकी मौत हो गई। प्रभारी एडीएम सिटी मजिस्ट्रेट पूजा मिश्रा ने बताया कि दैवीय आपदा से मरने वालों के परिवारीजनों को मुआवजा दिए जाने का प्रावधान है, एसडीएम की रिपोर्ट मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।



रामपुरमथुरा-गांव में घुसने लगा बाढ़ का पानी

### पानी घटा और मुसीबतें बढ़ीं

**रेउसा सीतापुर।** बैराजों से छोड़े जाने वाले पानी जरूर कमी आई है, लेकिन सीतापुर के गांजरी क्षेत्र की मुसीबते कम नहीं हुई हैं। शारादा व घाघरा क्षेत्र में तबाही मचा रही हैं। सैकड़ों गांवों के घरों में पानी भर गया है। रास्ते कट गए हैं। जलभराव में फसलें व पशुओं का चारा नश्ट हो गया है। महमूदाबाद, बिसवां व लहरपुर तहसील की करीब 40 हजार की आबदी की जिंदगी मुष्किलों भरी हो गई है। पीड़ितों ने पलायन करके ऊंचे स्थानों पर बसेरा बना लिया है। प्रशासन पीड़ितों को पर्याप्त राहत नहीं उपलब्ध कर पा रहा है। भोजन के साथ ही पीड़ित पशुओं के चारे की भी समस्या से जूझ रहे हैं। बाढ़ग्रस्त क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं भी डूब गई हैं। मरीजों को इलाज नहीं मिल रहा है। रंडाकोड़र ग्राम पंचायत के प्रधान चंद्रिका प्रसाद, लहरपुर की ग्राम पंचायत के प्रधान दिवाकर प्रताप सिंह ने बताया कि उनकी पंचायतों में प्रशासन ने अभी तक किसी तरह की मदद उपलब्ध नहीं कराई है।

### भोजन के साथ ही चारे का भी संकट

**ब्लाक रेउसा** के गोलोककोड़र में उफनाई घाघरा की बाढ़ के बीच 32 मजरों की आबादी कैदी बनकर रह गयी है। पीड़ितों को दो जून की रोटी नहीं मिल रही और पषु भूखों मरे जा रहे हैं। ऐसे में दुग्ध उत्पादक क्षेत्र गोलोककोड़र में समस्या और बढ़ गई है। दुग्ध उत्पादन ठप होने से 15 हजार की आबादी के समक्ष रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि उनके पास पैसे नहीं बचे हैं, उधर प्रषासन 24 घंटे में सिर्फ एक बार ही भोजन उपलब्ध करा है, पशुओं के चारे का कोई इंतजाम नहीं किया गया है, अब तो भगवान का ही सहारा बचा है, पानी उतरने पर ही समस्याओं में कुछ कमी आएगी।

### सिंचाई विभाग ने शुरू की मरम्मत

**तहसील लहरपुर** के सोंसरी गांव में बने बंधा के दो स्टण्ड षारदा नदी बहा ले गई थी। सिंचाई विभाग ने स्टण्ड को दोबारा खड़ा करने का प्रयास षुरू कर दिया है। ग्रामीण करूणाशंकर ने बताया कि नदी उफन पर है, पानी घटने पर ही पता लग पाएगा कि कितने स्टण्ड नदी उड़ा ले गई है। उन्होंने बताया कि उन्हें नहीं कि लगता कि सिंचाई के प्रयासों से कोई फायदा होगा।

## क्विक न्यूज

### ईनामी अपराधी गिरफ्तार

**सीतापुर।** टॉप टेन लिस्टेड के साथ ही 25 हजार के इनामिया अपराधी को थानगांव पुलिस ने गिरतार किया है। थानाध्यक्ष संजीव कुषवाहा ने बताया कि गिरतार राजू शर्मा पुत्र महादेव निवासी लहरपुर के पास से 90 ग्राम स्मैक बरामद हुई है, राजू कई मामलों में वांछित था, अभियुक्त को जेल भेजा जा रहा है।

### दो अपराधियों पर लगा गैंगस्टर

**सीतापुर।** दो शातिर अपराधियों पर लहरपुर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट लगाया है। कोतवाल ओपी राय ने बताया कि क्षेत्र के ग्राम ईरापुर के शातिर पशु चोर राजू भाट और ग्राम बिलकुइयां के फूल कुंवर पर कार्रवाई की गई है।

### नाले में पड़ा मिला शव

**सीतापुर।** महमूदाबाद इलाके के रामकुंड चौराहे के पास नाले में नवजात का शव मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना को लेकर कस्बे में तरह-तरह चर्चाएं हो रही हैं।

### तालाब में मिला युवक का शव

**सीतापुर।** थाना मछरेहटा के गांव चौहानपुरवा में एक युवक का शव तालाब में मिला है। मृतक राजेन्द्र सिंह मछरेहटा के ही जालेपारा का रहने वाला था। वह चौहानपुरवा अपनी ससुराल आया था, राजेन्द्र षनिवार षाम ससुराल से गायब हो गया था। एसओ अवधेष यादव ने बताया षव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया कोई तहरीर नहीं मिली है।

### किशोरी को अगवा करने का मामला दर्ज

**सीतापुर।** बिसवां कोतवाली क्षेत्र से शौंच गई कि एक किशोरी को अगवा करने का मामला आया है। पीड़िता की मां ने गांव के रमेश व अन्य तीन लोगों पर भगाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

### बारिश के चलते गिरी छत, टला हादसा

**सीतापुर।** लहरपुर के सोंसरी में बारिश के चलते अचानक पक्की छत ढह गई। गनीमत रही कमरे में कोई नहीं था। गृहस्वामी श्रीराम यादव अपने बेटे सर्वेश और पत्नी के साथ छत पर लेटा था। बारिश से बचने के लिए जैसे ही वह नीचे उतरने लगा, उसी बीच छत गिर गई। हालांकि किसी को ज्यादा चोट नहीं आई।

### कार ने बाइक को मारी टक्कर, घायल

**सीतापुर।** सिधौली कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाइवे पर सिंहपुर मोड़ के समीप लखनऊ से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मारी दी और कार भी पलट गई। हादसे में बाइक सवार के साथ ही दो कार सवार घायल हो गए। घायल कार सवार, हरविंदर सिंह व उनकी पत्नी बलविंदर कौर को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है। वहीं बाइक सवार मनीष का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

### देवांश नगर में समस्याओं का अम्बार

**सीतापुर।** शहर के मोहल्ला देंवाशनगर का हाल नाम से बिल्कुल अलग है। देवांषनगर के वासिंदे नरकीय जीवन बिताने को मजबूर हैं। मोहल्ले का मुख्यरास्ता नहरनुमा है, इस रास्ते पर वाहन निकालना तो दूर की बात, पैदल चलना भी मुष्किल है। मोहल्ले में बेतरतीब लटक रहे बिजली के तार बड़े हादसे को दावत दे रहे हैं। मोहल्ले के लोगों ने वीडियो जारी करके समस्याओं के निस्तारण की मांग की है।

### डॉ. नीरज जैन को अवार्ड मिलने पर जताई खुशी

**सीतापुर।** लखनऊ विश्वविद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक डॉ नीरज जैन को गिनीज बुक ऑफवर्ल्ड रिकॉर्ड्स से नवाजा गया है। उन्हें यह अवार्ड युवा नेतृत्व के साथ शिक्षा में विशेष योगदान के लिए दिया गया है। उनकी इस उपलब्धि पर लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष सरोज तिवारी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अशीष मिश्र, कार्तिकेय शुक्ल, सुनील पांडेय, शशिकर गुप्ता, बद्री गुप्ता, रमारमन त्रिवेदी, डॉ अरुण त्रिवेदी, रजनीश मिश्रा, दिनेश सिंह, अरुणेश मिश्रा, कमलेश पांडे, प्रमोद खत्री, रामगोपाल आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

### सकरन के कमरिया में ग्रामीणों ने रूकवा दिया मानक विहीन सड़क का निर्माण

**सकरन सीतापुर।** विकास क्षेत्र सकरन की ग्राम पंचायत कमरिया के ग्रामीणों ने जागरूकता का परिचय दिया है। मानकों को दरकिनार करके गांव में बन रही आरसीसी रोड निर्माण कार्य को गांव वालों ने बंद करा दिया है। ग्रामीणों ने बातया कि रोड बनाने में हर स्तर पर मानकों की अनदेखी की गई है, रोड चार इंच के बजाय एक इंच ढाली जा रही थी, प्रधान से शिकायत की गई थी, लेकिन प्रधान ने समाधान नहीं किया, ऐसे में मजबूर होकर सड़क निर्माण रूकवाना पड़ा।

### क्षत्रिय महासभा ने जताया शोक

**सीतापुर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा सीतापुर ने राज्यसभा सदस्य अमर सिंह की मौत पर षोक जताया है। अधिवक्ता चेम्बर नम्बर16 में हुई शोक सभा में महासभा के महामंत्री कुवर वरूण सिंह, प्रधान पाताबोझ अनिल सिंह, बृजराज सिंह तोमर, इंदू सिंह चौहान, दिनेश पाल सिंह, कुवर वरुण सिंह तोमर ,भवर सिंह, प्रहलाद सिंह गौर, टीपी सिंह, आशीष सिंह गौर,रिपुदमन सिंह,प्रदेश मंत्री जया सिंह एडवोकेट,प्रदेश उपाध्यक्ष विकास सिंह भदौरिया, अजय प्रताप सिंह, अजित सिंह गौर, अमित सिंह कतरा, वीरेंद्र सिंह चौहान, विजय विक्रम सिंह, रविराज सिंह, अनुज सिंह, आरपी सिंह चौहान, चेयरमैन सन्तोष सिंह चौहान, आरपी सिंहचौहान, अमन विक्रम सिंह, प्रवेश सिंह, संजय सिंह सिघौड़ा, रमा निकेत सिंह तोमर,सन्तोष सिंह सेमरदहा, पूरन सिंह, हिमांशु सिंह, सौरभ सिंह,सोनू सिंह, टिलू सिंह, राघवेंद्र सिंह, आलोक सिंह, केबी सिंह, सानू सिंह व गौरव सिंह ने मृत आत्का की षांत के लिए भगवान से प्रार्थना की।

रक्षाबंधन आज

## खुली रहीं मिठाई व राखी की दुकानें, जमकर हुई खरीदारी

**सीतापुर।** वीकेण्ड लॉकडाउन के बावजूद शहर पूरी तरह बंद नहीं रहा। रक्षाबंधन त्योहर के मद्देनजर मिठाई व राखी की दुकानें खुली रहीं। हालांकि विगत वर्शों की तरह बिक्री नहीं हुई। झींगालाला के अभिशेक जिंदल व राजस्थानी होटल के बंटी अग्रवाल ने बताया कि बहुत अच्छी बिकवाली नहीं रही। राखी विक्रेता अंकुर ने बताया इस बार महंगी राखियां नहीं बिकी।



सीतापुर-राखी की खरीदारी करतीं महिलाएं



सीतापुर-मिठाई की खरीदारी करती युवती

## इमलिया पुलिस ने टॉप-10 अपराधी को धर दबोचा

**सीतापुर।** थाने के टॉप 10 अपराधी को इमलिया सुल्तानपुर पुलिस ने धर दबोचा है। थानाध्यक्ष मनोज यादव ने बताया कि गिरतार अभियुक्त छोटकन्ने पर हत्या, लूट जैसे 31 गभीर मुकदमें दर्ज हैं। 19- लगातार चोरी की वारदातों से जनपद की पुलिस हलकान है। षनिवार रात चोरों ने थानगांव और बिसवां क्षेत्र में धावा बोला। थानगांव के वैन गांव में भोगई के घर से 7 हजार की नगदी समेत हजारों का माल चोरों ने पार किया और बिसवां के लड़सड़ा निवासी राजकुमार के घर चोरों ने नकब लगाकर 21 हजार की नकदी समेत लाखों के माल पर हाथ साफकर दिया। पुलिस जांच में जुट गई है।

# सेवता विधायक ने जाना बाढ़ पीड़ितों का दर्द



सीतापुर-राहत सामग्री वितरित करते विधायक

संवाददाता। सीतापुर

**बाढ़ पीड़ितों** तक राहत पहुंचाने के लिए 'पायनियर' लगातार पीड़ितों का दर्द उजागर कर रह है। इसके सकारात्मक नीतीजे भी मिलने शुरू हो गए हैं। विधायक ज्ञान तिवारी पीड़ितों को मदद पहुंचाने के लिए सक्रिय हो गए हैं। रविवार को उन्होनें तहसीलदार महमूदाबाद अशोक कुमार, तहसीलदार बिसवां राजकुमार गुप्ता व सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ बाढ़ग्रस्त इलाके का भ्रमण किया। रामपुरमथुरा के अंगरौरा में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी, राहत सामग्री बांटी। उन्होंने अधिकारियों को ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने के निर्देष दिए। विधायक ने काषीपुर में चल रही बाढ़ परियोजना का निरीक्षण किया। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि ओम प्रकाश मिश्रा, मंडल अध्यक्ष मनोज सिंह, अरविंद बाजपेई, लक्ष्मी मौर्य, अशोक बाजपेई आदि मौजूद रहे।

## प्राविधिक शिक्षा मंत्री के निधन पर हुई शोक सभा

**सीतापुर।** प्रदेश सरकार में प्रावधिक शिक्षा मंत्री कमला रानी वरुण का निधन हो गया है। उनके निधन की खबर मिलते ही सामाजिक व राजनीतिक गलियारों में शोक की लहर दौड़ गई। इस दौरान पूर्व मंत्री रामपाल राजवंशी, महाराजा छीता पासी ट्रस्ट के एमसी भार्गव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रामदयाल राजवंशी, सुरेन्द्र राजवंशी, निर्मला भार्गव, प्रमोद कुमार, दीपू भार्गव, अनुराग भार्गव, संदीप कुमार, विजय भार्गव, श्रवण कुमार, विनोद रावत, कुमुद लता, मंजू वर्मा, लता वर्मा, सरोजनी देवी, रेखा देवी, विपिन कुमार, अमित राजवंशी सहित अन्य लोगो ने शोकसभा की।



स्व.शिक्षा मंत्री कमला रानी वरुण

### भाजपा कार्यालय हुई सभा

**भाजपा कार्यालय** में हुई शोक सभा में सांसद द्रव रेखा वर्मा व अशोक रावत, जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, उपाध्यक्ष संजय मिश्रा, विधायक ज्ञान तिवारी, महेंद्र यादव, शशांक त्रिवेदी, राम.ष्ण भार्गव, सुरेश राही, पूर्व मंत्री रामहेत भारती, पूर्व विधायक भरत त्रिपाठी, राकेश सिंह, साकेत मिश्रा, दिनेश शर्मा, विश्राम राठौर, राजेश्वर रस्तोगी, संजय मिश्रा, इंदू सिंह चौहान, करुणाशंकर त्रिपाठी, अजय भार्गव, रोहित सिंह, राजेश शुक्ला, नैमिष रतन तिवारी, जया सिंह, सुधीर सिंह, गोविंद भारती, राकेश त्रिपाठी, गोदावरी मिश्रा, नीरज वर्मा, अनूप विश्वकर्मा, अभिषेक मिश्रा, प्रकाश सिंह, श्रवण शुक्ला, अमर बाजपेई, उत्तम वर्मा, तरुण शुक्ला, शिवा गोश्वामी, उत्तम पांडेय, सत्यम सिंह आदि ने कैबिनेट मंत्री के निधन पर गहरा शोक जताया।

## राष्ट्रीय स्तर पर डीपीएस की समृद्धि का डंका



समृद्धि ठाकुर

संवाददाता। सीतापुर

**दिल्ली पब्लिक** स्कूल की छात्रा समृद्धि ठाकुर ने राष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन किया है। समृद्धि ने संविधान दिवस पर भारत सरकार की ओर से 'नए भारत के निर्माण में नागरिकों के कर्तव्य' विशय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। केन्द्र सरकार ने पांच हजार रूपए नकद व प्रषस्तिपत्र देकर समृद्धि को सम्मानित किया है। डीपीएस के प्रधानाचार्य राकेष सिंह के साथ ही विद्यालय के अन्य षिक्षकों ने समृद्धि को बधाई दी है।

# पूर्व विधायक ने किया भ्रमण

संवाददाता। सीतापुर

**बाढ़ पीड़ितों** को मदद उपलब्ध कराने के लिए सेवता के पूर्व विधायक महेन्द्र सिंह ''झीन बाबू'' ने कदम बढ़ा दिया है। उन्होंने रविवार को कनरखी घाट, बुद्धिपुरवा, अंगरौरा, अटौरा, अखरी, बंगालापुरवा आदि गांवों का दौरा करके पीड़ितों का दर्द पूछा। पूर्व विधायक ने जरूरतमंदों को राहत समाग्री भी उपलब्ध कराई, और षासन-प्रषासन पर राहत एवं बचाव कार्य में लापरवाही का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि मदद के बहाने फोटे खिंचवाई जा रही हैं। इस दौरान दिनेश सिंह, विश्वपाल सिंह, रिजवान अहमद, जुनैद अहमद, वहीदुल रहमान, दुर्गेश मिश्रा, अमित यादव, यादव, रामकुमार वर्मा, प्रदीप निषाद, भोला यादव, सुरेंद्र यादव, पवन यादव आदि मौजूद रहे।

### सेवता की पानी टंकी सफेद हाथी बनी

**सेउता सीतापुर।** सेवता विधायक ज्ञान तिवारी की नाक के नीचे जल निगम ने भ्रश्टाचार की इबारत लिख डाली है। लाखों रूपए खर्च करके सेवता में पानी की टंकी अभी तक नहीं शुरू हो पाई है, जबकि टंकी का निर्माण 2015 में पूरा हो गया था। ग्रामीणों ने बताया कि टंकी से सुविधा के बजाय परेशानी मिली है, पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदी गईं सड़कों पर निकलना मुष्किल है।



सीतापुर-बाढ़ पीड़ितों का हाल चाल जानते पूर्व विधायक महेन्द्र सिंह झीन बाबू

# टहलने के बहाने दोस्त को बुलाकर मारी गोली, मौत

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी



**शहर के** मोहल्ला इमली चौराहा निवासी एक युवक को उसके ही दोस्त ने बाहर टहलने के लिए बुलाया और गोली मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। बताया जाता है दोनों के बीच किसी बात को लेकर पहले विवाद हुआ था। घटना को अंजाम देने वाला हत्यारोपी दोस्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।जानकारी के अनुसार, सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला इमली चौराहा स्थित मंगलम गेस्ट हाउस के निकट वैभव शाह उर्फ छोटू (19) पुत्र स्व. गौतम शाह के चाचा पीयूष शाह ने बताया कि वैभव शाह शनिवार की रात खाना खाने के बाद टहलने निकला था। जिसके बाद पड़ोस में रहने वाले सत्यम तिवारी ने उसे बुला लिया और पास जाते ही उसके पेट में गोली मार दी। गोली की आवाज सुनते ही सभी बाहर निकले तब तक सत्यम तिवारी वहां से भाग चुका था। गंभीर हालत में वैभव को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां से डाक्टरों ने उसे लखनऊ रेफर कर दिया। हरगांव जिला सीतापुर के आसपास उसकी हालत बिगड़ी जिसके बाद उसे जिला अस्पताल सीतापुर ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को मृतक के परिवार की ओर से जानकारी दे दी गई है जिसके बाद कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है। मामले पर कोतवाल अजय मिश्रा ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज का रिकार्ड निकलवाया गया। वहीं आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## खत्म होने की कगार पर है इंदरनगर

**तिकुनिया खीरी।** मोहाना नदी पर नेपाल सरकार द्वारा बनाये गये बंधे से इंदर नगर गांव का अस्तित्व खत्म हो रहा है। जहां एक ओर मोहाना नदी के बाढ़ के पानी से लगभग एक दर्जन घर बह गये व टूट गये वहीं लगभग सात घर नदी के तेज बहाव में कटने की कगार पर हैं। नदी कटान में मोहन सिंह, तारा सिंह, काला सिंह, बिंदर सिंह, लखविंदर सिंह, रेशम सिंह व जसबीर सिंह के घर आ चुके हैं। इन सभी के घरों से मोहाना नदी केवल पांच मीटर की दूरी पर बह रही है। लोगों का कहना है कि बाढ़ के पानी उतरने के साथ ही ये सभी घर कट कर बह जाएंगे। काला सिंह का कहना है कि न कोई सरकारी सहायता मिली न ही कोई देखने आया है। सभी लोगों ने बाढ़ के पानी में ही घरों का सामान निकालना व घरों को तोड़ना भी शुरू कर दिया है। आज लागातार 100 घंटे बाढ़ के पानी को भरे हुये हो चुके हैं। गांव इंदरनगर में न ही बिजली न ही मोबाईल नेटर्वक और न ही कोई सरकारी सहायता पहुंची। कहीं ऐसा न हो की सूरत नगर जैसे इंदर नगर भी बह जाये और कट जाये।

# शराब पीने से मना करने पर कर दिया जानलेवा हमला

- चौकीदार को किया मरणासन्न
- तीन हजार लूटे

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी



**कोतवाली सदर** के अंतर्गत ग्राम छाउछ निवासी संतोष कुमार दीक्षित गांव में ही कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं बीआरसी में चौकीदारी करते हैं। एक अगस्त की रात 8:30 बजे बदमाशों ने धावा बोल दिया। पहले चौकीदार को बुरी तरह मारा-पीटा जिससे चौकीदार का दाहिना हाथ टूट गया। बाद में उसके पास से रखे 3000 लूट कर बदमाश फरार हो गए। पीड़ित संतोष कुमार दीक्षित ने दो व्यक्तियों को पहचान लिया है जो ग्राम छाउछ के ही निवासी हैं। एक चंटी वर्मा पुत्र रमेश वर्मा व दूसरा सुलेमान पुत्र सफी अहमद है। एक दिन पहले यही लोग स्कूल प्रांगण में शराब पीने आए थे जिन्हें चौकीदार संतोष कुमार दीक्षित ने वहां शराब पीने से मना किया था और न मानने पर पुलिस को बुलाने की बात कही थी।

इस पर यह लोग अपशब्द बोलते एवं जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से चले गए थे। दूसरे दिन यह लोग अपने चार-पांच साथियों के साथ तमंचा लहराते हुए पहले चौकीदार को स्कूल के गेट पर बुरी तरह मारा पीटा। किसी तरह लोगों ने बीच-बचाव करके उसको छुड़ा दिया तब उसने भागकर अपने स्कूल का गेट बंद कर लिया और अंदर चला गया। लेकिन यह लोग स्कूल की बाउंड्री लांघ कर अंदर घुस गए और फिर उस पर जानलेवा हमला कर दिया। बुरी तरह मारा-पीटा जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसका दाहिना हाथ टूट गया और चौकीदार संतोष कुमार दीक्षित को मृत समझकर 3000 रुपए लूट कर फरार हो गए।

स्कूल में रखी सरकारी संपत्ति को भी क्षति पहुंचाई। जख्मी संतोष कुमार दीक्षित का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। कोतवाली पुलिस को तहरीर दे दी गई है।

# सावधानी ही महामारी का एकमात्र इलाज: सुमन



**औरंगाबाद-खीरी।** इस समय चल रही कोरोना महामारी ने पूरी दुनिया में तबाही मचा रखी है। उसी को देखते हुए क्षेत्र में जिला पंचायत अध्यक्ष सुमन नरेंद्र सिंह, पूर्व प्रमुख नरेंद्र सिंह व भाजपा जिला मंत्री बृजेश सिंह ने क्षेत्र में मास्क का वितरण कर लोगों को कोरोना महामारी से बचाव के लिए जागरूक किया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने लोगों से अपील की कि क्षेत्र में कोरोना के मरीजों की संख्या दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। ऐसे में सभी को बहुत सावधान रहने की जरूरत है। घर से तभी बाहर निकलें जब अत्यंत जरूरी हो। मास्क का उपयोग अवश्य करें। जिला मंत्री भाजपा बृजेश सिंह ने मास्क बांटते हुए लोगों को मास्क लगाने पर जोर दिया। उन्होंने लोगों से बताया कि सरकार द्वारा बाहर निकलने पर मास्क को जरूरी कर दिया गया है अगर मास्क नहीं लगाया गया तो जुर्माना भी वसूला जाएगा।

# बड़े पैमाने पर नष्ट की गई शराब की भट्ठियां

- हफ्ता वसूली के चलते खत्म नहीं हो पा रहा खेल

संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ-खीरी।



**थाना कोतवाली** गोला व वनविभाग की मिलीभगत के चलते गोला जंगल में कच्ची शराब की भट्ठियां दहक रही है। पुलिस चौकी अलीगंज के इंचार्ज योगेश शंखधर हमराहियों के साथ जंगल में जाकर आग पर चढ़ी भट्ठियां नष्ट कर मौके से बडे पैमाने पर शराब व शराब बनाने के उपकरणों को बरामद किया है। जबकि जंगल के वीट पश्चिमी में आग पर भट्ठियां बराबर चढ़ी रहती है जो कि कोतवाली गोला पुलिस की जानकारी में है। पर हफ्ता वसूली के खेल व वनरेंज अधिकारी गोला की महीना वसूली के चलते जंगल काटकर लकड़ी का उपयोग जारी है।

जानकारी के अनुसार गोला जंगल से होकर उल्लनदी व खीरी ब्रांच की बडी नहर निकली है। बड़ी नहर की वीट पश्चिमी व उल्लनदी जो कि वीट पूर्वी से होकर निकली है। उल्लनदी पुलिस चौकी अलीगंज के किनारे कच्ची शराब का बडे पैमाने पर उत्पादन होता है जिसमें दो सांसिया (भातू) कालोनी भटपुरवा और कुसमी कालोनी के सांसिया कच्ची शराब का उत्पादन करते है और खीरी ब्रांच की बडी नहर के किनारे ग्राम कोंधवा निवासी भार्गव समाज के लोग कच्ची शराब की लहन भी जंगल में रखते है और दिन.दहाडे शराब का उत्पादन करते है। गौरतलब हो कि अलीगंज पुलिस चौकी इंचार्ज योगेश शंखधर भी कोतवाली गोला के अंतर्गत है पर वह अपनी तेजतर्रार कार्यशैली के चलते कच्ची शराब को बंद करने में लगभग कामयाब है और एक लाख बीस हजार रुपये जो पुलिस को मिलता था उसपर लात मार कर बंद कर दिया है। यह कदम महज सराहनीय ही नहीं पुलिस चौकी इंचार्ज को इसके लिए इनाम देकर उत्साहित भी करना चाहिए।इधर कोतवाली गोला के पुलिस कर्मचारियों ने बदनाम ग्राम कोंधवा के शराब बनाने वालों से हफ्ता बांध रखा है और वह जिसके चलते पुलिस की छवि धूमिल हो रही है।यहां के शराब बनाने वाले पडोस के वीट पश्चिमी की खीरी ब्रांच की बडी नहर जो कि ऐबीपुर के निकट है वहीं पर लहन को जमीन में दबाते है और लहन पक जाने पर जंगल की लकड़ियों का उपयोग कर शराब को दिन.दहाडे बनाते है।

## हत्याकांड के तीन आरोपी गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** हत्या में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के दौरान थाना धौरहरा पुलिस द्वारा एक हत्या के मुकदमे में वांछित तीन अभियुक्तों सुशील पुत्र फूलचंद, महेश पुत्र फूलचंद व फूलचंद पुत्र टाऊ को सरसवा चौराहे के पास से मय आलाकत्ल 312 बोर तमंचा के साथ गिरफ्तार किया गया है।

## शस्त्र के साथ गिरफ्तार



**लखीमपुर-खीरी।** पुलिस अधीक्षक खीरी के निर्देशन में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के दौरान दो अगस्त को थाना मैगलगंज पुलिस द्वारा एक देशी तमंचा 12 बोर मय एक अदद जिंदा कारतूस के साथ अभियुक्त मनोज पुत्र नौखेलाल निवासी ग्राम लल्हौआ थाना मैगलगंज को गिरफ्तार किया गया है। इसके खिलाफ आर्म्स एक्ट में मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## सत्तार व इस्लाम गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए गए अभियान के दौरान थाना धौरहरा पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट के वांछित 2 वांछित अभियुक्तों सत्तार पुत्र टेनी व इस्लाम पुत्र सलारु निवासीगण रामनगर लहबड़ी थाना धौरहरा जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया है।

## क्विक न्यूज

### कोविड-19 के चलते त्यौहारों का रंग फीका

**फतेहपुर।** इस बार राखी की दुकानों में ज्यादा भीड़ देखने को नहीं मिल रही है क्योंकि कोरोना संक्रमण के चलते तमाम बहनें ना तो अपने भाईयों के यहां आ पा रही हैं और ना ही भाई अपने बहनों के यहां जा पा रहे हैं। यही कारण है कि इस बार राखी की दुकानों में भीड़ का टोटा दिखाई पड़ रहा है। दुकानदारों से बात करने पर पता चला कि इस बार उनकी राखी न के बराबर बिक रही हैं हालांकि दुकानदारों ने यह बात जरूर कहा कि इस बार धागा ज्यादा बिक रहा है। वहीं कुछ दुकानें में तो सन्नाटा ही पसरा दिखाई पड़ा। दुकानदारों ने कहा कि कोरोना संक्रमण के चलते जहां जगह-जगह बैरिकेडिंग है। यह भी राखी की दुकानों में भीड़ इकट्ठा न होने का कारण है। तमाम बहनें घरों से बाहर इसीलिए नहीं निकल रही हैं। वहीं फेरीवाले मोहल्ले-मोहल्ले फेरी लगाकर धागा बेच रहे हैं। उसको भी बड़ी मात्रा में बहनें खरीद रही है। यही कारण है कि इस बार दुकानों में बहनों द्वारा राखी खरीदने की संख्या नै के बराबर है। तमाम दुकानदारों ने यह भी बताया कोरोना संक्रमण के चलते इस बार राखी का त्यौहार फीका ही नजर आ रहा है और वह ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि यह करोना जल्दी समाप्त हो ताकि अगले वर्ष जमकर राखी की बिक्री हो सके क्योंकि राखी कोई खराब होने वाली वस्तु नहीं है इसलिए इसे हम अगले वर्ष भी आसानी से बेंच सकते हैं।

### फतेहपुर में बारह और कोरोना संक्रमित, एक और मौत

**फतेहपुर।** कोरोना वायरस संक्रमितो की ताजा स्टेट रिपोर्ट में पिछले 24 घण्टे के दौरान जनपद में 12 और संक्रमितो की पुष्टि हुई है। वहीं मृतकों की संख्या बढ़कर दस हो गई है। जनपद में कोरोना के ऐक्टिव केस बढ़कर 229 हो गये हैं। वहीं स्वस्थ्य होने वालों की संख्या 285 है।

### कच्ची दीवार गिरने से दबकर मामा-भांजी की मौत

**हुसैनगंज फ़तेहपुर।** थाना क्षेत्र के गनेशपुर गाँव में कच्चा मकान गिरने से उसमें दबकर मामा.भांजी की दर्दनाक मौत हो गई।इस घटना के बाद घर में कोहराम मच गया। लगभग नौ बजे नरेंद्र पुत्र सकटु पासी 18 वर्ष घर में खाना खा रहा था तथा उसकी 2 माह की भांजी पायल पुत्री आशाराम बग़ल में लेटी थी। तभी अचानक कच्ची दीवार गिर जाने से दोनो की मौक़े पर मौत हो गई।

### डीएम के निर्देश पर भरा गया मिठाई का सैंपल

**फतेहपुर।** जिलाधिकारी जिलाधिकारी के निर्देश पर आज भी शहर फ़तेहपुर के कई प्रतिष्ठानों/मिठाई की दुकानों में मिलावट व कोविड 19 के दृष्टिगत छापेमारी की गई। उक्त के क्रम में उपजिलाधिकारी सदर प्रमोद झा ने नायब तहसीलदार नगर डॉ सन्तराज सिंह के साथ छोटे लाल यादव, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी फ़तेहपुर व राकेश गौर, खाद्य एवं सफ़ाई निरीक्षक नगर पालिका फ़तेहपुर मय पुलिसबल भेजा। टीम ने द्विवेदी रेस्टोरेंट्स शादीपुर चौराहा, बालाजी स्वीट हाउस रेल बाजार शादीपुर चौराहा, लोकनाथ स्वीट हाउस वर्मा चौराहा, श्री बालाजी राजस्थान स्वीट हाउस वर्मा चौराहा आदि में गन्दगी तथा पॉलीथिन पाए जाने व मास्क न लगाने के कारण क्रमशः रुपया 3000, 3000, 2000, 4000 कुल रुपया बारह हजार का जुर्माना वसूला गया। राजस्थान स्वीट हाउस में समर सिंह व शांतनु कारीगर बिना मास्क पाए गए। उपरोक्त प्रतिष्ठानों से खाद्य एवं सुरक्षा विभाग द्वारा छेना, बर्फ़ी व मिठाई का सैंपल लेकर भी जांच हेतु क्षेत्रीय खाद्य विश्लेषण प्रयोगशाला गोरखपुर भेजा जा रहा है।

### संदिग्ध हालात में युवती ने फांसी लगा दी जान

**फतेहपुर।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के भिटौरा कस्बे में शनिवार की शाम संदिग्ध परिस्थितियों में लगभग 18 वर्षीय एक युवती ने घर के अंदर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार भिटौरा निवासी सूघर पाल की पुत्री अल्का देवी ने कल शाम उस वक्त घर के अंदर पंखे में रस्सी का फंदा डाल फ़ांसी लगाकर आत्महत्या कर ली जब घर के सभी लोग खेतों में धान लगाने चले गये थे। शाम को जब परिजन घर लौटकर आये तो उनके पैरो तले जमीन खिसक गयी। उनकी जवान पुत्री का शव फ़ांसी पर लटक रहा था। तभी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। वहीं घटना के बाबत जानकारी लेने पर परिजनों ने कुछ भी बताने से इंकार कर दिया।

### शांतिभंग में 23 निरूद्ध

**फतेहपुर।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अन्तर्गत रविवार की सुबह आधा दर्जन से अधिक थानों की पुलिस ने लगभग दो दर्जन लोगों के विरूद्ध 151 के तहत कार्रवाई की है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार हुसैनगंज 12, बिन्दकी 3, औंग 1, जाफ़रगंज 3, गाजीपुर 1, ललौली 1 तथा थरियांव थानाध्यक्ष ने 2 लोगों के विरूद्ध शांति भंग के तहत कार्रवाई की है।

# मनरेगा में काम न मिलने से प्रवासी श्रमिकों के सामने दो जून की रोटी का संकट

- 17230 प्रवासियों को अभी भी काम की है तलाश, जिले की 840 ग्राम पंचायतों में आए हैं 795 प्रवासी श्रमिक
- 40 गांवों में अभी मनरेगा के नहीं शुरू हुए काम, न के बराबर मिल रहा काम, कस्बों व जिला मुख्यालय का करना पड़ रहा रुख

संवाददाता। फतेहपुर

**कोरोना संक्रमण** के बाद घरों को लौटे प्रवासी श्रमिकों के सामने अब रोजी रोटी की समस्या खड़ी हो रही है। गांव स्तर पर श्रमिकों को काम दिलाने के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) में मजदूरों को पर्याप्त काम नहीं मिल पा रहा है। जिले के 13 विकास खंडों की 840 ग्राम पंचायतों में 2,91,472 जॉब कार्ड धारी मजदूर हैं। इनमें 40,458 जॉब कार्डधारी प्रवासी मजदूर हैं लेकिन अभी 40 ग्राम पंचायतें ऐसी हैं जिनमें मनरेगा के तहत काम ही शुरू नहीं किया गया। 23,228 मजदूरों को ही मनरेगा के तहत काम मिल सका है। अभी भी 17,230 मनरेगा में दर्ज प्रवासी श्रमिकों को काम की तलाश है। हलांकि जिलाधिकारी संजीव सिंह ने मनरेगा के तहत हर ग्राम पंचायत पर काम शुरु करा प्रवासियों को हर हाल में काम देने के निर्देश दे रखे हैं लेकिन बड़ी तादाद में प्रवासी श्रमिक अभी भी काम से दूर हैं। जिसके चलते उन्हें दो वक्त की रोटी के लाले पड़ रहे हैं। काम की तलाश में कई मजदूरों को शहर व कस्बों की ओर रुख करना पड़ रहा है।जिले के ऐरायां विकास खंड में 56 ग्राम पंचायत ऐसी है जहां प्रवासी मजदूर आए हैं लेकिन अभी भी 7 ग्राम पंचायतों में मनरेगा के तहत काम ही शुरू नहीं किया गया। यहां 3854 प्रवासियों के सापेक्ष केवल 2400 श्रमिकों को ही काम दिया जा सका है। अमौली विकास खंड की 52 ग्राम पंचायतों में 2282 प्रवासी श्रमिक पंजीकृत हैं। यहां सभी श्रमिकों को काम तो दिया गया है लेकिन उतना काम नहीं मिल पा रहा है जिससे उनके घरों का चूल्हा दोनों वक्त जल सके। असोथर विकास खंड की 47 ग्राम पंचायतों में 3633 प्रवासी श्रमिक अपने वतन को लौट कर आए हैं लेकिन 2985 मजदूर ही मनरेगा के तहत काम कर रहे हैं। बहुआ विकास खंड की 59 ग्राम पंचायतों में 2643 प्रवासी मजदूर पंजीकृत हुए हैं। इनमें अभी 13 ग्राम पंचायतें ऐसी है जहां मनरेगा के तहत काम ही नहीं हो रहा। इसी का नतीजा है कि 1503 प्रवासियों को ही यहां काम दिया जा रहा है।

भिटौरा विकास खंड की 81 ग्राम पंचायतों में 3580 प्रवासी घरों को लौट कर आए हैं लेकिन 2058 श्रमिक ही मनरेगा के तहत काम पाए हैं बाकी के मजदूरों को काम की तलाश में इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। देवमई विकास खंड 49 ग्राम पंचायतों में 2242 श्रमिकों को पंजीकृत किया गया है।

जो गैर प्रांतों से वापस अपने घरों को लौटे हैं लेकिन यहां हालात बद से बदतर है। केवल 280 प्रवासी ही ऐसे हैं जिन्हें मनरेगा के तहत काम दिया जा रहा है। धाता विकास खंड के 68 ग्राम पंचायतों में 3571 प्रवासी श्रमिक दर्ज किए गए हैं। इनमें 1620 श्रमिक ऐसे हैं जिन्हें मनरेगा के तहत काम दिया गया है। वहीं 2 ग्राम पंचायतों में अभी काम ही नहीं शुरू है। हसवां विकास खंड के 58 ग्राम पंचायतों में 3587 श्रमिकों में 1940 को ही काम दिया गया है। हथगांव की 75 ग्राम पंचायतों में 3775 श्रमिक पंजीकृत किए गए हैं लेकिन 2975 प्रवासी श्रमिक ही ऐसे हैं जिन्हें मनरेगा के तहत काम दिया जा रहा है। यहां 11 ग्राम पंचायतों में मनरेगा के तहत काम ही शुरू नहीं हुआ है। खजुआ विकास खंड के 57 ग्राम पंचायतों में 3242 श्रमिक अपने प्रान्त को लौट कर आए हैं और 1451 ही काम पा रहे हैं। बाकी के प्रवासी काम न मिलने के चलते घरों में बैठने को मजबूर हैं।

मलवां विकास खंड की 72 ग्राम पंचायतों में 737 पंजीकृत श्रमिकों को काम दिया जा रहा है लेकिन न के बराबर मिल रहे काम से उनके सामने दो वक्त की रोटी का संकट खड़ा हो गया है। तेलियानी विकास खंड की 57 ग्राम पंचायतों में 2341 प्रवासी श्रमिक कोरोना के चलते वापस आए हैं इनमें 972 श्रमिक ही ऐसे हैं जिन्हें का काम मुहैया कराया जा रहा है।विजयीपुर विकास खंड की 64 ग्राम पंचायतों में 4971 प्रवासी श्रमिकों को पंजीकृत किया गया हैं, और इनमें 7 ग्राम पंचायतें ऐसी हैं जहां मनरेगा के तहत काम ही नहीं चल रहा। 2025 जॉब कार्डधारी श्रमिक ही ऐसे हैं जिन्हें गांव स्तर पर काम दिया गया है। पूरे जिले में 23,228 प्रवासी श्रमिकों को ही अब तक काम दिया जा रहा है। 17,230 प्रवासी श्रमिक ऐसे हैं जिन्हें अभी भी काम की तलाश है। ग्रामीण विकास मंत्रालय को हाल ही में भेजी गई रिपोर्ट में यह सामने आया है कि शासन-प्रशासन भले ही दिशा निर्देश जारी कर रहा हो लेकिन विकास खंड व ग्राम पंचायत स्तर पर मनमानी जारी है। इसी का नतीजा है कि 795 ग्राम पंचायतों में 40,458 प्रवासी श्रमिक लौट कर घर आए हैं उन्हें जॉब कार्ड से आच्छादित किया गया है लेकिन 17 हजार से अधिक प्रवासी श्रमिक ऐसे हैं जिन्हें अभी भी काम की तलाश है। काम न मिलने के चलते श्रमिकों को गांव के बाहर कस्बा व जिला मुख्यालय तक मजदूरी की तलाश में आना पड़ता है। जिलाधिकारी संजीव सिंह ने प्रवासी श्रमिकों को हर हाल में काम मुहैया कराने के लिए विभागों को निर्देश दिए हैं।

खासकर मनरेगा के तहत काम करने वालों को हर हाल में काम दिए जाने को कहा है। इतना ही नहीं प्रशासन श्रमिकों को दिए जाने वाले कामों की रिपोर्ट हर दिन मांग रहा है। जिम्मेदार मनमानी व उदासीनता पर उतारू हैं जिसके चलते हैं प्रवासी श्रमिकों के सामने दो वक्त की रोटी का संकट खड़ा हो रहा है।

# बिंदकी में कोरोना पॉजिटिव का एक और केस मिलने के बाद की गई क्षेत्र की बैरीकेडिंग

संवाददाता। बिंदकी (फतेहपुर)

**नगर में** कोरोना वायरस संक्रमण थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसी के चलते एक और कोरोना पॉजिटिव केस मिलने के बाद कंटेनमेंट एरिया को बैरिकेडिंग कल सील कर दिया गया। राजस्व विभाग तथा नगर पालिका परिषद के अधिकारियों ने कंटेनमेंट जोन का निरीक्षण भी किया तथा लोगों से कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव की अपील भी किया। नगर में कोरोना वायरस संकट का प्रभाव लगातार बढ़ता जा रहा है। तमाम दायित्व के बाद भी लोग बेवजह घरों से बाहर निकलते हैं। सामाजिक दूरी का पालन भी नहीं करते और तमाम लोग मास्क भी नहीं लगाते। जिसके कारण कोरोना वायरस संक्रमण में रोकथाम नहीं लग पा रही है। इसी के चलते नगर के मोहल्ला मीरखपुर खरियाही मंदिर के समीप एक और युवक का कोरोना पॉजिटिव निकला है जिसकी पुष्टि जिला अधिकारी संजीव कुमार सिंह ने किया है। इसके बाद से ही नगर पालिका परिषद तथा तहसील प्रशासन सक्रिय हो गया और नगर पालिका परिषद के सफ़ई इन्स्पेक्टर राजेंद्र सिंह तथा कस्बा लेखपाल भान सिंह ने मौके पर जाकर कंटेनमेंट जोन को बैरिकेडिंग कर सील करा दिया। उन्होंने नगर के मोहल्ला घियाही गली, मेन बाजार, खजुहा चौराहा, ठठराही नई कॉलोनी, पैगंबरपुर इलाहाबाद बैंक के समीप बने कंटेनमेंट जोन का भी निरीक्षण किया। लोगों को हिदायत देते हुए अपील किया कि कंटेनमेंट जोन में आवागमन ना करें वरना कोरोना वायरस संक्रमण का खतरा हो सकता है। अपील की गई कि बहुत आवश्यक होने पर ही घर से बाहर निकले। सामाजिक दूरी का पालन करें, मॉस्क भी अवश्य लगाएं रहे तथा समय-समय पर हाथों को साफ करते रहें।

# विद्यार्थी के समग्र विकास की अपेक्षाओं को मूर्त रूप देगी राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020: अभाविप



**फतेहपुर।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020, 21वीं सदी के युवाओं के समग्र विकास का व्यवहारिक खाका है। इस शिक्षा नीति में विद्यार्थी के व्यक्तित्व एवं कौशल विकास, व्यावसायिक चेतना, मानसिक स्वास्थ्य, वैज्ञानिक एवं गहन सोच, प्राइमरी तक स्थानीय या मातृभाषा में शिक्षा, संगीत, कला, खेल, विज्ञान, कॉमर्स आदि विधाओं/विषयों को रुचि के अनुसार पढ़ने का अवसर प्राप्त होना महत्वपूर्ण हैं। आधुनिकता के समन्वय से वैज्ञानिक सोच युक्त ज्ञान आधारित समाज के निर्माण को यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति मूर्त रूप देगी। शिक्षा क्षेत्र में लैंगिक समानता, छात्रवृत्ति, निजी शैक्षिक संस्थानो में शुल्क के नियंत्रणीकरण, निजी एवं सरकारी संस्थानो में समान कोर्स, मूल्यांकन के नए मानक तय करने आदि बिंदुओं पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में विस्तृत कार्ययोजना का समावेश छात्र हित में हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 के माध्यम से भारतीय मूल्यों के अनुरूप शिक्षा में नवाचार, अनुसंधान, कौशल विकास तथा रोजगारोन्मुखता का समावेश प्रशंसनीय है। राष्ट्रीय साक्षरता तथा सकल नामांकन पाठ्यचर्या में भविष्य की आवश्यकताओं का ध्यान, बजट आवंटन जीडीपी का कुल 6 प्रतिशत रखने, शोध, रोजगार, व्यवसाय, विषय विशिष्टता, खेल तथा अन्य पाठ्येतर गतिविधियों को महत्व देने, सार्वजनिक शिक्षा क्षेत्र को मजबूती देने, बहु-विषयक शैक्षिक परिसर आदि बिंदुओं पर स्पष्टता के साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में इनके समावेश द्वारा आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है। शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन की आवश्यकता है। जल्द ही नीति धरातल पर आये जिससे इसका लाभ शैक्षिक समुदाय को मिले उसके लिए सभी शिक्षाविदों, जन समुदाय, केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा आपस में मिलकर प्रभावी प्रयास किया जायें। अभाविप के प्रदेश मंत्री तरुण बाजपेई ने कहा कि 34 वर्षों बाद के इंतजार के बाद आयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, 21वीं सदी की आवश्यकताओं व आत्मनिर्भर भारत को गढ़ने वाली शिक्षा नीति है। मानव संसाधन विकास मंत्रालय का नाम शिक्षा मंत्रालय करने की सिफ़रिश निश्चित ही ज्ञान आधारित समाज निर्माण के संकल्प को पूर्ण करने की इच्छाशक्ति को दर्शाता है। विद्यार्थियों को कौशल विकास से जोड़ना, शिक्षा में रुचि के अनुसार विषयों के चयन की स्वतंत्रता का प्रावधान, शोध के लिये नेशनल रिसर्च फ़उंडेशन, रोजगार परक शिक्षा, वास्तव में यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति आत्मनिर्भर बनाने में मिल का पत्थर साबित होगी। अब केन्द्रीय मंत्रिमंडल से मंजूरी मिलने के उपरांत, शिक्षा क्षेत्र के सभी हितधारकों को सजगता से इसके क्रियान्वयन हेतु अपनी भूमिका के निर्वहन हेतु तैयार रहना होगा। केन्द्र सरकार के साथ राज्य सरकारों के बेहतर समन्वय से ही देश शिक्षा क्षेत्र के नए लक्ष्यों को प्राप्त कर सकता है, हम आशा करते हैं कि केंद्र तथा राज्य सरकारें बेहतर समन्वय स्थापित कर भारत के करोड़ों छात्रों के साथ न्याय करेंगी।

# कैबिनेट मंत्री कमलरानी के निधन से भाजपाई शोकाकुल


कमलारानी वरुण का फाइल फोटो

संवाददाता। कानपुर देहात

**कोरोना** संक्रमण की वजह से पीजीआई लखनऊ में भर्ती कैबिनेट मंत्री कमलरानी वरूण के निधन पर भाजपाईयों ने उन्हें श्रद्धॉजलि देते हुये उनकी असमय मृत्यु पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुये शोक जताया है। जनपद में अलग-अलग स्थानों पर भाजपाइयों ने ही नहीं अपितु सभी दलों के नेताओं ने उनकी निर्विवाद कार्यशैली की प्रशॅसा करते हुये उनकी आत्मा की शॉति की प्रार्थना की है।

कमलरानी वरूण भाजपा के दलित चेहरे की पहचान रही है इसी के चलते उन्हें घाटमपुर लोकसभा चुनाव से पार्टी ने टिकट भी दी थी। परन्तु पार्टी के अन्दर ही खींचतान व वर्चस्व के चलते मामूली मतों के अन्तर से वह जनपद की ही एक तत्कालीन विधानसभा डेरापुर में भितरघात व कद्दावर भाजपा पूर्वमंत्री के विरोध के चलते पराजित हो गयी थी। घाटमपुर लोकसभा सहित वह जनपद की रसूलाबाद विधानसभा क्षेत्र से भी पार्टी के टिकट से चुनाव लड चुकी है परन्तु रसूलाबाद विस में भी कद्दावर नेता के वर्चस्व के चलते उनको हार का मुॅह देखना पडा था। वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में उन्हें घाटमपुर सुरक्षित विधानसभा से पार्टी ने टिकट दिया। घाटमपुर विस क्षेत्र में कद्दावर नेता का हस्तक्षेप तो था परन्तु उनका पार्टी के अलावा अपना व्यक्तिगत जनाधार लाख प्रयासों के बावजूद विकसित नहीं हो पाया था। कद्दावर नेता अपनी लोकसभा सीट जिसमें घाटमपुर विस क्षेत्र भी आता है उसको बचाने में सफल रहे परन्तु कमलरानी वरूण की कार्यशैली व मधुर व्यवहार के चलते उनकी लोकप्रियता के आगे नतमस्तक दिखे। कमलरानी वरूण के घाटमपुर विस क्षेत्र से विजयी होने पर भाजपा की इस पुरानी नेता को उनकी निष्ठा व समर्पण का ईनाम भी प्रदेश की योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में प्रदान किया गया।

भाजपा के कर्मठ सिपाही के रूप में जब भी उनको कोई दायित्व दिया गया उन्होंने उसे पूरी निष्ठा के साथ निभाया। काल की गति ने उन्हें भी कोरोना महामारी से संक्रमित कर दिया। लखनऊ के पीजीआई हास्पिटल में उनका उपचार किया जा रहा था। रविवार की सुबह जैसे ही उनकी मौत का समाचार मिला भाजपाई सहित अन्य दलों के नेता भी हतप्रभ रह गये। लखनऊ के पीजीआई हास्पिटल में उनका उपचार किया जा रहा था। रविवार की सुबह जैसे ही उनकी मौत का समाचार मिला भाजपाई सहित अन्य दलों के नेता भी हतप्रभ रह गये। एमएलसी डा0 अरूण पाठक, क्षेत्रीय सॉसद देवेन्द्र सिंह भोले, सदर विधायिका प्रंतिभा शुक्ला, भाजपा जिलाध्यक्ष अविनाश चौहान,पूर्व जिला पॅचायत उपाध्यक्ष तथा वरिष्ठ भाजपा नेता रामजी गुप्ता, पूर्व जिलाउपाध्यक्ष रजोल शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष महेन्द्र कटियार बबलू सहित अन्य दलों के नेताओं ने दलगत भावना से ऊपर उठकर उनके निधन को अपूर्णनीय क्षति बताते हुये श्रद्धॉजलि अर्पित की है।

### पक्ष व विपक्ष के नेताओं ने दी ●श्रद्धांजलि

**वह** मुझे बड़ी बहन की तरह मानतीं थीए वो हमारे हर सुख दुख में साथ रहीं थीं। 1995 में हम साथ में ही पार्षद चुनकर सदन में पहुंचे थेए वह बहुत सहनशील और धैर्यवान थीं। उनके निधन से निश्चति ही पार्टी को अपूर्णीय क्षति हुई है।

**प्रमिला पांडेय, महापौर**

**कमल** रानी बहुत ही सौम्य और समर्पित नेता थीं। अपने विभाग के कार्यों में भी बहुत मेहनत करती थीं। निधन से उनके क्षेत्र और कानपुर ने एक बड़ा नेता खो दिया है।

**● सतीश महाना**
**औद्योगिक विकास मंत्री**
**उत्तर प्रदेश सरकार**

**मैंने** अपने बचपन से उनको देखा और उन्हें देखकर ही सीख रही थी। वह बहुत ही मृदुभाषी और सौम्य स्वभाव की थींए जो राजनीति में उनका बहुत बड़ा गुण था। उनके निधन से पार्टी को निश्चित ही अपूर्णीय क्षति हुई है।

**● नीलिमा कटियार**
**उच्च शिक्षा राज्यमंत्री**
**उत्तर प्रदेश सरकार**

**हमने** सेवा भारती में उनके साथ कार्य किया था। बाद में जब दोनों ही सक्रिय राजनीति में आ गए तो सेवा भारती से हटना पड़ा। उनका निधन बड़ी क्षति दे गया है।

**● पूनम कपूर, सदस्य उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग**

**कमलरानी** बहुत पार्टी की वरिष्ठ नेता थींए उनके निधन की दुखद सूचना ने हम सभी को स्तब्ध कर दिया है। उनका निवास हमारी विधानसभा क्षेत्र में है और पार्टी में वरिष्ठ होने के नाते वो हमारा अक्सर मार्गदर्शन करती थीं। उन्होंने कानपुर के लिए बहुत सेवा की हैए उनका निधन कानपुर ही नहीं उत्तर प्रदेश के लिए भी बड़ी क्षति है।

**● सुरेंद्र मैथानी, भाजपा विधायक**

**कमल रानी** मृदुभाषी थीं, उन्होंने सदैव समाज की बेहतरी के लिए काम किया। पक्ष का हो या विपक्ष का नेता या कार्यकर्ता वह सबकी बात सुनती थीं। उनका निधन हम सबके लिए बड़ी क्षति है।

**● चौधरी सुखराम सिंह यादव**
**राज्यसभा सदस्य**

**कमल रानी** वरुण के निधन से हमने एक बड़ा जननेता खो दिया है। विकास उनकी प्राथमिकता में था। उनके निधन से हुए रिक्त स्थान की पूर्ति नहीं हो सकेगी।

**● पुष्पा कटियार**
**जिला पंचायत अध्यक्ष**

## घाटमपुर में शोक की लहर

**घाटमपुर।** क्षेत्रीय विधायक और कैविनेट मंत्री कमलरानी वरुण के आकाष्मिक निधन की खबर आते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी, उनके निधन पर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने जहॉं जहॉं गहरा दुःख ब्यक्त कर सच्चा जन सेवक और पार्टी को अपूर्णीय छति बताया है वही बिपक्षी दल सपा, बसपा और कांग्रेस के नेताओं उन्हे गरीबों का रहनुमा बताया है। बताया जाता है कि बीते सप्ताह सांस लेने में दिक्कत होने के चलते उन्हे लखनऊ स्थित पीजीआई में भर्ती कराया गया था जहॉं इलाज दौरान आज उनका निधन हो गया, विधायक कमलरानी वरुण के निधन पर भाजपा नेता कमलेश त्रिवेदी, पूर्ब प्रधान एंव स्थानीय पार्टी कार्यालय प्रभारी रामचंद्र सचान, पूर्ब सभासद सुरेश त्रिवेदी, भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री श्रीकृष्ण मिश्रा, उमेश द्विवेदी, भाजपा कानपुर ग्रामीण के महामंत्री बेदबृत सचान, डा0 दिलीप पटेल, पुष्पेंन्द्र सिंह, सभासद बिबेक शुक्ला और जिला पंचायत सदस्य राजनरायन कुरील सहित तमाम लोगों ने कमलरानी के निधन पर गहरा दुख ब्यक्त किया है। किसान यूनियन के नेता महेश कुशवाहा, गंगा नरायन प्रजापति, तथा उचितदर बिक्रेता सेवा समिति के अध्यक्ष सुभाष चंद्र द्विवेदी ने भी कमलरानी रानी के निधन पर गहरा दुख ब्यक्त करते हुए उन्हे एक कुशल जन प्रतिनिधि और कमजोर बर्ग का रहनुमा बताया है।

# फर्रुखाबाद में 22 और कोरोना संक्रमित मिले

**● मरीजों की संख्या पहुंची 524**

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**कोरोना** संक्रमण का खतरा कम होने का नाम नहीं ले रहा। रविवार को आई रिपोर्ट के मुताबिक जिले भर में 22 नये कोरोना संक्रमित मरीज सामने आये हैं। जिनमें से 9 फर्रुखाबाद शहरए 2 राजेपुरए 7 कमालगंजए 3 मोहम्मदाबाद व 1 कायमगंज का मरीज है। जिसके बाद जिले में कुल मरीजों की संख्या 524 रिकॉर्ड की गई है। अब तक डिस्चार्ज 343 मरीज घर भेजे जा चुके हैं जबकि अभी भी एक्टिव केसों की संख्या 169 है।

तमाम प्रयासों के बावजूद जनपद में कोरोना संक्रमण का खतरा कम होने का नाम नहीं ले रहा। नई रिपोर्ट के मुताबिक आये 22 संक्रमित मरीजों के मामले में जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने निर्देश दिये हैं कि इच्छुक मरीजों के यहां यदि होम आइसोलेशन की सुविधा उपलब्ध है तो तत्काल क्षेत्रीय लेखपाल आदि से स्थलीय सत्यापन कराने के बाद होम आइसोलेशन के लिए आवश्यक सुविधायें दी जायें और उन्हें होम आइसोलेशन कराया जाये। शेष मरीजों को कोविड.19 एल 1 समकक्ष डॉण् अनार सिंह आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल बघार में भर्ती कराना सुनिश्चित किया जाये।

नये निकले मरीजों में अधिकांश फर्रुखाबाद शहर के हैं। सभी मरीजों के मोहल्लों को सील कराकर सेनेटाइजेशन कराने के जिलाधिकारी ने निर्देश दिये हैं साथ ही स्थानीय पुलिस को एलर्ट करते हुए निर्देश पारित किये हैं कि कंटेनमेंट जोन में आने.जाने पर पूरी सख्ती बरती जाये साथ ही बेवजह घर से निकलने वालों को भी चिन्हित किया जाये।

## तालाब में डूबकर कोटेदार की मौत

**फर्रूखाबाद।** घर के सामाने बने तालाब में डूबकर शराबी कोटेदार की मौत हो गई। मामले की जानकारी पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। पहुंची पुलिस ने मामले की पडताल की। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना अमृतपुर क्षेत्र के ग्राम रतनपुर पमारान के रहने बाले बब्लू पुत्र ज्वाला सिंह का गांव में ही राशन कोटा है। बब्लू की पत्नी उमा के मुताबिक वह शराब पीने का आदी था। बीती रात भी वह शराब पीके घर आया था। बताया कि उसके घर के सामने ही तालाब बना हुआ है। बीती देर रात वह लघुशंका करने के लिए तालाब की ओर गया था। काफी देर तक जब बब्लू बापस नही आया तो परिजनों ने वहां जाकर देखाा तो उसका शव तालाब में तैर रहा था। शव को देख परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को तालाब से बाहर निकलवाया और मामले की जानकारी की। जिस पर मृतक की पत्नी उमा ने बब्लू के शराबी होने की पुष्टि की। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बिजली मिस्त्री की जान गई

**फर्रूखाबाद।** अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से बिजली मिस्त्री की मौत हो गई। मामले की जानकारी होने पर पहुंची पुलिस सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां उसे चिकित्सकों ने भी मृत घोषित कर दिया। जनपद मैनपुरी क्षेत्र के मोहल्ला कटरा के रहने बाले अनुज पुत्र बीरेन्द्र कश्यप बिजली मिस्त्री था। बताया गया कि उसकी ससुराल झब्बूपुर निवासी रहीस के यहां है। वह अपनी पत्नी जूली व दो बच्चों के साथ बाइक से अपनी पत्नी को उसके मायके छोडने के लिए आया था। बापस मैनपुरी जाते समय रास्ते में ग्राम मटकी सुरैया के पास उसकी बाइक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह घायल होकर सडक किनारे गिर पडा। मामले की जानकारी होने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने अनुज को कायमगंज के सरकारी अस्पताल में पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की जानकारी होने पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया।

# दूधिये की गोली मारकर हत्या, मचा कोहराम

संवाददाता। फर्रूखाबाद



**प्रातः** चार बजे खेत में शौच करने गये दूधिया की गोली मरकर निर्मम हत्या कर दी गई। मामले की जानकारी होने पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। आरोपी घटना को अंजाम देकर मौके से फरार हो गये। पहुंची पुलिस ने मामले की पडताल की।

विवरण के अनुसार कोतवाली मोहम्मदाबाद के ग्राम गजियापुर उर्फ गाजीपुर निवासी 45 वर्षीय प्रमोद कुमार पाल पुत्र अनोखे लाल पाल सुबह 4 बजे अपने घर से लगभग 300 मीटर दूर सुघर सिंह के खेत मे शौच करने के लिए गए थे। उसी समय उनके चीखने की आवाज सुनाई पड़ी। चीखने की आवाज पर कुछ पारिवारिक लोग एवं ग्रामीण चीख की दिशा में भागे। लेकिन वो लोग अंधेरे में जान नही पाए कि कौन चीख रहा है। ग्रामीण केवल इतना ही कह पाए कि हम आ गए है इतने पर ही फायर हुआ और ग्रामीण डर के कारण गाँव की तरफ भाग गए। गांव जाकर उंन्होने ने प्रमोद को तलाश किया क्यो की इतनी सुबह प्रमोद ही शौच के लिये जाता था।

शौच के बाद प्रतिदिन की भांति दूध बाटने चला जाता था। घर बालो ने प्रमोद को तलाश करना शुरू किया तो देखा कि प्रमोद खेत मे गोली लगने से मरा पड़ा है। प्रमोद के चाचा के लड़के शैलेष ने सबा चार बजे कोतवाली में सूचना दी। पांच बजे कार्यवाहक कोतवाल अमित शर्मा मौके पर पहुचे 6: 30 पर एसपी मौके पर पहुचे एवं 7 बजे सीओ पहुचे 7: 14 पर फोरेंसिक टीम के ओम प्रकाश सुरेंद्र सिंह सिपाही सचिन एवं धर्मेन्द्रए डॉग स्काड टीना एवं हैंडलर विपिन के साथ पहुचे। फोरेंसिक टीम ने नमूने लिए एवं कुत्ते ने मृतक को सूंघकर गाँव तक चक्कर लगाया फिर बापस आ गया। सैकड़ो की तादात में लोगो के होने से कुत्ता भी मौके पर कोई कार्यवाही नही कर सका। मृतक दो भाई है बड़े भाई बिनोद भी दूध का व्यापार करता है । मृतक प्रमोद की पत्नी मिथलेस 15 साल पहले ही अपनी 2 बेटियों को साथ लेकर अपने मायके रहने चली गई एवं बाद में नही आई। मृतक के पिता के नाम 20 बीघा जमीन है एवं मृतक प्रमोद एवम भाई बिनोद के हिस्से में 10 10 बीघा खेत आता है एवं डेढ़ डेढ़ बीघा खेत दोनों भाइयों के नाम है मृतक रात में पुराने मकान पर अकेला लेटता था। भाई एवम अन्य परिवारी नए बाले मकान पर ही लेटते थे। दोनों भाई साझे में ही रहते थे । मृतक की ससुराल मैनपुरी में है । ग्रामीणों ने बताया कि जब प्रमोद चीख रहा था तब हम लोग आ गए थे चीखने पर ही गोली मारी गई । ग्रामीणों का ये भी कहना था कि मृतक बहुत ही सीधा साधा था । जब सब कुछ इतना सीधा सा अधेड़ था तो गोली मारने जैसा कांड किसने किया ये पुलिस के लिए जांच का विषय है। देखने से लगता है कि हत्यारो ने सिर्फ एक गोली सीने में दिल के करीब मारी सटीक गोली लगने पर उसकी मृत्यु हो गई एवं बनयान भी फट गई जिससे लगता है कि संघर्ष भी खूब हुआ।

# शुरुआती बारिश भी नहीं झेल पाया नव निर्मित नाला, निर्माण सामग्री में मानकों की अनदेखी

संवाददाता। इटावा, जसवंतनगर



**शनिवार** शाम नगर में हुई मूसलाधार बारिश में नगर पालिका द्वारा हाल ही में बनवाया गया एक नाला ढह कर बह गया। इस वजह से हाइवे किनारे अहीर टोला मोहल्ले से लेकर मैरिज होम तक पानी की निकासी बाधित हो गयी। नव निर्मित नाला सीमेंट सरिया के एस्टीमेट से पालिका ने एक रजिस्टर्ड ठेकेदार से बाकायदा टेंडर प्रक्रिया के तहत निर्मित करवाया था। 25 लाख की लागत से बना यह नाला अपनी बरसात में अपनी हकीकत खुद बयां कर गया। शनिवार को करीब डेढ़ घण्टे भारी बारिश के बाद देर रात तक रिम झिम लगी रहने से नाला ओवर फ्लो हो गया और पानी तेज कटान से नाला 5-6 मीटर तक ढह गया। ठेकेदार द्वारा बनवाए नाले की जांच भी की गई थी। मगर पानी का दबाव नाला बर्दाश्त पहीं कर पाया। ठेकेदार की जमकर आलोचना हो रही। नगर पालिका अध्यक्ष ने बताया है कि नाले की मरम्मत का काम शुरू करवा दिया गया है। , उम्मीद है कि सोमवार तक नाला दुरुस्त हो जाएगा और जल निकासी आरम्भ हो जाएगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि नाला निर्माण में मानकों की अनदेखी की गई है कहीं न कहीं मैटीरियल अच्छा नहीं लगाया गया है। इस नाले की जांच होनी चाहिए जिससे भ्रष्टाचार की पोल खुल सके।

## फंदे पर लटका मिला पीआरडी जवान का शव

**फर्रुखाबाद।** मोहम्मदाबाद कोतवाली में तैनात पीआरडी जवान का बीती रात शव उसके ही खेत में फांसी पर झूलता मिला। परिजनों ने गांव के ही व्यक्ति पर हत्या का आरोप लगाया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कोतवाली क्षेत्र के गांव सनौढ़ा ईश्वरी सहसापुर निवासी रामगोपाल य45द्ध पुत्र रामप्रसाद कोतवाली में तैनात था। बीते दिन वह ड्यूटी करके घर वापस आया। बीती रात करीब 8 बजे उसका शव अपने ही खेत में खड़े शहतूत के पेड़ पर गमछे से लटका मिला। सुबह गांव के निवासी सुमित कुमार ने घटना की जानकारी डॉयल 112 पर दी। इसके बाद क्षेत्राधिकारी सोहराब आलमए मदनपुर चैकी इंचार्ज अभय प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे जहां उन्होंने घटना का जायजा लिया। पीआरडी जवान की मां माया देवी ने गांव के ही युवक गुड्डू को शक के दायरे में लेकर हत्या का आरोप लगाया। पता लगा कि गुड्डू और रामगोपाल का पत्नी बेचने को लेकर वाद.विवाद हुआ था। इसके बाद ही पीआरडी जवान का शव लटकते मिला। रामगोपाल के पुत्र आलोक ने आरोप लगाया कि उसके पिता की हत्या कर शव को लटकाया गया है। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का पता चलेगा उसके बाद ही कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

# अब बुंदेलखंड व आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर कट के लिए उठी मांग

संवाददाता। इटावा, ताखा

**आगरा** लखनऊ एक्सप्रेस वे ताखा तहसील के पास से गुजरा हुआ है। वहीं अब बुंदलखण्ड एक्सप्रेस वे बन रहा है। ताखा के लोगो को वाहन एक्सप्रेस वे पर लाने के लिए कट नहीं मिलने पर तथा कोई कट, पूर्व में नहीं गनाए गये। आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे में भी कोई कट नहीं होने से लोगों को निराशा हाथ लगी है। पूर्व में जमीन के बैनामा के समय कुदरैल गांव के पास कट होने की जानकारी किसानों को दी गई थी। बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे में ताखा तहसील क्षेत्र में कोई कट नहीं बनाया जाएगा चूंकि यह एक्सप्रेस वे ताखा में कुदरैल गांव के पास आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे के चैनल संख्या 133 पर जुड़ेगा। ऐसे में यहां के लोगों को उम्मीद थी कि वाहनों को चढाने और उतारने के लिए मौका मिलेगा। 110 मीटर चौड़े एक्सप्रेस वे का ताखा तहसील क्षेत्र में 15 किलोमीटर का मार्ग आएगा पूर्व में किसानों से जमीन का बैनामा लेने के समय कट होने की जानकारी यूपीडा और तहसील अधिकारियों द्वारा दी गई थी जिसका लाभ सभी क्षेत्रवासियों को मिलेगा जिसके बाद ही किसान जमीन का बैनामा करने को वह तैयार हुए थे। इससे उनके साथ सैंकड़ों किसान निराश हैं। ताखा की जनता के साथ ही जनपद इटावा, मैनपुरी, कन्नौज, औरैया, जनपद वासियो के साथ धोखा है। वहीं ताखा वह क्षेत्र है जहाँ से कांग्रेस नेता बलराम सिंह यादव,पूर्व मुंख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव, अखिलेश यादव ने राजनीति की है व् कर रहे है इटावा के सांसद डा0 राम शंकर कठेरिया भी प्रतिदिन ताखा में रूककर राजनीति कर रहे है। इसके बाबजूद भी राजनैतिक द्वेश से ताखा को विकास से अछूता है।

# फरियादियों की शिकायतों का जल्द निस्तारण करें अधिकारीः कठेरिया



संवाददाता। इटावा

**इटावा** के सांसद प्रो. डॉक्टर रामशंकर कठेरिया ने कहा है लोकसभा क्षेत्र के अभी अधिकारीगण अपनी आदतों में सुधार लायें और शिकायतकर्ताओं के प्रार्थना पत्रों का समय रहते निस्तारण करें। भारत सरकार में अनुसूचित जाति आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष व इटावा के सांसद कठेरिया रविवार को अपने पैतृक गांव नगरिया सारावा में आवास पर जनता दरबार लगाकर क्षेत्र के पीड़ित फरियादियों की समस्याएं सुनकर सम्बंधित अधिकारियों को उक्त समस्याओं का समय रहते निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं।

सांसद कठेरिया ने बताया कि अधिकारी और कर्मचारीयों ने अपनी कार्यशैली में सुधार नहीं लाए हैं। वे जनहितों के कार्यो के लिए जनता को भटकानें में जुटे हैं। कानपुर देहात, ओरैय्या, इटावा क्षेत्र के फरियादियों ने ग्राम पंचायत की भूमि पर दबंगों का अबैध कब्जा हटवाने, मेढ़ बन्दी, पुलिस उत्पीड़न, सड़क, खडंजा, इंटरलॉकिंग, पेयजल व्यवस्था, राशन डीलर, राजस्व व पुलिस विभाग की कमियों के सम्बंध में फरियादीयों ने सांसद के आवास पर शिकायत की और अधिकारियों के द्वारा निस्तारण न करने के बारे में बताया। फरियादीयों ने उन्हें अपनी समस्याओं से सम्बंधित एक एक शिकायती प्रार्थना पत्र सौंप कर न्याय दिलाये जाने की गुहार लगाई है। सांसद कठेरिया ने सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को फोन करके समय रहते प्रार्थना पत्र का निस्तारण करने के निर्देश दिए है।

# गांव की जल निकासी रोकने को लेकर ग्रामीण गुस्से में



संवाददाता। इटावा

**ताखा** के कठौतिया गांव में प्रधान की मनमानी गांव की जलनिकासी नालियां बन्द करवाने में जुट हैं। ग्रामीणों को हो रही परेशानी। जल निकासी की समस्या का समाधान नही किया जा रहा है। ब्लॉक ताखा के कठौतिया गांव में इंटर लॉकिंग गलियों का निर्माण हुआ था। गलियों के दोनों किनारे पर जल निकासी हेतु नालियां भी बनवाई गई थीं। घरों एवं बरसात का पानी इन नालियों से निकालने के लिए यह व्यवस्था बनी हुई थी। लेकिन प्रधान की मनमानी के चलते गली किनारे बनी जलनिकासी की नालियों को बंद किया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों में नाराजगी है। लोगों ने विभागीय मंत्री से भी शिकायत दर्ज कराई है। लेकिन अभी तक इस समस्या को निस्तारित नहीं किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि आखिर गांव के घरों का पानी तथा बरसात का पानी गांव के बाहर कैसे निकलेगा ? ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि खण्ड विकास अधिकारी ग्राम प्रधान को निर्देशित करें कि जल निकासी की नालियों को किसी भी कीमत पर बन्द ना होने दें। ताकि गांव का पानी आसानी से बाहर जाता रहे और गांव साफसुथरा बना रहे।

# सेवन हिल्स के बच्चों ने राखी प्रतियोगिता में दिखाया हुनर




संवाददाता। इटावा

**जनपद** का सर्वोत्तम विद्यालय जो कि सीबीएसई बोर्ड से संबद्ध है। विद्यालय के छात्र छात्राओं ने लगातार प्रतिभा का परचम लहराया है। इसी क्रम में रक्षाबंधन के पावन पर्व पर विद्यालय की तरफ से राखी बनाओ ऑनलाइन प्रतियोगिता आयोजित कराई गई। जिसमें कक्षा 1 से लेकर कक्षा 8 तक के बच्चों ने भाग लिया। विभिन्न प्रकार की राखियों को बनाकर बच्चों ने अपने हुनर को तो दिखाया ही साथ ही उनकी प्रतिभा भी अनोखी और अचंभित करने वाली रही। विद्यालय में प्रतियोगिता की देखरेख कोऑर्डिनेटर साक्षी बाजपेई, ममता शर्मा, आराधना त्रिवेदी और अभिषेक मिश्रा जी रहे। उन्होंने सभी राखियों को देखा और बच्चों की प्रतिभा को सराहाते हुए, विजयी राखियां चिन्हित की। जिनको देखने के बाद प्रधानाचार्य सौरभ दुबे और सचिव सुनील राजपूत ने भूरी भूरी प्रशंसा की। तत्पश्चात प्रधानाचार्य ने रिजल्ट घोषित करते हुए एलकेजी से देवांश, यूकेजी से पूर्वी सिंह, क्लास फर्स्ट से अंशिका, सेकंड क्लास से अमन, थर्ड से पीयूष राजपूत, फोर्थ से अर्जुन सिंह, फिफ्थ क्लास से अंशुल सिंह, सिक्स क्लास से सृष्टि चौधरी, क्लास सेवन से मृदुल भदौरिया और क्लास एत्थ से यश दुबे विजयी रहे। इनकी राखियाँ देखने में खूबसूरत और आधुनिक रहीं। प्रधानाचार्य सौरभ दुबे ने बच्चों के अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि इस कोरोना काल में रक्षाबंधन के त्यौहार को बड़ी सादगी और घर पर ही रह कर मनाएं, साथ ही बच्चों का ख्याल रखें। फेस मास्क और सैनिटाइजर का प्रयोग करें। सुरक्षित रहें, इसी कामना के साथ रक्षाबंधन पर्व की बधाई भी दी।

## उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल शहर इकाई का हुआ विस्तार



संवाददाता। इटावा

**शहर** युवा उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल इकाई का विस्तार किया गया। मंडल के प्रांतीय संगठन मंत्री शिवप्रताप भदौरिया की उपस्थिति में जिला अध्यक्ष संतोष चौहान की की संस्तुति पर शहर कमेटी का विस्तार किया गया। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल शहर अध्यक्ष आलोक दीक्षित, शहर महामंत्री ओम रतन कश्यप ने शहर कमेटी का विस्तार किया। जिसमें उपाध्यक्ष कामिल कुरेशी, अमित कुमार तिवारी आशीष मेडिकल, प्रमिला पालीवाल, आलोक गुप्ता, प्रदीप सोनी पोद्दार एवं ,सचिव के पद पर विपिन कुमार कुशवाहा, नमित अग्रवाल, सरताज अहमद, अविनाश चौरसिया, रिंकू जैन सहित संगठन मंत्री के पद पर जैनुल आब्दीन को नियुक्त किया है। नव नियुक्त पदाधिकारियों को प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ एके शर्मा, प्रांतीय संगठन मंत्री शिवप्रताप भदौरिया, जिला उपाध्यक्ष वीके वर्मा, जिला महामंत्री शैलेश जैन, युवा जिलाध्यक्ष मोहम्मद लतीफ खान मंसूरी,व्यापारी महिला नेत्री विरला शाक्य,युवा जिला महामंत्री रिंकू यादव, युवा जिला कोषाध्यक्ष अंकुर अग्रवाल कोषाध्यक्ष विशाल गुप्ता,मोहम्मद जफरुद्दीन ,श्री शशि भूषण सिंह चौहान, शिव कुमार चौहान, सुनील चौहान, अभिषेक गुप्ता,उमेश राजपूत, आर एस यादव, अखिलेश शर्मा आदि पदाधिकारीयों ने बधाई दी है।

# कोरोना संक्रमितों के लिए एक हजार बेड तैयार, कई महाविद्यालय आरक्षित

## छह कांन्ट्रेक्ट ट्रेसिंग संक्रमितों का नहीं है अता पता, पुलिस को दी गयी खोजने की जिम्मेदारी

**हमीरपुर।** हमीरपुर जिले में लगातार बढ़ रहे कोरोना के को देखते हुये अलग अलग स्थानो में कोविड अस्पताल खोलकर में एक हजार संक्रमितों की भर्ती का प्रबंध किया गया है, वही जिले में प्रायवेट पैथालाजी में जांच कराने वाले छह कांन्ट्रेक्ट ट्रेसिंग कोरोना संक्रमितों का अता पता नही है,स्वास्थ्य विभाग ने इस मामले की जानकारी संबंधित पुलिस को दे दी है।

सीएमओ डा आरके सचान ने बताया कि अभी तक बीस हजार लोगो की जांच करायी गयी है जिसमे 334 लोग पाजटिव पाये गये है, वही 195 लोगो को कोविड अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है,दस लोगो की कोरोना वायरस से मृत्यु हो चुकी है। आज आठ कोरोना पाजटिव और पाये गये है। वही कल देर रात सीडीओ कमलेश कुमार बैश्य व सीएमो ने एक आवश्यक बैठक कर कोरोना चिकित्सा केंद्र और खोलने को लेकर विचार विमर्श किया जिसमें तय हुआ कि हमीरपुर 100 बेड का मुख्यालय का सरस्वती विद्यामंदिर इंटर कालेज दो सौ बेड का पूरनलाल राम प्रकाश दीक्षित महाविद्यालय गहरौली को आरक्षितकर लिया गया है इसके बाद चार अन्य प्रायवेट महा विद्यालयों को आरक्षित करने की बात महाविद्यालयों के प्रबंधको से हो गयी है। इस प्रकार फिलहाल एक हजार संक्रमित मरीजों को भर्ती कराने का प्रबंध किया जा रहा है। वही प्रायवेट पैथालाजी में कई लोगो ने कोरोना की चुपचाप जांच कराने का भी चर्चा की गयी जिसमें इस बात का खुलासा हुआ कि छह ऐसे कोरोना पाजटिव है जो जांच कराने के बाद अपना मोवइल नंबर बंद कर लिया है,उनको केंद्र में भर्ती कराने का कोई उपाय नही सूझ रहा है कोरोना के नोडल अधिकारी ने बतायाकि ऐसे छह संक्रमितों की सूची पुलिस को दे दी गयी है ताकि इस प्रकार के संक्रमितों की खोज बीनकर उन्हे कोरोना अस्पताल में भर्ती कराया जा सके।और ये लोग संक्रमण न फैला सके। जिले में कई लोग ऐसे है जो प्रायवेट पैथालाजी में जांच कराने के बाद प्रायवेट उपचार कराना शुरु कर दिया है जिससे वायरस फैलता जा रहा है क्योकि आवास मे रहकर सोशल डिस्टेंसिग व उपचार की कोई सुविधा नही मिल पा रही है। ज्यादातर पैथालाजी जांच कराने के बाद संक्रमित से पैसा लेकर उसका उपचार शुरु कर देते है स्वास्थ्य विभाग को कोई जानकारी नही दी जाती है।

# मामूली विवाद में युवक के गले में फंदा डालकर मार डाला

## चौकीदार व दो पुत्रों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज लोडर का शीशा टूटना बना हत्या का कारण

संबाददाता। हमीरपुर

**जिले के** कुरारा क्षेत्र में कल देर रात मामूली विवाद के चलते गले में रस्सी का फंद्दा डालकर मौत के घाट उतार दिया। गांव के चौकीदार व उसके दोनो पुत्रों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट आज थाने में दर्ज करायी गयी है। पुलिस ने बताया कि क्षेत्र के ग्राम पतारा में अनुराग (27) पुत्र राकेश अनुरागी पशु बाड़े में लेटा हुआ था, कुछ दिन पहले गांव के श्रीपाल जो कुरारा थाने में चौकीदार है उसके दोनो पुत्रो शिशुकुमार शैलेंद्र से लोडर का शीशा टूट जाने को लेकर विवाद हो गया इसके बाद तीनों लोगों ने अनुराग के साथ जमकर मारपीट की थी, इसके दो दिन पहले घर में घुसकर भी अनुराग को तीनो दबंगो ने मारापीटा था और देख लेने की धमकी दी थी, अनुराग हर रोज की भांति अपने पशुवाडे में लेटा हुआ था आज जब सुवह नौ बजे तक घर नही गया तो परिवारीजन पशुवाडे में आये तो देखा कि अनुराग चारपाई में मरा पड़ा है उसके गले में रस्सी के फंद्दे के निशान है, पैर म् चोटे है। मृतक के पिता राकेश ने चौकीदार श्रीपाल व उसके दोनो पुत्र शिशुकुमार, शैलेंद्र के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी है। जानकारी होने पर अपर पुलिस अधीक्षक एसके सिंह मौके पर पहुचे मामले की छानबीन की और कुरारा पुलिस को आवश्यक कार्यवाही के आदेश दिये है पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर लाश को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। गांव में तनाव को देखते हुये पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

## ब्लाक प्रमुख सुमेरपुर समेत आठ अपराधियो के शस्त्र लाइसेंस निरस्त

**हमीरपुर।** हमीरपुर जिले में लंबे समय से अपराध मे संलिप्त पुलिस अधीक्षक ने ब्लाक प्रमुख समेत आठ अपराध्यिों के शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने की कार्यवाही की है। हमीरपुर कोतवाली क्षेत्र के बड़ा गांव निवासी एवं सुमेरपुर ब्लाक के प्रमुख जयनारायण यादव जो गांव के एक बालिका की हत्या में एक माह से वांछित चल रहे है पुलिस ने उनके रायफल व रिवाल्वर का शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने की कार्यवाही की है, सिसोलर क्षेत्र के अनिल कुमार ग्राम छोटा लेवा की डबल बैरलका लाइसेंस निरस्त कर दिया है इनके खिलाफहत्या करने की साजिश समेत कई मुकदमे कायम है, राठ क्षेत्र के संतोष कुमार ग्राम अकौना की डबल बैरल बंदूक व इसी थाना क्षेत्र के सरसई गांव निवासी राकेश रायफल व डबल बैरल की शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने की कार्यवाही की है, जरिया क्षेत्र के गुटकवारा गांव निवासी की रायफल व सुमेरपुर क्षेत्र के दिनेश मोहल्ला पटकाना की रायफल व विवार क्षेत्र के ग्राम निवादा निवासी शुभकरन सिंह की डबल बैरल का शस्त्र लाइसें निरस्त कर दिया है।

## क्विक न्यूज

### पुल से लटके युवक को ग्रामीणों ने बचाया

**बांदा।** शोले फिल्म के हीरो धर्मेंद्र की तरह नशे में युवक पुल से नदी में कूदने के लिए नीचे लटक गया। इससे राहगीरों व ग्रामीणों की भीड़ लग गई। पौन घंटे के हाई वोल्टेज ड्रामा के बाद उसे पुल से हटाने में सफलता मिली। पुलिस उसे देरसत तक चौकी में बैठाए रही है। मटौंध थाना क्षेत्र के ग्राम भूरागढ़ निवासी 19 वर्षीय आजाद निषाद मजदूरी कर अपना खर्च चलाता है। शुक्रवार शाम वह कहीं से शराब पीकर घर पहुंचा। वहां पहले स्वजन से घरेलू बातों को लेकर झगड़ता रहा। इसके बाद केन नदी के ऊपर ट्रेन पुल में पहुंच गया। पुल के बीच में जाकर नीचे लटक कर कूदने का प्रयास करने लगा। राहगीरों ने देखा तो शोर मचाकर उसे खुदकुशी करने से रोका। इस बीच भूरागढ़ से स्वजन व ग्रामीण भी पहुंच गए। सभी ने उसे आवाज देकर रोकने का प्रयास किया। भूरागढ़ चौकी से पुलिस कर्मी विवेक आदि पहुंच गए। उन्होंने भी उसे नीचे कूदने से मना किया। गोताखोरों को फोन कर नदी में लगा दिया गया। इस बीच गांव के कुछ लोग उसे बातों में बहलाकर उसके पास पहुंच गए। इसके बाद भी वह पुल से किनारे नहीं आ रहा था। खासी मशक्कत के बाद उसे पुल से हटाने में सफलता मिल सकी है। पुलिस ने बताया कि उसे रात में समझाकर स्वजनों के साथ चौकी से घर भेजा गया है।

### दुकानें बंद होने से लोग नहीं खरीद पाए सामान

**मौदहा, हमीरपुर।** नगर में कोरोना संक्रमण फैलने के चलते नगर का आधे से ज्यादा क्षेत्र को कंटेनमेंट जोन घोषित किए जाने के कारण काफी अरसे से नगर का के मुख्य बाजार की सभी दुकानें शासन प्रशासन द्वारा बंद करवा दी गई थी। जिससे लोगों को बकरीद के त्यौहार के अलावा रक्षाबंधन के त्यौहार में अपनी जरूरतें जरूरतों की चीजों को खरीदने के लिए गली व कूचो की दुकानों का सहारा लेना पड़ा। क्योंकि शनिवार व रविवार को लॉकडाउन लगा रहने से बस स्टैंड वह बड़े चौराहा की दुकानें भी बंद रहे ।जिससे राखी खरीदने वाली माताओं बहनों को गली कूचे में घूम वहां लगाई गई दुकानों में राखियां तलाशना मजबूरी रही। वहीं बाजार की मिठाई की दुकानें बंद होने के बावजूद उनके मालिक रक्षाबंधन के त्यौहार के चलते काफी मात्रा में मिठाई तैयार करवा रहे हैं ताकि त्यौहार में कंटेनमेंट जोन से अलग हटकर मिठाई की दुकानें लगा लोगों को मिठाई उपलब्ध कराई जा सके। कोरोना वायरस के संक्रमण के चलते रक्षाबंधन के त्यौहार के पूर्व लोगों में व उत्साह देखने को नहीं मिला और नाही लोगों ने खरीदारी में उत्साह दिखाया।

### राशि के अनुसार भाई को बांधे इन रंगों की राखी

**चित्रकूट।** 29 साल बाद इस बार सोमवार को रक्षाबंधन का पर्व दो शुभ मुहूर्त में मनाया जायेगा। इस साल रक्षाबंधन के पर्व पर भद्रा का साया नहीं रहेगा। भद्रा सोमवार को सवेरे नौ बजकर 26 मिनट पर समाप्त हो जायेगा। इसके बाद राखी बांधने का मुहूर्त नौ बजकर 27 मिनट से रात नौ बजकर 42 मिनट तक रहेगा। रविवार को ज्योतिषाचार्य सुनील महाराज के अनुसार मेघ राशि के भाइयों के लिए सुनहरी या लाल, ब्रष्भ राशि सफेद, मिथुन राशि हरा या आसमानी, तुला राशि सफेद, वृश्चिक राशि लाल व पीला, धनु राशि पीला या नारंगी, मकर राशि नीला, कुम्भ राशि वाले भाइयों को सुनहरी या पीले रंग की राखी बांधी जायेगी। भाई बहन के प्रेम के पर्व रक्षाबंधन इस साल सर्वाथ सिद्धि योग व दीर्घायु योग में मनाया जायेगा। इन योगों के होने से इस साल रक्षाबंधन पर्व की शुभता और अधिक बढ़ गई है। रक्षाबंधन के अवसर पर इससे पहले यह शुभ मुहूर्त 1991 में बने थे। इस साल सर्वाथ सिद्धि योग व दीर्घायु आयुष्मान योग के साथ ही साथ ही सूर्य सनि के समसप्तत योग, सोमवती पूर्णिमा, मकर का चन्द्रमा, उत्तराषाढ व श्रावण नक्षत्र, प्रीती व आयुष्मान योग बन रहा है। रक्षाबंधन के पर्व पर राखी की थाली में रेशमी वस्त्र, केसर, सरसों, चावल, चन्दन और कलावा रखकर भगवान की पूजा करनी चाहिए। इसके बाद राखी भगवान शिव की प्रतिमा को अर्पित करनी चाहिए। भगवान शिव को अर्पित किया गया यह धागा अथवा राखी भाई की कलाई पर बांधे।

### अयोध्या में चित्रकूट और चित्रकूट में हो अयोध्या दर्शन

**चित्रकूट।** अयोध्या में बन रहे प्रभु श्री राम के भव्य मंदिर में सम्पूर्ण चित्रकूट की झांकी का दर्शन कराने की मांग बुन्देली सेना ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की है। साथ ही चित्रकूट में अयोध्या दर्शन की व्यवस्था कराए जाने का भी अनुरोध किया है। रविवार को बुन्देली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि वनवास काल के 14 वर्षों में से साढ़े बारह वर्ष से अधिक का समय प्रभु श्री राम ने चित्रकूट में ही बिताया है। यह भूमि प्रभु की कृपा से अभिसिंचित, पावन और पुनीत है। आज भी तपोभूमि में प्रतिवर्ष 2 करोड़ से अधिक भक्त प्रभु की कृपा का लाभ लेने के लिए चित्रकूट आते हैं। अयोध्या और चित्रकूट का गहरा नाता है। अब अयोध्या में भव्य राममंदिर बन रहा है तो मंदिर में चित्रकूट की झांकी आवश्यक है। जब राम मंदिर में चित्रकूट के दर्शन होंगे तो देश के करोड़ों भक्तों को सुखद एहसास होगा। इसी तरह चित्रकूट में भी अयोध्या के दर्शन होना चाहिए। बुन्देली सेना ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग की है कि अयोध्या में चित्रकूट और चित्रकूट में अयोध्या दर्शन की व्यवस्था कराई जाए। ऐसा होने से अयोध्या और चित्रकूट आने वाले भक्तों को एकसाथ दोनों तीर्थों के दर्शन का पुण्यलाभ मिलेगा। रामघाट, पर्णकुटी, मत्तगजेन्द्रनाथ मंदिर, कामतानाथ जी, कामदगिरि, अनुसुइया आश्रम, वाल्मीकि आश्रम, राम शैय्या, भरतकूप, बाँकेसिद्ध, सरभंग आश्रम, दशरथ घाट समेंत चित्रकूट के 84 कोस में प्रभु श्री राम से जुड़े सभी स्थल जब अयोध्या में दिखेंगे तो यहां के साधु संत और स्थानीय जनता गौरवांवित होगी।

### कायस्थ महासभा का महासम्मेलन 21 फरवरी को

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा का महासम्मेलन 21 फरवरी 2021 को दिल्ली में आयोजित होगा। जिसमें देश, विदेश की राजनीतिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, एवं अन्न क्षेत्रों की महान हस्तियों का आगमन होगा। उक्त जानकारी अखिल भारतीय कायस्थ महासभा उप्र के प्रदेश सचिव अधिवक्ता सचिन कुमार श्रीवास्तव ने कहीं। कायस्थ समाज के अर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक उत्थान के लिए समाज में जुझारू युवाओ की फौज तैयार की जा रही है जिससे और पूरे देश में संगठन के विस्तार का युद्ध स्तर पर जारी है। कायस्थ हृदय सम्राट जदयू के वरिष्ठ प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद व राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेन्द्र श्रीवास्तव के निर्देशन में सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

## राखी पर्व पर महिलाएं चौबीस घंटे कर सकेंगी मुफ्त सफर

**हमीरपुर।** रक्षा बंधन पर्व पर रोडवेज ने बहनों को फ्री यात्रा करने का एक बार फिर से तोहफा दिया है। इससे महिलाओं में खुशी का माहौल है। तीन अगस्त को रक्षाबंधन के दिन भाईयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधने जाने वाली महिलाएं 24 घंटे सरकारी बसों में मुफ्त सफर कर सकेंगी। प्रदेश सरकार ने इस संबंध में जिले के एआरएम को पत्र भी भेजा है। यह सेवा 2 अगस्त की मध्यरात्रि से 3 अगस्त रात 12 बजे तक ही चलेगी। पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी रोडवेज में रक्षाबंधन पर महिलाएं फ्री सफर कर सकेंगी। जो बहनें गरीबी के कारण दूर.दराज अपने भाईयों को राखी बांधने के लिए नहीं जा पाती थी। उन्हें निश्शुल्क यात्रा का तोहफा सरकार ने रक्षाबंधन में दिया गया है। रोडवेज के एआरएम राजेंद्र सिंह यादव ने बताया कि रक्षा बंधन के दिन रोडवेज में सफर करने वाली महिलाओं को जीरो रुपये के टिकट वितरित किए जाएंगे। सभी चालकों व परिचालकों को शारीरिक दूरी का पालन कराते हुए महिलाओं को बस में बैठाकर उन्हें यात्रा सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं। एआरएम राजेंद्र सिंह यादव ने बताया कि रक्षाबंधन में महिलाओं व युवतियों की भीड़ को देखते हुए कानपुरए महोबाए उरईए बांदाए राठ रूटों में अतिरिक्त बसें संचालित कराई जाएंगी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक रूट में दो.दो अतिरिक्त बसों का संचालन किया जाएगा। ताकि रक्षाबंधन में महिलाओं को बसों का इंतजार न करना पड़े और वह आराम से अपने भाई को राखी बांधने जा सके।

# चित्रकूट में संक्रमितों का आंकड़ा दो सौ के पार



पोस्ट आफिस के पास सैनेटाइज करती फायर टीम।

**चित्रकूट।** जिले में कोरोना पॉजिटिव धडाधड़ बढ़ते जा रहे हैं। जगह-जगह जिला मुख्यालय में हॉटस्पाट क्षेत्र घोषित कर दिये गये हैं। हॉटस्पाट क्षेत्रों में पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल के निर्देश पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी यतीन्द्रनाथ उमराव अपनी टीमों को लेकर सैनेटाइज करने में जुटे हैं।

रविवार को जिला मुख्यालय में कई स्थानों पर हॉटस्पाट क्षेत्र घोषित हुए हैं। कोरोना पॉजिटिव धडाधड़ मिल रहे हैं। अब तक कोरोना पॉजिटिव का आंकड़ा दो सौ के पार पहुंच गया है। सीएमओ डॉ विनोद कुमार यादव ने बताया कि कोरोना से बचने का उपाय मात्र सावधानी ही है। इसके अलावा अन्य कोई रास्ता नहीं है। कोरोना से बचाव को लोग सोशल डिस्टेंसिंग का हर हाल में पालन करते हुए मुंह पर मास्क अवश्य लगायें। समय-समय पर हाथ भी साबुन से धुलते रहें। एसपी अंकित मित्तल के निर्देश पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी यतीन्द्रनाथ उमराव की अगुवाई में अग्निशमन टीमों ने शहर के मोहल्ला तरौंहा, कर्वी, विकास भवन, सोनेपुर, पोस्ट आफिस के पास, कर्वी, गाहुर थाना मऊ, तहसील मऊ परिसर में बने हॉटस्पाट क्षेत्रों में सैनेटाइज किया। सैनेटाइजेशन के कार्य में दस फायर कर्मियों ने दो फायर टेंडरों की मदद से कार्य किया।

# दबंगों के हमले में ग्रामीण ग्रामीण घायल, मामला दर्ज

**चित्रकूट।** कोतवाली कर्वी के बनकट गांव के मजरा कल्लू का पुरवा के भगवानदीन पुत्र स्व मुन्नालाल यादव ने कोतवाल को दी तहरीर में कहा कि 31 जुलाई की शाम सात बजे खेतों की रखवाली दौरान दबंगों ने उस पर जानलेवा हमला कर घायल कर दिया है। पीड़ित ने मामला दर्जकर आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की है।

कोतवाली कर्वी के कल्लू का पुरवा के भगवानदीन ने कोतवाल को दी तहरीर में कहा कि वह 31 जुलाई को शाम सात बजे अपने खेतों की रखवाली कर घर आ रहा था। रास्ते में पुरवा के शिवपूजन, चन्द्रकिशोर, जगदीश पुत्रगण रामस्वयंवर व रुपनारायण, रामबहादुर, ओंकारेश्वर पुत्रगण शिवपूजन तथा शारदा उर्फ पिन्टू, जानकी उर्फ रिंकू, प्रेमचन्द्र पुत्रगण जगदीश और प्रखर उर्फ बेटू पुत्र रुपनारायण व विजयपाल, छोटू पुत्रगण राजबहादुर, कौशल, नरेन्द्र पुत्रगण नन्दकिशोर निवासी बनकट और रम्पट ड्राइवर निवासी मुसीवा थाना कमासिन जिला बांदा सभी पहले से घात लगाये बैठे थे। उसे देखते ही सभी लोगों ने एकराय होकर गालियां देते हुए जान से मारने की गरज से जानलेवा हमला कर दिया। जान बचाने को दौड़कर घर के अन्दर घुसा तो घर के अन्दर घुसकर सभी लोग बाहर घसीट लाये। लाठी-डण्डों से बुरी तरह मारपीट कर मरा समझकर भाग गये।

चिल्लाहट सुनकर उसका भतीजा अमर पुत्र रामप्रताप आया तो सभी लोगों ने उसे भी लाठी-डण्डों से पीटा। शारदा उर्फ पिन्टू अवैध बन्दूक लिये था। भतीजे के ऊपर जान से मारने की गरज से फायर किया। दोनों लोगों को गोली नहीं लगी। पीड़ित ने घटना की रिपोर्ट दर्जकर कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

# अपराधों में अंकुश लगाने को तीन पर गुण्डा एक्ट

संवाददाता। चित्रकूट

**पुलिस अधीक्षक** अंकित मित्तल के निर्देश पर अपराधियों में अंकुश लगाने को जारी अभियान के क्रम में पुलिस ने तीन लोगों पर गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है। इसी क्रम में पुलिस ने एक युवक के कब्जे से दूसरे के नाम लाइसेंसी दोनाली बन्दूक बरामद कर जेल भेजा है।

रविवार को मानिकपुर थानाध्यक्ष केके मिश्रा ने जनता में भय व्याप्त कर गुण्डागर्दी करने वाले गुड्डू सिंह उर्फ धर्मेन्द्र सिंह पुत्र हीरा सिंह, विकास सिंह पुत्र नरेन्द्र सिंह व अंशू सिंह पुत्र महेन्द्र उर्फ तुलसी सिंह निवासी गढचपा के खिलाफ थ्रीयूपी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है।

इसी क्रम में सीतापुर चौकी प्रभारी रामवीर सिंह की टीम ने सिंचाई विभाग कालोनी अमानपुर से शिवमंगल प्रजापति पुत्र धुन्धा निवासी गौतमपुर थाना बहिलपुरवा के कब्जे से एक दोनाली बन्दूक दूसरे के नाम लाइसेंसी के साथ दबोचा है। उसके खिलाफ मुकदमा दर्जकर आर्म्स एक्ट में जेल भेजा है। सीतापुर चौकी प्रभारी रामवीर सिंह ने रामबली पुत्र बाबूलाल निवासी गोबरिया के कब्जे से नौ सौ ग्राम सूखा गांजा बरामद कर एनडीपीएस एक्ट में जेल भेजा है।



सूखे गांजे के साथ आरोपी।

## शबरी जलप्रपात में युवक की डूबने से मौत

संवाददाता। चित्रकूट

**मारकुण्डी** थाना क्षेत्र के टिकरिया स्थित पर्यटन स्थल शबरी जलप्रपात में एक कपड़ा व्यापारी की डूबने से मौत हो गई। ये हादसा रविवार को शबरी जलप्रपात कुण्ड में नहाने दौरान आज हुआ। बताया गया कि मानिकपुर थाने के माराचन्द्रा गदाखान का विवेक (32) पुत्र जितेन्द्र अपने साथियों के साथ शबरी जलप्रपात में पिकनिक मनाने गया था। नहाने के दौरान विवेक की जलप्रपात में डूबने से मृत्यु हो गई। अन्य साथी भी जलप्रपात में नहा रहे थे, लेकिन किसी तरह तैरकर बाहर निकल आये। डूबे युवक की तलाश को गोताखोरों को बुलाया गया है। मौके पर पहुंची पुलिस छानबीन में जुटी है। परिजनों ने बताया कि विवेक कपड़े का व्यापारी था। कर्वी में विवेक वस्त्रालय के नाम से दुकान करता था। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया है।

# नई शिक्षा नीति भरेगा नई ऊर्जा: कुलपति

**चित्रकूट।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो नरेश चंद्र गौतम ने नई शिक्षा नीति 2020 में शामिल प्रावधानों पर चर्चा करते हुए कहा कि देश की पहली यूनिवर्सिटी ग्रामोदय विश्वविद्यालय और मध्य प्रदेश सरकार के साथ मिलकर सतत विकास की पूर्ति को संचालित बीएसडब्ल्यू के पाठ्यक्रम 2014-15 से संचालित कर रहा है।

रविवार को कुलपति ने बताया कि विद्यार्थी को एक वर्ष पूरा करने पर प्रमाण पत्र, दो वर्ष पूरा करने पर डिप्लोमा और तीन वर्ष पूर्ण करने पर कमेटी लीडरशिप विशेषता सहित बैचलर आफ सोशल वर्क की उपाधि देती है। यह व्यवस्था दूरवर्ती पाठ्यक्रम में परास्नातक स्तर पर भी सत्र 2004 से लागू है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की अनुशंसा पर ग्रामोदय विश्वविद्यालय ने बी वॉक और एम वॉक पाठ्यक्रम में लागू है। छात्र पूरे पाठ्यक्रम के दौरान अपने मन का एक पृथक विषय चुनने को स्वतंत्र हैं। बी वॉक पाठ्यक्रम को करने वाला विद्यार्थी पत्रकारिता और जनसंचार, इतिहास, राजनीति विज्ञान जैसे कला विषय अथवा अन्य अकादमिक धाराओं के विषय भी चयन कर सकता है। कुलपति प्रो गौतम ने बताया कि प्रदेश में क्रेडिट सिस्टम लागू करने वाला ग्रामोदय विश्वविद्यालय पहला विश्वविद्यालय है। कमेटी ने बहुआयामी मूल्यांकन पद्धति का अनुप्रयोग किया जा रहा है।



कुलपति प्रो गौतम।

कुलपति प्रो गौतम ने साझा किया कि मानव संसाधन विकास मंत्रालय स्थान पर शिक्षा विभाग नाम रखने, संस्था को निचले स्तर से प्रोत्साहित करने, एम फिल पाठ्यक्रम को समाप्त करने, उच्च शिक्षा में योग और प्राकृतिक चिकित्सा, मूल्य और सामाजिक उत्तरदायित्व के आयामों को पाठ्यक्रमों में जोड़ने का सुझाव विश्वविद्यालय के अनेक शिक्षकों द्वारा नई शिक्षा नीति की तैयारी बैठक में प्रस्तावित किया गया था। कुलपति प्रो नरेश चंद्र गौतम ने नई शिक्षा नीति पर सकारात्मक रचनात्मक माहौल बनाने का सुझाव सभी शिक्षा संस्थाओं और शिक्षाविदो से साझा किया है। जिससे नई शिक्षा नीति के प्रावधान शिक्षा जगत को नई ऊर्जा से भर सके।

## सांड ने युवक को घायल किया

संवाददाता। मौदहा हमीरपुर

**क्षेत्र के** ग्राम करहिया में आतंक का पर्याय बने सांड ने रविवार को एक युवक को सींगों से उठा जमीन में पटक गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल युवक को सरकारी अस्पताल मौदहा से गंभीर हालत में मुख्यालय रेफर कर दिया गया। कोतवाली क्षेत्र मौदहा के ग्राम करहिया निवासी भरत 18 वर्ष पुत्र प्रताप सिंह उर्फ कल्लू रविवार की सुबह अपने घर के दरवाजे के बाहर चबूतरे पर बैठा था तभी गांव के आवारा सांड़ ने उस पर सींगों से हमला कर उसे जमीन पर पटक गंभीर रूप से घायल कर दिया । इस घटना में युवक का पेट फटने से उसकी आंतें तक बाहर निकल आई। उसके परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से उसको आनन फानन सरकारी अस्पताल मौदहा में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने उसकी हालत चिंताजनक देख उसका प्राथमिक उपचार कर उसे मुख्यालय रेफर कर दिया। बताते चलें की उक्त सांड का गांव में अच्छा खासा आतंक है वह राहगीरों पर हमला कर उन्हें घायल करने नहीं चूकता। उक्त सांड़ अभी तक आधा दर्जन से अधिक ग्रामीणों का घायल कर चुका है जिससे ग्रामीणों में सांड के प्रति दहशत कायम है।

# सिपाही ने भाजपा नगर अध्यक्ष से की अभद्रता

## पार्टी नेताओं में रोष कोतवाल से शिकायत कर की कड़ी कार्रवाई की मांग

संवाददाता। गुरसहायगंज (कन्नौज)

**भाजपा नगर अध्यक्ष** अनुराग गुप्ता रविवार को तिर्वा रोड स्थित कार्यालय पर बैठे हुए थे। कुछ नागरिकों द्वारा डायल 112 में तैनात सिपाही राजेंद्र द्वारा अभद्र व्यवहार किये जाने की शिकायत की गई। नगर अध्यक्ष समस्याएं सुन रहे थे तभी गाड़ी पर तैनात सिपाही राजेंद्र ने मौके पर पहुंच गया और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए वीडियो बनाना शुरू कर दिया।

इस पर भाजपा नगर अध्यक्ष वीडियो बनाने का कारण पूछा।

अनुराग के मुताबिक सिपाही ने अपना आपा खोते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग किया। बताया कि सिपाही द्वारा आए दिन नागरिकों के साथ मित्रवत व्यवहार के बजाएं अभद्रता की जाती है। जोकि पूर्ण रूप से गैर लोकतांत्रिक है। जिसे जनता के बीच सरकार की छवि धूमिल होती है। उन्होंने मामले की शिकायत दूरभाष पर कोतवाली निरीक्षक राजा दिनेश सिंह से की। मामले की सूचना पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष जीतू तिवारी, पूर्व जिला महामंत्री देवेंद्र देव, भाजपा पिछडा वर्ग क्षेत्रीय मंत्री विनय वर्मा, भाजपा नेता राजीव ठाकुर, सहकारी समिति के अध्यक्ष मयंक गुप्ता, रामकुमार पाठक, व्यापारी नेता संजीव गुप्ता, परशुराम देवल आदि ने सिपाही द्वारा नगर अध्यक्ष से की गई अभद्रता पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि सिपाही राजेंद्र अपने अधिकारों का गलत प्रयोग कर रहा है। एक तरफ उच्च अधिकारी जनता के साथ मित्रवत व्यवहार की बात करते हैं। तो वही दूसरी ओर पुलिस के सिपाही सरकार की छवि धूमिल कर रहे हैं। उन्होंने जिला प्रशासन से सिपाही के विरुद्ध जांच कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। भाजपा नेताओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि समय रहते कार्रवाई न हुई तो मामले की शिकायत मुख्यमंत्री से की जाएगी।

## ढाबा मालिक ने पुलिस पर लगाया पक्षपात का आरोप

संवाददाता। गुरसहायगंज (कन्नौज)

**क्षेत्र के** ग्राम जसोदा स्थित तीन ढाबे संचालित है। जिसमें एक ढाबे पर बीती शाम कोतवाली पुलिस ने अभद्रता कर ढाबे को बंद करने की कार्रवाई की है। ढाबा मालिक ने पुलिस पर पक्षपात पूर्ण कार्रवाई करने का आरोप लगाते हुए भाजपा पिछड़ा वर्ग के प्रदेश मंत्री विनय वर्मा से गुहार लगाते हुए कहा कि उसके पड़ोस के दो ढाबे पुलिस के रहमों करम पर संचालित हैं। कोतवाली पुलिस द्वारा उन दोनों को छोड़कर उसका ढाबा बंद करने की कार्रवाई व अभद्रता की गई। मामले के संबंध में प्रदेश मंत्री ने जिलाधिकारी सहित पुलिस अधीक्षक को दूरभाष पर मामले के संबंध की जानकारी दी। ढाबा मालिक ने पड़ोस में संचालित दोनों ढाबा पर कोतवाली पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न किये जाने का आरोप भी लगाया है।

### रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर बाजारों में भीड़

**कन्नौज।** पिछले तीन माह से त्योहारों पर भी घरों में कैद इत्रनगरी के वासियों ने रविवार को रक्षाबंधन के लिए खूब खरीददारी की। बहनों ने भाइयों के लिए मिठाई व मिष्ठान खरीदे। शासन ने रविवार को मिठाई व राखी की दुकानें खुलने की अनुमति दी थी। शासन की अनुमति मिलने की बाजारों में एक दिन के लिए ही सही, खोई रौनक लौट आई। बाजारों में दोनों ओर ग्राहकों की भीड़ दिखी। इस दौरान बहनें अपने भाइयों के लिए राखी व मिष्ठान खरीदती नजर आईं, वहीं भाइयों ने भी अपनी बहनों के लिए उपहार खरीदे।

# गुरसहायगंज में मिले तेरह कोरोना संक्रमित, हड़कम्प

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** विगत दिनों स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोरोना संदिग्धों के सैंपल जांच के लिए केजीएमयू भेजे गए थे। जिसमें नगर व क्षेत्र के 13 कोरोना पॉजिटिव मरीज निकले जिससे स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मच गया। स्वास्थ विभाग द्वारा सभी संक्रमित को आइसोलेशन सेंटर भेजा गया। रविवार को केजीएमयू आई रिपोर्ट में नगर के मोहल्ला रामकिशन नगर में 04 महिलाएं, मोहल्ला अशोक नगर में 01 महिला 01 पुरुष, मोहल्ला सुभाष नगर में 01 महिला सहित क्षेत्र के ग्राम काजीपुरवा में 04 महिलाएं व 02 पुरुष कोरोना पॉजिटिव आने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सभी संक्रमितों को एंबुलेंस की सहायता से जनपद मुख्यालय स्थित आइसोलेशन सेंटर भेजने के उपरांत परिजनों की जांच शुरू कर दी है।

### कन्नौज में एक हजार का आंकड़ा छूने को तैयार कोरोना

**कन्नौज।** जिले में कोरोना संक्रमण का ग्राफ दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। जुलाई माह में संक्रमण की तीव्रता सबसे अधिक रही। वहीं अगस्त माह के शुरूआती दो दिनों में आधा सैंकड़ा से अधिक संक्रमितों की पुष्टि हो चुकी है। इसके साथ ही जिले में कुल संक्रमितों की संख्या 910 हो गई। जल्द ही कोरोना संक्रमण एक हजार का आंकड़ा छूने को तैयार है। रविवार को जिले में कुल 41 व्यक्तियों में सक्रमण की पुष्टि हुई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी की गई रिपोर्ट के अनुसार कन्नौज सदर के डाक बंगला रोड, हरीनगर, हाजीगंज, लाला मिश्र, कुतलूपुर, काजीपुरवा में संक्रमितों की पुष्टि हुई। वहीं गुरसहायगंज के रामकिशन नगर , सुभाषनगर में सक्रमित मिले। ठठिया थाना में तैनात पुलिस कर्मी में भी संक्रमण की पुष्टि हुई। रविवार को तालग्राम क्षेत्र के इलाकों में भी संक्रमित मिले। इसके साथ जिले में कुल संक्रमितों की संख्या 910 हो गई, जिसमें 569 स्वस्थ हो चुके हैं, जबकि 334 संक्रमितों का उपचार जारी है। कोरोना संक्रमण से जिले में 7 लोगों की मौत हुई है।

## गौशाला में बंधे मिले गधे

संवाददाता। चित्रकूट

**विश्व हिन्दू परिषद** के जिलाध्यक्ष छेदीलाल गौतम ने सीतापुर ग्रामीण में गौशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण में गौवंशों की जगह गौशाला में गधे मिले। ये देखकर विहिप की टीम हैरान रह गई। रविवार को विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष छेदीलाल गौतम की टीम अचानक सीतापुर गौशाला पहुंची। यहां गौवंशों की जगह गधे बंधे मिले। विहिप की टीम ने प्रधान से बात कर तत्काल गधों को बाहर करवाया। सीतापुर ग्रामीण गौशाला में गधे बंधे मिलने से विहिप की टीम हैरान रह गई। विहिप की टीम ने देखा कि गौशाला में गाय भूखी-प्यासी बंधी हैं। गायों के पीने को पानी की व्यवस्था नहीं है। पानी का टैंकर मंगवाकर गायों को शाम सात बजे पानी पिलाया गया। प्रधान महेश सिंह पटेल के शर्मनाक कार्य पर विहिप जिलाध्यक्ष ने रोष जताते हुए कहा कि गौवंश ऐसे में कैसे सुरक्षित रहेंगे। ऐसे प्रधानों के खिलाफ कार्यवाही होनी चाहिए।

# भूमि पूजन को लेकर सुलतानपुर में आपरेशन हंटर

**● कोतवाली नगर थाने में गठित हुईं 20 टीमें**

**● सोशल मीडिया फेसबुक, वाट्सऐप इन्सटाग्रामों पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर**

संवाददाता। सुलतानपुर

**पांच** अगस्त को अयोध्या राममंदिर भूमि पूजन में प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के आने व कार्यक्रम की संवेदनशीलता को लेकर जिले में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए है। इसके तहत जिले में आपरेशन हंटर शुरू कर दिया गया है। प्रत्येक थाना क्षेत्र में हंटर टीमों का गठन किया गया है, जो संदिग्ध लोगों की खोज के साथ सुरक्षा निगरानी करेंगीं।

एसपी शिवहरी मीना ने बताया कि विजय प्रकाश, पुलिस महानिरीक्षक, फायर सर्विस, नोडल अधिकारी सुलतानपुर व पुलिस महानिरीक्षक, अयोध्या परिक्षेत्र के दिशा-निर्देशन में आपरेशन हंटर शुरू किया गया है। इसके तहत जिले के प्रत्येक थाना क्षेत्रों, जिसमें एक उप निरीक्षक व चार आरक्षियों, होमगार्ड व चौकीदार की छोटे थानों में 10, बड़े थानों में 15 के अलावां थाना कोतवाली नगर में 20 टीमें गठित की गयी हैं। जो अयोध्या में प्रधानमंत्री भ्रमण कार्यक्रम सकुशल होने तक अपने क्षेत्रों में स्थित समस्त होटलों, ढाबों, सरायों, मैरिज हाल आदि की समुचित चेकिंग सुनिश्चित करेगी। इसके साथ ही साथ घर-घर जाकर संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों के विषय में पूछ-ताछ व गोपनीय रूप से जानकारी कर पता करेगी कि कोई बाहरी व्यक्ति तो जनपद में आकर नहीं रूका है। पुलिस की गठित टीम के साथ एक माईक लगाकर यह



टीमों का गठन करते पुलिस अफसर पायनियर

घोषण करवाया जा रहा है कि किसी भी संदिग्ध वाहन और व्यक्ति को देखने पर इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। जनपद में कोई नात-रिश्तेदार भी अगर बाहर से आया है तो कल तीन अगस्त की शाम तक ऐसे नात-रिश्तेदारों के नाम पता का सत्यापन कराया जाएगा कि कोई संदिग्ध व्यक्ति तो नही रूका है। जनपद में रूके हुए नात-रिश्तेदार को कल तीन अगस्त की शाम तक वापस अपने घरों को लौट जाने हेतु निर्देशित किया जाएगा। एसपी ने बताया है कि पूछताछ व सत्यापन के उपरान्त यदि कोई संदिग्ध पाया जाता है तो उसे थाने लाकर विधिक कार्यवाही की जाएगी। उक्त टीम जनपद में किसी कोविड-19 संक्रमित व्यक्तियों के पाये जाने पर मेडिकल टीम की सहायत से कोविड-19 प्रोटोकाल के अनुसार कार्यवाही भी सुनिश्चित करायेगी। तीन अगस्त के बाद यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति या वाहन जनपद में पाया जाता है तो उसके विरूद्ध विधिक कार्यवाही की जाएगी। जिले में जितने भी टॉप-10, एचएस, साम्प्रदायिक तत्व हैं उनके ऊपर पुलिस द्वारा विभिन्न माध्यमों से नजर रखी गयी है। इसके तहत एक ओर सर्विलांस, सोशल मीडिया, फेसबुक, वाट्सऐप, इन्सटाग्रामों की पुलिस द्वारा कड़ी निगरानी की जा रही है। दूसरी ओर जनप्रतिनिधियों, नागरिकों व डिजिटल वालन्टियर्स जो पुलिस टच में है से अनुरोध किया जा रहा है कि किसी तरह की अफ्वाह से बचें और पुलिस को सहयोग करें । जनपद कोई भी संदिग्ध व्यक्ति या वाहन नजर आने पर इसकी सूचना तत्काल ऑपरेशन हन्टर के अन्तर्गत जनपद के कन्ट्रोल रूम नम्बर 05362-240348, 9454417466, ऑपरेशन डोर स्टेप निदान के वाट्सऐप नं. 9454401121 पर दें। एसपी ने कहा है कि अगले तीन दिवस के लिए जिले में 48 बैरियर लगाये गए हैं। इसमें 10 बैरियर पहले से ही क्रियाशील थे, प्रधानमंत्री के अयोध्या भ्रमण के दृष्टिगत 10 अतिरिक्त बैरियर बार्डर पर लगाये गये हैं। अयोध्या जाने वाले प्रत्येक मार्ग को पुलिस द्वारा बैरियर लगाकर बन्द करते हुए समुचित चेकिंग एवं फ्रिस्किंग की जा रही है। मेडिकल इमरजेन्सी सेवाओं को छोड़कर अन्य किसी को भी जनपद अयोध्या जाने की अनुमति नही दी गयी है। यूपी-112 के 10 वाहनों को अयोध्या बार्डर पर लगाया गया है। अयोध्या बार्डर व अन्य बार्डर से जुड़े हुये गॉवों पर पुलिस द्वारा विशेष नजर रखते हुए डोर-टू-डोर लोगों से पूछताछ कर सुरक्षा उपायों को चेक किया जा रहा है, जिससे कि पुलिस की ओर से विधिक की जा सके।

# भाई की कलाई पर राखी बांधने से पहले ही बहन का उठ गया साया

**● ओवरटेक करते समय हुआ हादसा**

**● परिवार में मचा कोहराम**

संवाददाता। सुलतानपुर

**प्रयागराज-अयोध्या** हाइवे पर कुरंग गांव के पास ननिहाल से वापस आ रहे बाइक सवार भाई- बहन को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में बहन की मौके पर ही मौत हो गई।

पीपरपुर थाना क्षेत्र के मंगापुर गांव निवासी राम सागर वर्मा की पुत्री महिमा वर्मा (18), पुत्र विपिन वर्मा (16) ममेरे भाई इंद्रजीत वर्मा के साथ बाइक से घर की तरफ आ रहे थे। कुरंग गांव के निकट ओवरटेक करते समय बाइक सवार भाई-बहन एक रोडवेज व स्कॉर्पियो कार के बीच में आ गए। बहन महिमा वर्मा की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि भाई इंद्रजीत वर्मा व विपिन वर्मा को भी गंभीर चोटें आई हैं। मृतका महिमा वर्मा जनता इंटर कॉलेज रामगंज से इसी वर्ष इंटरमीडिएट की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की थी। महिमा प्रतापगढ़ जनपद के कोहड़ौर थाना क्षेत्र के अपने ननिहाल अतरसन गांव गई थी, वह रक्षाबंधन का पर्व मनाने के लिए अपने घर वापस हो रही थी। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही दुर्गापुर व आसपास से लोग घटनास्थल पर पहुंच गए। घटनास्थल से भीड़ को हटाने व शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने में पुलिस को कड़ी मशक्कत का सामना करना पड़ा। हादसे के बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पीपरपुर थाना अध्यक्ष संतोष सिंह व रामगंज चौकी प्रभारी प्रमोद कुमार ने पीड़ित परिजनों को समझा-बुझाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।

# सदर विधायक अदिति सिंह ने बंटवाए मास्क और सेनेटाइजर

संवाददाता। रायबरेली




**सदर** विधानसभा की जनप्रिय व समाजसेवा के लिए समर्पित विधायक अदिति सिंह ने आज समाज के प्रहरी व कोरोना वैश्विक महामारी के फ्रंट लाइन योद्धा 'उत्तर प्रदेश पुलिस' के सिपाहियों को मास्क व सेनेटाईजर का वितरण कराया। अदिति सिंह ने बताया कि मुश्किल की इस घड़ी में समाज के रक्षक कहे जाने वाले पुलिस के सिपाही अपने कर्तव्यों का निर्वाहन पूरी तत्परता से करते आ रहें हैं। जब हम सभी अद्रश्य दुश्मन के डर से अपने घरों से बाहर आने में डरते हैं उस समय हमारे जाबांज सिपाही अपनी व अपने परिवार की चिंता न करके हम सब की रक्षा कर रहें हैं। उन सभी की रक्षा करने का दायित्व भी हम सभी का हैए जिसके क्रम में मैंने पुलिस लाइन में तैनात प्रतिसार निरीक्षक ब्रजेन्द्र कुमार सिंह को सिपाहियों को वितरित करने के लिए मास्क व सेनेटाईजर भेंट कीए जिससे की सभी को संक्रमण के खतरे से बचाया जा सके लॉकडाउन के दौरान अपनी सेवाओं के अतिरिक्त जरूरतमंदों के घरों तक भोजनए दवाईयांए फ्लए दूधए सब्जी आदि आवश्यक वस्तुओं को पहुँचाकर देश की सच्ची सेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया है । अदिति सिंह ने जिले के पुलिस विभाग के मुखिया की उनके कुशल नेतृत्व की सराहना की व समस्त कर्मचारीगणों को उत्कृष्ट सेवा देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# चोर उतार ले गए मंदिर में बंधे घंटे ग्रामीणों में रोष

**रायबरेली।** भदोखर थाना क्षेत्र में चोरों ने पुलिसिया गस्त की पोल खोल दी। क्षेत्र के दो अलग-अलग स्थानो पर चोरो ने हाथ साफ करते हुए हजारो का माल पार कर दिया। जानकारी के अनुसार मोहम्मद पुर कुचरिया स्थित झल्लेशवर मंदिर में पूजा-अर्चना की समाग्री के साथ मंदिर में टंगे घंटे उतार ले गए। मंदिर की देखरेख कर रहे रामकुमार सैनी ने बताया कि सुबह मंदिर पहुंचे तो देखा कमरे का ताला टूटा हुआ और मंदिर मे बंधे घंटे गायब थे । चोरी की सूचना फैलते ही भक्तों का मजमा लग गया। प्राचीन और प्रसिद्ध मंदिर में चोरी की वारदात से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। दूसरी तरफ सेमरा निवासी चंदन सिंह ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि शनिवार की रात घर के सामने खडे दो डंफरों की बैटरी चोरो ने पार कर दिया। एसओ राम अशीष उपाध्याय ने बताया कि तहरीर मिली है। जांचकर कार्रवाई की जाएगी।

# कोरोना काल में बच्चों को कम शुल्क में उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कराने का संकल्प

संवाददाता। लालगंज रायबरेली



**वैश्विक** महामारी कोरोना काल में भी बच्चो को कम शुल्क में उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिये बैसवारा एजूकेशन ट्रस्ट दृढ़ संकल्पित है। जिससे छात्र-छात्राएं प्रगति के पथ पर अग्रसर हो सके। हमारी प्राथमिकता बैसवारे की गुडविल को बनाये रखना है। कस्बे के ख्याति प्राप्त बैसवारा इंटर कालेज के गोविंदहाल में आयोजित प्रेस वार्ता में प्रबंधक कुंवर देवेंन्द्र बहादुर सिंह ने उक्त विचार प्रकट किये। श्री सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि बैसवारा एजूकेशन ट्रस्ट की स्थापना वर्ष 1946 में की गई थी तब से अनवरत अपनी शिक्षण संस्थाओं बैसवारा बाल निकेतन, बैसवारा बचपन प्ले ग्रुप, बैसवारा इंटर कालेज, बैसवारा डिग्री कालेज व बैसवारा बीटीसी प्रशिक्षण संस्थान के माध्यम से क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगा रहा है। हमारी संस्था का मुख्य उद्देश्य उच्च गुणवत्ता एवं संस्कारयुक्त शिक्षा के साथ बच्चो को निखारना है जिससे वह राष्ट्र की सेवा में समर्पित हो सके। इसी के तहत ट्रस्ट के द्वारा विद्यालयों में पुस्तकालय, आनलाईन कक्षाओं, प्रोजेक्टर प्रणाली आधारित शिक्षा के साथ कमजोर विद्यार्थियों के लिये अतिरिक्त कक्षाओं की व्यवस्था की गई है साथ ही साशन द्वारा प्रदत्त सभी सुविधाओं, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट, महिला एनसीसी व मध्यान्ह भोजन के अलावा कक्षा 6 से 8 तक के बच्चो को डेऊस व किताबों की सुविधा दी गई है। उप प्रबंधक ब्रम्ह प्रकाश सिंह ने अभिभावको से ट्रस्ट द्वारा प्रदान की गई सभी सुविधाओं का लाभ उठाकर अपने पाल्यों का प्रवेश कराकर उनके भविष्य का प्रकाशमान करने की अपील की। वही कुंवर श्री सिंह ने बताया कि निर्धन व असहाय बच्चो के सामाजिक उत्थान के तहत गत वर्ष इंटर कालेज में 70 बच्चो को 400 रूपया तथा मेधावी दो बच्चो को दो-दो हजार तथा दस बच्चो को पंद्रह सौ रूपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। वही जनवरी माह में शीतलहर के मद्देनजर 60 बच्चो को जैकेट व 25 बच्चो को जूते प्रदान किये गये। बैसवारा महाविद्यालय में 70 बच्चो को 400 रूपये की छात्रवृत्ति तथा अति निर्धन 5 मेधावी बच्चो को पांच पांच हजार रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। पत्रकार वार्ता के दौरान बैसवारा डिग्री कालेज के प्राचार्य डॉ0 निरंजन राय व बैसवारा इंटर कालेज के प्रधानाचार्य डॉ0 नरेंद्र बहादुर सिंह व बीटीसी प्राचार्य सुनील शुक्ला ने बताया कि संस्थान ने वर्तमान शिक्षा पद्धति के अनुरूप बच्चो को प्रवीण बनाया जा रहा है। जिसके तहत विद्यालयों में विषय विशेषज्ञो की शासन द्वारा नियुक्ति कर दी गई है जिससे छात्रो का भविष्य उज्जवल होगा। धन के अभाव में कोई भी शिक्षार्थी शिक्षा से वंचित नही होगा। इस मौके पर ट्रस्टी अवनेंद्र बहादुर सिंह, मदन मोहन सिंह, वीरेंद्र शुक्ला, रामजीलाल श्रीवास्तव, भवानी प्रसाद श्रीवास्त, राजेश बहादुर सिंह, पुनीत तिवारी, विनोद सिंह, ऋतुराज सिंह, तेजबहादुर सिंह, दिनेश सिंह आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# सीएम के निर्देश पर खुलीं राखी और मिठाई की दुकानें

**● महिलाओं ने जमकर की खरीदारी , नही दिखी सोशल डिस्टेंसिंग**

संवाददाता। सुलतानपुर

**जिलाधिकारी** सी इंदुमती ने अवगत कराया है कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर रक्षाबंधन पर्व के दृष्टिगत प्रदेश में 2 अगस्त यानि रविवार को राखी तथा मिठाई की दुकानें खुली रहेंगी। ज्ञातव्य है कि कोविड-19 तथा संचारी रोगों पर नियंत्रण के उद्देश्य से प्रदेश में संचालित विशेष स्वच्छता एवं सैनिटाइजेशन अभियान के लिए प्रत्येक शनिवार तथा रविवार को बाजारों की साप्ताहिक बंदी निर्धारित है। मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में तीन वर्षों की भांति इस वर्ष भी रक्षाबंधन के पर्व पर उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की समस्त श्रेणी की बसों में महिलाओं को 2 अगस्त की मध्य रात्रि 12:00 से 3 अगस्त की मध्य रात्रि 12:00 बजे तक नि:शुल्क बस यात्रा की सुविधा उपलब्ध होगी। मुख्यमंत्री ने रक्षाबंधन के अवसर पर कोविड-19 के प्रोटोकॉल का पूर्ण पालन करने, कोई भी सार्वजनिक आयोजन न करने, पर्व के सभी अनुष्ठान घर पर रहकर ही करने तथा पुलिस को सघन पेट्रोलिंग करने के निर्देश दिए हैं। दुकानें खुलने से लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी और महिलाओं ने रक्षाबंधन के लिए जमकर राखी और मिठाई की खरीदारी की। इस दौरान अधिकांश दुकानों पर न तो सोशल डिस्टेंसिंग का पालन किया गया और न ही लोगों में कोरोना के संक्रमण का भय ही दिखा। हालॉकि कई सामाजिक संगठनों ने बकरीद पर सोशल डिस्टेंसिंग के साथ नमाज न अदा करने की पाबंदी और रक्षाबंधन पर्व पर दुकानों को खोलने की घोषणा को सरकार की द्विपक्षीय घोषणा बताया है।

# कालेज के खेल मैदान पर भूमाफियाओं की नजर

**गोंडा।** नगर में जलमग्न, तालाब, नजूल व सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे के बाद अब कालेज के खेल मैदान भू-माफिआओं की नजर में आ गया है। तीन हजार बच्चों के खेल मैदान को कूटरचित आधार पर बैनामा कराया गया है। करनैलगंज नगर के सबसे पुराने कन्हैया लाल इंटर कालेज के खेल मैदान की भूमि का बैनामा होने का विरोध शुरू हो गया है। कालेज की भूमि व बच्चों के खेल मैदान को बचाने के लिये कालेज के हाल कमरे में रविवार को कालेज के प्रबन्धक की अगुवाई में एक बैठक आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता नेता अवधेश सिंह ने व संचालन त्रिलोकीनाथ तिवारी ने किया। बैठक को सम्बोधित करते हुये कालेज के प्रबंधक कुंजविहारी अग्रवाल ने कहा कि उनके पूर्वज लाला कन्हैया लाल ने वर्ष 1952 में रियासत की भूमि भैया भगवती प्रसाद से लेकर भूमि पर कब्जेदार काश्तकारों से बैनामा करवाकर कन्हैया लाल इंटर कालेज के निर्माण कराया था। शेष बची भूमि



क्रीड़ा स्थल के रूप में उपयोग की जा रही थी। नगर की बेसकीमती भूमि होने की वजह से उस पर भू माफिआओं की निगाहें टिक गई। बीते 30 जुलाई को कूट रचित दस्तावेज के आधार पर उसका बैनामा भी करा लिया गया है। जिसे भू माफिआओं से बचाकर बाउंड्रीवाल का निर्माण कराने के लिये कन्हैया लाल इंटर कालेज बचाओ संघर्ष समिति का गठन किया जाना आवश्यक है। जिसका संयोजक त्रिलोकीनाथ तिवारी को बनाने का प्रस्ताव रखा। जिसका ध्वनि मत से समर्थन करते हुये अन्य पदाधिकारियों का चयन कर आंदोलन की कमान उन्हें सौंपी गई। त्रिलोकी तिवारी व नेता अवधेश सिंह ने कहा कि इंटर कालेज से क्षेत्र के जनता भावना जुड़ी है। कालेज को व उसके क्रीड़ा स्थल को बचाने के लिये जनता का सहयोग हासिंल कर हर स्तर की लड़ाई लड़ी जायेगी।बैठक में बैनामा करने व कराने वाले लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने पर भी विचार किया गया। धनलाल मिश्र, ध्रुवकुमार तिवारी, इफ्तिखार अंसारी, त्रियुगी नारायण दूबे, गिरजा शंकर गोस्वामी व सुनील कुमार आदि मौजूद थे।

# दुपट्टे के सहारे छात्रा ने लगाई फांसी, मौत

**सुलतानपुर।** जिले में लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के तेरयें गांव में जीजा के घर पर रहकर पढ़ाई कर रही छात्रा की दुपट्टे के फंदे से लटकी लाश मिली है। छात्रा के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रतापगढ़ जिले के कोहड़ौर कोतवाली क्षेत्र में स्थित ग्राम सरौली निवासी राम आसरे की 19 वर्षीय बेटी सुषमा लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के तेरयें गांव में अपने जीजा सुरेश के यहां रहकर 12वीं की पढ़ाई कर रही थी। उसके जीजा ने बताया कि उसके माता-पिता की मृत्यु हो गई है। परिवार में सिर्फ उसका भाई है, जो रोजगार के सिलसिले में बाहर रहता है। इसलिए वह यहीं रह कर पढ़ाई कर रही थी। जीजा ने कहा कि वह मोबाइल पर किसी लड़के से बात करती थी। कई बार उसकी मोबाइल पकड़ी गई थी। डांट डपट कर उसे समझाया बुझाया गया था। मगर, वह फिर चोरी-छिपे मोबाइल से बात करती ही रहती थी। उसके पास से मोबाइल पकड़े जाने पर उसकी दीदी ने उसे डांट डपट दिया था। हम लोग खेत में धान की बेहन लगाने गए थे।

## क्विक न्यूज

### नवोदय विद्यालय में मिले कोरोना संक्रमित

**महराजगंज-रायबरेली।** क्षेत्र के बावन बुजुर्ग बल्ला स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में कोरोना का बम फूटा। जबकि यहां काम करने वाले कनिष्ठ लिपिक के परिवार में कनिष्ठ लिपिक व उनकी पत्नी तथा 22 वर्षीय बेटे को कोरोना पॉजिटिव पाया गया है। इस बात की जानकारी जैसे ही विद्यालय स्टाफको लगी, हड़कंप मच गया है। परिवार में केवल एक ही सदस्य बचा है, जो संक्रमित नहीं है। मामले की खबर लगते ही अफरा तफरी मच गई है। वहीं कोतवाल अरुण कुमार सिंह ने बताया कि, विद्यालय को कंटेंटमेंट जोन घोषित किया जाएगा। विद्यालय के प्राचार्य डॉ एएन राय ने बताया कि, प्रभावित आवासीय परिसर और उसके आसपास के भवनों को सेनीटाइज कराया जाएगा। जबकि कनिष्ठ लिपिक और उसके संक्रमित पाई गई पत्नी व बेटे को कोरनटाइन कर दिया गया है। आपको बता दें कि, हाई सिक्योरिटी जोंन समझे जाने वाले जवाहर नवोदय बावन बुजुर्ग बल्ला स्थित विद्यालय में बाहरी लोगों का प्रवेश वर्जित कर दिया गया था, बावजूद इसके कोरोना की महामारी यहां कैसे पहुंची यह बात सोचने वाली है। यह जानकारी मिलते ही पूरे विद्यालय में हड़कंप मच गया। कोरोना पॉजिटिव पाए गए तीनों सदस्य वापस बावन बुजुर्ग बल्ला स्थित नवोदय विद्यालय परिसर आ गए हैं। जिन्हें एक अलग भवन में कोरनटाइन कर दिया गया है। मामले की जानकारी प्रशासन को दे दी गई है। प्राचार्य डॉ ए एन राय ने बताया कि, जिस आवास में यह परिवार रहता था उस आवास समेत आसपास के आवासों को सैनिटाइज करने का काम कराया जाएगा।

### शांतिपूर्ण माहौल में मनाई गई बकरीद

**गोंडा।** शनिवार को ईद उल अजहा बकरीद के मौके पर भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बकरीद की नमाज लोगों ने घरों में अदा की। वहीं कई मस्जिदों में भी सामाजिक दूरी का पालन करते हुए नमाज अदा कराई गई। यह दौर दिन में 10 बजे तक चलता रहा और पुलिस लगातार पूरे क्षेत्र में भ्रमण करती रही। उसके बाद फिर कुर्बानियों का दौर शुरू हुआ। लोगों ने अपने अपने घरों में बकरों की कुर्बानी दी और जमकर सिन्नी बांटी गयी। हालांकि पुलिस ने शुक्रवार की रात से कुर्बानी को रोकने के प्रयास शुरू कर दिए थे कि सामूहिक तौर पर कुर्बानी न होने पाए। बावजूद इसके लोगों ने अपने अपने घरों में कुर्बानी दिया। पुलिस अधिकारी भारी संख्या में पुलिस बल के साथ नगर व ग्रामीण क्षेत्र में काम्बिंग करते रहे।

### सांसद ने दी महाराज कुश जयंती की बधाई



**सुलतानपुर।** सांसद मेनका संजय गांधी ने जिले वासियों को तीन अगस्त को श्रावण पूर्णिमा के शुभ अवसर पर शुभकामना व वीडियों संदेश भेजते हुए कुशभवनपुर के संस्थापक महाराज कुश की जयंती के उपलक्ष्य पर प्रतिवर्ष मनाए जा रहे कुशभवनपुर दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। सांसद मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद मेनका संजय गांधी ने कुशभवनपुर उत्थान सेवा समिति द्वारा उठाये जा रहे सुलतानपुर जिले के पुनः कुशभवनपुर नामकरण की मांग का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि इतिहास के मुताबिक सुलतानपुर का नाम पुनः कुशभवनपुर करने के लिए हमारा साथ व समर्थन सदैव रहेंगा। आप को बतादे कि पौराणिक मान्यतानुसार आज का सुलतानपुर जिला पूर्व में गोमती नदी के तट पर मर्यादा पुरुषोत्तम ''भगवान श्री राम'' के पुत्र महाराज कुश द्वारा बसाया गया कुशभवनपुर नाम का नगर था। खिलजी वंश के सुल्तान अलाउद्दीन खिलजी के शासन काल के दौरान कुशभवनपुर का नाम बदलकर सुल्तानपुर कर दिया गया था।

### सीता कुंड धाम पर जलेंगे ग्यारह सौ दीप

**सुलतानपुर।** राम की नगरी अयोध्या में होने वाले रामजन्म भूमि के शिलान्यास को लेकर जहां पर अयोध्या में जोरों से तैयारियां चल रही हैं वहीं पर सुल्तानपुर के सीता कुंड धाम पर गोमती मित्र मंडल की तैयारियां जोरो पर हैं उनका कहना है हम राम की नगरी नही जा सकते लेकिन यहां पर भगवान श्रीराम की का गुणगान तो कर सकते हैं इसलिए गोमती मित्रों ने सीताकुंड धाम पर 1100 दीप जलाने का निणर्य लिया है। उधर सावनी पूर्णिमा को लेकर गोमती मित्रों का साप्ताहिक श्रमदान अभियान भी जारी रहा। गोमती मित्रों ने साफ सफाई कर घाट को चकाचक कर दिया। हालॉकि शासन-प्रशासन की तरफ से दी गई गाईड लाइन के अनुसार कहा गया है कि आप लोग अपने घर मे 5-5 दीप जलाएं जिसमे मौजूद गोमती मित्र मंडल के प्रदेश अध्यक्ष रूद प्रताप मदन सिहं, संरक्षक रतन कसौधन, दिनकर प्रताप सिहं, दाऊजी, रामेन्द्र सिहं, अनुज सिंह, विनोद सेठ, संतकुमार प्रधान, अजय प्रताप सिंह आदि रहे मौजूद रहे।

# अब और डराने लगी घाघरा नदी

**● सरयू भी पहुंची खतरे के निशान से सौ सेंटीमीटर ऊपर**

संवाददाता। करनैलगंज-गोंडा



**घाघरा** नदी में बाढ़ की स्थिति लगातार विकराल होती जा रही है। वहीं सरयू नदी भी अब खतरे के निशान से 100 सेंटीमीटर से भी ऊपर पहुंच गई है। एक सप्ताह से लगातार छोड़े जा रहे पानी से नदी पूरे शबाब पर है। शुक्रवार को विभिन्न बैराजों से छोड़े गए करीब साढे तीन लाख क्यूसेक पानी का डिस्चार्ज शनिवार को जारी रहा। रविवार को भी बांध के आसपास वाले गांव में बाढ़ के पानी का फैलाव तेजी से हो रहा है। आधा गांव बाढ़ के पानी से बुरी तरह प्रभावित हो चुके हैं। जिसमें ग्राम माझा रायपुर, परसावल, नेपुरा, पारा, बेहटा और कमियार यह बाराबंकी और गोंडा जिले की सीमा पर बसे गांव हैं तथा करनैलगंज तहसील के ग्राम नकहरा के नौ मजरे पूरी तरह बाढ़ के पानी से डूब चुके हैं और सभी मजरे अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं। एल्गिन चरसडी बांध बनने के बाद पहली बार आए पानी के इतने बड़े सैलाब से ग्रामीण भयभीत हैं। ग्रामीणों के मुताबिक पहली बार घाघरा नदी में इतना पानी आ रहा है। इसके पूर्व घाघरा नदी का फैलाव मात्र एक किलोमीटर की परिधि में था। जो अब बढ़कर करीब ढाई किलो मीटर से भी ज्यादा हो गया है। जिससे पानी का दबाव बांध एवं आसपास के गांव में कम होना चाहिए, मगर पानी का जबरदस्त सैलाब आने से घाघरा नदी 100 सेंटीमीटर से अधिक ऊपर पहुंच चुकी है और जिन गांवों में आज तक पानी नहीं घुसा वहां तक घाघरा के बाढ़ का पानी दस्तक दे चुका है। करनैलगंज तहसील के ग्राम नकहरा के 1 दर्जन मजरे पूरी तरह पानी में डूब चुके हैं। जहां की स्थिति लगातार भयावह होती जा रही है और ग्रामीण परेशान हैं। प्रशासन ने ग्रामीणों के सुख सुविधा के लिए बाढ़ चौकी की स्थापना कर दी है। जहां राजस्व के अधिकारी और कर्मचारी कैम्प कर रहे हैं और पल-पल की सूचना अधिकारियों को दे रहे हैं। मगर ग्रामीणों को कोई लाभ नहीं मिल रहा है। शुक्रवार को 4 लाख 11 हजार क्यूसेक पानी और शनिवार को 3 लाख 40 हजार क्यूसेक पानी तथा रविवार को 3 लाख 20 हजार क्यूसेक पानी का डिस्चार्ज सरयू में हो रहा था। नदी का जलस्तर खतरे के निशान 106.07 के सापेक्ष 107.156 पर चल रही थी। अगर बरसात ना हुई तो पानी घटने के आसार हैं मगर पहाड़ी क्षेत्र और बहराइच, लखीमपुर, सीतापुर, नेपाल के सरहदी इलाकों में बारिश होने से नदी के जल स्तर में इजाफा होने का प्रबल अनुमान लगाया जा रहा है। बाढ़ से प्रभावित ग्रामीणों को प्रशासन की तरफ से शरण स्थल पर छाजन के लिए पॉलीथिन की व्यवस्था कराई गई। बाढ़ राहत केंद्र पर मौजूद लोगों को पॉलीथिन का वितरण राजस्व कर्मचारियों द्वारा किया गया। रविवार को अपर जिलाधिकारी गोंडा, उप जिलाधिकारी करनैलगंज, तहसीलदार करनैलगंज की संयुक्त टीम ने बांध एवं बांध के आस-पास के गांव का नाव से निरीक्षण किया और बाढ़ चौकियों पर तैनात कर्मचारियों से लगातार निगरानी करने के साथ-साथ गांव में फंसे ग्रामीणों को निकाल कर सुरक्षित स्थान पर लाने के निर्देश दिए हैं।

# तीन युवकों पर मोर पक्षी का शिकार करने का आरोप

**खीरों, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के कई गांवों में बीते कई दिनों से अराजकतत्व क्षेत्र के कई गाँवों में राष्ट्रीय पक्षी मोर का शिकार कर रहे थे । इस दौरान वह अनेक जंगली जीवों का शिकार कर उनके मांस की तस्करी कर रहे थे । रविवार की सुबह दुलारेपुर मजरे धुराई में मोर का शिकार करते समय अराजकतत्वों को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया । पुलिस ने तीन आरोपित युवकों को हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया है । पशु चिकित्सक पंकज पटेल ने मौके पर पहुँचकर अवशेषों व मृत मोरों का पोस्ट मार्टम किया है । दुलारेपुर निवासी धुराई क्षेत्र के क्षेत्र पंचायत सदस्य सुशील कुमार ने तहरीर देते हुये आरोप लगाया है कि एकौनी निवासी अंकित पुत्र सुरेश, रोहित पुत्र लाल व कल्लू पुत्र बच्चूलाल खजुरिहाबाँध निवासी कटिल्ला पुत्र मतई व कटिल्ला की पत्नी के सहयोग से प्रतिदिन दुलारेपुर व उसके आसपास के गाँवों की बागों व जंगलों में अनाज व केला आदि में जहरीला पदार्थ मिलाकर रख देते थे । जिन्हे खाकर सैकड़ो जंगली जीव व दर्जनों मोर मर चुके है । उपरोक्त लोग उनका मांस उठाकर लेजाकर उसकी तस्करी करते हैं । जिसमें उसकी बाग में कई मोर मरे हुये व कई मोरों के अवशेष मौजूद मिले । इस दौरान रोज की तरह उपरोक्त एकौनी निवासी अंकित, रोहित और कल्लू रविवार की सुबह दुलारेपुर गाँव के पास स्थित उसकी बाग में पहुंचे । मोरों का शिकार करने के इरादे से केले में जहरीला पदार्थ मिलाकर बाग में रख दिया। इसी समय ग्रामीणों ने उन्हे पकड़ लिया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों द्वारा पकड़े गए तीनों आरोपितों को हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया। लगातार क्षेत्र के गाँवों में मोर के शिकार की हो रही घटनाओं से ग्रामीणों में व्यापक आक्रोश देखने को मिला। पशु चिकित्साधिकारी डॉ पंकज पटेल ने बताया कि मृत मोर व अवशेषों का पोस्ट मार्टम किया गया है। रिपोर्ट पुलिस व विभागीय अधिकारियों को सौंपी जा रही है।

# जीवन बचाना है तो करें अपनी सुरक्षाः डीएम

संवाददाता। बस्ती

● घर का डाक्टर बनने की न करें भूल, वरना मिलेगा गंभीर न्यौता

● हार्ट, टीबी, कैंसर, गुर्दे और शुगर जैसे गंभीर बीमारी का दवा कराने वाले त्वरित कराएं कोरोना की जांच

● डर से नहीं बल्कि जागरुकता से ही कोरोना को हराया जा सकता

● कोई भी चीज छुएं तो हाथ जरुर धोएं या फिर करें सेनेटाइज

**कोरोना** को लेकर आज अगर समाज जागरुक नहीं हुआ तो बहुत देर हो जाएगी, और इसका खामियाजा सबसे अधिक समाज के लोगों को ही भुगतना पड़ेगा। यह कहना है डीएम आषुतोष निरंजन का जिनकी डाक्टर पत्नी, बेटी और पिता कोरोना संक्रमित हैं, और उस पर विजय पाने के लिए पूरा परिवार लड़ाई लड़ रहा है। कहते हैं कि सरकार को जो करना है, वह उससे अधिक कर रही है, मगर जब तक समाज षासन और प्रषासन का साथ नहीं देगाा, तब तक कोरोना पर विजय नहीं पाया जा सकता है। लोगों को अच्छी तरह यह समझ लेना चाहिए कि कोरोना से सबसे अधिक आमजन का ही नुकसान हो रहा है। यह ऐसा नुकसान है जिसकी भरपाई नहीं हो सकती। कोरोना को भय से नहीं बल्कि जागरुक होकर हराया जा सकता है। इस लिए अपनी सुरक्षा अपने हाथ में है। कोरोना को लेकर पिछले छह माह से पूरे देष में डर बना हुआ है। सरकार इसे लेकर षुरु से लोगों को जागरुक करने का प्रयास कर रही है। कहा जा रहा है कि बिना मास्क के बाहर न निकले और निकले भी तो दूरी बनाकर रखें मगर अभी तक अधिकांश लोग इसका पालन नहीं कर रहें है, जिसका नतीजा आए दिन बड़ी संख्या में पाजिटिव निकलना रहा है। डीएम कहते हैं कि स्थित धीरे-धीरे खराब होती जा रही है। इसका सबसे बड़ा कारण लोगों का नियमों का पालन न करना है। कहते हैं कि आज 90 फीसद कोरोना पाजिटिव मास्क न पहनने और षारीरिक दूरी को न बनाए रखने के कारण निकल रहा है। कहा कि जब घर में अकेले रहे तो मास्क लगाने की आवश्यकता नहीं हैं, मगर जैसे ही वह बाहर निकले या फिर उससे मिलने कोई घर पर आए तो फौरन मास्क का इस्तेमाल करें। इसी तरह अगर कोई व्यक्ति बाहर जा रहा है, और कोई चीज छूता है तो पहले हाथ को सेनेटाइज करें, सेनेटाइज की शीशी लेकर चलने की आदद डालनी होगी। यहां तक कि अगर कोई व्यक्ति घर में क्यों न रहता है, अगर उसने किसी चीज को छूआ है तो उसे त्वरित साबुन से थोना चाहिए। हाथ को सेनेटाइज और साबुन से तभी थोएं जब किसी चीज को छुएं। हार्ट, टीबी, कैंसर, गुर्दे और सुगर जैसे गंभीर बीमारी का इलाज कराने वालों को और अधिक सावधानी बरतने की आवश्यकता है। क्यों कि ऐसे अगर कोरोना की चपेट में आ जाते हैं, उन्हें काफी परेषानी हो सकती है। अगर किसी व्यक्ति को तेज बुखार, खांसी और गले में खरास में से कोई एक भी लक्षण दिखता है, तो त्वरित कोरोना जांच करानी चाहिए। जोर देकर कहा कि कोई भी व्यक्ति घर का डाक्टर बनने का प्रयास न करें, और न उसमें समय ही बर्बाद करें। कहा कि जागरुकता ही बचाव है।

# डीएम के पिता, पत्रकार समेत 43 मिले कोरोना संक्रमित

संवाददाता। बस्ती

● संख्या पहुंची 960, अब तक 30 की हो चुकी मृत्यु

● कंटेनमेंट जोन की संख्या पहुंची 185

**जिले** में दो दिन के भीतर 43 नए कोरोना पाजिटिव पाए गए है। रविवार को 24 नए कोरोना पाजिटिव पाए गए, जबकि एक दिन पूर्व 19 संक्रमित पाए गए थे। एंटीजेन, केजीएमयू, जिला अस्पताल में हुई जांच में इनमें कोरोना वायरस संक्रमण की पुष्टि हुई। जो कोरोना संक्रमित पाए गए है उनमें डीएम के पिता, एक पत्रकार सहित चार कांशीराम आवास, तीन राजा मैदान, एक प्रहलाद कालोनी, एक टीबी क्लीनिक, एक पुलिस लाइन सहित अन्य शामिल हैं। इससे पूर्व डीएम की डाक्टर पत्नी और पुत्री संक्रमित पाई गई है। कोरोना संक्रमितों की संख्या जिले में 960 पहुंच गई है जिनमें से 30 की अब तक मौत हो चुकी है। डीएम आशुतोष निरंजन ने बताया कि जो पाजिटिव केस है उनमें 33 केस दूसरे जिलों के हैं। अब तक 563 स्वस्थ होने के बाद डिस्चार्ज किए जा चुके है। शेष संक्रमितों का इलाज चल रहा है। संक्रमितों की बढ़ती संख्या को देखते हुए कंटेंनमेंट जोन की संख्या भी बढ़ी है। जिले में कुल कंटेनमेंट जोन की संख्या 185 पहुंच गई है। पूर्व में कंटेनमेंट जोन घोषित जलेबीगंज, चांदाखुर्द, रघुनाथपुर, पैकोलिया हर्रैया को कंटेनमेंट मुक्त घोषित किया गया है। रविवार को 10 नए कंटेंटमेंट जोन घोषित किए गए। नए कंटेंनमंट जोन में तहसील हर्रैया का खम्हरिया सुजात, वाल्टरगंज क्षेत्र का गनेशपुर, रूधौली का खरदेउरा, दुद्धीबाजार, मुण्डेरवा का बोदवल, कोतवाली क्षेत्र का सुपेलवा, कांशीराम आवासीय कालोनी, रौतापार, पुरानी बस्ती का राजामैदान, कलवारी शामिल है। शहरी क्षेत्र में कंटेंनमेंट जोन की संख्या बढ़कर 38 से बढ़कर 42 हो गई है। जिनमें पाण्डेय बाजार, माली टोला, नरहरिया, आवास विकास, पुराना डाकखाना, बैरिहवा, मुड़घाट, आनन्द नगर कटरा, गांधीनगर, रौतापार, सुपेलवा, राजा मैदान आदि ऐसे क्षेत्र हैं, जहां पर दो या दो से अधिक केस है। एडीएम रमेश चन्द्र ने बताया कि दो या इससे अधिक केस होने पर कन्टेन्मेन्ट के अतिरिक्त बफर जोन का प्राविधान है। बफर जोन में समस्त गतिविधियां, पाबन्दिया कन्टेन्मेन्ट जोन की तरह ही होगीं। इन क्षेत्रों में कोई गतिविधि नहीं होगी। यहां केवल आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। इन क्षेत्रों में कोई दुकान आदि नहीं खुलेगी।

# सुब्रत शेखर सिन्हा ने ग्रहण किया निदेशक तकनीकी का पदभार

संवाददाता। सोनभद्र

**सुब्रत** शेखर सिन्हा ने भारत सरकार की मिनी रत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एनसीएल में निदेशक तकनीकी के पदभार को शनिवार को ग्रहण किया। कोयला उदद्योग में लगभग 37 वर्षों का अनुभव रखने वाले श्री सिन्हा एनसीएल परिवार में शामिल होने से पहले कोल इंडिया की एक दूसरी अनुषंगी कंपनी, एसईसील में महाप्रबंधक के रूप में कार्यरत थे। उन्होने आईआईटी बीएचयू से 1983 में बी. टेक की शिक्षा प्राप्त की व उसके बाद कोल इंडिया में अपने करियर की शुरुआत की। खनन क्षेत्र में खुली व भूमिगत दोनों खदानों में दक्षता रखने वाले श्री सिन्हा ने कोल इंडिया मुख्यालय व उसकी अनुषंगी कंपनीयों में अपनी सेवाएँ दी हैं। एसईसीएल में उन्होने एरिया महाप्रबंधक से सीएमडी के तकनीकी सचिव तक की कमान संभाली। एसईसीएल की खुली व भूमिगत खदानों में उन्होने उत्पादन व उत्पादकता के कई कीर्तिमान स्थापित करने में अपना बहूमूल्य योगदान दिया। उन्होनेएसईसीएल की एक भूमिगत खदान में देश में शॉर्टवाल माइनिंग मेथड को पहली बार सफलतापूर्वक नियोजित करने में अहम भूमिका निभाई। वे कोल इंडिया मुख्यालय में भी विभिन्न पदों पर पदस्थ रहे व उत्पादन जैसे प्रमुख विभाग के विभागाध्यक्ष रहे। उन्होने बड़ी मशीनों की खरीद में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई व ईआरपी के क्रियान्वयन में अहम योगदान दिया। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होने ऑस्ट्रेलिया का दौरा कर खनन क्षेत्र से जुड़े प्रशिक्षण व कोन्फ्रेंस में भाग लिया। वे 2009 में अमेरिका भी गए और व्हरटन बिजनिस स्कूल पेनसलवेनिया के एक प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया।कोयला खनन क्षेत्र में उनके अद्वितीय योगदान के लिए उनको कई पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है।

# युवाओं के हक की लड़ाई लड़ेगा युवक कांग्रेसः आशु

संवाददाता। सोनभद्र



**भारतीय** युवा कांग्रेस सोनभद्र के जिला अध्यक्ष आशुतोष कुमार दुबे आशु के अध्यक्षता में राबर्ट्सगंज वार्ड नंबर 10 में रोहित सोनकर ,कन्हैया गुप्ता, विकास सोनी, संगीत पांडे ,पवन गुप्ता, करन पांडेय, मनीष पांडेय, नीरज सोनकर ,प्रतीक पांडे ,अनुराग शर्मा, नीरज सोनकर, मनीष, सुमित ,सोनू केसरी ने युवा कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की, सदस्यता ग्रहण करेने वाले युवाओं ने युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कनिष्क पांडे, राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवासन, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव प्रभारी उत्तर प्रदेश प्रियंका गांधी, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी व राष्ट्रीय अध्यक्षा सोनिया गांधी के हाथों को मजबूत करने का प्रण लिया और आगे आने वाले समय में और भी युवाओं को साथ ले आने की बात कही, इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आशु दुबे ने कहां की युवा कांग्रेस नौजवानों, बेरोजगारों, असहायो, गरीबों, किसानों, व्यापारियों, व हर आम जनमानस के हक की लड़ाई हमेशा लड़ता रहा है और आगे भी लड़ता रहेगा। वर्तमान समय के कोविड-19 महामारी दिनों दिन बहुत तेजी के साथ देश में अपना पैर पसारता चला जा रहा है। ऐसी स्थिति में आम नागरिक के हाथों से काफी चीजें दूर होती जा रही हैं और इस परिस्थिति में रोजगार के बारे में उम्मीद भी नहीं किया जा सकता। एक तरफ जहां कई लाख लोग वेरोजगार हो चुके हैं वहीं कई बड़ी कंपनियां प्राइवेट इंडस्ट्रीज बंद हो चुकी हैं, या बन्द होने के कगार पर हैं इस स्थिति में अपना जीवन व्यतीत करना ही कठिन पड़ रहा है, इस समय रोजगार सृजन करना या रोजगार तलाशने की बात कैसे की जा सकती है। पूर्व की सरकारों ने भी विगत 30 साल से उत्तर प्रदेश में रोजगार को लेकर युवाओं के प्रति कोई विशेष ध्यान नहीं दिया जिसके चलते आज उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा युवाओं के रोजगार की स्थिति खराब है। युवा कांग्रेस अभियान चलाएगा और युवाओं के हक की लड़ाई लड़ेगा इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित रहने वालों में विधानसभा अध्यक्ष युवा कांग्रेस श्रीकांत मिश्रा, अंशु मद्धेशिया उपस्थित रहे।

# सोनभद्र से पवित्र जल व मिट्टी संग्रह कर भेजा जायेगा अयोध्या

संवाददाता। घोरावल/सोनभद्र



**विश्व हिन्दू** परिषद बजरंग दल के द्वारा सम्पूर्ण देश के सभी धार्मिक स्थल की रज, पवित्र नदियों का जल, ऐतिहासिक अमर शहीदों के शहीद स्मारक की पवित्र भूमि की रज का संग्रह करके अयोध्या भेजा जा रहा है जिसे बनने वाले भव्य श्री राम मंदिर निर्माण में शामिल किया जाएगा। इसी कड़ी में घोरावल स्थित ऐतिहासिक शिवद्वार मंदिर से पवित्र जल वह मिट्टी संग्रह कर विहिप सोनभद्र नगर के अध्यक्ष ज्ञानेंद्र शरण राय को घोरावल की गल्ला मंडी प्रांगण में बजरंग दल के जिला बलोपासना प्रमुख प्रसून कुमार के द्वारा समर्पित किया गया। बजरंग दल के प्रांत संयोजक सत्य प्रताप सिंह ने बताया कि सोनभद्र में विभिन्न धार्मिक स्थानों से पवित्र जल व मिट्टी संग्रह किया गया है जिसका उपयोग 5 अगस्त को श्री राम जन्मभूमि में प्रधानमंत्री जी के द्वारा किए जाने वाले भूमि पूजन में होगा। इस दौरान मुख्य रूप से विभाग संगठन मंत्री सतीश कुमार,सुनील गुप्ता, विंध्यवासिनी बाबू, किशन कन्हैया, आलोक रंजन, नरेंद्र पांडे, ऋषभ सिंह, कमलेश सोनी आदि मौजूद रहे।

## कोविड अस्पताल की बदहाली हुआ वायरल, सुविधाएं नदारद

**बस्ती।** कोरोना पाजिटिव पाए गए शहर के नरहरिया मुहल्ला निवासी एक दैनिक अखबार के सम्पादक ने कोविड-19 मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं और व्यवस्थाओं पर सवाल खड़ा किया है। कोरोना संक्रमित पाए जाने के बाद ओपेक हास्पिटल कैली में भर्ती कराए गए सम्पादक ने आरोप लगाया है कि यहां वार्ड में न तो सेनेटाइजिंग की कोई व्यवस्था है और न ही अन्य कोई सुविधाएं। 24 घंटे में मात्र एक बार पोछा लगाए जाने, गर्म पानी की पर्याप्त व्यवस्था न होने, नाश्ता और खाने का स्तर खराब होने का आरोप लगाया है। इतना ही नहीं कहा है कि नाश्ता भी समय से नहीं दिया जाता। जो नाश्ता मिलता भी है उसे आधा अधूरा बांटा जाता है। किसी को नाश्ता नहीं मिला, इसकी भी परवाह नहीं की जाती। काढ़ा की जगह दो बार चीनी वाली चाय दी जाती है। यदि किसी ने एतराज जताया तो उसे स्वास्थ्य कर्मियों की झिड़कियां मिलती है।

# सुहासिनी संघ की ओर से अध्यक्ष करोबी सेन को दी भावपूर्ण विदाई

संवाददाता। सोनभद्र



**एनटीपीसी** विंध्याचल की अध्यक्षा करोबी सेन की पदोन्नति उत्तरी क्षेत्र मुख्यालय लखनऊ के उत्तरा महिला मण्डल में होने पर उन्हें सुहासिनी संघ की सदस्याओं द्वारा बाल भवन मे अभिनंदन एवं भावभीनी विदाई दी गयी। भारत सरकार के निर्देशानुसार सोशल डिस्टेनि्सग का पालन करते हुए इस कार्यक्रम की प्रथम कड़ी में एनटीपीसी विंध्याचल की नव नियुक्त अध्यक्षा सुहासिनी संघ मृदुला जौहरी एवं सलाहकार टाइनी टोट्स सुमन भाटिया ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि करोबी सेन को पुष्पगुच्छ प्रदान कर उनका अभिनंदन किया। इसी क्रम में बालभवन स्कूल कमेटी, प्रौढ़ शिक्षा कमेटी, वेल्फेयर कमेटी, क्रेच तथा सुहासिनी संघ की मेन कमेटी की प्रतिनिधियों ने भी सेन तथा जौहरी को पुष्पगुच्छ प्रदान कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर सुहासिनी संघ की पदाधिकारी सदस्याओं नें अध्यक्षा सुहासिनी संघ करोबी सेन के साथ बिताये गए पलों को सभी के साथ साझा किया एवं अन्य सदस्याओं नें भी उनके के साथ बिताये गए अपने अपने अनुभवों को बहुत खूबसूरती से प्रकट किया। करोबी सेन ने सुहासिनी संघ कार्यकारिणी समिति की भूरि भूरि प्रशंसा की एवं एनटीपीसी विंध्याचल में बिताये गये पलों को सभी के समक्ष प्रकट किया और कहा कि एनटीपीसी विंध्याचल की यह यादें हमेशा हमारे साथ रहेंगी। कार्यक्रम का संचालन महासचिव, सुहासिनी संघ ऋचा मंगला ने किया।

## क्विक न्यूज

### कोरेंटाइन सेंटर भगवान भरोसे, गायब रहते हैं प्रभारी

**बस्ती।** रामपुर मेडिकल कालेज स्थित गर्ल्स हास्टल कोरेंटाइन सेंटर भगवान भरोसे चल रहा है। डाक्टर तो हैं, मगर इस सेंटर के प्रभारी बनाए भूमि संरक्षण अधिकारी और लगाए गए पांच फील्ड स्टाफ के निरंतर बिना किसी सूचना के गयब रहने की सूचनाएं निरंतर आ रही है। अधिकारी बिना डीएम की अनुमति के नित्य गोरखपुर से अप-डाउन करते है। जब मर्जी किया आए और जब नहीं किया नहीं आए। इसकी शिकायत भी कई बार हो चुकी है। मगर कोई सुधार नहीं हो रहा है। जबकि डीएम का स्पष्ट आदेश है कि कोई भी अधिकारी बिना उनकी अनुमति के जिला और सेंटर नहीं छोड़ेगा, बावजूद डीएम के आदेष की अवहेलना करने की रिपोर्ट मिल रही है। सहायता के रुप में लगाए गए उनका स्टाफ भी अपने अधिकारी की तरह आए दिन गायब रहते है। लोगों का कहना है कि इसकी कभी भी जांच की जा सकती है।

### प्रेस क्लब बस्ती के कार्यकारिणी सदस्य का निधन

**बस्ती।** पत्रकार एवं प्रेस क्लब बस्ती के कार्यकारिणी सदस्य काशी दूबे के आकस्मिक निधन पर पत्रकारों ने शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दिया। प्रेस क्लब अध्यक्ष विनोद उपाध्याय, महामंत्री रमेश चन्द्र मिश्र, वरिष्ठ पत्रकार सोहन सिंह, विपिन बिहारी त्रिपाठी ने कहा कि काशी दूबे मिलनसार और मृदुभाषी स्वभाव के थे। उनके परिवार के साथ प्रेस क्लब परिवार हमेशा खड़ा रहेगा। पत्रकार राकेश चन्द्र श्रीवास्तव बिन्नू, मनोज यादव, राजनीश त्रिपाठी, राजेन्द्र कुमार उपाध्याय, राकेश गिरि, राकेश तिवारी, राजेश पाण्डेय, लवकुश सिंह, राजकुमार शुक्ला, विवेक श्रीवास्तव ने शोक व्यक्त करते हुए कि आज हमनें अपना एक ऐसा साथी खो दिया जो हम सबके चहेते थे और पत्रकारिता के लिए समर्पित थे।

### घर में घुसकर महिला के साथ दुष्कर्म

**बस्ती।** हर्रैया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला के साथ गांव के ही एक व्यक्ति ने घर में घुसकर दुष्कर्म किया। पीड़िता का आरोप है कि गांव निवासी आरोपित राजू उसके घर में घुस आया। उसे अकेली पाकर दबोच लिया और उसका मुंह दबा दिया जिससे कि वह शोर न मचा सके। मामले में तहरीर के आधार पर आरोपित के विरूद्ध दुष्कर्म की धारा के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस विवेचना कर रही है।

### फर्जी मस्टरोल भरकर लाखों रुपये निकालने का आरोप

**बीजपुर/सोनभद्र।** जनपद के विकास खण्ड म्योरपुर के ग्राम सभा जरहा के ग्रामीणों ने महात्मा गॉधी राष्ट्रीय रोजगार गांरटी योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत में कराये जा रहे कार्यो में गांव के प्रभावशाली व सम्पन्न लोगों के नाम से फर्जी मास्टर रोल भर कर लाखो रुपए की हेरा फेरी किए जाने का आरोप लगाते हुए लिखित शिकायती पत्र भेजकर जनपद सोनभद्र के जिलाधिकारी से जांच कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। ग्रामीण रामनरेश गुप्ता, रामसजीवन, सन्तोष पाल, अंजनी गुप्ता, कौशिल्या ने जनपद के जिलाधिकारी एस राजलिंगम को भेजे गये शिकायती पत्र में दर्शाया है कि गांव के पात्र ब्यक्तियो को मनरेगा के तहत कार्य के लिए दर दर भटकना पड़ रहा है। उन्हे कार्य नही दिया जा रहा है। जबकि ग्राम पंचायत रोजगार सेवक व क्षेत्र पंचायत सदस्य के मिलीभगत से अपने चहेतों का नाम मनरेगा में डालकर बिना कार्य किए ही लाखो रुपए सरकार के डकार लिए गए है। इस मामले की जानकारी ग्रामीणों को तब हुई जब काम के लिए पूर्व के मस्टरोल को देखा गया। ऐसे मस्टरोल को देखकर ग्रामीणों के होश उड़ गए जो अपने नाम का फर्जी मस्टरोल भरवाकर लाखो रुपए भुगतान ले लिए है। ऐसे व्यक्ति जो कभी साईट पर कार्य ही नही किए है न ही कभी इनकी हाजरी अन्य लोगो की तरह बोली गई। जनपद की बड़ी ग्राम पंचायतों में से एक ग्राम पंचायत जरहा जिसमे सरकार का भारी भरकम राशि गांव के विकास कार्य के लिए आता है। ग्रामीणों ने मनरेगा के द्वारा कराए गए कार्य में फर्जी मस्टरोल भरकर धन की बन्दर बांट करने की जाँच की मांग जिलाधिकारी से किया है। उनका कहना है कि यदि जाँच निष्पक्ष रूप से हो जाय तो कई प्रभावशाली लोगो के चौकाने वाले नाम सामने आ जाएंगे। ज्ञातव्य है कि इससे पूर्व विकास खण्ड म्योरपुर की ग्राम पंचायत जरहां शौचालयों में हुये घोटाले को लेकर भी चर्चाओं में रही है।

### ट्रक के धक्के से युवक गंभीर रूप से घायल

**बीजपुर/सोनभद्र।** स्थानीय थानाक्षेत्र के ग्राम सभा नेमना परिक्षेत्र मौजूद बीजपुर-रेनुकूट मार्ग पर रविवार को परिषदीय स्कूल के समीप राख लदे ट्रक के धक्के से नेमना निवासी 26 वर्षीय सोनू पुत्र काशीराम गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पर मौके पर पहुँचे घायल के परिजन व बीजपुर पुलिस के जवानों ने तत्काल इलाज के लिए उसे एन टी पी सी रिहंद स्टेशन के धन्वंतरी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जहाँ चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए उसे प्राथमिक इलाज के उपरांत अन्य चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। दुर्घटना में युवक का दोनों पैर टूटा हुआ बताया जा रहा है। बीजपुर पुलिस ने समाचार लिखे जाने तक आवश्यक कार्रवाई हेतु राख लदे हुए ट्रक व उसके चालक को हिराशत में लेकर थाने में लाकर खड़ा करवा दिया था।

### एनटीपीसी विंध्याचल में पांच कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त

**सोनभद्र।** यह मानते हुए कि एनटीपीसी विंध्याचल अपने कर्मचारियों के अथक प्रयासों के कारण ही भारत के विशालतम विद्युत संयंत्र के रूप में स्थापित हो पाया है, विंध्याचल प्रबंधन ने परियोजना की सफलता में योगदान देने वाले सेवानिवृत हो रहे कर्मचारियों को सम्मानित किया। जुलाई माह में एनटीपीसी विंध्याचल से पाँच कर्मचारी प्रदीप कुमार गोयल, मुख्य महाप्रबंधक परियोजना, आलोक कुमार सक्सेना, महाप्रबंधक एसएससी एमएमजी, राजेश कुमार वर्मा, सहायक प्रबंधक मानव संसाधन, वकील सिंह, आफिसर एसएलपीएस स्टोर और काश्मीर तिरकी, सब इंजीनियर प्रचालन सेवानिवृत हुए। भारत सरकार के निर्देशानुसार इस वैश्विक महामारी के समय में सोशल डिस्टेनि्सग को ध्यान में रखते हुए एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों को उनके विभागाध्यक्षों द्वारा अपने अपने विभागों में भावभीनी विदाई दी गयी। विभागाध्यक्षों द्वारा अपने अपने विभाग के सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया तथा विभागाध्यक्षों ने उनके सुखद व स्वस्थ जीवन हेतु एनटीपीसी परिवार की तरफसे ढेर सारी शुभकामनाएँ दी।

## बच्चा न होने का ताना देकर विवाहिता को जमकर मारा पीटा

**बस्ती।** बच्चा न होने का ताना देते हुए विवाहिता के दो देवरों और सास ने मारा पीटा और बचाव में आए पति को भी मारने के लिए दौड़ा लिया। मामले में पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी दोनो देवरों और सास के विरूद्ध मारपीट, धमकी और प्रताड़ना की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के मिश्रौलिया गांव निवासी विवाहिता का कहना है कि उसके बच्चे नहीं हैं, इस बात का उसे ताना दिया जाता है। उसके देवर नरेन्द्र कुमार, नागेन्द्र कुमार और सास कबूतरा देवी बच्चें न होने का ताना देते हुए उसे प्रताड़ित करते है। बच्चे न होने का ताना देते हुए उसे प्रताड़ित करने और मारने पीटने के दौरान जब उसके पति महेन्द्र कुमार ने बीच बचाव करना चाहा तो आरोपी देवरों और सास उन पर भी हमलावर हो गए। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस विवेचना कर रही है।

# मीरजापुर व चुनार को पर्यटन नगरी के तौर पर विकसित किया जाएगा

संवाददाता। मीरजापुर

● अनुप्रिया पटेल का विशेष प्रयास रंग लाया

● मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया

● टूरिस्ट हेरिटेज के तौर पर विकसित करने के लिए सात साल से लगातार प्रयासरत थीं अनुप्रिया पटेल



**पूर्व** केंद्रीय मंत्री एवं अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद अनुप्रिया पटेल का विशेष प्रयास रंग लाया। मीरजापुर और चुनार सहित प्रदेश के अन्य स्थलों को पर्यटन नगरी के तौर पर विकसित करने के लिए केंद्रीय पर्यटन मंत्री प्रह्लाद पटेल ने स्वदेश दर्शन के तहत 400 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की है। सांसद ने इसके लिए केंद्रीय पर्यटन मंत्री एवं मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है। बता दें कि स्वदेश योजना के तहत जनपद को पर्यटन के क्षेत्र में विकसित करने एवं जनपद को आर्थिक रूप से संपन्न बनाने एवं जनपद के युवाओं को रोजगार देने के लिए सांसद अपने पहले कार्यकाल से ही सक्रिय हैं। सांसद ने इस बाबत सबसे पहले 24 जुलाई 2014 को तत्कालीन केंद्रीय पर्यटन मंत्री श्रीपद येशो नायक जी को पत्र लिखकर जनपद को टूरिस्ट हेरिटेज के तौर पर विकसित करने के लिए विशेष आग्रह किया था। श्रीमती पटेल ने पत्र के माध्यम से केंद्रीय मंत्री को सूचित किया थाए श्उत्तर प्रदेश का मिर्जापुर जनपद मां विंध्यवासिनी मंदिर के लिए दुनिया भर में प्रसिद्ध है। जनपद में गंगा नदी पर निर्मित ऐतिहासिक घाट पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं को आकर्षित करते हैं। यह जनपद ऐतिहासिक एवं प्राकृतिक धरोहरों के लिए भी जाना जाता है। यहां भवानीपुरए अकोढ़ीए सीता कुंडए चुनार किलाए कालीखोह मंदिरए अष्टभुजा मंदिर, मेजा धाम, टांडा झरना, सिरसी धाम, विंढम फाल्स, अगोरी किला, लाल भैरव मंदिर, सक्तेशगढ़ किला, विजयगढ़ किला, लोरिक चट्टान, सिद्धानाथ की दरी, लखनिया गुफा जैसी ऐतिहासिक धरोहरें स्थित हैं। इन पर्यटन स्थलों के विकास से जनपद को आर्थिक लाभ भी होगा और यहां के युवाओं को रोजगार भी मिलेगा। अतरू जनपद को ष्टूरिस्ट सर्किटष् की सूची में शामिल करने की मंजूरी देने कृपा करें। सांसद ने 4 मार्च 2015 को इसी मामले में एक बार पुनरू तत्कालीन केंद्रीय पर्यटन मंत्री डॉण्महेश शर्मा को पत्र लिखकर जनपद को ष्टूरिस्ट सर्किटष् के तौर पर विकसित करने का अनुरोध किया। इस बाबत सांसद ने 11 सितंबर 2015 को डॉण्शर्मा को पुनरू पत्र लिखकर अनुरोध किया। इस मामले में 14 अक्टूबर 2015 को डॉण्महेश शर्मा ने पत्र के माध्यम से इस मामले पर विचार करने का आश्वासन दिया। इसके अलावा 13 अक्टूबर को डॉ. महेश शर्मा ने पत्र के माध्यम से सूचित किया कि चुनार किला को विकसित करने से संबंधित आपके प्रस्ताव को उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन विभाग को भेज दिया गया है। 8 जनवरी 2016 को डॉण्महेश शर्मा ने पत्र के माध्यम से सूचित किया कि जनपद को टूरिस्ट सर्किट के तौर पर विकसित करने से संबंधित आपके पत्र को उत्तर प्रदेश सरकार को आवश्यक कार्यवाही हेतु भेज दिया गया है। दिसंबर 2016 में केंद्रीय मंत्री डॉण्महेश शर्मा ने चुनार किला का दौरा किया और चुनार किला को विकसित करने की घोषणा की। तत्पश्चात 2017 के शुरू में सांसद ने केंद्रीय मंत्री डॉण्महेश शर्मा को रिमाइंडर लेटर के जरिए चुनार किला में साउंड और लाइट की व्यवस्था के लिए अनुरोध किया। सांसद ने 10 जुलाई 2018 को एक बार फिर तत्कालीन केंद्रीय पर्यटन मंत्री केजे अल्फांस को पत्र लिखकर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मिर्जापुर स्थित चुनार का किला एवं अन्य ऐतिहासिक स्थलों के विकास से संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी देने की अपील की।

सांसद के आग्रह पर 02 जून 2018 को तत्कालीन पर्यटन महानिदेशक ने केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय के संयुक्त सचिव को जनपद स्थित चुनार किला सहित अन्य पर्यटन स्थलों के विकास से संबंधित डीपीआर भेजा। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए सरकार 2 के गठन के बाद अनुप्रिया पटेल ने 29 जून 2019 को वर्तमान केंद्रीय पर्यटन मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल को पत्र लिखकर इंको टूरिस्ट सर्किट परियोजना को अतिशीघ्र मंजूरी दिलाने की अपील की।

## सिंचाई विभाग का एसडीएम ने किया निरीक्षण

**चकिया-चन्दौली ।** उपजिलाधिकारी अजय मिश्रा द्वारा किसानों की समस्या के बाबत सिंचाई कालोनी चकिया का आकस्मिक निरीक्षण किया गया । जिसमें कोई भी सहायक अभियंता अपने मुख्यालय एवं आवास पर उपस्थित नही मिला। सहायक अभियंताओ के लिये आवंटित आवासों में अभियंताओ के सहायक कर्मचारी रहते पाये गये । जिस पर उपजिलाधिकारी अजय मिश्रा द्वारा काफी नाराजगी व्यक्त करते हुए कड़ी फटकार लगाई गयी तथा उक्त स्थिति से जिलाधिकारी चंदौली को अवगत कराने की बात कही गयी।बताते चले कि बरसात के दिनों में सभी अधिकारियों को अपने अपने मुख्यालय पर रहने की ताकीद दी गई है। क्यों कि बांध की स्थिति से हमेशा अपडेट होते रहे और आवश्यक जानकारी प्राप्त करते रहे। उपजिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को मुख्यालय पर हर हाल में उपस्थित होकर किसानों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण व राहत देने के निर्देश दिए ।

## तीन पुलिसकर्मी निलंबित

**जौनपुर।** पुलिस अधीक्षक जौनपुरए श्री अशोक कुमार महोदय द्वारा दिनांक 18ण्08ण्2020 को बकरीद त्यौहार के अवसर पर शांति व्यवस्था के दृष्टिगत थाना लाइन बाजार मोबाइल को कई बार वायरलेस सेट के माध्यम से काल किया गयाए तथा कंट्रोल रूम द्वारा भी कॉल किए जाने पर कोई रिप्लाई नहीं दिया गया। इस प्रकार उक्त मोबाइल पर नियुक्त पुलिसकर्मियों द्वारा अपने पदीय दायित्वों का उचित निर्वाहन ना करके लापरवाही एवं उदासीनता बरती गई।ए जिसे पुलिस अधीक्षक महोदय ने संज्ञान में लेते हुए निम्न कर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया गया।

## दो अभियुक्त गिरफ्तार

**जौनपुर।** थाना गौराबाद शाहपुर पुलिस द्वारा दो शातिर अभियुक्त चोरी की योजना बनाते हुए गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल, तीन मोबाइल व एक किलो सौ ग्राम गांजा बरामद। पुलिस अधीक्षक जौनपुर महोदय द्वारा जनपद में चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध सघन अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक नगर महोदय के नेतृत्व व श्रीमान क्षेत्राधिकारी केराकत महोदय के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष गौराबादशाहपुर रामप्रवेश कुशवाहा मय हमराही फोर्स द्वारा चोरी ध्लूट की योजना बनाते हुए दो अभियुक्तों को यादवेन्द्र नगर बहद ग्राम राजेपुर से गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से चोरी की एक मोटर साइकिल व तीन चोरी की मोबाइल एक किलो सौ ग्राम गांजा गांजा बरामद किया गया। गिरफ्तारी बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकत कर अभियुक्तों को जेल भेजा गया।

## लूट की घटना का खुलासा

**जौनपुर।** थाना बदलापुर अन्तर्गत ग्राहक सेवा केन्द्र संचालक राम किशन बिन्द के साथ हुई लूट की घटना का खुलासा किया गया। इसमें एक अभियुक्त गिरफ्तार, लूट का 41600 रुपया बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा जनपद में अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे सघन अभियान के तहतए अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी बदलापुर के कुशल पर्यवेक्षण में थाना बदलापुर पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई। थाना बदलापुर अन्तर्गत ग्राहक सेवा केन्द्र संचालक राम किशन बिंदु पुत्र श्री राम बिंद निवासी ग्राम लमहन थाना महाराजगंज जौनपुर की मोटरसाइकिल बजाज पल्सर यूपी 62 पी 7221 के डिग्गी से 83000 रुपये नाम पता अज्ञात व्यक्तियों द्वारा जो मोटरसाइकिल हीरो होंडा ;काली रंगद्ध पर सवार थे लूट लिया गया। जसके सम्बन्ध में थाना बदलापुर पर मुअस.132,20 धारा.392 भादवि पंजीकृत किया गया था। विवेचना से प्रकाश में आये अभियुक्त मोनू यादव को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लूट के 41ए600 रूपये व लूट की घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद की गई।

## 60 शीशी अवैध शराब बरामद

**जौनपुर।** थाना सिंगराम पुलिस व आबकरी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा एक शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 60 शीशी अवैध शराब व 10 लीटर अवैध स्पिरिट बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा जनपद में अवैध मादक पदार्थों के निर्माण व बिक्री के रोकथाम, संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाएं जा अभियान के अन्तर्गतए पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जौनपुर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी बदलापुर के कुशल मार्गदर्शन में थाना सिंगरामऊ पुलिस व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा मुखबीर की सूचना पर ग्राम सिंघावल में घेराबन्दी करके अभियुक्त मंजय सिंह उर्फ बृजेश कुमार सिंह पुत्र श्री अरूण कुमार सिंह निवासी सिघावल थाना सिंगरामऊ जनपद जौनपुर को 60 शीशी देशी शराब व 10 ली अवैध स्पिरिटए 2 किग्रा यूरिया के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत किया गया। अभियुक्त उपरोक्त की गिरफ्तारी से इस तरह के अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगेगा।

# चंदौली कस्बा व सीओ कार्यालय किया सेनेटाइज

**संवाददाता।** सकलडीहा-चन्दौली

**सीओ** कार्यालय सहित कस्बा में कोरोना के दस पाजीटिव रिपोर्ट आने पर कस्बा में खलबली मची है। शनिवार को ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विवेक जायसवाल और भाजपा नेता विजय गुप्त कर्मचारियों के साथ पूरे कस्बा में डोर टू डोर सेनेटराइज कार्य प्रारंभ कराया। लेकिन हॉट स्पॉट नही होने पर समस्या हो रही है।

कस्बा में दो सफाई कर्मी पति पत्नीए सैलून संचालक, एक सर्राफा व्यापारी सहित एक युवक की रिपोर्ट पाजीटिव आया था। इसके अलावा सीओ कार्यालय सहित पुलिस जवानों की रिपोर्ट पाजीटिव पायी गयी थी। कस्बा में लगातार संक्रामितों की रिपोर्ट पाजीटिव आने पर खलबली मच गया। शनिवार को ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विवेक जायवाल और भाजपा नेता विजय गुप्ता डोर टू डोर कस्बा में सेनेटराइज कार्य प्रारंभ कर दिया है। ग्राम विकास अधिकारी राम सिंह ने बताया कि पूरे कस्बा को डोर टू डोर सेनेटराइज कराया जायेगा।

### नोनार में एक ही परिवार के तीन लोग कोरोना पॉजिटिव

**सकलडीहा।** नोनार तुलसी आश्रम कस्बा में एक ही परिवार के तीन सदस्य कोरोना पाजीटिव पाये गये है। इसकी जानकारी होते ही कस्बा में खलबली मच गया है। इसके बाद भी परिवार के सदस्य कोतवाली से लेकर सकलडीहा कस्बा में बेखौफघूम रहे है। जिसे लेकर लोगों में आक्रोश है। उधर चौकी पुलिस परिवार के सदस्यों के खिलाफकार्रवाई की चेतावनी दिया है। नोनार गांव का युवक 27 जुलाई को सिकन्दराबाद से घर पहुंचा हुआ था। इसके बाद सकलडीहा सीएचसी पहुंचकर जांच कराया था। जांच रिपोर्ट में एक ही परिवार के 28 वर्षीय युवक और 26 वर्षीय महिला और 5 वर्षीय बच्चा कोरोना पाजीटिव पाये गये है। सूचना मिलते ही कस्बा में खलबली मच गया है। कोरोना पाजीटिव परिवार का बड़ा भाई घूमकर झूठी रिपोर्ट का दावा करते हुए सकलडीहा थाना से लेकर नोनार तुलसी आश्रम कस्बा में बेखौफघूम रहा है। जिसे लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। इस बाबत कोतवाल वंदना सिंह ने बताय कि कोरोना पाजीटिव परिवार के लोग होम क्वारंटीन का पालन नही करेंगे तो उनके खिलाफमहामारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया जायेगा।

### दो दर्जन पुलिसकर्मियों की हुई जांच

सीओ कार्यालय सहित आधा दर्जन पुलिस जवानों की रिपोर्ट पाजीटिव आने पर खलबली मचा है। शनिवार को स्वास्थ्य टीम ने दो दर्जन पुलिस कर्मियों की जांच किया। सीएचसी अधीक्षक डाण् योगेन्द्र दास ने बताया कि सभी पुलिस कर्मियों की एंटीजेन टेस्ट कराया गया। सभी पुलिस कर्मियों की रिपोर्ट निगेटिव है।

## सिकरारा पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**संवाददाता।** सिकरारा, जौनपुर

आगामी त्यौहार में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिये उपनिरीक्षक पारसनाथ यादव के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने फ्लैग मार्च किया। रक्षाबंधन त्यौहार को देखते हुए उपनिरीक्षक पारसनाथ यादव ने पुलिस टीम के साथ गुलजारगंजए सिकराराए लाला बाजार में फ्लैग मार्च करते हुए शासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करने के लिए लोगों को जागरूक किया। इस दौरान ओपी सिंह सहित तमाम पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# रक्षाबंधन आज, मिठाई व राखी की सजी रहीं दुकानें



### कोरोना संक्रमण के बाद भी लोगों में दिखा उत्साह

### सीमित बजट के अनुसार लोगों ने की खरीदारी

**संवाददाता।** मऊ

**भाई**-बहन के पवित्र प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व सोमवार को है। वैसे पर्व को देखते हुए नगर में जगह-जगह राखियों की दुकानें पहले से ही सज गई थी। लेकिन रविवार को लॉक डाउन के बावजूद सरकार द्वारा मिठाई व राखी की दुकानों को खोलने की अनुमति प्रदान करने के बाद जिले में सभी स्थानों पर रविवार को बंदी के बावजूद राखी व मिठाई की दुकानें खुली रहीं। बहनों अपने सीमित बजट के अनुसार राखी व मिठाई की खरीददारी किया।

कोरोना संक्रमण के बावजूद नगर समेत ग्रामीण अंचलों में रक्षा बंधन पर्व को लेकर बहनों व भाईयों में काफी उत्साह देखा गया। साथ ही साथ सरकार द्वारा भी रविवार को लॉक डाउन के बावजूद राखी व मिठाई की दुकानें खोलने की अनुमति प्रदान किए जाने के बाद बाजार में काफी हलचल दिखाई दिया। सरकार द्वारा अनुमति प्रदान करने के बाद लाक डाउन में रविवार को नगर में राखियों व मिठाईयों की दुकानें खुली रही। बाजारो में जगह-जगह आकर्षक ढंग से राखियों की दुकाने सजी देखी गई। राखियों की दुकानों पर खरीददारी के लिए महिलाओं व युवतियां सुबह से ही पहुंची रहीं। नगर क्षेत्र में चार दशक से राखी की बिक्री करने वाले वरिष्ठ व्यापारी हबीबुल्लाह टांडवी ने बताया कि वे चार दशक से स्वदेशी राखी की बिक्री कर रहे हैं। इस बार पूरी तरह बाजार में स्वदेशी राखियों की ही पूछ रही है। राखियों की दुकानों पर फैंसी व आकर्षक रंग एवं डिजाइनों में उपलब्ध राखियां खरीददारों की पहली पसंद बनी हुई थी। हालांकि कोरोना के कारण लोग सिर्फ आवश्यकता के अनुसार ही अपने घरों से बाहर निकले दिखाई दिए। बावजूद इसके मिठाई व राखी की दुकानों पर लोगों की काफी भीड़ दिखाई दिया।

## देवरिया में राखियां खरीदी गईं, मिठाई से किया परहेज

**देवरिया ।** रक्षाबंधन को लेकर लोगों ने खास तैयारी की जहां लोग घरों पर बनी मिठाई को ज्यादा दरही जी वही लोग डाउन के दूसरे दिन रविवार को राखी और मिष्ठान की दुकानें खुली थी जिसको लेकर लोगों ने थोड़ी बहुत उमंग दिखाया । रक्षाबंधन पर्व पर इस बार ग्रह गोचर एवं ब्रह्मांड में राहु और शुक्र के संयोग के कारण धनपति योग बन रहा है। मेरठ में ज्योतिषो ने बताया कि यह योग 324 वर्ष बाद बन रहा है। जब शुक्र अपनी मूल राशि वृष से दूसरे स्थान अर्थात मिथुन राशि पर बाल्य अवस्था में होता है एवं शुक्र के साथ राहु भी अपनी बाल्यावस्था में चल रहा होता है। लेकिन पहले ही लोगों ने राखी खरीद के रखी थी इसलिए विवाह ज्यादा इतने ही हुआ वही करो ना काल में या पहले की राखी है जिसको लेकर लोग सोशल डिस्टेंसिंग को प्राथमिकता दे रहे हैं।ऐसी स्थिति यदि पूर्णमासी एवं सावन में बन जाए तो यह धनपति.योग बना देती हैए क्योंकि काल पुरुष की दूसरी राशि वृष होती है जो संग्रहए संचय एवं हर प्रकार के धन को बढ़ाने वाली होती है। सावन में भगवान शिव के आशीर्वाद से जहां एक और राहु अचानक धन योग का कारक हो जाता हैए वहीं ऐसी स्थिति में उसे मां भगवती की कृपा भी प्राप्त होने लगती है। यह बड़ा ही दुर्लभ संयोग होता है।


### यह समय रहेगा शुभ

तीन अगस्त को पूर्णमासी तिथि रात 9रू27 बजे तक रहेगी अतरू सूर्य उदय से लेकर रात 9रू27 तक राखी बांधने एवं बंधवाने का समय शुभ रहेगा। वहीं रविवार के दिन लॉकडाउन के दूसरे दिन लोगों ने बाजारों में जमकर खरीदारी की जहां लोगों ने अपनी बहनों के लिए राखी ली वह मिठाई की दुकान पर भी हल्का.फुल्का भेज रहा करुणा के देखते हुए असर को लोग दूरी बनाते रहें फिजिकल में डिस्टेंसिंग मेंटेन करते रहें जहां हम आपको बता दें ज्यादातर लोग मिठाई लेने से बचते रहें जहां बहुत से लोग अपने घरों पर मिठाई बनाने की तैयारी कर रहे हैं वही रक्षाबंधन को लेकर हर्ष उल्लास का वातावरण है ।



# अकीदत के साथ मना ईद-उल-अजहा


शफीक


जमाल


तैयब

### घरों में ही मनाया गया त्यौहार

**संवाददाता।** मऊ

**कुर्बानी** का प्रतीक पर्व ईद-उल-अजहा (बकरीद) जिले भर में अकीदत के साथ मुस्लिम भाईयों ने मनाया। इस दौरान कोरोना वायरस के कारण अधिकतर मुस्लिम भाईयों ने अपने-अपने घरों में ही नमाज अदा किया। वहीं मस्जिदों में सोशल डिस्टेसिंग के साथ पांच-पांच लोगों को नमाज अदा करने की अनुमति प्रदान किया गया था। जबकि प्रशासनिक अधिकारी ईद-उल-अजहा पर्व के दौरान सोशल डिस्टेसिंग को लेकर काफी सर्तक व चौकस नजर आए। नमाज अदा करने के बाद लोगों ने बकरों व भैंसों की कुर्बानी दिया। नगर पालिका अध्यक्ष मुहम्मद तैयब पालकी, जिले के वरिष्ठ समाजसेवी व कारोबारी शफीक डायमंड, वरिष्ठ समाजसेवी व साड़ी कारोबारी जमाल अख्तर अर्पण ने कहा कि इस बार पर्व ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर कोरोना वायरस के संक्रमण को देखते हुए नियमों का पालन करते हुए घरों में ही परिजनों के साथ बकरीद का पर्व मनाया गया। ताने-बाने के मऊ नगर समेत ग्रामीण अंचलों में शनिवार को ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर्व शांति व अकीदत के साथ मनाया गया। इस बार कोरोना संक्रमण के कारण सरकार द्वारा जारी निर्देशों का काफी सख्ती के साथ पालन कराया गया। ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर्व पर अधिकतर लोगों ने सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन करते हुए अपने-अपने घरों में ही सोशल डिस्टेसिंग के साथ नमाज अदा किया। वहीं मस्जिदों में सोशल डिस्टेसिंग के साथ पांच-पांच लोगों को नमाज अदा करने की अनुमति प्रदान किया गया था। शहर क्षेत्र के शाही कटरा, पहाड़पुरा, ईदगाह, मिर्जाहादीपुरा, भटकुंआ पट्टी, औरंगाबाद, काजी टोला, रौजा बाजार, शाही कटरा आदि स्थानों स्थित मस्जिदों पर सुरक्षा को लेकर काफी चौकस इंतजाम किया गया था। शहर के चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा बलों की तैनाती की गई थी। इसके अलावा ईद-उल-अजहा का त्योहार मुस्लिम वर्ग के दोनों वर्गों शिया-सुन्नी द्वारा अकीदत व शांति पूर्वक मनाया गया। जबकि कोरोना वायरस के संक्रमण के दौरान ईदगाहों तथा मस्जिदों में कोरोना वायरस के संक्रमण के कारण सिर्फ पांच-पांच लोगों को ही नमाज अदा करने की अनुमति प्रदान किया गया था। नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक-दूसरे को ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर्व की बधाई दिया। इसी के साथ कई दिनों तक चलने वाले सेवइयों की दावतों का दौर शुरू होकर देर रात तक जारी रहा। शनिवार सुबह से ही मोबाइल नेटवर्क व्यस्त रहा। अपनों को बधाई देने के लिए फोन, मोबाइल ही सबसे बेहतर साधन रहा। उधर परदहां ब्लाक के कहिनौर, रैकवारडीह, पिपरीडीह सहित विभिन्न इलाकों में भी ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर्व परंपरागत ढंग से मनाया गया। उधर दोहरीघाट में कस्बा सहित क्षेत्र के गोंठा, नई बाजार, अतरसांवा, सियरही, बर्जला, बीवीपुर, रसूलपुर, सूरजपुर, बेला कसैला सहित विभिन्न इलाकों में भी ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर्व अकीदत के साथ मनाया गया।



### देवरिया में भी मनी बकरीद

**देवारिया।** देवरिया। जनपद में शनिवार को बकरीद का त्योहार अकीदत व सादगी के साथ मनाया गया। अकीदतमंदों ने सुबह घर में ही नमाज अदा की। शहर के ईदगाहों व मस्जिदों में सोशल डिस्टेंसिंग का ख्याल रखते हुए पेश इमाम सहित चुनिंदा लोगों की मौजूदगी में नमाज अदा की गई। इस दौरान खुतबा पढ़कर अकीदतमंदों ने मुल्क की खुशहाली व कोरोना महामारी से मुक्ति की दुआ मांगी। कोरोना संक्रमण के कारण कहीं भी आने.जाने में लोगों ने कम ही रुचि दिखाई। रेलवे स्टेशन रोड स्थित जामा मस्जिद में पेश इमाम मुफ्ती अशफाक अहमद काशमी ने नमाज अदा की और कुर्बानी का फजायल बयां किया। जिला प्रशासन के निर्देश के बाद लोगों ने घरों में नमाज अदा की। नमाज के बाद एक दूसरे को मुबारकबाद पेश की। सोशल मीडिया पर भी बधाई देने का दौर चला। प्रमुख मस्जिदों व ईदगाहों पर नमाज के लिए ज्यादा लोग न इकट्ठा होए इसके लिए प्रमुख जगहों पर पुलिस की तैनाती रही। नमाज के बाद हजरत इब्राहिम व हजरत इस्माइल की अजीम कुर्बानी को याद करते हुए मुस्लिम घरों में बकरा सहित अन्य जानवरों की कुर्बानी दी गई। शहर से लेकर देहात क्षेत्र के मुस्लिम बहुल मोहल्लों में पर्व के चलते चहल.पहल रही। घरों में औरतों ने लजीज व्यंजन बनाए। हालांकि अनलॉक से इस बार मेहमाननवाजी का दौर नहीं चला। कुर्बानी का सिलसिला रविवार और सोमवार को भी जारी रहेगा।

### घर में पढ़ी गई नमाज

**धानापुर-चन्दौली।** शनिवार को बहुत ही अकीदत के साथ ईद उल अजहा का त्यौहार मनाया गया। लोगों ने घरों में ही नमाज अदा किया। मस्जिदों में सोशल डिस्टेंसों के साथ मात्र पांच लोगों ने नमाज अदा हुई। नमाज के बाद लोगो ने जानवरों की कुर्बानी दी। अकीदतमंदों ने एक दूसरों को मुबारकबाद दी सेवईं भी खाई। मुबारकबाद देने वालों में मुख्य रूप से पूर्व जिला पंचायत सदस्य महंगू रामए समाजसेवी अंजनी सिंहए राजेश यादवए सपा नेता नियामुल खानए रोशन सिंहए विधायक प्रतिनिधि अन्नू सिंह सहित अन्य लोग रहे।

## कलिंजरा के ग्रामीणों ने चलाया सफाई अभियान



**जौनपुर।** बक्शा विकास खण्ड अंतर्गत महराजगंज क्षेत्र के ग्रामसभा कलिंजरा में स्थानीय लोगों ने सफाई अभियान चलाया। स्थानीय नागरिकों ने चौरा माता के स्थान पर जाने वाले चकरोड की साफ सफाई की। साथ ही अन्य लोगों को जागरूक भी किया। इस दौरान लोगों ने कहा कि हमारे ग्रामसभा में मनरेगा के लगभग ढाई सौ व्यक्ति हैंए फिर भी हमारे ग्रामसभा की सारी चकरोड अस्त.व्यस्त है। सभी पर घास व झाड़ उगे हुए हैं।

## कार पलटी, भैंसें घायल

**शाहगंज, जौनपुर।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के सबरहद गांव स्थित मुर्गी फार्म के पास तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे एक घर की दीवाल को तोड़ते हुये पलट गई जिससे घर में बंधी तीन भैंस भी घायल हो गई। जानकारी के अनुसार रविवार की दोपहर शाहगंज से जौनपुर की तरफ जा रही तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे मकान की दीवाल तोड़ते हुए पलट गई। कार में सवार महिला समेत दो बच्चे बाल.बाल बच गये लेकिन कलीचाबाद निवासी ड्राइवर बृजेश यादव पुत्र राजबली यादव घायल हो गया।

## रक्षाबंधन को लेकर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**शाहगंज, जौनपुर।** रक्षाबंधन पर्व के मद्देनजर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिये रविवार को पुलिस ने नगर में फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च कोतवाली से निकलकर पुराना चौक भादी होते हुए भादी चुंगी तिराहा, जेसीज चौक, मेनरोड, जौनपुर रोड,रामलीला भवन चौराहा, चूड़ी मोहल्ला, पुरानी बाजार, आजमगढ़ रोड,फैजाबाद रोड, जेसीज चौक, नई आबादी, रोडवेज होते हुए कोतवाली पहुंचकर समाप्त हुई। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश्वर मिश्र, वरिष्ठ उपनिरीक्षक अनिल कुमार मिश्रा, उपनिरीक्षक महेश सिंह, जितेन्द्र बहादुर सिंह मौजूद रहे। मंशाराम गौड़ आदि मौजूद रहे।

## प्रकाश चंद्र शुक्ल प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत

**जौनपुर।** सर्व ब्राम्हण महासभा ;परशुराम सेनाद्ध के राष्ट्रीय अध्यक्ष डाण् सुनील शांडिल्य ने जिले के प्रकाश चंद्र शुक्ल को प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। इनकी कार्यकुशलता और क्षेत्र में पहुंच के नाते उन्हें यह पद सौंपा गया। उन्होंने संगठन की मजबूती और उसको आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। श्री शुक्ल ने कहा कि वह शत.प्रतिशत इस पर खरा उतरेंगे। बधाई देने वालों में शैलेश मिश्राए रितिक पांडेयए संतोष पांडेयए चंदन पांडेयए अकेला गौरव उपाध्यायए मोहित मिश्रए शिवम मिश्रए शुभम मिश्र आदि शामिल रहे।

## दिलीप तिवारी ने किया गरीब परिवारों की आर्थिक मदद



***जौनपुर।*** समाजसेवी दिलीप तिवारी ने कोरोना महामारी के मद्देनजर फरवरी माह से निरंतर लोगों की निस्वार्थ सेवा करते आ रहे हैं। नगर के रासमण्डल में समाजसेवी दिलीप तिवारी ने आगामी त्यौहार को देखते हुए छः गरीब परिवारों को 11.11 हजार रूपये देकर आर्थिक मदद किया। इसी क्रम में भोजन बनाने के लिए रेलवे किनारे पटरी से लकड़ी तोड़कर लाने वाली एक गरीब महिला को समाजसेवी दिलीप तिवारी ने गैस कनेक्शन के लिये आर्थिक मदद किया।

## क्विक न्यूज

## ट्रक लूट की घटना में धरा गया

**जौनपुर।** थाना लाइन बाजार अन्तर्गत सीहीपुर रेलवे क्रासिंग के पास हुई ट्रक लूट की घटना से सम्बन्धित वांछित इनामिया अपराधी गिरफ्तार किया गया। घटना में प्रयुक्त स्वीफ्ट डिजायर कार भी बरामद हुई। पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी नियंत्रण एवं कार्यवाही हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गतए अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश सिंह,मय हमराह के साथ मुअस. 180,2020 धारा-392,411,120बी भादवि से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त.अमित कुमार पासवान उर्फ छोटू उर्फ विकास पुत्र नन्हकू नि पोंगहटपुल थाना. धुमनगंजए प्रयागराज को आज गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार शुदा अभियुक्त के पास से सीहीपुर ट्रक लूट की घटना में प्रयुक्त हुई स्वीफ्ट डिजायर यूपी 70 ईसी 5163 के बरामद किया गया है। यह गैंग फतेहपुरए कौशाम्बीए प्रयागराजए प्रतापगढ़ए जौनपुर इत्यादि जनपदों में ट्रक लूट की घटना को अंजाम देते है । अभियुक्त के विरूद्ध श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जौनपुर द्वारा 5ए000 रूपये का गिरफ्तारी हेतु पुरस्कार घोषित किया गया है । अभियुक्त उपरोक्त की गिरफ्तारी से ऐसे अपराधों पर अंकुश लगेगा।

## अपहरण की सूचना निकली झूठी

**जौनपुर।** गौरीशंकर यादव पुत्र स्व जनकप्रसाद निवासी शेखपुर थाना. लाइन बाजार जौनपुर द्वारा थाना स्थानीय पर मुअसं. 228,20 धारा 364 भादवि बनाम राजीव रतन आदि 4 नफर के विरूद्ध पंजीकृत कराया गया। मेरे लड़के आशुतोष उम्र लगभग 22 वर्ष को 29 को रात्रि अपहरणकर्ताओं द्वारा अपहरण कर लिया गया। जिसकी विवेचना उनि इसरार अहमद द्वारा सम्पादित करते तमामी विवेचना से यह तथ्य प्रकाश में आये कि वादी द्वारा अभियुक्तगणो के विरूद्ध पुरानी जमीनी रंजिशको लेकर कई मुकदमे पूर्व मे भी पंजीकृत कराया है ।तथा दोनो पक्षो के बीच जमीनी विवाद काफी दिनों से चला आ रहा है इसी तथ्य को प्रकाश में रखते हुए विवेचना की गयी तो तथाकथित अपहृत आशुतोष यादव पुत्र गौरीशंकर यादव नि0 शेखपुर थाना लाइन बाजार जौनपुर अपने घर पर ही 1 अगस्त को मौजूद मिला । जिसके क्रम में मुकदमा उपरोक्त में धारा 364 भादवि के अपराध का होना नही पाया गया।

## कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नियाज का निधन

**देवरिया** लोकसभा क्षेत्र से दो बार सांसद का चुनाव लड़ चुके कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नियाज अहमद का शनिवार को लखनऊ में निधन हो गया। 58 वर्षीय नियाज किडनी की बीमारी से पीड़ित थे। वह बसपा व कांग्रेस से दो बार सांसदए एक बार निर्दल प्रत्याशी के रूप में विधायक व एक बार देवरिया. कुशीनगर स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन क्षेत्र से एमएलसी का चुनाव लड़ चुके थे। मूल रूप से जिले के देसही के रहने वाले नियाज अहमद ने गांव से लेकर जिला मुख्यालय तक शिक्षा ग्रहण की। बाद में वह व्यवसाय के सिलसिले में बाहर चले गए। व्यवसाय में सफलता प्राप्त करने के बाद वह परिवार सहित लखनऊ रहने लगे और सामाजिक व राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय हो गए। जिले की राजनीति में वह 2009 में सक्रिय हुए तथा पहली बार देवरिया. कुशीनगर स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन क्षेत्र से विधान परिषद का चुनाव लड़े। 2012 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने उन्हें पथरदेवा विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनायाए लेकिन अंतिम समय में टिकट काट दिया। इसके बाद वह निर्दल चुनाव लड़े। 2014 के लोकसभा चुनाव के पहले वह बसपा में शामिल हो गए। बसपा से देवरिया संसदीय क्षेत्र से भाजपा के कद्दावर नेता कलराज मिश्र के खिलाफचुनाव लड़े। उस चुनाव में उन्हें 2 लाख 31 हजार मत मिले।

## भाजपा पदाधिकारियों ने रुद्रपुर क्षेत्र के बूथों का किया सत्यापन




**देवरिया ।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित बूथ सत्यापन के अंतर्गत भाजपा देवरिया के जिला कार्यसमिति के पवन मिश्र ने रुद्रपुर विधानसभा के अपने प्रभार सेक्टर बर्दगोनिया में मण्डल अध्यक्ष सुनील निषाद और सेक्टर प्रमुख रामायण निषाद के साथ पहुचकर बूथ संख्या 141, 142, 143, 144, 145 और 146 के बूथ समितियों के सत्यापन का कार्य सम्पादित कराया। पवन कुमार मिश्र ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाये जा रहे बूथ सत्यापन का कार्य पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियो द्वारा प्रत्येक बूथ पर किया जा रहा है उसी क्रम में बर्दगोनिया सेक्टर के सभी 6 बूथों पर सत्यापन का कार्य किया गया हैए उन्होंने कहा कि चुनावो में बूथ समितियां महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैए बूथ समितियां संगठन में अहम भूमिका निभाती है एबूथ समितियों के बल पर ही भारतीय जनता पार्टी आगामी चुनावो में बड़ी जीत हासिल करेगी। मण्डल अध्यक्ष सुनील निषाद ने कहा कि पार्टी द्वारा सत्यापन का कार्य करके बूथ समितियों को मजबूत करने का कार्य किया जा रहा है। मण्डल मंत्री जे पी प्रजापति ने बूथ सत्यापन में सहयोग करने वाले सभी बूथ के कार्यकर्ताओं के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर सेक्टर प्रमुख रामायन निषाद, बूथ अध्यक्ष मनमोहन सिंह अप्पू ,गोविंद निषाद, इंद्रभूषण निषाद, भुनेश्वर निषाद, विनोद प्रजापति, कार्तिक राजभर के साथ प्रिन्स मिश्र, संतोष कुमार उपस्थित रहे।

## ग्राहक सेवा केन्द्र संचालक से लूट का आरोपी गिरफ्तार



**महराजगंज,जौनपुर।** बदलापुर पुलिस ने कड़ेरेपुर डड़वा के पास से बैंक फ्रेंचाइजी संचालक से तमंचे के बल पर 83 हजार रुपये लूटने के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने लूट की रकम में से 41 हजार 600 रुपये व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद कर लिय। वहीं दूसरे आरोपित की तलाश में पुलिस संभावित स्थानों पर दबिश दे रही है। पुलिस के अनुसारए रविवार की सुबह मुखबिर ने सूचना दी कि फ्रेंचाइजी संचालक से हुई लूट का एक आरोपित कड़ेरेपुर मोड़ के पास खड़ा है। जिस पर एसआई मनोज राय अन्य पुलिसकर्मियों के साथ घेराबंदी कर आरोपित मोनू यादव उर्फ प्रशांत निवासी कुटिया पूराधनी थाना आसपुर देवसराए जिला प्रतापगढ़ को बाइक समेत गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकारा कि इसी बाइक से लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। मालूम हो कि महराजगंज बाजार में बैंक ऑफ बड़ौदा फ्रेंचाइजी के संचालक महराजगंज थाना क्षेत्र के लमहन गांव निवासी जय किशन बिंद गत बुधवार को बैंक की बदलापुर की शाखा से एक लाख 83 हजार रुपये निकालकर घर जा रहे थे। डड़वा गांव स्थित कृष्णा डेयरी के पास घात लगाकर पीछा कर रहे बाइक सवार दो बदमाशों ने तमंचे के बल पर आतंकित कर बाइक की डिक्की में रखा 83 हजार रुपये लूटकर महराजगंज की तरफ फरार हो गये थे। प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार चौरसिया ने बताया कि दूसरे बदमाश की तलाश की जा रही है।

# मंत्री के निधन से टला सीएम का दौरा

## ● विधायक ने बांटी बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री, आयोजित हुई शोक सभा

संवाददाता। बाराबंकी



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ का रविवार को बाराबंकी दौरा स्थगित हो गया। दरअसल यूपी सरकार में कैबिनेट मंत्री कमला रानी का कोरोनावायरस से लखनऊ के पीजीआई में निधन हो गया। इसके बाद से मुख्यमंत्री का दौरा स्थगित हो गया। मुख्यमंत्री रविवार को जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को जेबीएस महाविद्यालय दुल्हादेपुर में तराई क्षेत्र के बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री बांटने आने वाले थे। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम निरस्त होने के बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली। यहां पर मुख्यमंत्री का कार्यक्रम रद्द होने के बाद दरियाबाद विधायक सतीश शर्मा व एसडीएम प्रतिपाल सिंह चौहान ने 2 मिनट का मौन धारण करके कैबिनेट मंत्री की आत्मा की शांति के लिए शोक सभा आयोजित की। इसके बाद विधायक ने बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री वितरित किया। विधायक ने कहा कि इस दैवी आपदा की घड़ी में सरकार आपके साथ खड़ी है। आपको किसी भी तरह की असुविधा नहीं होने दी जाएगी। तहसील प्रशासन को निर्देशित किया कि पशुओं के लिए चारा व बाढ़ व कटान पीड़ितों के लिए भोजनए दवाइयां व अन्य जरूरी सुविधा हर हाल में मुहैया कराया जाए। इसमें कहीं से कोई अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए। स्वास्थ्य सेवाओं के लिए चौबीस घंटे डाक्टरों की तैनाती सुनिश्चित की जाय जिसमें पशु चिकित्सक भी राहत चौकियों पर सभी आवश्यक दवाओं जैसे सर्पदंशए एन्टी रैबीज इन्जेक्शन तथा संक्रामक रोगों से बचाने वाली सभी दवाइयों की उपलब्धता हर हाल में सुनिश्चित कराई जाय।चेयरमैन जगदीश प्रसाद गुप्ताए दिलीप मिश्राए लालबाबू पांडेय रमाशंकर लोधीए पुरुषोत्तम तिवारी पंकज मिश्राए प्रदीप द्विवेदीए वीरेंद्र आकाश गुप्ता रामअक्षयबरए लोधी अशोक सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### कार्यक्रम निरस्त होने पर अधिकारियों ने ली राहत की सांस

**मुख्यमंत्री** के संभावित कार्यक्रम को देखते हुए जिला प्रशासन ने शनिवार की रात से ही तैयारियां शुरू कर दी थी। शनिवार की रात क्षेत्रीय विधायक सतीश चंद शर्मा ने डीएम डॉक्टर आदर्श सिंह व एसपी डॉक्टर अरविंद चतुर्वेदी के साथ जेबीएस संस्थान दुल्हादेपुर का निरीक्षण किया था। और हेलीपैड बनाने के लिए सुरक्षित स्थान देखा था। इसके बाद तमाम विभागों के अधिकारियों के साथ डीएम ने बैठक कर उनकी जिम्मेदारी निर्धारित की थी। लेकिन कार्यक्रम निरस्त होने के बाद सभी अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

# सरयू का कहर जारी, दो दर्जन से अधिक गांव हुए प्रभावित



संवाददाता। रामनगर बाराबंकी

**सरयू** नदी की बाढ़ के पानी की विनाश लीला जारी है। नदी की तलहटी मे बसे दो दर्जन से अधिक राजस्व गाव प्रभावित है। पानी के कहर से जनजीवन अस्त व्यस्त है। रविवार को सरयू नदी का लगातार बढ़ रहा जलस्तर 107ण156 पर स्थिर हो गया। जो खतरे के निशान से 1 मीटर 8 सेमीटर ऊपर है। जिसके कारण तराई क्षेत्र के अलावा लोधेश्वर महादेवा गर्री टिहुरकी रजनापुर लम्बापुर मझौनी विन्दौरा परसपुर गोबरहा मीतपुर जुरौन्डा जैसे तमाम गांव धीरे धीरे पानी से घिर रहे है। वही दुर्गापुर लहडरा तपेसिपाह हरिनरायन पुर सिसौन्डा सहित करीब दो दर्जन से अधिक गांवो मे पानी भर चुका है। जिन गावो मे पानी भर चुका है वहाँ के लोग तटबंधो और समीप के ऊचे स्थानो पर रह रहे है। जानवरो के चारे की भी एक बडी समस्या है। पशुओं के चके को लेकर तहसीलदर रामदेव निषाद ने बताया कि अतिशीघ्र व्यवस्था कराई जाएगी।

# पुलिस ने पकड़े तीन वाहन चोर सात बाइक बरामद

संवाददाता। जगदीशपुर अमेठी

**कमरौली** थाना क्षेत्र के अंतर्गत अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत संदीप कुमार राय थानाध्यक्ष कमरौली व उपनिरीक्षक अखिलेश प्रजापति उपनिरीक्षक सरफराज अहमद कोतवाली जगदीशपुर हमराही नीलेश कुमार सिंह के साथ चेकिंग के दौरान जाफरगंज सब्जी मण्डी के पास दो मोटरसाइकिल पर सवार चार व्यक्तियों को रुकने का इशारा किया गया तो दोनों मोटरसाइकिल सवार भागने का प्रयास किया जहां उन्हें घेर कर आवश्यक बल प्रयोग करते हुये एक मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति तथा दूसरी मोटरसाइकिल पर पीछे बैठे व्यक्ति को संमय 10रू45 बजे दिन में पकड़ लिया गया तथा दूसरी मोटरसाइकिल का चालक भागने में सफल रहा। पूछने पर एक ने अपना नाम अनिल सिंह निवासी पूरे राम सिंह मजरे मिर्जागढ़ कोतवाली मोहनगंज दूसरे ने जय गोपाल निवासी बरसंडा थाना कमरौली तथा तीसरे ने सूर्य प्रकाश तिवारी उर्फ लालबाबू निवासी जुगराजपुर थाना शिवरतनगंज बताया। तीनों व्यक्तियों से मोटरसाइकिल के बारे में पूछने पर तीनों ने एक साथ बताया कि हम तीनों लोग अपने एक अन्य साथी सुनील कुमार उर्फ घुघुरु जो सफेद अपाचे से भाग गया उसके साथ मिलकर क्षेत्र में घूमकर मोटरसाइकिलों की चोरी करके एक जगह इकट्ठा करते हैं जब कई गाडियां इकट्ठा हो जाती हैं तो उसकी नं0 प्लेट बदलकर दूसरे व्यक्तियों को बेच देते हैं। मौके से बरामद मोटरसाइकिल हीरो हाण्डा स्प्लेण्डर प्लस संख्या यूपी 32बीएल 8455 को विगत 29 जुलाई को ग्राम मोहम्मदपुर सिरियारी से तथा सफेद अपाचे जो सुनील कुमार उर्फ घुघुरू लेकर भाग गया को दिनांक 24ण07ण2020 को रोड नं0 04 उतेलवा से चोरी करना बताया।

# सोशल डिस्टेंसिंग के साथ हुई नमाज

**जगदीशपुर अमेठी।** लॉक डाउन के बीच शासन के आदेशों का पालन करते हुए नमाजियों ने पढ़ी ईद उल अजहा;बकरीदद्ध की नमाज दुआओं में मांगी मुल्क में अमन चैन व महामारी के खात्मे की दुआ। जगदीशपुर विकास खंड के अंतर्गत रानीगंज वारिसगंज पूरे गौहर खैरातपुर माहेमऊ सरेसर कमरौली बनभरिया सहित विभिन्न गांवों में बकरीद ;ईद उल अजहा द्ध का त्यौहार लाकडाउन के दौरान शांति व सद्भाव के बीच लोगों ने सादगीपूर्ण माहौल में मनाई इस बीच लोगों ने लाकडाउन का पालन करते हुए अपने अपने घरों में ही नमाज अदा की और कोरोना वायरस के खातमे व प्यारे मुल्क के लिए दुआएं भी की इस बार कोरोना वायरस के संक्रमण से बचने के लिए लाकडाउन के चलते धर्म गुरुओं ने ईद उल अजहा ;बकरीदद्धकी नमाज़ ईदगाह व मस्जिदों में अदा करने की इजाजत नहीं दी वहीं लोगों से अपने घरों में ही अदा करने की अपील की गयी थी।

# हत्या व दुष्कर्म के अभियुक्तों को दबोचा

संवाददाता। अमेठी



**थाना** क्षेत्र जामों में हुई अधेड़ की हत्या के संबंध में शुक्रवार को रामउदित पुत्र राजाराम ग्राम पूरे आधार थाना जगदीशपुर ने थाना जामो में तहरीर दिया कि मेरा छोटा भाई श्रीनाथ पुत्र राजाराम अपने ससुराल ग्राम बसन्तपुर थाना जामो में 12 वर्ष से अपनी पत्नी संजू व दो पुत्रियों के साथ रहता था। मेरे भाई श्रीनाथ व उसकी पत्नी संजू से करीब 02 वर्ष से अनबन हो गयी थी तथा भाई की पत्नी संजू से मुन्ना पुत्र सत्यनाराण ग्राम लंगोटीपुर थाना शिवरतनगंज का अवैध सम्बन्ध था। बृहस्पतिवार को शाम मेरा भाई अपने घर से काम से निकला था रात में मेरे भाई का शव प्राइमरी स्कूल के बगल बगिया में पड़ा मिला। भाई की पत्नी संजू व मुन्ना ने चाकू से गोदकर हत्या कर दी। इस सूचना पर थाना जामो पर पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही थी। रविवार को प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह थाना जामो मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 301ध्20 धारा 302ए34 भादवि में वांछित मुन्ना यादव उर्फ घनश्याम यादवए संजू यादव पत्नी स्व0 श्रीनाथ व प्रकाश में आयेए अभियुक्त रंजय यादव व संदीप रावत को कृष्णानगर चौराहा से सुबह गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से 4 मोबाइल व एक मोटरसाइकिल बरामद किया गया। पूछताछ से अभियुक्ता संजू यादव पत्नी मृतक श्रीनाथ ने बताया कि मेरा व मुन्ना से करीब 02 वर्ष से प्रेम प्रसंग चल रहा था। मुझेए मेरे प्रेमी मुन्ना से मिलने के लिये मेरा मृतक पति श्रीनाथ रोकता व मारता पीटता था इसलिये मैं व मुन्नाए रंजन यादवए संदीप पासी ने मिलकर अपने पति श्रीनाथ को जूनियर हाई स्कूल बसन्तपुर के पास बाग में ले जाकर कत्ल कर दिया गया। एक अन्य मामले में थाना क्षेत्र शिवरतनगंज में हुई बलात्कार की एक घटना के संबंध में गुरुशरण पासी पुत्र बद्रीप्रसाद पासी नि0 अंगुरी थाना शिवरतनगंज द्वारा लिखित सूचना दी गयी कि मेरी पुत्री अकेली थी कि संतोष कुमार ने घर में घुसकर मेरी पुत्री के साथ दुष्कर्म किया। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

# डीएम-एसपी ने किया तहसील कैसरगंज व महसी के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण

संवाददाता। बहराइच

**जिलाधिकारी** शम्भु कुमार व पुलिस अधीक्षक डाण् विपिन कुमार मिश्रा ने शुक्रवार को देर शाम कैसरगंज तहसील के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर तहसील प्रशासन के अधिकारियों व अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों से तहसील में बाढ़ की स्थिति की जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा.निर्देश दिया। इसके अलावा शनिवार की देर रात जिलाधिकारी ने तहसील महसी के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का भी निरीक्षण कर सम्बन्धित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा.निर्देश दिये। कैसरगंज तहसील के बाढ़ राहत केन्द्र मतरेपुर के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने तहसील प्रशासन व अन्य सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को हिदायत दी कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का नियमित भ्रमण कर बाढ़ की स्थिति का जायजा लेते रहें। प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता मुहैया करायी जाये। तहसील के सभी बाढ़ राहत केन्द्रों पर तैनात कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करायें और अनुपस्थित रहने वाले कर्मियों के खिलाफ नियमानुसार प्रभावी कार्यवाही भी करें। जिलाधिकारी श्री कुमार ने प्रभारी चिकित्साधिकारी कैसरगंज डाण् एनण्केण् सिंह को भी निर्देश दिया कि बाढ़ प्र्रभावित क्षेत्रों मे तैनात डाक्टरो व मेडिकल स्टाफ की उपस्थिति सुनिश्चित कराते हुए प्रभावित लोगों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराया जाए। इसी प्रकार अन्य सम्बंधित विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी निर्देश दिए गये कि बाढ़ क्षेत्र में विभागीय कार्यों के प्रति मुस्तैद रहें इसमें किसी प्रकार की लापरवाही व उदासीनता न बरती जाए।

# गरीबों के लिए समर्पित था कमलारानी का जीवनः प्रमोद

संवाददाता। लालगंज प्रतापगढ़

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी एवं पार्टी विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने प्रदेश की प्राविधिक शिक्षामंत्री कमलारानी वरूण के आकस्मिक निधन पर गहरे दुख एवं पीड़ा का इजहार किया है। रविवार को वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी एवं सीएलपी नेता आराधना मिश्रा मोना ने यहां जारी संवेदना संदेश में कहा है कि कमलारानी एक मृदुभाषी सरल एवं सौम्य स्वभाव की सहृदय महिला थी। कांग्रेस नेता द्वय ने कमलारानी के व्यक्तित्व को याद करते हुए कहा कि उनका सम्पूर्ण जीवन गरीबों व असहाय लोगों के लिए समर्पित रहा। प्रमोद तिवारी एवं विधायक मोना ने कहा कि कमलारानी ने विधायक तथा मंत्री के रूप में पूरे प्राणप्रण से प्रदेश की जानता की सेवा की। कांग्रेस नेता द्वय प्रमोद व मोना ने कहा है कि कमलारानी के आकस्मिक निधन से प्रदेश को विकास तथा जनसेवा के क्षेत्र में अपूर्णनीय क्षति हुई है। वहीं कमलारानी के निधन पर दुखी आराधना मिश्रा मोना व प्रमोद तिवारी ने कहा कि गरीबों व मजलूमों की सेवा में समर्पित एक मसीहा भी सदा सर्वदा के लिए जरूरतमंदों से दूर हो गई। विधायक आराधना मिश्रा मोना तथा कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने स्वगीर्या कमलारानी के निधन पर शोकाकुल परिवार को इस दारूणदुख को सहन किए जाने की ईश्वर से शक्ति प्रदान किए जाने की भी प्रार्थना की है। कांग्रेस नेता द्वय का यह बयान रविवार को मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने जारी किया।

# तीनों शवों का आधी को ही हुआ अंतिम संस्कार

संवाददाता। प्रतापगढ़

**सड़क** हादसे में मारे गए तीन लोगों के अंतिम संस्कार के लिए परिजन दिल्ली से आ रहे दो भाइयों का इंतजार करना चाहते थे। लेकिन शव की क्षत-विक्षत दशा देख आधी रात को ही अंतिम संस्कार करना पड़ा। उधर पुलिस अज्ञात ट्रक ड्राइवर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर कोतवाली थाना क्षेत्र के रूपापुर निवासी राधेश्याम शर्मा (74) बीमार रिश्तेदार को देखने शनिवार सुबह कार से बेटी के घर जौनपुर के बदलापुर उमरी जा रहे थे। उनकी पत्नी राजपति (70), बेटा भारत भूषण शर्मा (54), दूसरा बेटा योगेंद्र भूषण (40) तथा नाती राहुल (24) व अंश (10) भी कार में सवार थे। कार भारत भूषण चला रहे थे। सुबह करीब नौ बजे कार लखनऊ-वाराणसी हाईवे पर फत्तनपुर थाना क्षेत्र में धरी के पास पहुंची तो सामने से आ रहे ट्रक से भिड़ंत हो गई। राधेश्याम व भारत भूषण की मौके पर मौत हो गई थी और अन्य चारों घायल हो गए थे। जिला अस्पताल से रेफर होकर प्रयागराज जाते समय रास्ते में राजपति की भी मौत हो गई थी। देर शाम पोस्टमार्टम के बाद दो बार में तीनों लाशें घर लाई गईं तो दिल्ली से प्रतापगढ़ के लिए चल चुके राधेश्याम के दोनों बेटों के आने पर अंतिम संस्कार की बात होने लगी। शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाने पहुंचे परशुराम सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला ने बताया कि शव की दशा इस लायक नहीं थी कि पोस्टमार्टम के बाद उसे रोका जा सके। इसलिए रोते-बिलखते परिजन रात में तीनों शव लेकर प्रयागराज के श्रृंगवेरपुर पहुंच गए। वहां अंतिम संस्कार कर करीब ढाई बजे रात घर लौटे।

# बाराबंकी में दहाई में पहुंच गया कोरोना से मरने वालों का आंकड़ा

संवाददाता। बाराबंकी

**जिले** में कोरोना वायरस घातक होता जा रहा है एक और व्यक्ति की कोरोना वायरस ने जान ले ली है जिससेकोरोना वायरस से मरने वालों की संख्या दहाई में पहुंच गई है वही 52 और कोरोना वायरस के संक्रमित मरीज मिले हैं जिसको लेकर शासन प्रशासन में हड़कंप मचा है मरने वाला व्यक्ति किसान नेता है ऐसे मैं संगठन में शोक की लहर दौड़ गई है बताते चलें कि किसान नेता सुजीत वर्मा को पॉजिटिव रिपोर्ट आने पर शुक्रवार को कोविद अस्पताल में भर्ती कराया गया। लोगों की माने तो शाम 7रू00 बजे तक वह दूरभाष के माध्यम से संपर्क में थे लेकिन अचानक उनका संपर्क फोन से भी टूट गया तब लोगों को उनकी चिंता हुई लेकिन रात हो जाने के कारण उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना कर शुभचिंतक सो गए। सुबह होने पर इनके पैरों तले तब जमीन खिसक गई जब पता चला कि रात में ही किसान नेता ने आखरी सांस ली जिसके पश्चात कोविड पोटोकाल के तहत उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। दूसरी तरफ 52 नए मरीज मिलने से प्रशासन में एक बार फिर हड़कंप मचा है सूत्रों की मानें तो संक्रमित मरीजों में लाजपत नगर मे एक ही परिवार के 5 लोग शामिल हैं जिसकी पुष्टि स्वास्थ्य विभाग के मुखिया डॉ रमेश चंद्र ने भी की है उन्होंने बताया कि संक्रमित मरीजों को इलाज हेतु कोविड अस्पताल में भर्ती कराया गया है वहीं जिलाधिकारी के निर्देश पर संबंधित एरिया को सील भी किया गया है लगातार बढ़ रहे मरीजों एवं मौत के बढ़ते आंकड़ों से हर कोई हलकान है।

# ललितपुर में कोरोना संक्रमितों की संख्या बढ़कर हुई 366

संवाददाता। ललितपुर

**वैश्विक** महामारी कोरोना संक्रमण के मामलों की रफ्तार थोड़ी धीमी अवश्य हुयी है, लेकिन संक्रमण का खतरा टला नहीं है। ऐसे में अनावश्यक घरों से न निकलें और सेनेटाइजर का प्रयोग करें। साथ ही बार-बार हाथों को अच्छे से धोते रहें और घर से बाहर निकलते समय मास्क का प्रयोग अवश्य करें। जिला प्रशासन द्वारा भी संक्रमण को रोकने के लिए बेहतर प्रयास किये जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार 24 जुलाई 2020 से पूर्व के कुल 133 परिणाम लम्बित है। 24 जुलाई 2020 को कुल 474 सैम्पल लिए गए थे, जिनमें से 449 परिणाम ऋणात्मक, 21 परिणाम धनात्मक तथा 04 परिणाम लम्बित हैं। 25 जुलाई 2020 को कुल 363 सैम्पल लिए गए थे, जिनमें से 308 परिणाम ऋणात्मक, 10 परिणाम धनात्मक तथा 45 परिणाम लम्बित हैं। 26, 27 एवं 28 जुलाई 2020 को कुल 3040 सैम्पल लिए गए थे, जिनमे से 2696 परिणाम ऋणात्मक, 41 परिणाम धनात्मक तथा 303 परिणाम लम्बित हैं। 29 जुलाई 2020 को कुल 519 सैम्पल लिए गए थे, जिनमें से 505 परिणाम ऋणात्मक, 12 परिणाम धनात्मक तथा 02 परिणाम लम्बित हैं। 30 जुलाई 2020 को कुल 1019 सैम्पल लिए गए थे, जिनमें से 994 परिणाम ऋणात्मक, 25 परिणाम धनात्मक हैं। 31 जुलाई 2020 को कुल 762 सैम्पल लिए गए थे, जिनमें से 743 परिणाम ऋणात्मक, 09 परिणाम धनात्मक तथा 10 परिणाम लम्बित हैं। 01 अगस्त 2020 को कुल 808 सैम्पल लिए गए थे, जिनमें से 780 परिणाम ऋणात्मक, 08 परिणाम धनात्मक तथा 20 परिणाम लम्बित हैं। जनपद में कुल एक्टिव मरीजों की संख्या 198 है, जबकि विगत 24 घण्टे में डिस्चार्ज मरीजों की संख्या-10(अब तक डिस्चार्ज 163) हो गयी है। बताया कि पहली अगस्त को बस स्टैंड पर लिए गए एंटीजन सैम्पल में एक मरीज के द्वारा अपना पता झांसी जनपद बताए जाने के कारण उक्त मरीज का पंजीयन झांसी जनपद के आई.डी. पर हुआ है। अतः कल कुल धमात्मक पाए गए 09 मरीजों में से उक्त मरीज की संख्या घटाते हुए कुल 08 धनात्मक मरीन दर्शाए गए हैं। जनपद में 02 अगस्त 2020 तक आरटीपीसीआर, ट्रू-नेट एवं एंटीजन के माध्यम से कुल 18806 सैम्पल लिये गए हैं, जिनमे से 18289 सैम्पलों की रिपोर्ट आ चुकी है, इनमें 17923 ऋणात्मक व 366 धनात्मक हैं व 05 मृतक हैं तथा 517 परिणाम लम्बित हैं। बुखार, खांसी अथवा सांस लेने में परेशानी में से कोई भी लक्षण विकसित होते है तो वे अनिवार्य रूप से तत्काल जिला स्तरीय कन्ट्रोल रूम नं0 05176-274371 पर कॉल करें।

# युवक ने लगाया जान से मारने की धमकी देने का आरोप

**ललितपुर।** कोतवाली तालबेहट क्षेत्रांतर्गत ग्राम तेरई फाटक अन्तर्गत ग्राम तरगुवां निवासी एक युवक ने गांव के कुछ लोगों पर दबंगई के बल पर अभद्रता करते हुये जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस से मामले की जांच कराते हुये कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है।युवक ने पुलिस को बताया कि वह 31 जुलाई को दोपहर करीब तीन बजे के लगभग चौकी प्रभारी के बुलाने पर तेरई फाटक चौकी गया था, जहां पर बैठे ग्राम धमकना निवासी दबंग व्यक्ति जो कि उसका ट्रैक्टर को जबरन रूप से अपने पास रखे हुये है और जिनके विरूद्ध उसने अपने ट्रैक्टर को छुड़वाने के लिये तेरई फाटक चौकी में एक शिकायती पत्र दिया था। उनके साथ एक अज्ञात व्यक्ति भी पहिले से मौजूद था। मेरे चौकी में पहुँचने पर चौकी प्रभारी ने हम सभी लोगों से आपस में बात करने के लिये कहा जिस पर उक्त विपक्षीगणों ने मेरे साथ गाली गलौच करने लगे व मेरे द्वारा गाली देने से मना करने पर मुझे मारने पर उतारू हो गये व मेरे परिवार को जान से मारने की धमकी देने लगे और अभद्र गालियों का प्रयोग करते हुये कहा कि यदि ट्रैक्टर सोनालिका क्रमांक 740 डीआई यूपी 94 आर 2879 हमारे नाम स्थानान्तरण नही किया तो तुझे व तेरे परिवार को जान से मारकर फेक देगे।

## क्विक न्यूज

### एसओ समेत तीन पुलिस कर्मी व आंगनबाड़ी कार्यकत्री पॉजिटिव

**लालगंज प्रतापगढ़।** लालगंज तहसील क्षेत्र में रविवार को भी कोरोना का विस्फोट जबरजस्त दिखा। जहां सांगीपुर एसओ तथा दो आरक्षी व बाजार के एक मेडिकल स्टोर संचालक की रिपोर्ट पाजिटिव आई है। वहीं लालगंज में डायल 112 सेवा के एक पुलिस कर्मी भी कोरोना पाजिटिव पाई गई। वहीं लक्ष्मणपुर विकासखंड के रघवापुर गांव में आंगनबाडी कार्यकत्री व उसके बेटे की भी रिपोर्ट कोरोना पाजिटिव आने से हड़कंप मच गया है। लालगंज नगर के बाजार के भी एक युवक की रिपोर्ट पाजिटिव मिलने से बाजार में भी हड़कंप व अफरा तफरी का माहौल दिखा। गनीमत यह रही कि लालगंज एसडीएम वीके प्रसाद की रिपोर्ट निगेटिव आई है। एसडीएम तथा उनके अदर्ली और चालक की भी रिपोर्ट निगेटिव आने से तहसील के राजस्व महमके व अधिवक्ताओं ने राहत की सांस ली। रविवार को सांगीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में हुए कोरोना परीक्षण में अन्य लोगों की रिपोर्ट निगेटिव पाई गई। कोरोना पाजिटिव होने की एसओ सांगीपुर की रिपोर्ट की जानकारी होते ही सांगीपुर बाजार में भी हड़कंप मच गया।

### छत से गिरकर दो की मौत

**बाराबंकी।** थाना कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पीरबटावन में शनिवार की शाम नई सिलेप पर प्लास्टर कर रहे मजदूर व घर के एक युवक की तीसरी मंजिल से गिर कर मौके पर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार शहर के घंटाघर के निकट संजय टी सेंटर के परिवार में तीसरी मंजिल पर शनिवार को नई स्लेप पर प्लास्टर का कार्य चल रहा था। इसी बीच अचानक छत का एक हिस्से का कोना ढह जाने से 32 सुजीत गुप्ता व उसके साथ एक 40 वर्षीय मजदूर सड़क पर आ गिरे जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम कराया है

### चार के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज

**लालगंज प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने तीन नामजद तथा एक अज्ञात आरोपी के खिलाफ रविवार को चोरी का केस दर्ज किया है। कोतवाली के कुरमियान अजगरा निवासी रामराज वर्मा ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती तीस जुलाई की रात गांव के पन्ने लाल वर्मा, मोहित कोरी तथा रमेश केसरवानी व एक अज्ञात आरोपी ने उसके खेत में लगे सबमर्सिबल पंप को चुरा लिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने पन्नेलाल समेत चार के खिलाफ चोरी का केस दर्ज किया है।

### युवक पर जानलेवा हमला, हत्या के प्रयास का केस

**लालगंज प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने युवक पर तमंचे से जानलेवा फायरिंग तथा धमकी व गालीगलौज को लेकर दो आरोपियों के खिलाफ रविवार को केस दर्ज किया है। कोतवाली के मादामयी हनुमानपुर निवासी हिमांशु सिंह ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती पचीस जुलाई की रात साढ़े आठ बजे रंजिशन गांव के बृजेन्द्र यादव व शैलेन्द्र यादव ने उसपर जानलेवा हमला कर दिया। आरोपियों ने तमंचे से फायर कर उसपर प्राणघातक हमले का प्रयास किया। किन्तु वह बाल बाल बच गया। तहरीर के आधार पर आरोपी बृजेन्द्र यादव व शिवेंद्र के खिलाफ हत्या के प्रयास तथा धमकी का रविवार को केस दर्ज किया गया है।

### विवाद में अधेड़ व परिजन हुए लहूलुहान, दी तहरीर

**लालगंज प्रतापगढ़।** कोतवाली के रानीगंज अजगरा के पूरे गिरवर निवासी विनोद कुमार यादव ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती पहली अगस्त को सुबह सात बजे गांव के राजा प्रताप सिंह, भारत सिंह, साधना आदि बरसात के पानी के विवाद को लेकर उसपर हमलावर हो गए। आरोपियों ने पीड़ित को गाली देते हुए लाठी डंडा व कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। घटना में गम्भीर चोटें आई। हल्ला गुहार मचाने पर आरोपी उसके घर पहुंच गए और कुर्सी तथा चारपाई आदि तोड़कर नष्ट कर दिया। पीड़ित ने घटना को लेकर रविवार को कोतवाली में तहरीर दी है। घटना के बावत कोतवाल रामजी सिंह का कहना है तहरीर मिली है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### संघर्ष मे घायल की इलाज के दौरान लखनऊ में हुई मौत

**रामनगर बाराबंकी।** थाना रामनगर के ग्राम लैन में बीते शुक्रवार को ग्राम प्रधान व पूर्व प्रधान तथा समर्थको के मध्य हुई खूनी संघर्ष में गंभीर रुप से घायल एक व्यक्ति की इलाज के दौरान ट्रामा सेन्टर लखनऊ मे मृत्यु हो गयी।ज्ञात हो कि थाना रामनगर के अन्तर्गत ग्राम लैन मे बीते शुक्रवार को मौजूदा ग्राम प्रधान अब्दुल मन्नान व पूर्व प्रधान मोहम्मद अय्यूब के समर्थको के बीच मक्का के खेत में बकरी चली जाने को लेकर हुये विवाद में दोनों पक्षो के एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गये थे। गंभीर रुप से घायल कुछ लोगो का उपचार ट्रामा सेन्टर लखनऊ में चल रहा था। आज रविवार को गम्भीर रूप से घायल हनीफकी इलाज के दौरान मौत हो गयी।

### कंटेनमेंट जोन में खुलीं दुकानें, हंगामा

**प्रतापगढ़।** रोक के बावजूद कंटेनमेंट जोन में दुकानें खुलने पर आसपास के लोग विरोध करने लगे। दुकानदारों के नहीं मानने पर लोग हंगामा करने लगे। पुलिस ने दुकानें बंद करा माहौल शांत कराया। कटरा मेदनीगंज में लगातार कोरोना संक्रमित मिलने के कारण पूरे बाजार को कंटेनमेंट जोन घोषित करते हुए सील करा दिया गया है। रक्षाबंधन पर भी कंटेनमेंट जोन में दुकानें खोलने पर पाबंदी लगाई गई है। बावजूद इसके बाजार की कुछ दुकानें रविवार को खुली रहीं और भीड़ जमा रही। संक्रमण से भयभीत लोग इसका विरोध करते हुए हंगामा करने लगे। सूचना पाकर पहुंचे सिटी चौकी के सिपाहियों ने दुकानें बंद करा दीं जिससे लोग शांत हो गए।

### अब प्रतापगढ़ से गुजरेगी बेगमपुरा एक्सप्रेस

**प्रतापगढ़।** वाराणसी से चलकर जम्मू तवी जाने वाली बेगमपुरा एक्सप्रेस अब सुल्तानपुर की बजाय प्रतापगढ़ से गुजरेगी। प्रतिदिन चलने वाली ट्रेन अब तक वाराणसी से चलकर सुल्तानपुर होते हुए जाती थी। अब इसके रूट में परिवर्तन कर प्रतापगढ़ और रायबरेली कर दिया गया है। इस बाबत रेलवे बोर्ड ने निर्देश जारी किया है। अब तक वाराणसी से जम्मू तवी जाने वाली अर्चना एक्सप्रेस ही प्रतापगढ़ से गुजरती थी। बेगमपुरा एक्सप्रेस के भी इधर से संचालित होने के बाद जिले के लोगों को सहूलियत मिलेगी। स्टेशन अधीक्षक त्रिभुवन मिश्र ने बताया कि यह ट्रेनें अभी कोविड-19 के कारण बंद हैं। ट्रेन संचालन शुरू होने पर समय की सही जानकारी हो सकेगी। रेलवे की नई सारिणी में जिले को तीन और ट्रेनें मिली है। इस सारिणी में धनबाद-फिरोजाबाद, हावड़ा-देहरादून और कामाख्या एक्सप्रेस के भी प्रतापगढ़ से गुजरने की जानकारी दी गई है। अगर इन ट्रेनों का संचालन शुरू हो गया तो जिले के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

### जहरीले जंतु के काटने से युवक की मौत

**प्रतापगढ़।** कोहड़ौर थाना क्षेत्र के पंडरी निवासी रोहित लाल का पुत्र बजरंगी पटेल (24) शनिवार शाम खेत में निराई करने गया था। वहां किसी जहरीले जंतु के काटने का अहसास हुआ तो वह घर आ गया। परिजनों को सिरदर्द व चक्कर बताया। परिजनों ने उसके पैर के अंगूठे में काटने का निशान देखा तो झाड़फूंक के लिए कंधई के पूरे देवजानी में एक बाबा के पास ले गए। लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका और उसकी मौत हो गई।

### डोर-टू-डोर सर्वे की धीमी गति पर डीएम नाराज

**ललितपुर।** जिलाधिकारी योगेश कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कोविड-19 कोर कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में सीएमओ ने अवगत कराया कि जिलाधिकारी द्वारा दिये गए निर्देशों के क्रम में जनपद में बस स्टेशन रैन बसेरा, कोतवाली के सामने रैन बसेरा व रेलवे स्टेशन पर स्टेटिक टेस्टिंग बूथ बनाये गए हैं, जहां स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा पीपीई किट पहनकर लोगों का एंटीजन टेस्ट किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बस स्टेशन स्टेटिक टेस्टिंग बूथ पर 50 एंटीजन टेस्ट किये गए हैं जिनमे 01 पॉजिटिव मरीज मिला है। इसी प्रकार कोतवाली के सामने रैन बसेरा में स्थापित स्टेटिक टेस्टिंग बूथ पर 22 एंटीजन टेस्ट किये गए हैं जिनमे 02 पॉजिटिव मरीज मिले हैं।